LOK SABHA DEBATES

(Part I — Proceedings with Questions and Answers)

The House met at Eleven of the Clock

Tuesday, February 11, 2025 / Magha 22, 1946 (Saka)

HON'BLE SPEAKER

Shri Om Birla

PANEL OF CHAIRPERSONS

Shri Jagdambika Pal

Shri P. C. Mohan

Shrimati Sandhya Ray

Shri Dilip Saikia

Kumari Selja

Shri Raja A.

Dr. Kakoli Ghosh Dastidar

Shri Krishna Prasad Tenneti

Shri Awadhesh Prasad

LOK SABHA DEBATES

PART I – QUESTIONS AND ANSWERS

Tuesday, February 11, 2025 / Magha 22, 1946 (Saka)

CONTENTS **PAGES**

WELCOME TO PARLIAMENTARY DELEGATION FROM THE REPUBLIC OF MALDIVES	**1**
ORAL ANSWERS TO STARRED QUESTIONS (S.Q. NO. 101 – 106)	**1A – 30**
WRITTEN ANSWERS TO STARRED QUESTIONS (S.Q. NO. 107 – 120)	**31 – 50**
WRITTEN ANSWERS TO UNSTARRED QUESTIONS (U.S.Q. NO. 1151 – 1380)	**51 – 280**

सत्यमेव जयते

LOK SABHA DEBATES

(Part II - Proceedings other than Questions and Answers)

Tuesday, February 11, 2025 / Magha 22, 1946 (Saka)

LOK SABHA DEBATES

PART II – PROCEEDINGS OTHER THAN QUESTIONS AND ANSWERS

Tuesday, February 11, 2025 / Magha 22, 1946 (Saka)

C ON T E N T S **P A G E S**

ANNOUNCEMENT RE: SIMULTANEOUS INTERPRETATION	**281 - 82**
RULING RE: NOTICES OF ADJOURNMENT MOTION	**282**
PAPERS LAID ON THE TABLE	**283 - 93**
MATTERS OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE	**294 - 334**
MATTERS UNDER RULE 377 – LAID	**335 - 46**
Shri Vishnu Dayal Ram	335
Dr. Vinod Kumar Bind	335
Shri Ajay Bhatt	336
Shri Ananta Nayak	336
Shri Parimal Suklabaidya	337
Shri Rodmal Nagar	337
Shrimati Bijuli Kalita Medhi	338
Dr. Manna Lal Rawat	338
Shri Manish Jaiswal	339
Shri Praveen Patel	339
Dr. Hemant Vishnu Savara	339
Dr. C. M. Ramesh	340
Shri Khagen Murmu	340
Shri Varun Chaudhry	341
Shri M. K. Raghavan	341
Shri Murari Lal Meena	341

Dr. Mohammad Jawed	342
Shri Aditya Yadav	342 - 43
Shri Laxmikant Pappu Nishad	343
Prof. Sougata Ray	343
Shri Prabhakar Reddy Vemireddy	344
Dr. Shrikant Eknath Shinde	344
Shri Arun Bharti	345
Shri Maddila Gurumoorthy	345
Shri N. K. Premachandran	346
Adv. Chandra Shekhar	346
UNION BUDGET – GENERAL DISCUSSION (Contd. -- Inconclusive)	**347 - 67**
Shri Akhilesh Yadav	347 - 58
Shrimati Hema Malini	359 - 61
Dr. Shrikant Eknath Shinde	362 – 67
ANNOUNCEMENT RE: LAYING OF SPEECHES	**368**
UNION BUDGET – GENERAL DISCUSSION (Contd. --Concluded)	**368 - 798**
Shri Saleng A. Sangma	368 - 70
Shri Rajesh Ranjan	371 - 72
Adv. Francis George	373 - 75
Shri Yaduveer Wadiyar	376 - 78
Dr. Prabha Mallikarjun	379 - 80
Shri Vishaldada Prakashbapu Patil	381 - 83
Shri Joyanta Basumatary	384
Shri Khagen Murmu	385 - 87

Shri Umeshbhai Babubhai Patel	388 - 89
Shri Hanuman Beniwal	390 - 92
Shri Phani Bhusan Choudhury	393 - 94
Shri Shreyas M. Patel	395 - 97
@ Shri Amar Sharadrao Kale	398
Shri Jagdambika Pal	399 - 402
* Shri Lumba Ram	403 - 05
* Shri Vinod Lakhamshi Chavda	406 - 10
* Shri Vishnu Dayal Ram	411 - 14
* Shri Jaswantsinh Sumanbhai Bhabhor	415 - 26
* Dr. Lata Wankhede	427 - 30
* Shri Suresh Kumar Kashyap	431 - 34
* Shri Janardan Mishra	435 - 37
* Dr. Kalaben Mohanbhai Delkar	438 - 41
* Shri Arun Kumar Sagar	442 - 48
* Shri Bidyut Baran Mahato	449 - 52
* Dr. Bachhav Shobha Dinesh	453 - 55
* Shri Ashok Kumar Rawat	456 - 57
* Dr. Prashant Yadaorao Padole	458 - 59
* Shri Ananta Nayak	460 - 61
* Dr. Rajesh Mishra	462 - 63
* Shri Arun Bharti	464 - 65

@ For English translation of the speech made by the hon. Member, Shri Amar Sharadrao Kale in Marathi , please see the Supplement (PP 398A – 398B)

* Laid on the Table

* Shri Ashish Dubey	466 - 67
* Shri Shankar Lalwani	468 - 70
* Shri Ravindra Dattaram Waikar	471 - 73
* Shri Mitesh Patel (Bakabhai)	474 - 77
* Shri Hasmukhbhai Somabhai Patel	478 - 81
* Shri Dilip Saikia	482 - 84
* Dr. Hemant Vishnu Savara	485 - 87
* Shrimati Smita Uday Wagh	488 - 89
* Shri Chhatrapal Singh Gangwar	490 - 93
* Shrimati Bharti Pardhi	494 - 95
* Shri Sunil Kumar	496 - 98
* Shri Chhotelal	499 - 500
* Shri Ramashankar Rajbhar	501 - 02
* Shri Shrirang Appa Chandu Barne	503 - 05
* Shri Naveen Jindal	506 - 10
* Shri Ganesh Singh	511 - 12
* Dr. Manna Lal Rawat	513 - 15
* Shri Rajkumar Sangwan	516
* Shri Zia Ur Rehman	517 - 20
* Shri Awadhesh Prasad	521 - 22
* Shrimati Ruchi Vira	523 - 24
* Shri Vijay Kumar Dubey	525 - 26
* Adv. Priya Saroj	527 - 29
* Shrimati Krishna Devi Shivshankar Patel	530

---

* Laid on the Table

* Shri Gyaneshwar Patil	531 - 33
* Shri Utkarsh Verma Madhur	534 - 36
* Shri Ramshiromani Verma	537 - 39
* Shri Sudhakar Singh	540 - 45
* Shri Ravindra Shukla *Alias* Ravi Kishan	546 - 47
* Shri Dileshwar Kamait	548 - 49
* Shri Bhajan Lal Jatav	550 - 53
* Shri Bhausaheb Rajaram Wakchaure	554 - 72
* Shri Chandra Prakash Joshi	573 - 74
* Shri Laxmikant Pappu Nishad	575
* Shri Janardan Singh Sigriwal	576 - 78
* Shri Neeraj Maurya	579
* Shrimati Manju Sharma	580 - 81
* Shri Haribhai Patel	582 - 85
* Shri Kota Srinivasa Poojary	586 - 87
* Dr. K. Sudhakar	588 - 94
* Dr. C.N. Manjunath	595 - 99
* Captain Brijesh Chowta	600 - 02
* Shri Eswarasamy K.	603 - 13
* Shri Raju Bista	614 - 34
* Dr. Mallu Ravi	635 - 38
* Shri V.K. Sreekandan	639 - 42
* Shri Ramesh Awasthi	643 - 48
* Shri Pushpendra Saroj	649 - 58
* Shrimati Sangeeta Kumar Singh Deo	659 - 63

* Laid on the Table

* Shrimati Malvika Devi	664 - 66
* Shri Sukanta Kumar Panigrahi	667 - 69
* Shri Anup Sanjay Dhotre	670 - 73
* Dr. Thol Thirumaavalavan	674 - 76
* Dr. Amol Ramsing Kolhe	677 - 80
* Shri C.N. Annadurai	681 - 83
* Shri Aga Syed Ruhullah Mehdi	684 - 85
* Shri Anto Antony	686 - 89
* Shri Mukeshkumar Chandrakaant Dalal	690 - 92
* Shri Vishweshwar Hegde Kageri	693 - 94
* Adv. Adoor Prakash	695 - 96
* Shri Saptagiri Sankar Ulaka	697 - 702
* Shrimati Daggubati Purandeswari	703 - 07
* Shri Suresh Kumar Shetkar	708 - 10
* Dr. Mohmmad Jawed	711 - 12
* Shri Hibi Eden	713 - 15
* Shri Tamilselvan Thanga	716 - 17
* Shri G. Selvam	718 - 19
* Shri Vijaykumar *Alias* Vijay Vasanth	720 - 22
* Captain Viriato Fernandes	723 - 24
* Shri Chamala Kiran Kumar Reddy	725 - 44
* Shrimati Pratima Mondal	745 - 48
* Shri Vamsi Krishna Gaddam	749 - 51
* Shrimati Poonamben Maadam	752 - 57

* Laid on the Table

* Shri Rahul Kaswan	758 - 63
* Dr. Namdeo Kirsan	764 - 67
* Shrimati Mahima Kumari Mewar	768 - 73
Shrimati Nirmala Sitharaman	774 - 98

xxxx

LOK SABHA DEBATES

PART II –PROCEEDINGS OTHER THAN QUESTIONS AND ANSWERS

Tuesday, February 11, 2025 / Magha 22, 1946 (Saka)

S U P P L E M E N T

CONTENTS **PAGES**

XXX	XXX	XXX		XXX
	Xxx xxx	xxx	xxx	
	Xxx xxx	xxx	xxx	
xxx	xxx	xxx		xxx

UNION BUDGET – GENERAL DISCUSSION 398A - 98B

xxx xxx xxx xxx

Shri Amar Sharadrao Kale 398A - 98B

xxx xxx xxx xxx

xxxx

(1100/NK/VR)

1100 बजे (माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए)

मालदीव गणराज्य के संसदीय शिष्टमंडल का स्वागत

1101 बजे

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, मुझे आप सबको यह सूचित करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि हमारे सदन के विशिष्ट बॉक्स में मालदीव गणराज्य की पीपुल्स मजलिस के स्पीकर श्री अब्दुल रहीम अब्दुल्ला जी के नेतृत्व में मालदीव गणराज्य का संसदीय शिष्टमंडल उपस्थित है।

मैं अपनी ओर से तथा सदन के सभी माननीय सदस्यों की ओर से उनका हार्दिक स्वागत करता हूं। माननीय श्री अब्दुल रहीम और उनके उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मंडल की यात्रा भारत-मालदीव संबंधों की गहराई का प्रतीक है। उनकी यह यात्रा दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत करेगी।

हम भारत में उनके सुखद, सफल एवं मंगलमय प्रवास की कामना करते हैं। उनके माध्यम से हम मालदीव की संसद तथा वहाँ की मित्रवत जनता को भी शुभकामनाएं देते हैं।

(प्रश्न 101)

श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण) : माननीय अध्यक्ष महोदय, यह राष्ट्र हित का एक बड़ा प्रश्न है।

माननीय अध्यक्ष: हर प्रश्न राष्ट्र हित का ही होता है।

श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण) : अध्यक्ष महोदय, पता नहीं आप मछली खाते हैं या नहीं।

माननीय अध्यक्ष: मैं नहीं खाता हूं, मैं वेजेटेरियन हूं।

श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण): अध्यक्ष महोदय, भारत के 140 करोड़ की जनता में से 95 करोड़ जनता मछली खाती है। यह आंकड़ा शायद बहुत लोगों को पता न हो। लेकिन इसकी खासियत यह है कि एक करोड़ लोग जो इस व्यवसाय से जुड़े हैं, जो ग्रामीण मछुआरे जुड़े हैं, वे 95 करोड़ लोगों को मछली खिलाते हैं, 1 करोड़ लोग 95 करोड़ लोगों को मछली खिलाते हैं।

यह बात स्टैंडिंग कमेटी के प्रतिवेदन में आयी थी कि लगभग 88 करोड़ लोग इस व्यवसाय से जुड़े हैं, उनमें तेलगांना में दस लाख लोग हैं, ओडिशा में आठ लाख लोग मछुआरे हैं, कर्नाटक में छह लाख लोग हैं। अगर सबसे ज्यादा मछुआरे कहीं हैं, मैं इसे फिर से दोहराना चाहता हूं, यह आंकड़ा शायद सदन के संज्ञान में न हो, अगर सबसे ज्यादा मछुआरे इस व्यवसाय से जुड़े हैं तो वह बिहार में है। 80 लाख लोगों में से 40 लाख मछुआरे इस व्यवसाय से बिहार में जुड़े हैं।

(1105/PC/SNT)

महोदय, मैं इनलैंड वॉटरवेज़ की बात कर रहा हूं। नदियों से, तालाब से, पोखर से, चौर से मछली लेते हैं। आपके यहां चम्बल से भी मछली निकलती है। वहां की मछली भी बहुत अच्छी है। … (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मुझे जानकारी नहीं है।

… (व्यवधान)

श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण) : महोदय, वर्ष 2014 से लेकर वर्ष 2025 तक भारत की सरकार ने जो काम किया है, मैं उसके बारे में कहना चाहूंगा। इनलैंड वॉटरवेज़ से इनलैंड फिशिंग जो थी, वह 46 लाख टन थी। आज माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में भारत में नदियों से, तालाबों से, फिशिंग बढ़कर 131 लाख टन हो गई है, जो अपने आप में 100 परसेंट से ज्यादा ग्रोथ है। ये अपने आप में अच्छे आंकड़े हैं।

महोदय, लेकिन बिहार में, जहां 40 लाख लोग इस काम में लगे हैं, उनके लिए एक योजना आई थी। न्यूट्रिशन का और उनके पैसे देने का, खासकर उस सीज़न में जब मछुआरों को काम नहीं करने दिया जाता है, नदियों में मछली नहीं मारने दी जाती है, क्योंकि उस सीज़न में ब्रीडिंग होती है। उसके लिए भारत की सरकार और राज्य सरकार को भी जोड़ना है, इन मछुआरों को चार हजार रुपए दिए जाने हैं। बिहार में ऐसे 40 लाख मछुआरे हैं। लेकिन पता नहीं किन कारणों से बिहार में वर्ष 2023 में, आप स्वयं इसका उत्तर एनेक्श्चर-1 में देखना चाहेंगे। माननीय मंत्री जी भी इस कार्य में नए आए हैं। … (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप अपना प्रश्न पूछिए।

… (व्यवधान)

श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण) : महोदय, मेरा प्रश्न यह है कि बिहार में वर्ष 2022-23 में भी यह शून्य रहा, वर्ष 2023-24 में भी शून्य रहा और वर्ष 2024-25 में भी शून्य रहा। मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि बिहार, जिसकी इतनी महत्वपूर्ण भूमिका है, आप इस काम में बहुत रुचि ले रहे हैं और बिहार के मुख्य मंत्री ने भी बहुत अच्छा काम किया है। बिहार में भी वह आठ लाख टन से बढ़कर 14 लाख टन तक चला गया है। वह भी एक बहुत बड़ा आंकड़ा है, लेकिन ऐसा क्या हुआ है कि बिहार के मछुआरों को जो यह लाभ मिलना चाहिए था, किन कारणों से बिहार के मछुआरों को यह लाभ नहीं मिल पाया है? माननीय मंत्री जी इसका संज्ञान लेते हुए अगर कोई रास्ता ढूंढ़ना चाहें, बताना चाहें, तो मैं बड़ा आभारी रहूंगा।

श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो कहा, बहुत ठीक कहा कि आदरणीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जब से सरकार बनी, तब से देश में मछली का उत्पादन इतना बढ़ा कि मछली के उत्पादन में 126 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आज हमारा देश विश्व में मछली उत्पादन में दूसरे स्थान पर खड़ा है।

अध्यक्ष महोदय, वर्ष 2013-14 में 95.7 लाख टन मछली का उत्पादन इस देश में होता था, जो आदरणीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के शासन में आने के बाद बढ़कर वर्ष 2023-24 में 184.02 लाख टन मछली का उत्पादन हुआ है। … (व्यवधान) माननीय सदस्य ने जो कहा, वह सही बात है कि इस पूरे मछली उत्पादन में जो इनलैंड फिशिंग है, जो अंतरदेशीय मछली उत्पादन है, उसकी वृद्धि 126 परसेंट है। वर्ष 2013-14 में यह मात्र 61.36 लाख टन था, जो कि अब वर्ष 2023-24 में बढ़कर 139.07 लाख टन हो गया है। … (व्यवधान) यह वृद्धि हुई है, मछली के उत्पादन में इनलैंड फिशिंग का शेयर बहुत बड़ा है।

अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने यह पूछा है कि जो बैन पीरियड होता है, लगभग तीन महीने मछली के उत्पादन के लिए बैन होते हैं, मछली उत्पादन नहीं हो पाता है, वह ब्रीडिंग पीरियड होता है। उसमें सरकार की जो योजना है, केंद्र सरकार और राज्य सरकार की 1,500 – 1,500 रुपए की हिस्सेदारी है, यह 3,000 रुपए है और 1,500 रुपए लाभार्थी का योगदान होता है। टोटल 4,500 रुपए हम लोग तीन महीनों में, जो तीन महीने का प्रतिबंधित समय होता है, उन तीन महीनों के अंदर 1,500 रुपए प्रति माह की दर से हम लोग उनको जीवन भरण-पोषण के लिए उपलब्ध कराते हैं। कई बार लाभार्थी का भी शेयर नहीं मिलता है, कहीं राज्य सरकार का शेयर नहीं मिलता है। उसके कारण इसकी साइकिल में थोड़ी सी परेशानी होती है, लेकिन हम लोग उसको देखेंगे कि वह परेशानी नहीं हो।

(1110/KDS/AK)

श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण) : महोदय, मंत्री जी ने उत्तर देते हुए मेरा उत्तर नहीं दिया। कोई बात नहीं। मैं समझ सकता हूं कि कठिनाई है, क्योंकि हम एक ही दल से हैं और बिहार में इनका बड़ा योगदान है। ये बहुत सुलझे हुए माननीय मंत्री जी हैं। जवाब सुलझा हुआ है, लेकिन उत्तर अनुत्तर हो गया। कोई बात नहीं।

महोदय, इसमें इनका रोल नहीं है। यह तो राज्य सरकार को देखना है। इसमें एक कम्पोनेंट 15 सौ रुपये हैं। अगर बेचारे किसान को 15 सौ रुपये देने ही हों, तो 3 हजार में 15 सौ रुपये कम हो गए। अत: योजना में सुधार की जरूरत है।

महोदय, दूसरा प्रश्न यह है कि माननीय प्रधान मंत्री जी ने कोविड काल में आत्मनिर्भर भारत की घोषणा की और बड़ी योजनाएं लागू हुईं व कामयाब योजनाएं लागू हुईं। उसमें मत्स्य सम्पदा योजना भी थी। माननीय प्रधान मंत्री जी ने उस दौरान इम्प्लॉयमेंट जेनरेशन का एक बड़ा संवेदनशील कदम उठाया। मछुआरों के लिए उन्होंने इम्प्लॉयमेंट जेनरेशन के साथ-साथ ब्लू रेवेल्यूशन की बात कही, जो अपने आपमें बहुत उचित थी। वर्ष 2020 से 2025 तक उन्होंने 20 हजार 5 सौ करोड़ रुपये का आवंटन किया। यह अपने आपमें बड़े आंकड़े हैं। उसमें आंध्र प्रदेश विकसित राज्य है, वहां पर सबसे ज्यादा मछली उत्पादन होता है। वहां उन लोगों ने मछुआरों लिए स्टेट ऑफ आर्ट होलसेल फिश मार्केट बनाई। बिहार में जहां 40 लाख लोग काम कर रहे हैं। आंध्र प्रदेश में लगभग डेढ़ सौ कम्प्यूटराइज्ड फिश मार्केटिंग सेंटर्स हैं, उनके लिए व्यवस्था है, एयरकंडीशनिंग है, लॉजिस्टिक्स हैं। बिहार में शायद एक है। मैं माननीय मंत्री जी से कहूंगा कि बिहार हम सभी के लिए बहुत प्रिय है। बिहार हमारी माटी है और मैं उसी राज्य का हूं, जहां 7 बार मुझे संसद में आने का मौका मिला। एक बार मुझे विधान सभा में रहने का मौका मिला। बजट में भी माननीय मंत्री जी ने इतना सारा पैसा आवंटित किया।

मेरा इनसे सवाल यह है कि बिहार की संरचना में सुधार करने के लिए आप क्या कदम उठाने जा रहे हैं? खासकर आप दरभंगा में जाएंगे, मधुबनी में जाएंगे, सहरसा में जाएंगे, सुपौल में जाएंगे, छपरा में जाएंगे, तो देखेंगे कि वहां मछली बाजार छोटा-छोटा है। आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और बिहार में लोग रोहू बहुत खाते हैं, कतला बहुत खाते हैं, नैनी बहुत खाते हैं। वे बाहर से आती हैं। मैं माननीय मंत्री जी से यह पूछना चाहूंगा कि बिहार में मछली की संरचना को बढ़ाने के लिए 20 हजार 5 सौ करोड़ रुपये, जो भारत सरकार ने आवंटित किया है, उसके द्वारा आप क्या कदम उठाएंगे ताकि बिहार के मछुआरों को सीधे तौर पर लाभ दे सकें?

श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह : महोदय, माननीय सदस्य ने ठीक कहा। वर्ष 2005 के बाद बिहार में मछली के उत्पादन में लाँग जम्प हुआ है और काफी उछाल आया है। पहले बिहार के मछली बाजार में बिहार की मछली की बिक्री 10 प्रतिशत थी। आज की तारीख में बिहार में, बिहार से उत्पादित मछली बिहार के मार्केट में 90 प्रतिशत है। माननीय सदस्य मछली खाते हैं, इनको पता होगा।

माननीय अध्यक्ष : गिरिराज सिंह जी।

… (<u>व्यवधान</u>)

श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह : महोदय, गिरिराज जी भी खाते हैं, लेकिन खिलाते नहीं हैं। … (व्यवधान), लेकिन जैसा माननीय सदस्य ने कहा कि बिहार में मार्केटिंग व इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण में प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत वहां के मार्केटिंग व इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने हेतु केन्द्र सरकार द्वारा 91.906 करोड़ रुपये के परिव्यय से 1,708 यूनिट्स में परिवहन सुविधाओं

की स्वीकृति दी गई है। इसमें रेफ्रिजरेटेड वाहन, इन्सुलेटेड वाहन, टू व्हीलर्स, थ्री व्हीलर्स हैं। 52 कोल्ड स्टोरेज, एक होलसेल फिश मार्केट, 90 फिश कियोस्क्स, ई-ट्रेडिंग और ई-मार्केटिंग के लिए आईई प्लेटफार्म की भी स्थापना वहां की गई है।

इसके अतिरिक्त फिश फामर्स और मछुआरों के रियल टाइम इन्फॉरमेशन के लिए एनएफडीबी ने बिहार सहित 29 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में 111 होलसेल और रिटेल को व्यावसायिक सूचना देने के लिए, कि किस प्रजाति की मछली का बाजार मूल्य क्या है, वह बाजार में किस रेट में बिक रही है, उसकी सुविधा उपलब्ध कराने के लिए फिश मार्केट इन्फॉर्मेशन सिस्टम डेवलप किया है और बिहार में आज पटना, दरभंगा में यह सिस्टम एनएफडीबी के सहयोग से चल रहा है।

(1115/MK/UB)

श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण) : सर, मैं माननीय मंत्री जी के उत्तर से एकदम संतुष्ट हूं।

SHRI HIBI EDEN (ERNAKULAM): Sir, we cannot avoid Kerala fishermen when the discussion is on the fisheries sector. In 2018, when the disastrous flood happened in Kerala, the rescue operations were led by the fishermen of Kerala and the Kerala Government applauded them saying that the fishermen are the army of the welfare of Kerala.

The Pradhan Mantri Matsya Sampada Yojana is a very good scheme. After 2014, the statistics shows that there is not a single rupee spent on the construction of sea walls or groins in the State of Kerala. There were numerous proposals given by Kerala to the Central Government. Unfortunately, the life and livelihood are totally dependent upon this sector. Whatever global climatic changes are happening, the first affected party is the fishermen community. So, the scheme for the livelihood is very good. Hon. Minister, Shri George Kurian, came to my constituency. There are two major fishing villages coming under this Yojana – Chellanam and Nayarambalam. The hon. Minister held a very effective meeting also. Whatever changes happening in the sea are affecting the fishermen. क्या आप इस योजना में सी-वॉल्स और ग्रोइन्स बनाने के लिए केरल को पैसा एलॉट करेंगे?

श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह : अध्यक्ष महोदय, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की एक गाइडलाइन है। उस दिशा-निर्देश के आधार पर राज्य सरकारों से जो भी सूचना और जो भी प्रस्ताव आते हैं, हम उसके आधार पर और राज्य तथा केंद्र की हिस्सेदारी के आधार पर स्वीकृत करते हैं।

माननीय सदस्य, जो बात कह रहे हैं, वह हमारी गाइडलाइन में और प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का जो दिशा-निर्देश है, उसमें नहीं है। इसके अतिरिक्त हम माननीय सदस्य को एक बात बताना चाहेंगे कि प्रधानमंत्री जी ने जो 6,106.6 लाख की लागत से 9 कोस्टल विलेजेज, जो फिशरमैन्स के विलेजेज हैं, उनको डेवलप किया जा रहा है। लक्षद्वीप में 899.85 लाख की लागत से

एक तटीय गाँव विकसित किया जा रहा है। इसी तरह से पश्चिम बंगाल में भी एक गाँव है। इसके अलावा रिजिलिएंट विलेज के लिए जो इंटिग्रेटेड कोस्टल विलेज डेवलपमेंट प्रोग्राम है, उसके लिए भी 100 विलेजेज सेलेक्ट हुए हैं। उसका नोडल एजेंसी एनएफडीबी को बनाया गया है। वह उसको इंटिग्रेटेड विलेज के रूप में विकसित कर रही है।

माननीय सदस्य ने जो सवाल किया है, वह पीएमएमएसवाई की गाइडलाइन में नहीं है।

SHRI KALYAN BANERJEE (SREERAMPUR): Sir, there is a Bengali proverb: “Machhe Bhaate Bengali”. मछली और चावल बंगाली है। बंगाल में जब भी कोई जाता है तो पहले नॉन वेज के बारे में पूछता है। उनका पहला क्वैश्चन होता है कि क्या हिल्सा और प्रॉन मिलेगा?

माननीय मंत्री जी, जब मंत्री नहीं थे, एमपी थे और हमारे दोस्त थे, अभी तो मंत्री बन गए हैं।

माननीय अध्यक्ष : आप केवल प्रश्न पूछिए।

श्री कल्याण बनर्जी (श्रीरामपुर) : अध्यक्ष महोदय, प्लीज सुन लीजिए। माननीय मंत्री जी जब एमपी थे तो वे हमें बोलते थे कि दादा हमें हिल्सा कब खिलाएंगे? हम हिल्सा लेकर आए थे।

माननीय अध्यक्ष : आप आपस में प्रश्न मत पूछिए।

श्री कल्याण बनर्जी (श्रीरामपुर) : अध्यक्ष महोदय, हम उनको खिलाने के लिए हिल्सा लेकर आए थे। जो-जो मांगेंगे, उनके लिए हम हिल्सा और प्रॉन लेकर आएगे।

सर, अभी हमने इसमें देखा कि only one coastal village at a cost of Rs. 750 lakh is there from West Bengal. केरल में भी बहुत मछली चलता है। वे भी बहुत मछली खाते हैं। हम लोगों के लिए मछली one of the important things. Kerala has got Rs. 6,106.61 lakh.

(1120/SJN/GM)

हमें कोई दिक्कत नहीं है। There are so many coastal areas in Bengal also. एक ही प्रोजेक्ट क्यों लिया है? हम लोग इतनी मछली खाते हैं, जितना उत्पादन होता है, उससे हम लोगों का काम नहीं चलता है। हमारे यहां आंध्र प्रदेश से ज्यादा मछली आती है। हमारे यहां से बिहार तक मछली जाती है। हमारे यहां धनबाद (झारखंड) से लोग मछली खाने के लिए आते हैं। मेरा प्रश्न सुनिए। आप तो शाकाहारी हैं, इसलिए आप नहीं समझेंगे। जो मछली खाता है, वह जानता है कि मछली क्या है और जो मछली खाता है, वह जानता है कि पश्चिम बंगाल क्या है। मेरा सवाल है कि आपने पश्चिम बंगाल के लिए क्या किया है? आपने 750 कोस्टल विलेजेज़ बनाए हैं, ठीक है। आप ज्यादा कोस्टल विलेज बनाइए। गंगा के किनारे कुछ बनाइए।…(व्यवधान)

जब मुरली मनोहर जी एस्टीमेट कमेटी के सभापति थे, तब उन्होंने एक बात बोली थी और वह बात मुझे पसंद आई थी। जब गंगा के किनारे इतनी इंडस्ट्री नहीं थी, तो जब पहाडों से वेब आती है, जब ज्वार भाटा आता है, तब पूरा पानी वहां चला जाता है, इसलिए पानी मीठा होता है। हिल्सा मछली भी अच्छी है। हम लोगों के लिए कुछ तो करिए। आपके राज्य का विकास हो रहा है, उसमें मुझे कोई दुख नहीं है। बिहार का ज्यादा विकास होना चाहिए, लेकिन राजीव जी हम लोगों के लिए

तो कुछ तो करिए। आप कभी हमारे दोस्त थे, कभी छोड़कर चले गए, लेकिन थोड़ी दोस्ती तो रहनी चाहिए।

श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य जो सवाल पूछ रहे हैं, मैंने इससे पहले के प्रश्न के उत्तर में भी बताया है। जो 'इंटीग्रेटेड कोस्टल विलेज डेवलपमेंट मॉडल प्रोग्राम' है, वह राज्य और केन्द्र सरकार की हिस्सेदारी से चलता है। जब राज्य से प्रस्ताव आएगा, तो केन्द्र सरकार और प्रधानमंत्री जी नरेन्द मोदी जी किसी राज्य को छोड़कर चलने में विश्वास नहीं करते हैं, हम सभी राज्यों को साथ लेकर चलने में विश्वास करते हैं।

जैसा कि माननीय सदस्य ने कहा है, वह मेरे मित्र भी रहे हैं। वह यह बताएं कि जो पश्चिम बंगाल की सरकार है, वे पश्चिम बंगाल सरकार के बहुत नजदीक हैं। मैं उनसे कहूंगा कि आपको प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का चेहरा न पसंद आए, तो कोई बात नहीं, लेकिन उनकी जो योजनाएं हैं, अगर वे देश के विकास के लिए हैं, तो उनको स्वीकार करना चाहिए।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपको बताना चाहूंगा कि जब 'प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना' प्रारंभ हुई थी, तो वर्ष 2020-21 और 2021-22 में पश्चिम बंगाल की सरकार ने इस योजना पर शून्य प्रपोजल भेजा था। अभी उसके बाद जब प्रपोजल आया है, तो हम लोग उस पर काम कर रहे हैं। अभी मैंने पहले सवाल के उत्तर पर चर्चा की है, लेकिन मैं माननीय सदस्य को यह बताना चाहता हूं कि हमारी मंशा किसी राज्य को छोड़ने की नहीं है, जब सभी राज्य विकसित होंगे, तभी विकसित भारत बनेगा, यह हम लोगों की परिकल्पना है।

मैं माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि मैंने क्लाइमेट रेसीलेंट विलेजेज़ के सेलेक्शन के बारे में कहा है, जिसका नेशनल फिशरीज़ डेवलपमेंट बोर्ड नोडल एजेन्सी है। उसके 100 गांवों में से पश्चिम बंगाल के भी पांच गांव हैं, मैं आपको यह बताना चाहता हूं। यह मोदी जी की प्रतिबद्धता है। इस प्रतिबद्धता के साथ काम हो रहा है।…(व्यवधान)

(इति)

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी ने उनको अधिकृत किया है।

… (व्यवधान)

(Q.102)

DR. K. SUDHAKAR (CHIKKBALLAPUR): Hon. Speaker Sir, India is the second largest country in the world in growing of flowers, that is, floriculture.

(1125/SRG/SPS)

Likewise Karnataka is also the second largest State in the country to be in the field of floriculture, especially in the districts of Chikkballapur, Kolar, Tumkur and Bengaluru Rural, the small scale and medium scale farmers grow flowers in 25,000 acres of land. Unfortunately, the flower growers lack the technical guidance, the storage and marketing facilities. In this context, I would like to ask the Government whether there is any plan to set up a separate Board for floriculture just like the National Horticulture Board and the Central Sericulture Board. And if the steps are taken, are any steps taken to make Chikkballapur as India's hub for floriculture?

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपका संरक्षण चाहता हूं, क्योंकि मूल प्रश्न ऑर्गेनिक एग्रीकल्चर और परम्परागत कृषि को लेकर है, लेकिन माननीय सदस्य ने फ्लोरीकल्चर बोर्ड बनाने के प्रस्ताव के विचाराधीन होने की चर्चा की है और जानना चाहा है। मैं आपके माध्यम से सदन और माननीय सदस्य को अवगत कराना चाहता हूं कि इस तरह के किसी बोर्ड के बनाने का प्रस्ताव अभी वर्तमान में विचाराधीन नहीं है।

DR. K. SUDHAKAR (CHIKKBALLAPUR): My second supplementary question is this. The Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana is a revolutionary scheme that has benefited a large number of farmers across the country. In 2016, when this scheme was launched in Karnataka, nearly 25 lakh farmers opted for this scheme. However, in the recent years, it has witnessed a dip in the enrolments under the scheme due to multiple issues, including delay of claim pay-outs by private insurance companies. My question to the hon. Minister in this regard is whether any steps are taken to ensure that PM Fasal Bima Yojana is made compulsory to all the farmers by reducing their share in premiums for Karnataka.

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं उस क्षेत्र से व्यक्तिगत रूप से आता हूं, जिस क्षेत्र ने 75 साल में आजादी के बाद से लगभग 60 बार अकाल को देखा है। किसान परिवार का होने के नाते मैं किसानों के दर्द को समझता हूं। अकाल पड़ने के कारण, ओलावृष्टि होने के कारण, आंधी-तूफान आने के कारण किसान की फसल नष्ट होना हमारे क्षेत्र में सामान्य विषय था। उसके चलते हुए किसान को बहुत दुख और तकलीफ झेलने के लिए मजबूर होना पड़ता था। मैं भारत के किसानों की तरफ से माननीय प्रधानमंत्री जी का अभिनंदन करना चाहता हूं कि उन्होंने इस फसल बीमा योजना

को प्रारम्भ किया। मैं अपने आपको सौभाग्यशाली मानता हूं कि उस समय मुझे कृषि मंत्रालय में काम करने का अवसर माननीय प्रधानमंत्री जी ने दिया था।

महोदय, जब से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू हुई है, तब से देश के करोड़ों लोगों में विश्वास सृजित हुआ है और अर्जित किया है। राजस्थानी में एक कहावत है कि यदि राम रूठ जाए, लेकिन राज साथ में खड़ा है। भगवान भी नाराज हो जाए, लेकिन सरकार साथ में खड़ी है। ऐसी परिस्थिति निश्चित रूप से किसान आज महसूस करते हैं। माननीय सदस्य ने प्रश्न किया है कि 'A dip has been observed in the total number of farmers who have opted for the insurance.' मैं माननीय सदस्य और सदन के संज्ञान के लिए निवेदन करना चाहता हूं कि पहले यह स्कीम कम्पल्सरी थी। हर ऐसा किसान जो लोन लेने वाला किसान है, उसके लिए यह आवश्यक था और ऑटोमैटिकली उसका इंश्योरेंस होता था। देश भर में अनेक प्रदेशों और इस सदन में भी अनेक बार इस प्रश्न को उठाया गया कि हमारा जबरदस्ती इंश्योरेंस किया जा रहा है, लेकिन हमें कोई आवश्यकता नहीं है। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में उसे समाप्त किया गया। अब उसे ऑप्ट आउट करने की सुविधा है। अगर किसान चाहे तो वह ऑप्ट आउट कर सकता है कि मैं इस बीमा को नहीं लेना चाहता हूं। उसके कारण निश्चित रूप से डिप हुआ है। देश भर में लोनी किसानों में लगभग 3 करोड़ 20 लाख ऐसे किसान थे, जिन्होंने फसल बीमा से अपने आपको बाहर रखा है।

मैं माननीय सदस्य और सदन की जानकारी के लिए बताना चाहता हूं कि पिछले वर्ष एक स्पेशल ड्राइव आयोजित की गई, जिसमें लगभग 1 करोड़ 30 लाख नए किसानों को उसमें जोड़ा गया।

(1130/MM/RCP)

निश्चित रूप से मैं यहां बैठे हुए सभी माननीय सदस्यों से आग्रह करूंगा कि किसानों पर अपने प्रभाव का उपयोग करें। इस बीमा योजना के साथ जोड़ने के लिए सभी सम्माननीय सदस्यों को अपने कर्म क्षेत्र में उसके लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

श्री कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी (चेवेल्ला) : धन्यवाद स्पीकर महोदय। मेरा प्रश्न बायोगैस प्लांट पर है। बायोगैस के कई फीडबैक होते हैं, गोबर, एग्रीकल्चर वेस्ट, इंडस्ट्रियल वेस्ट और फूड वेस्ट इत्यादि। लेकिन एक किलोग्राम गोबर से सिर्फ 20 लीटर बायोगैस की उत्पत्ति होती है। एक किलोग्राम एग्रीकल्चर वेस्ट से 200 लीटर बायोगैस की उत्पत्ति होती है। लेकिन, समस्या यह है कि एग्रीकल्चर में सीज़नली वैरिएशन होता है। मल्टीफीड स्टॉक बायोगैस प्लांट लगाया जाए तो हर गांव के हर घर को एलपीजी की वजह से बायोगैस मिल सकती है। इसमें इतनी बायोगैस की उत्पत्ति हो सकती है कि एक गांव के एग्रीकल्चर आउटपुट से अगर एक सीएनजी से चलने वाला ट्रैक्टर या दूसरा व्हीकल है तो उसमें भी लाभ हो सकता है। अपने देश में अभी मल्टीफीड स्टॉक बायोगैस प्लांट नहीं है। अगर हर गांव में एक मल्टीफीड स्टॉक बायोगैस प्लांट लग जाए तो एक लाख करोड़ रुपये एलपीजी के पूरे देश में बचाए जा सकते हैं। सात लाख गांव पूरे देश में हैं। क्या मल्टीफीड स्टॉक बायोगैस पर कोई रिसर्च चल रही है? क्या आप इसके प्रमोशन के लिए कुछ कर रहे हैं?

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य के सुझाव के लिए उनका अभिनंदन करते हुए उनके संज्ञान में लाते हुए निवेदन करना चाहता हूं कि देश में गोबर गैस को डिसेंट्रलाइज़ करने के लिए बहुत सारे प्रयास पिछले 40-45 साल से देश भर में किए गए हैं। किसान के घर में गोबर गैस प्लांट लगे, इसकी योजना को विभिन्न स्तरों पर राज्यों के सहयोग से लाया गया। माननीय गिरीराज सिंह जी यहां बैठे हैं, वह इसके बड़े कॉनोइज़र और समर्थक रहे हैं। उन्होंने अनेक जगहों पर इसके बारे में चर्चा की है।

माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद डिसेंट्रलाइज़ गोबर गैस प्लांट बने, उस पर भी प्रभावशाली तरीके से काम हुआ। लेकिन, उसके साथ ही साथ सेनिटेशन और वॉटर रिसोर्सेस मिनिस्ट्री के तत्वाधान में, जिसमें काम करने का सौभाग्य मुझे सम्माननीय प्रधान मंत्री जी ने दिया था, वेल्थ आउट ऑफ वेस्ट परिकल्पना को ध्यान में रखते हुए गोबरधन परियोजना को प्रारंभ किया गया था, जिसके तहत मल्टीफीड स्टॉक और गोबर को लेकर के ऑर्गेनाइज्ड गोबर गैस प्लांट बनाए गए। 500 गोबर गैस प्लांट बनाने को लेकर के एक योजना पर काम हुआ है, जिसमें गोबर गैस प्लांट स्थापित किए जा रहे हैं। उनको स्थापित करने और इंसेंटिवाइज़ करने के लिए जो गैस उससे बनती है, वह गोबर गैस प्लांट वायबल हो, उसके लिए भारत सरकार के जलशक्ति मंत्रालय ने पेट्रोलियम मिनिस्ट्री के साथ एक अनुबंध करके उत्पादित सारी गैस को पेट्रोलियम कम्पनीज़, एक फीक्स्ड रेड पर, खरीदें। वह रेट भी क्रूड ऑयल की प्राइस के साथ इंटिग्रेट किया गया है ताकि किसान को क्रूड ऑयल के रेट बढ़ने के साथ-साथ उस किसान को डायनेमिक रेट उसकी मिलती रहे। उसके साथ-साथ जो स्लरी बचती है, उस स्लरी को किसान को देने के लिए किसान के पास इंसेंटिव नहीं है। उसको प्रमोट करने के लिए भी माननीय प्रधान मंत्री जी ने एक योजना इसको लेकर के बनायी है, जिसमें एमडीए प्रोत्साहन राशि के रूप में 1500 रुपये प्रति मीट्रिक टन का दिया जाता है। इसका जिस तरह का रिस्पोंस आया है, उससे आने वाले समय में मैं यह मानता हूं कि एक बार इस योजना के सफल होने के बाद जब यह धरातल पर मल्टीप्लाई होगी तब निश्चित रूप से गोबर और एग्रीक्लचरल रेसीड्यूल वेस्ट को हम और अधिक उत्पादक बनाकर किसान की लागत को कम कर सकते हैं। इस दिशा में एक बहुत बड़ी सफलता उसके माध्यम से अर्जित होगी।

(इति)

(1135/YSH/PS)

(प्रश्न 103)

श्री राहुल कस्वां (चुरू) : सर, प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना 25 दिसम्बर, 2000 को देश में लागू हुई थी। इसका ऑब्जेक्टिव यह था कि इस देश के हर गांव को डामर की ऑल वेदर सड़क से जोड़ा जाएगा।

सर, वक्त बदला, सालों-साल इस देश के काफी गांव इससे जुड़ गए, लेकिन बीते इन 10 सालों में भारत सरकार ने दो स्कीम्स निकालीं – प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना फेज – 2 और फेज – 3, जिसकी गाइडलाइन में जो एग्जिस्टिंग रोड्स थीं, उनको वाइडनिंग करने और उनको साढ़े पांच मीटर की बनाने का प्रावधान रखा गया था। इससे वे सड़कें एमडीआर की कैटेगरी में आ जातीं।

In the year 2019, the Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana-III was launched for consolidation and upgradation of 1,25,000 kilometres through routes and major rural links connecting habitations, *inter-alia*, to Gramin Agricultural Markets, higher secondary schools and everything.

सर, मेरा यह कहना है कि जब सेकंड फेज और थर्ड फेज में हम ग्रामीण सड़कों को वाइडनिंग करने का काम कर रहे थे, तो आज हम अचानक फेज – 4 में उस कैटेगरी को क्यों छोड़ रहे हैं। अब हम 250 की आबादी से कम गांवों को जोड़ने का प्रावधान रखते हैं।

मैं मंत्री महोदय जी से जानना चाहता हूँ कि सरकार ने जो सेकंड और थर्ड फेज़ की प्लानिंग की थी, चूँकि राजस्थान में भी 6 हजार किलोमीटर की सड़कों का निर्माण किया गया है और मेरे लोक सभा क्षेत्र में 300 किलोमीटर का निर्माण हुआ। हम 1200 किलोमीटर की प्लानिंग कर चुके हैं, लेकिन फेज – 4 में उसका कोई प्रावधान नहीं है तो क्या सरकार फेज – 4 में वाइडनिंग का प्रावधान रखने का काम करेगी?

श्री कमलेश पासवान : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने एमडीआर, फेज – 2 और फेज – 3 में जो पीएमजीएसवाई के तहत सड़कें बननी थीं, उनके अपग्रेडेशन के बारे में प्रश्न पूछा है। माननीय सदस्य हमारे साथ 10 सालों तक ट्रांसपोर्ट एंड टूरिज्म कमेटी में रहे हैं और वे बहुत अच्छी तरह से जानते हैं कि यह स्टेट का विषय है, लेकिन मैं यह जरूर कहना चाहूंगा कि प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना जब वर्ष 2000 में चालू हुई थी, जैसा माननीय सदस्य भी मानते हैं कि इस क्षेत्र में बहुत बड़ी क्रांति आई है और आज इस सदन में मैं अपने श्रद्धेय नेता अटल बिहारी वाजपेयी जी को याद करना चाहता हूँ, जिन्होंने इस योजना को चालू किया था और उन्होंने यह सपना देखा था कि हम गांव के सुदूर इलाके में कनेक्टिविटी देने का काम करेंगे।

अध्यक्ष महोदय, मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि इस योजना के अंतर्गत अब तक 7 लाख 72 हजार किलोमीटर की सड़कें बनाई गई हैं। 1 लाख 63 हजार बसावटों को इससे जोड़ा गया है। इनका मूल प्रश्न फेज – 4 का है। मैं फिर से बताना चाहता हूँ कि जैसा कि ये खुद अपने प्रश्न में यह बात कह रहे हैं कि फेज – 4 की आवश्यकता क्या है?

अध्यक्ष महोदय, प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने यह संकल्प लिया है कि जो बची हुई सड़कें छूट गई हैं, चाहे फेज – 1 हो, चाहे फेज – 2 या फेज – 3 के अपग्रेडेशन का काम हो या हम जो नया फेज – 4 लेकर आए हैं, जिसमें हमने यह संकल्प लिया है कि 25 हजार नई बसावटों को हम नई कनेक्टिविटी देने का काम करेंगे।

इसके अलावा इनका अपग्रेडेशन का प्रश्न था तो मैंने पहले ही बता दिया है कि यह स्टेट का विषय है।

माननीय अध्यक्ष : नहीं, यह स्टेट का विषय नहीं है। यह विषय तो आपका ही है, लेकिन अभी अपग्रेडेशन का प्रावधान नहीं है।

… (व्यवधान)

श्री कमलेश पासवान : सर, ये फेज - 2 और फेज – 3 की बात कर रहे हैं तो हमने राजस्थान में करीब 992 किलोमीटर का अपग्रेडेशन किया है।

माननीय अध्यक्ष : अब कोई प्रावधान नहीं है।

श्री कमलेश पासवान : हाँ, अब कोई प्रावधान नहीं है।

श्री राहुल कस्वां (चुरू) : सर, मेरा यह कहना है कि मंत्री महोदय की यह बात सही है कि यह स्टेट का सब्जेक्ट है, लेकिन अगर हम गाइडलाइन्स को चेंज करते, जो सेकंड फेज और थर्ड फेज में थी तो फॉर्थ फेज में भी वे गाइडलाइन्स कंटिन्यू रहतीं और अगर 250 की आबादी को भी उससे जोड़ते तो हमारी समस्या खत्म हो जाती।

सर, मेरा सप्लीमेंट्री क्वेश्चन यह है कि प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना का एक मेंडेट इंपॉर्टेंट था कि हम एक-एक गांव को डामर की ऑल वेदर रोड से जोड़ने का प्रावधान करेंगे। उसके बाद वक्त बदला, गांवों के अंदर एक रोड बन गई, लेकिन साथ में गांवों में ट्रैफिक भी आया, गाड़ियां भी आईं, मोटर साइकिल्स भी आईं।

माननीय अध्यक्ष : आपका क्वेश्चन क्या है?

श्री राहुल कस्वां (चुरू) : सर, मेरा प्रश्न यह है कि प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के फेज – 2 में, जैसे सांसद आदर्श ग्राम योजना थी कि गांव से निकलने वाली हर सड़क डामर की होगी तो क्या प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना की गाइडलाइन्स में परिवर्तन लाकर गांवों को सेकंड कनेक्टिविटी, मल्टीपल कनेक्टिविटी और मिसिंग लिंक के मार्फत से जोड़ने का प्रावधान सरकार रखती है?

माननीय अध्यक्ष : मिसिंग लिंक का प्रावधान तो राज्य सरकार करती है।

… (व्यवधान)

श्री कमलेश पासवान : माननीय अध्यक्ष जी, जो मूल प्रश्न था, उसका उत्तर मैंने पहले ही दे दिया है कि अपग्रेडेशन का काम राज्य सरकारें देखती हैं, लेकिन फेज – 4 में जनसंख्या की आबादी बढ़ने के नाते देश में ऐसी बहुत सारी सड़कें हैं, जो अभी भी मेन कनेक्टिविटी से जुड़ी नहीं है। इसलिए आदरणीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में फेज – 4 आया है। अगर उनके क्षेत्र में या उनके राज्य में, सभी माननीय सदस्य, जो यहां पर बैठै हुए हैं, मैं उनसे आग्रह करूंगा कि अगर उनके क्षेत्र में कोई सड़क रह गई है तो हम फेज – 4 में उसे वरीयता के हिसाब से चयनित करवाने का काम करेंगे।

(1140/RAJ/SMN)

श्री देवेश शाक्य (एटा) : अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र एटा कासगंज में आने वाले एमडीआर और ओडीआर मार्गों को लंबे समय से चौड़ा नहीं कराया गया है। ये सभी मार्ग गांव के विकास को आगे बढ़ाते हैं। क्या सरकार द्वारा मेरे लोक सभा क्षेत्र एटा-कासगंज के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के इन ग्रामीण मार्गों को चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण करने की कोई योजना बनाई जा रही है और कब तक इन ग्रामीण मार्गों को बनवाया जाएगा?

माननीय अध्यक्ष : क्या आप एमडीआर सड़कों की बात कर रहे हैं?

श्री देवेश शाक्य (एटा) : जी, अध्यक्ष महोदय।

माननीय अध्यक्ष : एमडीआर की सड़कें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनती हैं।

श्री देवेश शाक्य (एटा) : अध्यक्ष महोदय, ये ग्रामीण मार्ग हैं, लंबे मार्ग हैं।

श्री कमलेश पासवान : अध्यक्ष जी, यह पहले प्रश्न की तरह सेम प्रश्न है। एमडीआर और ओडीआर की सड़कें स्टेट का विषय है।

अध्यक्ष जी, मैंने पूरे सदन से आग्रह किया है कि पूरे राज्य की फेज-4 की जितनी भी सड़कें हैं, उनसे हम 25 हजार बसावटों को जोड़ने जा रहे हैं। अगर आपके क्षेत्र उसमें हैं, तो वहां काम हो जाएगा। उत्तर प्रदेश ने बहुत अच्छा कार्य किया है। मैं वर्ष 2002 में वहां माननीय विधायक था। माननीय सांसदों और माननीय विधायकों में यह लड़ाई होती थी कि हमारे क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़कें बनें। हमारी सड़कें गुणवत्ता के अनुरूप बनती थीं। आने वाले 10 सालों तक उस सड़क पर कोई आंच नहीं आती थी, इसलिए इन सड़कों की बहुत मांग है।

मैं माननीय सदस्य से यह जरूर कहूंगा कि उन्होंने अपग्रेडेशन की बात उठाई है, जो राज्य का विषय है। अगर फेज-4 की कोई सड़क रह गई है तो हम उसे सम्मिलित कराने के लिए कार्य करेंगे।

(इति)

(प्रश्न 104)

SHRI MADDILA GURUMOORTHY (TIRUPATI): Thank you Speaker Sir.

Sir, what is the district-wise progress in Andhra Pradesh, particularly in Tirupati regarding the implementation of the SVAMITVA Scheme? How does it perform compared to the national average? Is the Government considering any policy modifications or technological upgradations to enhance the efficiency of the SVAMITVA scheme in the surveyed States, particularly in digitization and real time mapping?

श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह : अध्यक्ष महोदय, मैंने उत्तर में बहुत ही विस्तार से आंध्र प्रदेश के बारे में बताया है। आंध्र प्रदेश के लगभग सभी गांवों का 'स्वामित्व योजना' के तहत ड्रोन सर्वे किया जा चुका है। आंध्र प्रदेश की सरकार ने 8 दिसंबर, 2020 को इस योजना के कार्यान्वन के लिए सर्वे आफ इंडिया के साथ एमओयू साइन किया था और आज की तारीख में सभी गांवों का सर्वेक्षण पूरा हो चुका है। माननीय सदस्य ने अपने क्षेत्र तिरुपति जिले के बारे में पूछा है, उसके बारे में भी उत्तर में दिया हुआ है कि 1045 गांव तिरुपति जिले में हैं तथा उनका भी ड्रोन सर्वे पूरा हो चुका है। उनके स्वामित्व कार्ड्स बनने की प्रक्रिया चल रही है।

अध्यक्ष महोदय, मैं इसके साथ-साथ एक बात जरूर बताना चाहूंगा कि यह स्वामित्व योजना इस देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दूर दृष्टि का परिणाम है। आज पूरे देश के गांवों में कई कारणों से अशांति रहती है। गांवों में आपसी झगड़ा रहता है, संपत्ति विवाद का कारण रहता है और उसके कारण गांवों में अशांति रहती है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने 24 अप्रैल, 2020 को गांवों के लोगों की आर्थिक उन्नति के लिए इस योजना को लांच किया और अभी 18 जनवरी को 65 लाख कार्ड्स का वितरण प्रधानमंत्री जी ने किया है। अब तक 2 करोड़, 38 लाख संपत्ति कार्ड्स बनकर तैयार हो गए हैं, जिनका वितरण किया जा चुका है और शेष कार्ड्स की बनने की प्रक्रिया में हैं।

माननीय सदस्य ने इसके टेक्नोलॉजिकल अपग्रेडेशन के बारे में पूछा है, तो उसकी कोई आवश्यकता नहीं है, इसलिए कि यह फुल प्रूफ योजना है, ड्रोन सर्वे होता है। दोनों पक्षों को आपस में बैठाकर उनकी सहमति ली जाती है और सहमति के आधार पर रेवेन्यू रिकॉर्ड्स के साथ जांच करके संपत्ति का निर्धारण होता है और जिसकी जो संपत्ति है उसको कार्ड सुपुर्द कर दिया जाता है।

(1145/SM/SK)

SHRI MADDILA GURUMOORTHY (TIRUPATI): Sir, no property card has been issued till date in Andhra Pradesh. What steps have been taken by the Government to expedite the completion of SVAMITVA Scheme?

श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह: माननीय अध्यक्ष जी, जैसा कि मैंने अभी बताया कि ड्रोन सर्वे का काम पूरा हो चुका है और कार्ड बनाने की प्रक्रिया चल रही है। कार्ड बनाने की समय सीमा निर्धारित कर दी गई है। इस समय सीमा में कार्ड बनकर तैयार हो जाएगा और जैसे ही कार्ड बनेगा, उसे लाभार्थियों के बीच वितरित कर दिया जाएगा। कार्ड बनने की प्रक्रिया चल रही है। जैसा कि मैंने

बताया कि अगर दो लोगों में आपसी विवाद है तो दोनों की सहमति के आधार पर कार्ड तैयार होता है ताकि भविष्य में विवाद पेंडिंग न रहे। कार्ड बनने की प्रक्रिया चल रही है, शीघ्र ही आंध्र प्रदेश में कार्ड बनकर तैयार हो जाएंगे और लाभार्थियों को वितरित किए जाएंगे।

DR. MALLU RAVI (NAGARKURNOOL): Sir, will the hon. Minister of Panchayati Raj be pleased to state as to whether the Government has assessed the latest status of the pilot project in Telangana under SVAMITVA Scheme? If so, what are the details thereof? Is the Ministry of Panchayati Raj making efforts to complete the pilot project in five villages of Telangana? If so, what is the timeline for its completion? If not, what are the reasons therefor?

Has the Ministry any plan to extend the SVAMITVA Scheme to all the abadi villages of Telangana, considering the change in Government in 2023? If not, what are the reasons therefor?

श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह: माननीय अध्यक्ष जी, मैंने उत्तर में इस बात की चर्चा की है कि तेलंगाना सरकार ने 19 अप्रैल, 2022 को पूरे राज्य में से सिर्फ पांच गांवों के लिए सर्वे ऑफ इंडिया के साथ पायलट प्रोजेक्ट के रूप में एमओयू किया था। इन पांच गांवों का ड्रोन सर्वे करके राज्य सराकर को दे दिया गया है और नक्शा सौंप दिया गया है। इसके बाद तेलंगाना सरकार से कोई रिस्पांस नहीं आया है। जब तक तेलंगाना सरकार इस पर रिस्पांड नहीं करेगी तब तक इस काम को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।

जहां तक तेलंगाना का सवाल है, तेलंगाना सरकार ने इस योजना को लागू नहीं किया है। उन्होंने पायलट प्रोजेक्ट के रूप में सिर्फ पांच गांवों के लिए ड्रोन सर्वे के लिए एग्रीमेंट किया था। इन पांच गांवों का ड्रोन सर्वे पूरा करके उनको दे दिया गया है, लेकिन इसके बाद तेलंगाना सरकार कोई रिस्पांड नहीं कर रही है।

श्री लालजी वर्मा (अम्बेडकर नगर) : माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री से कहना चाहता हूं कि स्वामित्व योजना बहुत अच्छी योजना है, लेकिन इसमें नई आबादियां बसी हैं, जैसे बाग का नंबर है, खतोनी की जमीन में आबादी बस गई हैं, उनका सर्वे नहीं हो रहा है। इसके कारण विवाद बड़े पैमाने पर बना हुआ है।

क्या माननीय मंत्री जी, जो नई आबादी बनी है, भले ही खतोनी के नंबर में हो, उसका सर्वे कराकर स्वामित्व कार्ड देने की कृपा करेंगे?

श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह: माननीय अध्यक्ष जी, ड्रोन सर्वे पूरी आबादी और गांव के साथ अगर गांव के बाहर भी कुछ लोग बसे हैं, उनका भी हो रहा है। अगर कहीं विवाद है तो विवाद का जब तक समाधान नहीं होगा तब तक स्वामित्व कार्ड वितरित नहीं होगा।

(इति)

(1150/KN/RP)

(प्रश्न 105)

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न संख्या 105.

श्री बस्तीपति नागराजू जी – अनुपस्थित।

श्री बी. के. पार्थसारथी जी।

SHRI B. K. PARTHASARATHI (HINDUPUR): Hon. Speaker, Sir, what is the status of computerisation of PACS in Andhra Pradesh? What other steps are being taken to empower PACS in Andhra Pradesh?

श्री मुरलीधर मोहोल : माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य से मेरी विनती है कि आपको बैंक्स या पैक्स (PACS) दोनों में से किसके कम्प्यूटराइजेशन के बारे में डिटेल्स चाहिए, क्योंकि मैंने पटल पर जवाब रख दिया है। आंध्र प्रदेश में पैक्स कम्प्यूटराइजेशन की जो स्थिति है, सहकार से समृद्धि के मंत्र के साथ काम करते हुए देश में लगभग 67 हजार पैक्स का कम्प्यूटराइजेशन किया गया है, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 2516 करोड़ रुपये है। आंध्र प्रदेश में सभी 2037 पैक्स का कम्प्यूटराइजेशन किया जा रहा है। अब तक 2021 पैक्स में हार्डवेयर भी डिलिवर हो चुके हैं। मोदी सरकार केवल पैक्स बनाने पर जोर नहीं दे रही है, बल्कि उनका सशक्तिकरण भी हमारी प्राथमिकता है। देश के सहकारिता मंत्री माननीय अमित भाई के मार्गदर्शन में सहकारिता मंत्रालय द्वारा पहले 56 समितियां शुरू की गई हैं और उसी क्रम से आंध्र प्रदेश में बहुत सारी समितियों की शुरुआत जा रही हैं, जिसमें पैक्स को सशक्त किया जाएगा। इसके लिए वर्ष 2021 के बाद पैक्स, डेयरी, मत्स्य समितियों की संख्या 897 हैं। आंध्र प्रदेश राज्य द्वारा विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना के तहत गोदाम निर्माण के लिए 10 पैक्स की पहचान की गई हैं।

माननीय अध्यक्ष महोदय, 2037 पैक्स का कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है, जिसमें 2021 में हार्डवेयर डिलिवर हो चुके हैं। पीएम जनऔषधि केन्द्र के अंतर्गत पैक्स के 15 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें 6 आवेदन को अनुमोदित किया गया है। पीएम किसान समृद्धि केन्द्र के रूप में 1246 पैक्स आज भी कार्यरत हैं, 1866 पैक्स सीएससी के रूप में कार्यरत हैं। हमारी एनसीएल एक संस्था है, आज उसमें 140 की संख्या है, एनसीओएल में सदस्य संख्या 207 हैं। मैं आंध्र प्रदेश के बारे में बता रहा हूं। बीबीएसएसएल की संख्या 1400 हैं। आंध्र प्रदेश में पैक्स का कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है। पैक्स को सशक्त बनाने के लिए बहुत सारे कदम उठाये जा रहे हैं।

SHRI B. K. PARTHASARATHI (HINDUPUR): Hon. Speaker, in their reply, they have stated this. … (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, केवल एक ही सप्लीमेंट्री क्वेश्चन पूछते हैं।

डॉ. शशि थरूर जी, आप संक्षिप्त में पूछिये।

DR. SHASHI THAROOR (THIRUVANANTHAPURAM): Thank you very much Mr. Speaker, Sir, for giving me an opportunity.

I have got a more fundamental question about this Agricultural and Rural Development Bank (ARDB). To the best of my knowledge – I do not know, the Minister can clarify this – these banks have been engaged in financing the farmers for nearly a century. But, they are still not licensed as banks which severely limits their abilities to raise resources, and meet the growing credit demands of farmers. We do not have a proposal from Kerala yet, but as a national issue, due to the absence of banking license, ARDBs are excluded form implementing key Government schemes such as the Interest Subvention Scheme for crop loans, affordable housing, education loans, and renewable energy initiative. We have also seen no concrete steps from the Ministry so far to grant ARDBs banking licenses or even to establish a clear regulatory framework. How can ARDBs, Mr. Minister, mobilise short-term savings and get savings deposits? How will they overcome their financial constraints in order to make a difference to the lives of farmers in the rural areas? Then only it will be useful for our State.

Thank you.

(1155/VB/NKL)

श्री मुरलीधर मोहोल : माननीय अध्यक्ष महोदय, वैसे तो एआरडीबीज की जिम्मेदारी सभी राज्य सरकारों की होती है। यह राज्य सरकार का विषय है।

डॉ. शशि थरूर (तिरूवनन्तपुरम) : इसकी पॉलिसी राज्य सरकार की नहीं है, इसकी पॉलिसी सेन्ट्रल गवर्नमेंट की है।

श्री मुरलीधर मोहोल : एआरडीबी बैंक्स की जिम्मेदारी सभी राज्य सरकारों की होती है, उसके लिए केन्द्र सरकार मदद करती है। जैसे हम जो प्रोजेक्ट लाये हैं, उनमें उनका कारोबार अच्छा हो और काम में सुलभता हो, इसके लिए हम उनकी सहायता करते हैं। इसके लिए हमने नाबार्ड से भी आग्रह किया है। आग्रह करने के बाद हर राज्य को नाबार्ड की रिपोर्ट भेजी गई है। नाबार्ड की रिपोर्ट के माध्यम से हर राज्य से उसकी सूचनाएं और अनुग्रह रिपोर्ट हमने मांगी है।

(इति)

(pp. 18-30)

(प्रश्न 106)

श्री बृजेन्द्र सिंह ओला (झुन्झुनू) : माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने अपने उत्तर में बताया है कि संविधान के अनुच्छेद 243(ब) के तहत यह 12वीं अनुसूची में है। उसके अनुसार, ये राज्य सरकार को सिर्फ सलाह दे सकते हैं। चूंकि इसमें केन्द्र सरकार राज्य सरकारों को बहुत सारा एड देती है, सहायता देती है। इसलिए मेरा प्रश्न है कि क्या आप जो सहायता देते हैं, तो आप उसकी गाइडलाइंस में संशोधन करके यह बात उसमें डालने का विचार रखते हैं कि पंचायत लेवल या कुछ पंचायतों का एक समूह बनाकर 10-20 किलोमीटर में इस तरह की व्यवस्था हो, जिससे अग्निशमन सेवाएं उपलब्ध हो सकें? गांव में फसलें जल जाती हैं, लोगों के बाड़े में बंधे हुए पशु जल जाते हैं और 100 किलोमीटर तक अग्निशमन की कोई सेवा नहीं होती है। इसलिए मैं आपसे पूछना चाहता हूँ कि क्या आप गाइडलाइंस में यह बात डालेंगे, जिससे इस तरह की व्यवस्था हो सके?

श्री नित्यानंद राय : माननीय अध्यक्ष महोदय, सबसे पहले मैं यह कहना चाहूंगा कि माननीय प्रधानमंत्री जी का यह विचार है कि हम सबके लिए हैं और सब हमारे हैं। अग्निशमन से संबंधित या कोई आपदा से संबंधित विषय राज्यों का है, लेकिन राज्य सरकारों को केन्द्र सरकार, मोदी जी की सरकार इसके लिए मदद भी करती है। मैं अग्निशमन के क्षेत्र में बताना चाहूंगा कि 5 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान अग्निशमन के विस्तार और आधुनिकीकरण के काम के लिए किया गया है।

माननीय सदस्य का प्रश्न, जब ग्रामीण क्षेत्रों में कोई आग लगने की घटना घटती है, उसमें नये गाइडलाइंस लाने के संबंध में है। गाइडलाइंस के अनुसार, हम राज्यों को एसडीआरएफ के लिए पैसे देते हैं। उसमें 10 प्रतिशत राशि राज्य अपने हिसाब से किसी भी प्रकार की आपदाओं में खर्च कर सकती है। दूसरी बात, अग्निशमन के क्षेत्र में, आग लगने की घटनाओं में कमी आए, मानव-नुकसान में कमी आए और मानव-नुकसान शून्य हो, इसके लिए अग्निशमन केन्द्र, प्रशिक्षण केन्द्र, आधुनिक उपकरण और तकनीकी उन्नयन शामिल हैं। योजना के तहत राज्य सरकारें ग्रामीण क्षेत्रों सहित अपनी आवश्यकतानुसार नये अग्निशमन केन्द्रों की स्थापना और आवश्यक उपकरण भी खरीद सकती है।

ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पोर्टेबल जीप या ट्रैक्टर पर लगे अग्निशमन के उपकरणों तथा फायर टेंडरों के साथ-साथ फायर स्टेशन को भी स्थापित करने की सलाह भी अपनी एडवाइज़री में दी है। ऐसे उपकरण पंचायत राज विकास निधि से भी खरीदे जा सकते हैं। अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण योजना के तहत राज्य ग्राम पंचायत स्तर पर विस्तार कर सकते हैं।

इस तरह से, उनको एडवाइज़री भी दी गई है, उनको अधिकार भी दिया गया है। एसडीआरएफ का जो फंड है, उसमें 10 प्रतिशत राशि किसी भी आपदा से संबंधित आधुनिकीकरण के लिए खर्च कर सकते हैं।

(इति)

(प्रश्न काल समाप्त)

(1200/PC/VR)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, आप एक मिनट के लिए बैठ जाइए। मैं एक महत्वपूर्ण बात बता रहा हूं।

… (व्यवधान)

साइमलटेनियस इंटरप्रेटेशन के बारे में घोषणा

1200 बजे

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे यह घोषणा करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि संसद के अंदर हिंदी और अंग्रेजी के अलावा दस भाषाओं अर्थात असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, ओड़िया, पंजाबी, तमिल और तेलुगु में साइमलटेनियसली भाषांतरण हम सदन में पहले से ही उपलब्ध करा रहे थे।

अब हमने छ: भाषाओं को, बोडो, डोगरी, मैथिली, मणिपुरी, संस्कृत और उर्दू को भी इसमें शामिल किया है। इसी के साथ जो अतिरिक्त 16 भाषाएं हैं, उन 16 भाषाओं के अंदर भी जैसे-जैसे मानव संसाधन मिल रहा है, हमारी कोशिश है कि हम साइमलटेनियसली भाषाओं का रुपांतरण कर सकें।

मैं आपको यह भी बताना चाहता हूं कि दुनिया के अंदर भारत की संसद ही एक लोकतांत्रिक संस्था है, जो इतनी भाषाओं के अंदर साइमलटेनियसली भाषांतरण कर रही है। जब मैंने विश्व स्तर पर यह चर्चा की कि हम भारत में 22 भाषाओं के अंदर इस तरीके का प्रयास कर रहे हैं, तो सर्वत: सभी मंचों ने इसकी प्रशंसा की।

हमारा प्रयास है कि जो 22 भाषाएं हैं, जो मान्यता प्राप्त हैं, आने वाले समय में जैसे-जैसे मानव संसाधन मिलते जाएंगे, हमारी कोशिश है कि आपकी टेबल पर आप उन 22 भाषाओं के भाषांतरण को भी सुन पाएंगे।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मारन जी, आपको इससे क्या समस्या है? आप खड़े होकर बताइए। आपको क्या परेशानी है?

THIRU DAYANIDHI MARAN (CHENNAI CENTRAL): Thank you, Sir, for giving me an opportunity. This is a welcome move that you are arranging to provide interpretation in the States' official languages. Can you tell me which State's official language is Sanskrit? Why are you wasting the taxpayers' money in such a language which is not even communicable? *....(Interruptions)* Is it communicated in any of the States in India? Nobody speaks this language. *....(Interruptions)*

Sir, the population survey of 2011 said that only 24,821 people are supposed to be speaking this language. *....(Interruptions)* When there is a data,

why should the taxpayers' money be wasted because of ... (*Expunged as ordered by the Chair*) ....*(Interruptions)*

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, आप दुनिया के किस देश में रह रहे हैं? यह भारत है और भारत की मूल भाषा संस्कृत रही है।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : इसीलिए, हमने 22 भाषाओं में भाषांतरण के बारे में कहा, केवल संस्कृत के लिए नहीं कहा। आपको संस्कृत भाषा से क्यों आपत्ति हुई? आपको हिंदी भाषा में आपत्ति है, आपको संस्कृत भाषा में भी आपत्ति है? भारत में 22 भाषाए हैं, जो संसद से मान्यता प्राप्त हैं। उन 22 भाषाओं में भाषांतरण होगा, संस्कृत में भी होगा और हिंदी में भी होगा।

… (व्यवधान)

स्थगन प्रस्ताव की सूचनाओं के बारे में विनिर्णय

1204 बजे

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे माननीय सदस्यों द्वारा कुछ विषयों पर स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। मैंने स्थगन प्रस्ताव की किसी भी सूचना के लिए अनुमति प्रदान नहीं की है।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आज जो लिस्टेड जीरो आवर है, उसमें जिनके नाम आए हैं, उनको बोलने की अनुमति दी जाएगी। अगर आप शून्य काल नहीं चलाने में इंटरेस्टेड हैं तो फिर मैं बजट पर चर्चा शुरू करा सकता हूँ।

… (व्यवधान)

(1205/CS/SNT)

माननीय अध्यक्ष : यह विषय मेरे ध्यान में आ गया है और मैंने इसकी व्यवस्था कर दी है। आप शून्य काल में इंटरेस्टेड नहीं हैं। क्या मैं बजट पर चर्चा शुरू करा दूँ?

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : लिस्टेड जीरो ऑवर होगा। आप लोग शांति से बैठोगे तो शून्य काल चलेगा, अशांति से बैठोगे तो नहीं चलेगा। आप जाइए और अपनी-अपनी सीट पर जाकर बैठिए।

… (व्यवधान)

श्री राहुल कस्वां (चुरू) : सर, रेलवे अंडर ब्रिज की बहुत डिमांड है। 1.5.2023 को एनडब्ल्यूआर ने हमारे क्षेत्र के अंदर फर्स्ट प्रॉयोरिटी और सेंकड प्रॉयोरिटी में 300-300 करोड़ रुपये देकर … (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: K. C. Venugopal ji, this is not fair. I have given opportunity to a number of Members of Parliament. You should give in writing. What is the procedure?

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: What about justice? More than 15 Members of Parliament from Congress Party have already spoken. How can you say that?

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Mr. K. C. Venugopal, it is your responsibility.

… (*Interruptions*)

श्री राहुल कस्वां (चुरू) : महोदय, मेरा आपके मार्फत से मंत्री महोदय से कहना है कि राजस्थान में 300-300 करोड़ रुपये की फर्स्ट और सेंकड प्रॉयोरिटी की एनडब्ल्यूआर के अंदर आरयूबी बनाने की डिमांड की गई। इसमें 46 आरयूबी फर्स्ट लिस्ट में चुरू लोक सभा क्षेत्र में थी, जिसे बंद कर दिया गया है। मेरा कहना है कि रेलवे अंडर पासेज की बहुत ज्यादा डिमांड है। सरदार शहर, रतनगढ़ और अलग-अलग क्षेत्रों में भी डिमांड है। मेरा आपसे कहना है कि प्रॉयोरिटी लिस्ट एनडब्ल्यूआर ने 300 करोड़ रुपये की बनायी है। हमारे क्षेत्र को दोबारा से आरयूबी सैंक्शन की जाए। रेलवे को इससे बहुत समस्या आती है, ट्रेसपासिंग होती है। रेल मंत्रालय इसका बजट देकर आयूबी को सैंक्शन करें। बहुत-बहुत धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON: You should give name. No one can just raise their hands and they will be allowed to speak.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Kindly behave properly. I have already told your leader. You are a Member of this august House. You should be aware how you will raise your issue and how you will request the Chair.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Mr. K. C. Venugopal and Deputy Leader, Mr. Gaurav Gogoi, I think no one can conduct the House in this manner. I have already given opportunity to more than 50 Members of Parliament. You should be satisfied how many Members I have allowed from your Party.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति: अखिलेश जी को बजट पर बोलना है। डेढ़ बजे से इन्हें बोलना था, लेकिन फिर मैंने जीरो ऑवर दो बजे तक चलाया।

SHRI S. SUPONGMEREN JAMIR (NAGALAND): Thank you, Sir, for giving me a chance.

Sir, I would like to raise an important issue. Regarding the North-East, MSMEs is a very important project, which was highlighted by the hon. Finance Minister that it is the second engine of our Mission Bharat. In the North-East, MSME is supposed to be headed by one Joint Director, two Deputy Directors, and two Assistant Directors with all the staff. But so far, we have only Assistant Directors who are looking after the MSMEs in the North-East, except Assam. In Assam, there is one Deputy Director. The remaining officers are not there. Our schemes are very important. Our North-East want to have a full-fledged office space. I would like to request the Department to depute the officers concerned.

Thank you.

(1400/KDS/AK)

श्री श्यामकुमार दौलत बर्वे (रामटेक) : सभापति महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र में धान, कपास, सोयाबीन, संतरा और मिर्ची की फसल होती है। उसमें यूरिया, डीएपी,1026-18-10 इत्यादि यूरिया लगता है, लेकिन उस यूरिया बैग को इस सरकार ने 50 से 45 किलो कर दिया है। उसके बाद भी रबी और खरीफ की बुआई के समय यूरिया कम मिलता है, जिसके कारण किसानों को नुकसान होता है। प्लाईवुड बनाने के लिए यूरिया की कालबाजारी होती है जबकि सरकार के पास किसानों की मिट्टी की गुणवत्ता का पूरा डाटा है, फिर भी उन्हें जबरदस्ती लिंकिंग प्रोडक्ट बेचे जा रहे हैं, इससे खर्च में बढ़ोत्तरी हो रही है और किसान आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो रहा है।

रासायनिक खाद बनाने की कंपनी को आदेश दिया जाए कि लिंकिंग प्रोडक्ट बेचने पर रोक लगायी जाए, मैं आपसे यही विनती करना चाहता हूं। सरकार किसानों के सम्मान निधि की बात करती है, लेकिन किसानों को जो राहत देना चाहिए, वह नहीं देती है। इस विषय को बहुत सारे सांसदों ने भी उठाया है, लेकिन इसके ऊपर सरकार ने कुछ भी नहीं किया है।

*SHRI SANDIPANRAO ASARAM BHUMARE (AURANGABAD): Hon'ble Chairman, the employees serving under various corporation, boards, units and subsidiaries run by State and Central Governments, have deposited their contributions of Rs. 417, Rs 541, Rs 1250 during their service period for pension fund EPS 95, which is different from OPS, NPS and UPS. But, the pension getting under EPS 95 is very meagre and average pension is around Rs. 1,170 per month. The number of the EPS 95 pensioners is 78 lakhs and it is above 14 lakhs in Maharashtra. It does not increase in commensurate with the inflation rate. So, the pensioners are facing hardships and living in abject poverty.

माननीय सभापति (श्री जगदम्बिका पाल) : आपकी सरकार से मांग क्या है?

*SHRI SANDIPANRAO ASARAM BHUMARE (AURANGABAD): So, I would like to request the Government to increase the pensionary benefits under this scheme.

… (व्यवधान)

माननीय सभापति: धन्यवाद। श्रीमती सुमति जी ।

DR. T. SUMATHY *ALIAS* THAMIZHACHI THANGAPANDIAN (CHENNAI SOUTH): Thank you very much, Chairperson Sir.

The Union Government's recent draft regulations proposed by the University Grants Commission (UGC) for 2025 posed a grave challenge to the federal structure by undermining the autonomy of State universities.

* Original in Marathi

State is still in the Concurrent List and the Union Government should not forget it. These regulations seek to impose centralised control by mandating a UGC-nominated representative to Vice-Chancellor and Search Committee also, and granting Governors unilateral powers in appointments contrary to the provisions of many State University Acts.

Tamil Nadu has been strongly opposing it. Our Chief Minister had registered his opposition to this, and the whole State is opposing it. The Tamil Nadu Assembly has passed a unanimous Resolution opposing these regulations. Through you, I would request the Union Government to withdraw these regulations and ensure that federal structure should be maintained, especially in education. Thank you very much.

SHRI E. T. MOHAMMED BASHEER (MALAPPURAM): Sir, thank you very much.

I invite the attention of the Government to a serious situation arising out of the closure of the Maulana Azad Education Foundation. We all know that this great institution was providing a lot of help to the students, especially the backward sections of the society for their higher studies and for getting their JRF and NRF. Thousands of students are now thrown out and they are facing acute difficulty.

HON. CHAIRPERSON: What is your demand? Please put your demand.

SHRI E. T. MOHAMMED BASHEER (MALAPPURAM): Sir, I appeal to the Government to take a decision and to reconsider the decision, and reopen the Foundation.

श्री अवधेश प्रसाद (फैजाबाद) : धन्यवाद, सभापति महोदय...

माननीय सभापति : आपके नेता बोलने जा रहे हैं, तो आज आपको नहीं बोलना चाहिए, दूसरे दिन बोलना चाहिए।

श्री अवधेश प्रसाद (फैजाबाद) : महोदय, मैंने आपको मुख्य मंत्री बनवाया था। ... (व्यवधान) मर्यादा पुरुषोत्तम राम जी की मर्यादा, अयोध्या जनपद, 54, फैजाबाद लोक सभा से प्रभु श्रीराम जी की कृपा से, हनुमान जी की कृपा से, मां सरयू माई की कृपा से, देवतुल्य मतदाताओं की कृपा से और हमारे नेता, जो हमारे बगल में बैठे हैं, इनकी कृपा से, जिन्होंने सामान्य सीट से मुझे चुनाव लड़ाने के लिए प्रत्याशी बनाया, हमारी जीत हुई।

मान्यवर, यह जीत भारतीय जनता पार्टी को पच नहीं रही है। हमारे बारे में किया गया। ... (व्यवधान) ये तीन महीने के मेहमान हैं।

(1405/SPS/UB)

माननीय सभापति (श्री जगदम्बिका पाल) : आपको और भी अवसर मिलेगा। आपकी बात आ गई है।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : अभी आपके माननीय नेताजी बोलेंगे।

श्री अवधेश प्रसाद (फैज़ाबाद) : सहनवा गांव में 30 जनवरी को एक 22 साल की कोरी बिरादरी की लड़की के साथ केवल बलात्कार ही नहीं किया, बल्कि उसे नंगा किया गया। उसकी आंख निकाल ली गई, उसका हाथ काट दिया गया और पैर काट दिया गया। … (व्यवधान)

माननीय सभापति : आपकी डिमाण्ड क्या है?

श्री अवधेश प्रसाद (फैज़ाबाद) : मान्यवर, इसके बारे में जब हमने आवाज उठाई तो उत्तर प्रदेश की सरकार के मुख्यमंत्री ने कहा कि घड़ियाली आंसू बहाते हैं, ... (*Expunged as ordered by the Chair*)

माननीय सभापति : यह क्या है? आपकी डिमाण्ड क्या है?

… (व्यवधान)

श्री अवधेश प्रसाद (फैज़ाबाद) : मान्यवर, मैं ... (*Expunged as ordered by the Chair*) नहीं हूं। … (व्यवधान)

SHRI SALENG A. SANGMA (TURA): Sir, I would like to apprise this august House of the people, our citizens, living in the international fencing area running between India and Bangladesh. Our citizens there are living in fear, agony and pain.

If there is no relocation of the fence soon, the situation will get worse for those people. In the evening, after 5 pm, they cannot even come back or if someone has to go to the hospital in emergency, he cannot. This is the situation.

Therefore, I would like to urge the Government, through you, Mr. Chairperson, that the fence should be relocated soon. More than hundreds of people are living in pain.

डॉ. राजेश मिश्रा (सीधी) : माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। देश और विशेषकर मेरे संसदीय क्षेत्र में गौवंश का सड़कों पर बेसहारा घूमना बहुत बड़ी समस्या है, जिसके फलस्वरूप आए दिन सड़कों पर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इससे जन, धन और गौवंश तीनों का बहुत नुकसान हो रहा है, शासकीय सम्पत्ति का नुकसान हो रहा है। यह एक बहुत बड़ी ज्वलंत समस्या है। बेसहारा गायों के लिए

गौ संवर्द्धन व संरक्षण करना नितांत आवश्यक है। इसके लिए व्यापक जन जागरुकता अभियान भी चलाया जाना चाहिए। सरकारी स्तर पर गौवंश के संवर्द्धन व संरक्षण हेतु योजना बनानी चाहिए। उससे किसानों की बहुत ज्यादा क्षति हो रही है।

मेरी मांग है कि जो इस तरीके से पशुओं को सड़कों पर छोड़ते हैं, उन्हें दण्ड देने के लिए कोई कानून बनना चाहिए और जो गौ सेवा में लिप्त हैं, ऐसे व्यक्तियों को प्रोत्साहित करने की योजना बनानी चाहिए।

*SHRI BHASKAR MURLIDHAR BHAGARE (DINDORI): Hon'ble Chairman Sir, in my Lok Sabha constituency Dindori, summer onion cultivation is going on at the places like Deola, Kalvan, Niphad, Yeola and chandwad. An insecticide named 'CLO GOLD' made by Indian pesticide company was used to remove weeds, but it has destroyed the onion crop completely. Standing crop on 250 hectare of land got damaged totally.

So, I would like to request Government to investigate this company, and the farmers should also get compensation for their losses.

I would also like to request to remove 20% export duty on onion export immediately.

Thank you.

श्री राजीव राय (घोसी) : सर, मैं आपका ध्यान सरकार के विरोधाभासी रवैये की तरफ आकृष्ट करना चाहता हूं। आयुष्मान कार्ड में प्रधानमंत्री जी और सरकार दावा करती है कि सबको पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज होगा। मैंने माननीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री से भी बात की है। हमारे मऊ और उत्तर प्रदेश में 29 सितंबर, 2023 को एक शासनादेश आया कि जिस परिवार में 6 लोग होंगे, उसी का आयुष्मान कार्ड बनेगा। अगर ऐसी नीति है तो प्रधानमंत्री जी क्यों दावा करते हैं? मेरे सामने स्वास्थ्य राज्य मंत्री जी बैठी हुई हैं। मैंने इनसे व्यक्तिगत रूप से कहा तो उन्होंने मुझसे बोला कि ऐसा कोई प्रावधान नहीं हैं।मैं मांग करता हूं कि इसमें स्पष्ट आदेश दिया जाए।

माननीय सभापति : राजीव राय जी, मैंने आपको बोलने के लिए समय दिया।

82 Lok Sabha Member have participated in today's 'Zero Hour'. I think it is a record during Lunch Time.

---

* Original in Marathi

LIST OF MEMBERS WHO HAVE ASSOCIATED THEMSELVES WITH THE ISSUES RAISED UNDER MATTERS OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

सदस्य, जिनके द्वारा अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय उठाये गये।	सदस्य, जिन्होंने उठाए गए विषयों के साथ स्वयं को सम्बद्ध किया।
Dr. Rajesh Mishra	Dr. Prashant Yadaorao Padole Shrimati Smita Uday Wagh
Shri K. C. Venugopal	Shri Saptagiri Sankar Ulaka
Shri Rahul Kaswan	Shri Saptagiri Sankar Ulaka
Shri Naresh Ganpat Mhaske	Dr. Shrikant Eknath Shinde Shri Anup Sanjay Dhotre Dr. Hemant Vishnu Savara Shrimati Malvika Devi Shrimati Smita Uday Wagh Shri Dhairyasheel Sambhajirao Mane
Shri Gurjeet Singh Aujla	Shri Rahul Kaswan
Shri Ravindra Dattaram Waikar	Dr. Prashant Yadaorao Padole Adv. Gowaal Kagada Padavi Shri Naresh Ganpat Mhaske
Prof. Varsha Eknath Gaikwad	Dr. Prashant Yadaorao Padole Adv. Gowaal Kagada Padavi
Dr. Hemant Vishnu Savara	Shri Anup Sanjay Dhotre Shrimati Malvika Devi Shrimati Smita Uday Wagh
Shri Anup Sanjay Dhotre	Shrimati Malvika Devi Dr. Hemant Vishnu Savara Shrimati Smita Uday Wagh
Shri Narayandas Ahirwar	Shri Dharmendra Yadav Shrimati Dimple Yadav Shri Virendra Singh
Shri Darshan Singh Choudhary	Shri Sudheer Gupta
Shri Kamakhya Prasad Tasa	Shri Sudheer Gupta
Shri Shahu Shahaji Chhatrapati	Shri Arvind Ganpat Sawant

Shrimati Supriya Sule	Dr. Amol Ramsing Kolhe Shri Arvind Ganpat Sawant Shri Omprakash Bhupalsinh *Alias* Pavan Rajenimbalkar Shri Sanjay Uttamrao Deshmukh
Shri Omprakash Bhupalsinh *Alias* Pavan Rajenimbalkar	Dr. Amol Ramsing Kolhe
Shrimati Mahima Kumari Mewar	Shri Sudheer Gupta Shri Chandra Prakash Joshi
Shri Pradeep Kumar Singh	Shri Sudheer Gupta Shri Chandra Prakash Joshi
Shri Chandra Prakash Joshi	Shri Sudheer Gupta
Dr. Lata Wankhede	Shri Sudheer Gupta Shri Chandra Prakash Joshi
Shri N.K. Premachandran	Shri Hibi Eden Dr. T. Sumathy alias Thamizhachi Thangapandian Dr. Shashi Tharoor Shri Arvind Ganpat Sawant
Shri K.C. Venugopal	Shri Kodikunnil Suresh
Shri T.R. Baalu	Dr. T. Sumathy alias Thamizhachi Thangapandian Shri B. Manickam Tagore
Captain Viriato Fernandes	Dr. T. Sumathy alias Thamizhachi Thangapandian
Sushri Mahua Moitra	Shri B. Manickam Tagore

नियम-377 के अधीन मामले- सभा पटल पर रखे गए।

1409 बजे

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, जिन माननीय सदस्यों को नियम-377 के अधीन मामलों को उठाने की अनुमति प्रदान की गई है, वे अपने मामले के अनुमोदित पाठ को व्यक्तिगत रूप से तुरंत सभा पटल पर रख दें।

... (व्यवधान)

Re: Construction of RUB/LHS at various unmanned railway crossings in Palamu Parliamentary Constituency

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू) :पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर Unmanned Railway Crossing को बंद कर दिये जाने से एक ही गांव दो-भागों में विभक्त हो गये है। वहां के निवासियों को आवागमन में अनेको प्रकार की कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त स्थानों पर RUB/LHS बनाने से जनता को कठिनाईयों से निजात मिल सकेगी। वैसे स्थान निम्नलिखित हैः-

1. डाली-हैदरनगर प्रखण्ड, पलामू जिला।
2. सोनपुरवा-गढ़वा जिला।
3. अहिरपुरवा-नगर उंटारी, गढ़वा जिला।
4. कजरात नावाडीह-हुसैनाबाद प्रखण्ड, पलामू जिला।
5. बुढ़वापीपर-डालटनगंज सदर, पलामू जिला।
6. बखारी-डालटनगंज सदर, पलामू जिला।
7. कुम्भी-मेराल ब्लॉक, गढ़वा जिला।
8. लहरबंजारी-उंटारी रोड प्रखण्ड, पलामू जिला।
9. बेगमपुरा-मोहम्मदगंज प्रखण्ड, पलामू जिला।
10. सतबहिनी रेलवे स्टेशन एवं मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन के बीच में खंभा संख्या 340/33 के समीप और गेट नं0-58 के पास, उंटारी रोड प्रखण्ड, पलामू जिला।

अतः महोदय आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि उपरोक्त स्थानों पर RUB/LHS बनाने की कृपा की जाय, ताकि जनता को आवागमन करने में सुगम हो सके।

(इति)

Re: Establishment of University in Bhadohi Parliamentary Constituency

डॉ. विनोद कुमार बिंद (भदोही) : सरकार को सानुरोध अवगत कराना है कि मेरे संसदीय क्षेत्र भदोही (उत्तर प्रदेश) अंतर्गत 30 से अधिक की संख्या में स्नातक और स्नातकोत्तर महाविद्यालय हैं जिनमें 75 हजार से भी अधिक छात्र छात्राएं अध्ययनरत हैं। लेकिन मेरे क्षेत्र भदोही में एक भी विश्वविद्यालय न होने की स्थिति में, ये सभी महाविद्यालय अन्य जनपदों में स्थापित अलग-अलग विश्वविद्यालयों से संबद्ध हैं। जिससे सभी छात्र छात्राओं को कई विसंगतियों का सामना करना पड़ता है। अतः मैं सरकार से अपने संसदीय क्षेत्र भदोही में एक विश्वविद्यालय की स्थापना कर उच्चत्तर शिक्षा सुलभ कराने का आग्रह करता हूँ।

(इति)

Re: Need to provide funds for construction of ropeway and tunnels in hill districts of Uttarakhand

श्री अजय भट्ट (नैनीताल-ऊधमसिंह नगर) :उत्तराखंड एक पर्वतीय राज्य है। मानसून मौसम के दौरान यहां पर बाढ़ का काफी प्रभाव रहता है, नदी नाले उफान पर रहते है, जिससे पर्वतीय क्षेत्रों में जाने वाले मार्गो का समपर्क पूर्ण रूप से कट जाता है, पर्वतीय क्षेत्रो में इस प्रकार की समस्या निरंतर देखने को मिल रही है, यदि पर्वतीय क्षेत्र के चिकित्सालय में कोई व्यक्ति बीमार हो जाता है या कोई दुर्घटना घट जाती है तो उसको नीचे लाने में काफी परेशनियों का सामना करना पड़ता है और बरसात के समय मार्ग टूट जाने से यह संभव भी नहीं हो पाता है उत्तराखंड में चारधाम केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री, हेमकुण्ड साहिब, नैनीताल, पिथौरागढ़, टनकपुर, चम्पावत, खटीमा, अल्मोड़ा, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग, चमोली, पौड़ी, उत्तकाशी, टिहरी, देहरादून एवं बॉर्डर से लगते हुए पर्वतीय क्षेत्रो को रोपवे/टनल कनेक्टिविटी से जोड़ा जा सकता है, इससे पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ यात्रियों एवं पर्वतीय छेत्रो में निवास करने के लिए कनेक्टिविटी और सुविधा में सुधार होगा और शहर में भीड़ भाड़ को काम करने में मदद करेगा, अतः मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है की उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों को रोपवे/टनल की कनेक्टिविटी से जोड़ने के लिए वित्तीय पैकेज दिया जाए।

(इति)

Re: Need to upgrade and modernize the ESI hospital at Joda in Keonjhar, Odisha

SHRI ANANTA NAYAK (KEONJHAR): I wish to draw the attention towards the inadequate facilities at ESI Hospital, Joda, Keonjhar, Odisha. With the rapid increase in mining activities and the growing number of workers as well as industries, the existing medical infrastructure is insufficient to cater to their healthcare needs. Many workers are suffering from chronic diseases due to occupational hazards, and the lack of modern medical equipment and specialized treatment facilities is a major concern. I urge the Hon'ble Minister to upgrade the ESI Hospital with advanced medical equipment, specialist doctors, and enhanced infrastructure to ensure quality healthcare for the labour force. Strengthening this hospital will not only improve workers' health but also enhance productivity in the mining sector.

(ends)

Re: Need to introduce Superfast train service between Silchar and New Delhi

श्री परिमल शुक्लबैद्य (सिल्चर) : सिलचर, जो कि दक्षिण असम का एक महत्वपूर्ण शहर है, यहां की लगभग 20 लाख की जनसंख्या को देश की राजधानी जाने के लिए असुविधाजनक और समय लेने वाली यात्रा करनी पड़ती है। विशेष रूप से, छात्रों, व्यापारियों और रोगियों को यात्रा करने में गंभीर कठिनाइयाँ आती हैं। नई दिल्ली और सिलचर के बीच वंदे भारत या राजधानी जैसी सुपरफास्ट ट्रेन सेवा की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। यह सेवा न केवल यात्रा के समय को कम करेगी, बल्कि यह हमारे क्षेत्र की जनता को अधिक आरामदायक और सुविधाजनक यात्रा का अवसर भी प्रदान करेगी। इसके अतिरिक्त यह क्षेत्रीय विकास को भी बढ़ावा देगी और उत्तर-पूर्वी भारत की मुख्यधारा से बेहतर जुड़ाव स्थापित करेगा। सिलचर और नई दिल्ली के बीच सुपरफास्ट ट्रेन सेवा के शुरू होने से न केवल सिलचर, बल्कि मिजोरम, मणिपुर, बराक घाटी के तीन जिलों और मेघालय के एक बड़े हिस्से, विशेष रूप से जयंतिया हिल्स जैसे क्षेत्रों को भी महत्वपूर्ण लाभ मिलेगा। वर्तमान में इन क्षेत्रों को रेल कनेक्टिविटी से वंचित रहने के कारण लोग कई कठिनाइयों का सामना करते हैं। सुपरफास्ट ट्रेन सेवा इन क्षेत्रों के लोगों के लिए एक नई दिशा और सुविधा प्रदान करेगी।

(इति)

Re: Need to establish a Logistics Park in Rajgarh Parliamentary Constituency

श्री रोडमल नागर (राजगढ़) :मेरा संसदीय क्षेत्र राजगढ़ (म.प्र.) कृषि प्रधान क्षेत्र है। यहाँ की 70% आबादी कृषि कार्य पर ही आधारित है। माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने राजगढ़ को आकांक्षी जिले में शामिल कर विकास के पथ पर अग्रसर किया है मोहनपुरा ,कुंडालिया,रेशई आदि डैम बनने से क्षेत्र में कृषि और औद्योगिक कार्य हेतु जल पर्याप्त मात्रा में सुरक्षित है जिससे 3•50 लाख हेक्टेयर नवीन भूमि भी सिंचित हो रही है। क्षेत्र में चार चार राष्ट्रीय राजमार्ग एवं दो रेलवे लाइन का जंक्शन होने से परिवहन सुविधा भी क्षेत्र में चाक-चौबंद है भोपाल में एयर कार्गो भी स्वीकृत हो चुका है। मैं माननीय सड़क एवं परिवहन मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि कृषि एवं कृषि उत्पादों के भंडारण से लेकर अन्य उपयोगी सामान गंतव्य स्थान तक पहुंचाने हेतु क्षेत्र में एक लॉजिस्टिक पार्क विकसित करने की आवश्यकता है। क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग आगरा बॉम्बे रोड ब्यावरा में १२०० हेक्टेयर भूमि उद्योग हेतु आरक्षित है। लॉजिस्टिक पार्क कृषि क्षेत्र मे रुझान पैदा करके क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगारों को पलायन से रोकेगा एवं कृषि उत्पादन के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।

(इति)

Re: Need to take comprehensive measures to address the problems likely to occur due to proposed construction of dam over river Tsangpo by China

SHRIMATI BIJULI KALITA MEDHI (GUWAHATI): China's plans for large-scale dam construction over the Tsangpo River have raised significant geopolitical and environmental concerns for India, particularly for the Northeastern region. The construction of mega-dams for hydro power can regulate and divert water flow, potentially reducing the volume of water entering India, especially during the dry season. This reduced water flow can severely impact agriculture in Assam and other North Eastern states. Sudden releases of water during dam maintenance or natural disasters could exacerbate flooding in downstream areas of India, which are already flood-prone. Alterations to the river's natural flow could also impact the biodiversity of the Brahmaputra river, including fish and other aquatic species that communities in the Northeast rely on. Furthermore, the dams could trap sediments essential for maintaining the fertile floodplains of Assam and other regions downstream, leading to reduced agricultural productivity. The absence of a comprehensive water-sharing treaty between India and China for the Brahmaputra adds to the uncertainty and mistrust. In light of these concerns, I urge the Government to take immediate action to address this critical issue and ensure the interests of the Northeastern region are protected.

(ends)

Re: Alleged infiltration of Rohingyas in the country

डॉ. मन्ना लाल रावत (उदयपुर) : रोहिंग्या घुसपैठियों द्वारा अवैध रूप से देश की सीमा में प्रवेश कर रहे हैं और अपने पहचान प्रमाण पत्रों को फर्जी तरीके से तैयार कर रहे हैं, छद्म रूप से नाम व धर्म बदल कर अनैतिक कार्यों मे संलग्न पाए गये है। इन अवैध घुसपैठियों के कारण कई रूपों मे राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियों उत्पन्न हो रही है, जो हम सबके लिए गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। सरकार से आग्रह है कि देश की आंतरिक सुरक्षा की इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान कर इनके द्वारा बनाये गए आधार कार्ड की जाँच करने, आधार के आवेदन के दौरान दिये गए दस्तावेजो की प्रमाणिकता की जाँच करने एवं फर्जी तरीके से दस्तावेज बनाने वाले आधार संचालक आदि के विरुद्ध कठोर क़ानूनी कार्यवाही की जावे और इस गंभीर मुद्दे पर शीघ्र कार्रवाई की जाए, जिससा राष्ट्रीय सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके।

(इति)

Re: Increasing incidents of coal-theft in Jharkhand

श्री मनीष जायसवाल (हज़ारीबाग) :जैसा कि हम सभी जानते हैं झारखंड राज्य पूरे भारत में एक अग्रणी कोयला खनन राज्य है। परंतु मुझे यह बताते हुए दुख हो रहा है कि झारखण्ड में कोयला चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं।

मैं केंद्र सरकार से झारखंड में कोयला चोरी की बढ़ती घटनाओं पर रोक लगाने के लिए शीघ्र आवश्यक कदम उठाने की मांग करता हूँ।

(इति)

Re: Need to establish SAI centre and SAI educational institute in Phulpur Parliamentary Constituency

श्री प्रवीण पटेल (फूलपुर) : माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में खेलो इंडिया, भारत में खेलों के विकास के लिए एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है. इसका मकसद देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना, खेल उत्कृष्टता को बढ़ाना, और खेलों में व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करना है. और इसलिए खेल हमारे जीवन में अद्वितीय महत्व रखता है। यह हमारे स्वास्थ्य,मनोवैज्ञानिक विकास एवं समाजिक विकास के लिए एक संपूर्ण उपाय है। नई शिक्षा नीति में भी खेल जैसे विषय को महत्व दिया गया है। क्योंकि खेल महज एक मनोरंजन का विषय न हो कर हमारे युवाओं के लिए उनके भविष्य को एक नया आयाम प्रदान करने वाला विषय है। मेरे क्षेत्र में तत्संबंधी व्यवस्थाओं कि अभाव में वहां के युवाओं को खेल को करियर के विकल्प के रुप में चुनने और बुनियादी सुविधाएं मसलन अभ्यास आदि सुगम नही हो पाता है। अतः आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि मेरे संसदीय क्षेत्र फूलपुर में भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) की शाखा एवं संबंधित शैक्षणिक संस्थान खोले जायें।

(इति)

Re: Need to establish an AYUSH Centre in Palghar district, Maharashtra

डॉ. हेमंत विष्णु सवरा (पालघर) : मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान महाराष्ट्र के पालघर जिले की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ, जहाँ बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय निवास करता है। यह क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी है, जिससे स्थानीय लोगों को उचित उपचार नहीं मिल पा रहा है। विशेष रूप से आयुष पद्धति के माध्यम से उपचार की संभावनाएँ अधिक प्रभावी हो सकती हैं, क्योंकि यह प्राकृतिक और स्थानीय चिकित्सा पद्धतियों पर आधारित है। पालघर जिले के कई दूरस्थ गांवों में सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों की कमी है। पालघर जिले के कई मरीजों को इलाज के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यदि इस क्षेत्र में आयुष केंद्र की स्थापना की जाती है, तो पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों जैसे आयुर्वेद, योग, सिद्ध, यूनानी और होम्योपैथी के माध्यम से सुलभ, सस्ता और प्रभावी उपचार उपलब्ध कराया जा सकता है। मैं माननीय केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री से आग्रह करता हूँ कि पालघर जिले के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में शीघ्रातिशीघ्र एक आयुष केंद्र स्थापित किया जाए, ताकि वहां के निवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध हो सकें।

(इति)

Re: Need to set up a unit for Burns in ESI hospital at Anakapalli, Andhra Pradesh

DR. C. M. RAMESH (ANAKAPALLE): Hon'ble Prime Minister laid foundation-stone for 30-beded ESI hospital in Anakapalli and the Government sanctioned Rs.62.21 cores. The Proposed ESI hospital is close to SEZ and there are about 600 industrial units here. The Total beneficiaries, including family members, are around 1.4 lakhs. There are several pharma companies equipped with boilers along with number of industrial units and huge vehicular traffic is experienced in this region. So, many burn-related accidents/incidents occur here frequently. In last June there was fire accident in SEZ and 15 workers were killed. The Proposed hospital has services in Medicine, Surgery, Orthopaedics, Paediatrics, Gynaecology, etc., but there is no unit for burns. If Burns Unit is set up in this ESI hospital, it will save the lives of workers from any future accidents in Industrial Units with boilers, etc. Hence, I request Hon'ble Minister of Labour and Employment for setting up of a dedicated unit for burns in the hospital in its final plan as it aligns with ESIC's Mission to provide comprehensive medical care to beneficiaries help in saving lives.

(ends)

Re: Establishment of Navodaya Vidyalaya and Kendriya Vidyalaya in Malda district, West Bengal

श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर) : मैं आपके संज्ञान में लाना चाहता हूँ कि मालदा जिले में 3 लाख से अधिक आदिवासी (ST) समुदाय के लोग निवास करते हैं, जो जिले की कुल जनसंख्या का लगभग 7.87% हैं। इसके अतिरिक्त, जिले की 21% जनसंख्या अनुसूचित जाति (SC) समुदाय से संबंधित है। इस संदर्भ में, मैं मालदा जिले में आदिवासी और अनुसूचित जाति समुदाय के बच्चों के लिए नवोदय विद्यालय और केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की सिफारिश करता हूँ। इस कदम से इन समुदायों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त होगी और उनकी सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। नवोदय विद्यालय की स्थापना के लिए निम्नलिखित स्थान उपयुक्त माने जा सकते हैं:-

हबीबपुर ब्लॉक;
गाजोल ब्लॉक;
पुराना मालदा ब्लॉक;
बामनगोला ब्लॉक ; और
चांचल ब्लॉक

इन स्थानों पर नवोदय विद्यालय की स्थापना से आदिवासी और अनुसूचित जाति समुदाय के बच्चों को शिक्षा के समान अवसर मिलेंगे, साथ ही यह पूरे क्षेत्र के शिक्षा स्तर को ऊँचा उठाने में भी मदद करेगा। अतः मैं आपसे अनुरोध करता हूँ कि इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर विचार कर मालदा जिले में उपयुक्त स्थानों पर नवोदय विद्यालय और केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएँ।

(इति)

Re: Problems of LIC agents due to regulatory changes

SHRI VARUN CHAUDHRY (AMBALA): The contributions of LIC agents have been instrumental in covering over 40 crore policy holders and building a strong financial base for the sector. These abrupt regulatory changes, introduced without consultation, threaten agents' livelihoods, policyholder trust, and the long-term goal of "Insurance for All by 2047." I urge the Honourable Minister of Finance to urgently review these changes such as reduction in first year commissions and implement corrective measures such as uniform lock-in periods across products in consultation with the stakeholders to support this essential sector.

(ends)

Re: Need to expedite the process of setting up of AIIMS at Kozhikode, Kerala

SHRI M. K. RAGHAVAN (KOZHIKODE): I wish to point out the neglect shown towards the people of Kozhikode and Kerala regarding setting up of All India Institute of Medical Sciences. The people of Malabar region in Kerala are largely neglected in the health care sector. As a result of lack of good quality health institutions, people are forced to go to tertiary health care institutions at Mangalore or Trivandram in public sector for access to good quality healthcare. Kinalur in my constituency Kozhikode has been identified for setting up AIIMS. The land acquisition process has been completed. Kinalur is an easily accessible location for the whole of Kerala. Considering all these factors we request the Government of India to expedite the process of setting up AIIMS at Kozhikode. I also humbly request to allocate more funds under the National Health Mission for Kerala to strengthen the state health care needs. I once again request you to expedite the setting up of AIIMS at Kozhikode.

(ends)

Re: Need to provide pensions and take other welfare measures for parents having only daughters as children

श्री मुरारी लाल मीना (दौसा) :आज सरकार की जनसंख्या नीति, बढ़ती महंगाई और जीवन की बदलती परिस्थितियों को देखते हुए अधिकांश परिवार एक या दो बच्चों तक सीमित रह गए हैं। विशेष रूप से यदि किसी परिवार में केवल एक या दो बेटियाँ हैं, तो पारंपरिक सामाजिक व्यवस्था के कारण उनकी शादी के उपरांत माता-पिता अकेले रह जाते हैं। यह स्थिति न केवल भावनात्मक बल्कि सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से भी बड़ी चुनौती बन जाती है। हमारी सामाजिक परंपराएँ ऐसी हैं कि विवाहित बेटियाँ के साथ प्रायः माता-पिता नहीं रह पाते, जिससे वृद्धावस्था में माता-पिता को सुरक्षा और सहारे की गंभीर आवश्यकता होती है। उम्र के साथ काम करने की शक्ति और शरीर में विभिन्न प्रकार की बीमारियां भी लग जाती है। इसलिए, सरकार ऐसे माता-पिता को 55 वर्ष की आयु से ही पेंशन देने की एवं सामान्य पेंशन की तुलना में दोगुनी की जाए, उनके लिए स्वास्थ्य बीमा योजनाएँ को विशेष छूट के साथ लागू की जाएँ। सरकारी आश्रय एवं देखभाल केंद्रों की स्थापना की जाए। इस विषय को गंभीरता से लिया जाए और जल्द से जल्द कोई ठोस योजना बनाई जाए, ताकि बेटियों के माता-पिता को अपने भविष्य की चिंता न करनी पड़े और वे आत्मसम्मान के साथ जीवन व्यतीत कर सकें।

(इति)

Re: Need to release funds allocated to Aligarh Muslim University (AMU) Centre in Kishanganj, Bihar

DR. MOHAMMAD JAWED (KISHANGANJ): The Aligarh Muslim University (AMU) Centre in Kishanganj, Bihar, was established to provide higher education opportunities in one of the most educationally backward regions of the country. Despite its sanctioned status, the Central Government has not released the necessary funds for its construction and development. Additionally, the approval for teaching and non-teaching staff remains pending, severely affecting the academic operations of the centre. This delay is denying thousands of students access to quality education and contradicts the Government's stated commitment to educational inclusivity. The people of Kishanganj and surrounding districts have been waiting for over a decade for this institution to become fully functional. The non-allocation of funds is a grave injustice to the aspirations of the youth in this region. I urge the Government to immediately release the required funds, approve faculty and staff recruitment, and expedite the full operationalization of AMU Kishanganj in the interest of educational equity and regional.

(ends)

Re: Alleged irregularities in Lodna area, Jairampur Colliery under BCCL in Dhanbad, Jharkhand

श्री आदित्य यादव (बदायूं) : मैं जनपद धनबाद, झारखंड में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड लोदना एरिया के जयरामपुर कोलियरी में किए गए व्यापक भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितता की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। सरकार को अवगत कराना है कि भारत कोकिंग कोल लिमिटेड द्वारा दिनांक 13 जून 2015 को एक आउटसोर्सिंग कंपनी को जयरामपुर कोलियरी, लोदना एरिया झरिया, धनबाद, झारखंड में 2920 दिनों के लिए कुल आठ वर्षों में 278.29 लाख टन कोयला उत्खनन का तथा ट्रांसपोर्टिंग का 4194 करोड़ 60 लाख 80 हजार 377 रूपये में दिए जाने हेतु एनआईटी के तहत ठेका दिया गया, जिसमें 5% सिक्योरिटी मनी आउट सोर्सिंग कंपनी को बीसीसीएल में जमा करना था, किंतु आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा 210 करोड़ रूपये के स्थान पर मात्र 26 करोड़, 21 लाख, 63 हजार 3 रूपये जमा किए गए, जिसमें 184 करोड़ रूपये की वित्तीय क्षति भारत कोकिंग कोल लिमिटेड को पहुंचाई गई, जिसमें उक्त आउटसोर्सिंग कंपनी अवैधानिक तरीके से 184 करोड़ रूपये का लाभ पहुंचाया गया। कोयला मंत्रालय के 8 नवंबर 2020 को सीआईएल बीसीसीएल के नाम लिखे गए पत्र में कहा गया था कि 5% सिक्योरिटी मनी डिपॉजिट तथा 5% की धनराशि रनिंग बिल से काटी जानी है, किंतु आउटसोर्सिंग कंपनी को अनुचित लाभ पहुंचाने के क्रम

में 210 करोड़ रूपये के स्थान पर मात्र 26 करोड़, 21 लाख, 63 हजार 3 रूपये की बैंक गारंटी ली गई, जिसकी वैलिडिटी अक्टूबर 2023 में समाप्त हो गई थी। इसके बावजूद भी आउटसोर्सिंग कंपनी से कोयला उत्खनन तथा ट्रांसपोर्टिंग का काम लिया गया। इन आठ वर्षों में जहाँ इस आउटसोर्सिंग कंपनी को 278.29 लाख टन कोयले का उत्खनन करना था, वहीं बीसीसीएल के अधिकारियों द्वारा यह बताया गया कि अब तक 238000 टन कोयले का ही उत्खनन किया गया है। ऐसे में इस कंपनी को ब्लैकलिस्टेड करते हुए इस पर जुर्माना भी लगाया जाना था। जिसमें भारत कोकिंग कोल लिमिटेड को लगभग 200 करोड़ रुपये के आसपास की वित्तीय क्षति पहुंचाई गई। अत: मै कोयला मंत्री से उक्त प्रकरण की जांच किए जाने के संबंध में तथा वित्तिय अनियमितताओं में लिप्त अधिकारियों को बर्खास्त करते हुए कंपनी को हानि पहुँचाए गए धनराशि की वसूली किए जाने की आप से मांग करता हूँ।

(इति)

Re: Need to establish a medical college in Sant Kabir Nagar Parliamentary Constituency

श्री लक्ष्मीकान्त पप्पू निषाद (संत कबीर नगर) :मैं आपका ध्यान में लाना चाहता हूँ कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र संतकबीर नगर, उत्तर प्रदेश में आज भी मेडिकल कॉलेज स्थापित नहीं किया गया है। जिसके कारण हमारे यहाँ के मेडिकल विद्यार्थियों को दूर-दराज के मेडिकल कॉलेजों में पढ़ाई करने जाना पड़ता है और गरीब लोगों की इलाज, दवा नहीं हो पाती है। पूरे जिले संतकबीर नगर के गरीबों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

अतः मैं केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जी से निवेदन करता हूँ कि मेरे प्रस्ताव पर गंभीरतापूर्वक विचार करें तथा मेरे क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज जल्दी से जल्दी बनवाने की कृपा करें।

(इति)

Re: Releasing pending dues under MGNREGS to West Bengal

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): Not a single meaningful financial allocation had been made for West Bengal in the Union Budget. It is nothing short of an economic injustice for West Bengal. The Union Government has once again deprived the people of West Bengal from welfare measures. This is not a people-centric Budget. The states where elections are not scheduled were deprived. Funds for several schemes in West Bengal including MGNREGA have been suspended for the past few years. There has been no specific allocation for West Bengal over the past few years. There is nothing in the Budget to control inflation. I urge upon the Finance Minister and Central Government to release the pending dues of MGNREGA to West Bengal immediately.

(ends)

Re: Need to expedite completion of construction work on various bypass roads in Nellore Parliamentary Constituency

SHRI PRABHAKAR REDDY VEMIREDDY (NELLORE): There is no doubt that Government is doing exceptional work in construction of National Highways and Bypasses in the country to push economic activity, social development and provide infrastructure by connecting cities for efficient movement of goods and passengers, boost trade and improve markets across the country. As a part of construction of NHs, some Bypasses, such as Seetharampuram Bypass, Chundi Bypass, Voletiparipalem Bypass, Badevaripalem Bypass, Kandukuru Bypass, Ayyalurivaripalli Bypass, D.G. Peta Bypass and CS Puram Bypass on NH-167B in my Nellore Parliamentary Constituency have also been taken up. These Bypasses are supposed to be completed this month i.e., February, 2025. But, if one looks at the progress of construction of these Bypasses, it hovers between 70-75%. These are all small stretches and once they are completed, they help local people a lot to use these Bypasses. Hence, I appeal to Minister of Road Transport and Highways to complete them before the deadline.

(ends)

Re: Need to restart parcel service at Kalyan Junction Parcel office, Mumbai

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण) : कर्जत-कसारा और छत्रपति शिवाजी टर्मिनस,मुंबई के बीच स्थित कल्याण जंक्शन एक प्रमुख रेलवे स्टेशन है।यहां का पार्सल डिपो, जो नागरिकों और व्यापारियों के लिए सुविधाजनक था, पिछले तीन वर्षों से बंद पड़ा है।इससे कर्जत और कसारा के निवासियों सहित उपनगरीय क्षेत्रों के नागरिकों को पार्सल भेजने और प्राप्त करने के लिए दादर जाना पड़ता है जिससे न सिर्फ अत्यधिक पैसे खर्च होते है बल्कि समय की बर्बादी भी होती है।यह स्थिति छोटे व्यवसायियों और ई-कॉमर्स और पार्सल सेवाओं पर निर्भर व्यक्तियों के लिए असुविधाजनक है।इस डिपो को बंद रखने का मुख्य कारण पर्याप्त मानव संसाधन की कमी है।कल्याण जंक्शन पर पार्सल डेपो की पुनः शुरुआत करना समय की मांग है क्योंकि यह न केवल नागरिकों की समस्याओं का समाधान करेगा,बल्कि स्थानीय व्यापार और परिवहन को भी प्रोत्साहित करेगा। मैं सरकार से आग्रह करता हूँ कि इस दिशा में तत्काल कदम उठाए और कल्याण जंक्शन पार्सल डिपो पुनः प्रारंभ करने के लिए आवश्यक संसाधन प्रदान किया जाए और इसके संचालन हेतु जो आवश्यक भर्तियां है, उसे एक समय सीमा के अंदर पूरा किया जाए।यह कदम कल्याण लोक सभा की जनता के जीवन को सरल और सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक सकारात्मक पहल होगी।

(इति)

Re: Allocation of funds for new railway line projects in Jamui Parliamentary Constituency

श्री अरुण भारती (जमुई) : मैं आप के माध्यम से रेल मंत्री जी का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र जमुई की एक बहुत ही पुरानी नई रेल लाईन परियोजना की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ। यह बरियारपुर-मननपुर (68 किलोमीटर)लागत 250 करोड़, नवादा-लक्ष्मीपुर (137 किलोमीटर) लागत 3120 करोड़, तथा झाझा-बटिया (20 किलोमीटर) लागत 496 करोड़ रूपये की रेल परियोजना है। माननीय रेल मंत्री जी के द्वारा सदन में इसकी जानकारी की स्वीकृति मेरे अतरांकित प्रश्न संख्या 446 दिनांक 24 जुलाई को दी जा चुकी है।जिसके लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं लोक जन शक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष आदरणीय श्री चिराग पासवान जी को धन्यवाद देता हूँ। लेकिन कई महीने बीत चुके हैं लेकिन अब तक फंड का आवंटन नहीं हुआ है जिसके चलते सिकंदरा,खैरा,बरहट,सोनो,चकाई और अलीगंज प्रखंड समेत जमुई जिले का शेष पूरा हिस्सा आज भी रेल मानचित्र से कटा हुआ है।इस नई रेल लाइन के बन जाने से आसपास के जिले मुंगेर,शेखपुरा,लखीसराय,नवादा,बांका के लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा। मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी एवं माननीय वित्त मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूँ कि जनहित में उक्त परियोजना के लिए सरकार धनराशि आवंटित करे ताकि नई रेल लाइन निर्माण का कार्य मेरे संसदीय क्षेत्र में शुरू हो सके।

(इति)

Re: Attack on elected representatives in Tirupati, Andhra Pradesh

SHRI MADDILA GURUMOORTHY (TIRUPATI): I rise today to bring to the attention of this august House a grave incident that occurred on 03-02-2025 in Tirupati. At around 10:30 AM, while casting my vote during the Local Body election, I, along with a Member of the Legislative Council (MLC) and several Corporators, was subjected to a shocking and brutal attack. The assault not only caused bodily harm but also led to the destruction of the vehicle in which I was travelling along with MLC, Mayor and Corporators of Tirupati Municipal Corporation. Even the women Corporators were attacked. The District Police Administration completely failed and no action was initiated towards the attackers. This heinous attack is a blatant violation of democratic values and protocols. Such an act, targeting elected representatives while discharging their Constitutional duty, undermines the sanctity of our democratic process. I urge the Government and concerned authorities to take swift and decisive action against those responsible for this attack. It is imperative to ensure that democracy is upheld and such undemocratic acts are not repeated. A thorough investigation must be conducted and the culprits must be brought to justice.

(ends)

Re: Need to review the proposal of offshore sand mining along the Kerala Coast

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): The Union Government move to begin offshore sand mining along Kerala coast. The sea sand mining will harm coastal eco system and fisher folk livelihood. The Government of Kerala is also disagreed with the proposal. The offshore sand mining could adversely affect the livelihood of fisher folk, loss of habitat, environmental disaster to the coastal area, loss of employment etc. No study was conducted regarding environmental impacts, health impacts and socio economic impacts. The offshore sand in Kollam contains rare earth elements including radioactive elements. The move to privatization of sand mining in this area becomes futile due to the intervention of Atomic Energy Department. The present proposal is to provide space to private agencies for mining of sand containing rare earth elements including radioactive elements in an indirect method. The proposal is against the existing policy. Hence I urge upon the Government to drop the sea sand mining proposal.

(ends)

Re: Need to accord Central University status to Jamia Hamdard and release necessary funds to the University

एडवोकेट चन्द्र शेखर (नगीना) : जामिया हमदर्द को यूजीसी से मिलने वाले रखरखाव अनुदान में देरी हो रही है, जिससे संस्थान के संचालन में बाधा आ रही है। साथ ही, इसकी सरकारी पट्टे की भूमि को पारिवारिक समझौते के तहत बांटने की कोशिश की जा रही है, जो नियमों के खिलाफ है। 2019 से संस्थान के प्रबंधन में आंतरिक विवाद चल रहा है, जिससे यूजीसी ने अनुदान रोक दिया है। प्रशासन ने समाधान के लिए जरूरी बदलाव किए हैं और यूजीसी को भेजे हैं। संसद में अनुरोध किया गया है कि अनुदान तुरंत जारी किया जाए और संस्थान को सेंट्रल यूनिवर्सिटी की मान्यता दी जाए ताकि अल्पसंख्यक समुदाय के गरीब बच्चों को बेहतर शिक्षा की सुविधा मिल सके।

(इति)

(1410/MM/GM)

केन्द्रीय बजट – सामान्य चर्चा – जारी

1410 बजे

श्री अखिलेश यादव (कन्नौज) : धन्यवाद सभापति महोदय। मैं आपको विशेष धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपने मुझे केन्द्रीय बजट पर बोलने का अवसर दिया। मैं अपनी बात को अपने विपक्ष के साथियों की बात से जोड़ते हुए, इस बजट के विरोध में खड़ा हुआ हूं।

सभापति महोदय, यह बजट टारगेटेड बजट है, यह बजट फोकस्ड बजट है। यह टारगेटेड और फोकस्ड बजट उन लोगों के लिए है जो बहुत संपन्न हैं, बड़े लोग हैं, उद्योगपति हैं, उनके लिए यह बजट बना है। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की बात कही जा रही है, लेकिन मुझे इसमें कोई रोडमैप दिखायी नहीं देता है।

1411 बजे (श्री दिलीप शइकीया पीठासीन हुए)

इसलिए रोडमैप दिखायी नहीं देता है कि जैसे ही बजट आया, हम लोगों ने तस्वीरें देखी हैं और जो तस्वीरों में दिख रहा है कि हाथों में हथकड़ी और पैरों में बेड़ियां हैं। सभापति महोदय, दस बजट इस देश के लिए क्या इसीलिए बनाए गए थे कि जब 11वां बजट आएगा तो पूरा देश और पूरी दुनिया यह देखेगी कि भारत के लोग हथकड़ी और बेड़ियां लगाकर भारत लौटाए गए?

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से यह बात कहना चाहता हूं कि हमारे प्रधान मंत्री जी अमेरिका जा रहे हैं। पिछली बार हीरा लेकर गए थे, इस बार सोने की जंजीर लेकर जाइएगा। जंजीर देखकर शायद उन्हें कोई और जंजीर याद आ जाए। सभापति महोदय, हो सके तो कुछ महिलाओं और बच्चों को अपने साथ तो नहीं, लेकिन किसी ओर जहाज में साथ लेते आइएगा। वह जहाज भी तो भारत का ही होगा। इतना हक तो उनका बनता ही है कि दूसरों की ... (*Expunged as ordered by the Chair*) के शिकार कुछ लोग बाइज्जत लौट सकें। वैसे सवाल यह भी है कि आपके रहते ऐसी ... (*Expunged as ordered by the Chair*) कैसे फल-फूल रही है? सभापति महोदय, इस ... (*Expunged as ordered by the Chair*) से सबसे ज्यादा प्रभावित अगर कहीं के लोग हैं तो वे गुजरात के लोग हैं। क्या यही हमारे विकसित भारत की तस्वीर है? … (व्यवधान)

माननीय सभापति (श्री दिलीप शइकीया) : आप बहुत सीनियर मैम्बर हैं। अनपार्लियामेंटरी वर्ड को आपको थोड़ा सोच-समझकर बोलना चाहिए।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : … *(Not recorded)* वर्ड को रिकॉर्ड से हटा दीजिए।

… (व्यवधान)

श्री अखिलेश यादव (कन्नौज) : सभापति महोदय, एक दूसरी तस्वीर भी हम लोगों ने देखी है। महाकुम्भ, जिसके बारे में 144 साल बाद, ऐसा एक … *(Not recorded)* प्रचार किया गया। सभापति महोदय, ये साइंटिस्ट हैं या एस्ट्रोनॉमर हैं और एस्ट्रोनॉमी समझते हैं। … (व्यवधान)

डॉ. निशिकान्त दुबे (गोड्डा) : सर, यह आस्था का सवाल है और मेरा इस पर पॉइंट ऑफ ऑर्डर है। … (व्यवधान)

माननीय सभापति : आपका क्या पॉइंट ऑफ ऑर्डर है?

डॉ. निशिकान्त दुबे (गोड्डा) : सभापति महोदय, संविधान के आर्टिकल्स 25, 26, 27 और 28 कहते हैं कि आप किसी भी रिलिजन के खिलाफ किसी प्रकार की बातें नहीं कर सकते हैं। … (व्यवधान) ये लोग एंटी हिन्दू हैं।… (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: I got the point. I will see the proceedings.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति : आप लोग बैठ जाइए। मैं देख लूंगा।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप लोग बैठ जाइए और माननीय नेता जी को बोलने दीजिए।

… (व्यवधान)

वस्त्र मंत्री (श्री गिरिराज सिंह): सर, यह आस्था का सवाल है और इसको रिकॉर्ड से हटाया जाए। … (व्यवधान)

श्री अखिलेश यादव (कन्नौज) : सभापति महोदय, वह महाकुम्भ की तस्वीर … (व्यवधान) आप स्नान करके नहीं आए हैं। … (व्यवधान)

(1415/YSH/SRG)

माननीय सभापति (श्री दिलीप शइकीया) : ऐसा कोई भी शब्द, जो आस्था के विरुद्ध बोला गया है, उसे रिकॉर्ड से निकाल दिया जाएगा।

… (व्यवधान)

श्री अखिलेश यादव (कन्नौज) : आप कुंभ में स्नान करके नहीं आए हैं। आपको कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि आप स्नान नहीं करके आए हैं। … (व्यवधान)

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, मैंने रिकॉर्ड से निकालने के लिए बोल दिया है।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : उसे हटा दिया जाएगा।

… (व्यवधान)

श्री अखिलेश यादव (कन्नौज) : सभापति महोदय, इन्होंने कुंभ में स्नान नहीं किया है। … (व्यवधान)

माननीय सभापति : माननीय सदस्य, आप चेयर को एड्रेस कीजिए। वहां देखकर बात मत कीजिए।

… (व्यवधान)

श्री अखिलेश यादव (कन्नौज) : अगर फोटो आई होती तो मैं जैकेट वाली भी फोटो देख लेता। … (व्यवधान)

माननीय सभापति : शायद, आपने आपकी कोई गलत फोटो देख ली है।

… (व्यवधान)

श्री अखिलेश यादव (कन्नौज) : सभापति महोदय, हमने विकसित भारत की जो दूसरी तस्वीर देखी, वह तस्वीर न केवल हम लोगों को दुख पहुंचाती है, बल्कि उन तमाम सनातनी लोगों को, सनातन को स्वीकार करने वाले लोगों को भी दुख पहुंचाती है।

लोग तकलीफ में रहे, परेशानी में रहे और ऐसा पहली बार हुआ होगा कि लोग 300 किलोमीटर के जाम में फंस गए। वहां पर दो-दो मुख्य मत्रियों को लगाना पड़ा कि कैसे भी जाम रुक जाए। इसके साथ-साथ इन्हीं के संगठन के लोगों को जब लगा कि वे व्यवस्था नहीं बना सकते तो इतने दिनों बाद इनके संगठन के लोगों ने अपील की कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बाहर आएं और लोगों को सुविधा दें। यह बात तब आई है, जब लोग दुख, तकलीफ और परेशानी की वजह से इनके खिलाफ चिल्लाने लगे, इनके खिलाफ बोलने लगे। … (व्यवधान)

सभापति महोदय, मैं यह पूछना चाहता हूँ कि जिस स्नान के लिए प्रधान मंत्री गए हों, देश की राष्ट्रपति गई हों, उप राष्ट्रपति गए हों, मंत्री गए हों तो क्या यही विकसित भारत की तस्वीर होगी? आप वहां पर ट्रैफिक मैनेज नहीं कर पा रहे हैं। हर शहर में यह कहा गया कि कोई शहर से न निकले, सब के सब वहीं पर रुक जाएं। आप आगे नहीं जा सकते हैं, दर्शन नहीं कर सकते हैं। क्या यह सच्चाई नहीं है?

सभापति महोदय, सारे बॉर्डर सील हुए हैं। चांद पर पहुंचने का क्या फायदा, जब आपको जमीन की समस्याएं न दिखती हों? जमीन की समस्याएं न दिखती हों और मैं सरकार से जानना चाहता हूँ कि वह ड्रोन कहां पर है? डिजिटल इंडिया की जो बात कही गई थी, वह कहां है? ये लोग इस बात की अभी तक डिजिट नहीं दे पा रहे हैं कि कितने लोगों की जान गई है और कितने लोग वहां पर खो गए हैं।

सभापति महोदय, यहां पर विज्ञापन और कार्टूनों की काफी चर्चा हो रही थी। मुझे याद है कि एक दिन मैंने अखबार देखा। वह अंग्रेजी का अखबार था और मैं समझता हूँ कि सभी माननीय सदस्यों ने उस अखबार को जरूर देखा होगा। उसके फ्रंट पेज पर एक विज्ञापन था। उस विज्ञापन की जो तस्वीर थी, उसमें एक जानवर था। मुझे याद नहीं आ रहा है, लेकिन शायद वह एक गधा रहा होगा। वह जेल के अंदर था। मेरा मन नहीं माना और मैंने उसी दिन सरकार को जगाने के लिए लिखा और मैं आज सरकार के माध्यम से जानना चाहता हूँ कि डिजिटल इंडिया करते-करते साइबर क्राइम, साइबर लूट और डिजिटल अरेस्ट कितना बढ़ गया है तथा जो विज्ञापन दिया था, इस जानकारी के बाद वह विज्ञापन दोबारा अखबार में नहीं आया। मैं उस विज्ञापन की तस्वीर नहीं दिखा सकता हूँ। मैं समझता हूँ कि माननीय मंत्री जी उस विज्ञापन के बारे में जानते होंगे और उन्होंने देखा होगा। जो विज्ञापन दिया, जनता का भारतीय रिजर्व बैंक से यह सवाल है कि वह अपने ऐसे विज्ञापनों में किसको चित्रित कर रहे हैं और क्यों तथा वह कहां से आया है? क्या यह कोई प्रतिकात्मक चित्रण है? यदि हाँ तो वह जानवर किसका प्रतीक है? क्या उस सिस्टम का, जिसके कंधे पर स्वच्छ और सुरक्षित बैंकिंग की नैतिक जिम्मेदारी है या उस मंत्रालय का, जिसको सुरक्षित बैंकिंग का दायित्व निभाना चाहिए? अगर यह चित्रण जनता को दिखाना चाह रहा है कि यह बहुत अनैतिक है, तो जनता इसके लिए मानहानि का दावा भी कर सकती है।

(1420/RAJ/RCP)

अगर आरबीआई यही दिखाना चाह रहा है तो अपने खाताधारकों के प्रति बैंक की ऐसी नकरात्मक रवैया न केवल आपत्तिजनक है, बल्कि घोर निंदनीय भी है। आरबीआई ऐसे विज्ञापनों से नहीं बल्कि अपने सिस्टम को चुस्त-दुरुस्त करके व बैंकिंग साक्षरता, बैंकिंग सजगता और जागरूकता अभियान चलाकर जनता को सचेत और सावधान करे। जब भी हम लोग मोबाइल खोलते हैं तो उसके अंदर कोई ना कोई आवाज सुनाई देती है।

सभापति महोदय, क्या डिजिटल अरेस्ट के माध्यम से लाखों-लाख रुपया नहीं लूट जा रहा है? आखिरकार उसके लिए कौन जिम्मेदार है? जो बजट दिया गया है, बजट में जो बातें निकल करके आ रही हैं, बजट में पीडीए के उत्थान के लिए कुछ भी नहीं है। जो लोग अपने जीडीपी की न जाने कितनी कहानियां बताते थे, आज जीडीपी रेट क्यों कम होती चली जा रही है? क्यों जीडीपी 6.4% के आसपास पहुंच गई है? न केवल जीडीपी बल्कि आज अगर हम 87 रुपए से ही एक डालॅर ले सकते हैं। कभी डॉलर के मुकाबले रुपए को नीचे गिरने की कहानी कहीं किसी से जोड़ दी गई थी। आज सोचिए कितने रुपए हम इकट्ठे करते हैं, तब हमें एक डॉलर मिलता है? क्या सरकार के पास इसका कोई जवाब है? इस ग्रोथ रेट के कम होने का कारण जो मुझे समझ में आता है, वह इन्वेस्टमेंट की कमी और कंजम्प्शन की कमी है। यह देश की आर्थिक विकास की स्थिति पर प्रश्न चिन्ह लगाता है और यही नहीं जो भेदभाव बढ़ता चला जा रहा है, जो खाई पैदा होती जा रही है, इन्हीं के आंकड़े बताते हैं कि खाई कितनी है। मुट्ठी भर लोगों के पास पूरे देश की संपदा पहुंच गई। जो ज्यादा लोग हैं, वे गरीब हैं। आपको जीवन यापन के लिए 80 करोड़ लोगों को राशन बांटना पड़ रहा है। क्या यही विकसित भारत की तस्वीर है? दुनिया में हम पर-कैपिटा इनकम में कहां खड़े हैं?

सभापति महोदय, हम आपके माध्यम से सरकार से जानना चाहेंगे कि जिन परिवारों को आप राशन दे रहे हैं, उन परिवारों की पर-कैपिटा इनकम क्या है? अगर विकसित भारत की तस्वीर लेकर यह सरकार चलना चाहती है तो सभापति महोदय सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह देखे कि जो 80 करोड़ लोग राशन पा रहे हैं, उनकी पर कैपिटा इनकम क्या है।

सरकार का एक बहुत प्रिय काम है। वह इतना प्रिय है कि उसका नाम बदल करके इज्जत घर कर दिया गया है। मुझे याद है की एक छत्तीसगढ़ में बुजुर्ग मां ने बकरी बेचकर अपना शौचालय बनाया था। जब उन्होंने बकरी बेचने के बाद शौचालय बनाया तो देश के प्रधानमंत्री जी ने उनका सम्मान किया। आखिरकार सवाल यह है कि उन्हें बकरी क्यों बेचनी पड़ गई? इसका मतलब यह है कि आपकी बनाई हुई स्कीम्स जमीन पर नहीं पहुंच रही हैं, उनके लिए पर्याप्त पैसा नहीं पहुंच पा रहा है। आखिरकार पैसा क्यों नहीं पहुंच रहा है? यह तो सरकार की जिम्मेदारी है।

सभापति महोदय, जो शौचालय बनाए गए हैं उनमें से किसी में पानी नहीं पहुंचता है। क्या यही विकसित भारत की तस्वीर बनेगी?

सभापति महोदय, हम लोग डबल इंजन, डबल इंजन बहुत सुनते थे और अब इस बजट में दो इंजन और बढ़ गए हैं। सभापति महोदय, यह बजट चार इंजन वाला है। ऐसा लगता है कि एक के बाद एक इंजन खराब हो गया होगा, इसलिए इन्हें चार इंजन लगाने पड़े। ये चार इंजन की बात करके

जनता को धोखा दे रहे हैं। जब हम उत्तर प्रदेश को देखते हैं, तो वहां पर डबल इंजन की सरकार चल रही है, वह डबल ब्लंडर कर रही है। हमें उनके डबल ब्लंडर देखने को मिल रहे हैं।

(1425/SK/PS)

महोदय, यह चार इंजन की सरकार है, सबसे पहला इंजन हमारे किसानों और कृषि का है। दस साल गुजरने का गुजरने के बाद भी, इतने बजट आने के बाद भी आज तक किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। तमाम माननीय सदस्य अपने क्षेत्रों और फसलों की समस्याओं को लेकर सवाल खड़ा करते हैं। कई किसान नेता अभी-भी आंदोलन कर रहे हैं, अभी-भी आंदोलन चल रहा है। इस सरकार के पास, जो विकसित भारत का सपना दिखा रही है, अभी तक किसान की दोगुनी कैसे हो, कोई रोडमैप नहीं है। अगर कोई रोडमैप रहा हो तो हमें बता दें।

महोदय, हजारों किसानों की जान चली गई कि एमएसपी को कानूनी गारंटी मिले, लेकिन आज भी वह गारंटी नहीं मिल पा रही है। क्या यही विकसित भारत होगा जिसमें किसान को एमएसपी नहीं मिलेगा, उसकी कोई गारंटी नहीं मिलेगी? जो किसान की दोगुनी आय का सपना ले रहे थे, उन्होंने स्वामीनाथन जी को भारत रत्न तो दे दिया, लेकिन उनकी कही हुई बातों को सही जगह नहीं पहुंचा पा रहे हैं।

1426 बजे (माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए)

महोदय, दलहन, तिलहन जैसी फसलों को बढ़ावा देने के लिए जिस मिशन की घोषणा की गई थी, क्या वह मिशन पूरा हुआ है? अभी तक हम लोग तिलहन इंपोर्ट कर रहे हैं। दलहन और तिलहन के बारे में पहले बजट से कहा जा रहा है, लेकिन आज भी हम लोगों को इम्पोर्ट करना पड़ रहा है। इसका परिणाम यह है कि हम अपने किसानों को जिस तरह का लाभ देना चाहते हैं वह नहीं दे पा रहे हैं।

प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना 100 पिछड़े जिलों के लिए घोषित हुई है, लेकिन इसके लिए कोई बजट नहीं दिया गया है। फल और सब्जी के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए भविष्य में योजना बनाई जाएगी। क्या यही चार इंजन वाला बजट है? फल और सब्जी के लिए बाद में बजट बनाया जाएगा, बाद में बजट घोषित होगा। पॉलिसी क्या होगी, यह बाद में तय होगा। कृषि क्षेत्र में रिसर्च और डेवलपमेंट के लिए अधिक धन की आवश्यकता है, लेकिन इस बजट में यह नहीं दिखाई दे रहा है। कृषि क्षेत्र में कार्यबल 46 प्रतिशत है लेकिन जीडीपी में इसका योगदान केवल 18 परसेंट है, जो किसानों की खराब आर्थिक स्थिति को दर्शाता है, अभी हमारा किसान गरीब है।

महोदय, मुझे याद है फसल बीमा योजना को लेकर के न जाने कितना प्रचार किया गया। सच्चाई यह है कि जब क्लेम करने की बात आती है तो आंकड़े बताते हैं कि हम अभी भी 3 परसेंट से ऊपर नहीं पहुंच पाए हैं। किसान कर्ज के कारण आत्महत्या कर रहा है। क्या विकसित भारत की यही तस्वीर होगी कि लाखों लाख किसान आत्महत्या कर लें? अब तो सुना है कि ये आंकड़ें भी आना बंद हो गए हैं। हमें किसान के ऊपर कर्ज और कर्ज के ऊपर कर्ज नहीं बढ़ाना है, जिस तरीके से आप बड़े-बड़े उद्योगपतियों का ध्यान रखते हैं और उनका समय-समय पर कर्ज माफ करते हैं,

मुझे पूरा भरोसा है कि उसी तरह से हमारे देश के किसानों का भी कर्ज माफ होना चाहिए, उनको कर्ज से मुक्ति दिलानी चाहिए।

महोदय, अगर क्लाइमेट चेंज की बात होगी तो सबसे पहले अगर किसी पर असर पड़ेगा, सबसे पहले प्रभावित अगर कोई होगा तो हमारा किसान होगा। उसके लिए क्या आपके पास रोड मैप है? यहां बहुत से माननीय सदस्यों कहा है कि जीएसटी को लेकर के न जाने क्या-क्या रूल सरकार बनाती है। सरकार जीएसटी में लगातार व्यापारियों को उलझा रही है, जब तक जीएसटी के बारे में व्यापारी समझ पाता है तब तक जीएसटी के तरीके को बदल दिए जाते हैं। अभी भी किसानों के जितने भी इक्विपमेंट्स हैं, उन पर कम से कम 12 से 18 परसेंट जीएसटी लिया जा रहा है। अगर यह सरकार विकसित भारत का सपना देख रही है तो सभी के सभी एग्रीकल्चर इक्विपमेंट्स, जो हमारे किसान इस्तेमाल करते हैं, उनमें जीरो जीएसटी होना चाहिए।

महोदय, सरकार मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं लाई है।

(1430/KN/SMN)

भंडारण की सुविधा किसको मिल रही है? भंडारण को लेकर भी सरकार का कोई रोडमैप जरूर होना चाहिए। यह कैसी अर्थव्यवस्था है? जहां पर अर्थव्यवस्था को तो हम तीसरे नंबर पर पहुंचा रहे हैं, लेकिन नौकरी और रोजगार उसके पास नहीं है। ग्रोथ है, ग्रोथ बताना चाहते हैं, लेकिन रोजगार और नौकरी नहीं है। इनके मैन्युफैक्चरिंग के जो तमाम मिशन्स थे, नेशनल मैन्युफैक्चरिंग मिशन – जब तक इनवैस्टमेंट का वातावरण नहीं सुधरेगा, तब तक इनवैस्टमेंट नहीं हो सकता है। हमारा नेशनल मैन्युफैक्चरिंग मिशन आगे नहीं बढ़ सकता है।

इन्होंने दूसरा इंजन बताया है – एमएसएमई। एमएसएमई को लेकर बहुत चिंता व्यक्त की। बजट भाषण में एमएसएमई सेक्टर को विकास का द्वितीय इंजन बताया गया, जो सही है, परंतु एमएसएमई के विकास के लिए बजट में कोई विशेष व्यवस्था नहीं की गई है। भारत में एमएसएमई 11 करोड़ लोगों को रोजगार प्रदान करता है और इसमें सबसे ज्यादा रोजगार मिलता है। हमारी जो माइक्रो यूनिट्स हैं, उनके लिए कोई योजना नहीं है। उनको विशेष मदद के लिए कोई प्रावधान न पहले किया गया, न इस बजट में किया गया है। मैं केवल यूपी के बारे में कहना चाहता हूं। यूपी में लगभग 96 लाख एमएसएमईज़ हैं, लेकिन केवल 14 लाख पंजीकृत हैं। पूरे देश में एमएसएमईज़ 6 करोड़ हैं, एमएसएमईज़ के विपरीत केवल एक करोड़ पंजीकृत हैं। अगर यूपी में केवल 96 लाख एमएसएमईज़ हैं, 6 करोड़ पूरे देश में हैं, पंजीकृत केवल 14 लाख और एक करोड़ हैं तो इसका मतलब यह है कि ज्यादातर एमएसएमई सेक्टर को सरकारी योजनाओं का कोई लाभ नहीं पहुंच पा रहा है। मुझे उम्मीद है कि एमएसएमईज़ को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार जागरूक होगी और अपनी डबल इंजन सरकार जहां-जहां चल रही हैं, उनको जगाने का भी काम करेंगे।

अध्यक्ष महोदय, एक समय ऐसा भी था कि जब लोग बजट के आने पर खुश होते थे, क्योंकि बजट नई उम्मीद जगाता था, देश और जनता को आगे की ओर ले जाता था। लेकिन भाजपा सरकार के बजट में न देश के विकास के लिए कुछ होता है, न जनता की तरक्की के लिए कुछ होता है। बजट मायूसी लेकर नहीं आना चाहिए। बजट देश का आर्थिक मानचित्र होता है। वह दर्शाता है कि किस

तरह पूरे देश का संतुलित मतलब हर राज्य का बराबर विकास हो। जो भी राज्य या क्षेत्र भौगोलिक, शैक्षिक, सामाजिक, राजनीतिक कारणों से पिछड़ गया है, उसके लिए कैसे प्रावधान किए जाएं, जो कि वे भी मुख्यधारा से जुड़ सकें। वर्तमान में बैलेंस डेवलपमेंट की नीति पिछड़ती जा रही है। मैंने कई मौकों पर कहा है और आज फिर दोहरा रहा हूं कि सच्चा विकास वही होता है, जो भेदभाव मिटाता है। अच्छा बजट हर दिशा में किसी भी देश के विकास का रास्ता तैयार करता है। इन्हीं अर्थों में बजट लोकतांत्रिक होता है, जो समाज के हर वर्ग के लिए लाभकारी होता है। यह सबसे आखिरी व्यक्ति को ताकत देकर उसे आर्थिक मुख्यधारा से जोड़ता है। यह बजट होता है। मैं तो कहूंगा कि–

"मिट जाए अमीरी-गरीबी के बीच की वह सब खाई
जिसमें भेदभाव और गैर बराबरी की जड़ है जमायी।"

बजट के अंदर उसके लिए हमेशा एक दिल धड़कना चाहिए, जो आज भी भूख के सूचकांक के आंकड़े बनाकर देश के दिखावटी विकास के सच का भंडा फोड़ कर रहा है।

भूख मिटे, महंगाई घटे – यही बजट का सबसे बड़ा नारा होना चाहिए। निर्बल को सबल बनाना, निराशा को आशा में बदलना ही बजट का मानवीय पहलू होना चाहिए। बजट का सबसे बड़ा सिद्धांत कमजोर के प्रति हमदर्दी होना चाहिए। बजट बनाने की सोच किसी या कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने की नहीं होनी चाहिए, बल्कि इंसानियत के नजरिये की बुनियाद होनी चाहिए। यदि बजट के आने से निर्बल सबल बनता है, तो समझो कि बजट अपने उद्देश्यों से सफल हुआ है, नहीं तो उसे असफल ही माना जाना चाहिए।

अध्यक्ष महोदय, रोटी की भूख किसानों को विश्वास में लेकर ही मिटाई जा सकती है। मैंने पहले भी कहा और फिर उन बातों को दोहराता हूं।

(1435/VB/SM)

किसानों को फसल के सही दाम दिलवाना, बीज, खाद और पानी के इंतजाम करना, आवारा पशुओं से उनकी फसलों को बचाना चाहिए।

मैं आवारा पशुओं के बारे में इसलिए कहना चाहता हूँ क्योंकि उत्तर प्रदेश के चुनाव में प्रधानमंत्री जी आये थे, उन्होंने कहा था कि हमने एक रोडमैप बनाया है। आप सरकार बनवा दीजिए, इस काम में दो हफ्ते लगेंगे। एक भी जानवर सड़कों पर दिखाई नहीं देगा और किसानों की जान नहीं जाएगी, न ही खेतों में फसलों की बर्बादी होगी।

महोदय, उत्तर प्रदेश के माननीय सदस्यगण, चाहे वे इधर के हों या उधर के हों, वे जानते होंगे कि इस तकलीफ और परेशानी से किसान अभी तक उबर नहीं पाया है। आज भी खेतों को उसे चारदीवारी से घेरकर या तारों से जोड़कर चलना पड़ रहा है।

फसलों को बचाना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। इस मामले में जुमलेबाजी और झूठे वायदे अच्छे नहीं। आँकड़े बताते हैं कि देश में बहुत-से ऐसे कारोबार हो रहे हैं, जो बढ़ते चले जा रहे हैं। कई उद्योगपति उद्योगों से कई गुना लाभ उठा रहे हैं, कई विदेशी कम्पनियाँ इस धन्धे में अरबों रुपए कमा रही हैं, लेकिन आलू के किसान इस लाभ से वंचित हैं।

महोदय, जहाँ बिहार के लिए मखाना बोर्ड बना है, तो मैं उसका स्वागत करता हूँ। लेकिन मैं कहना चाहूंगा कि मखाने का ध्यान रखना। जिस तरह से, पोपकॉर्न में मीठे और नमकीन के कारण जीएसटी में हेर-फेर हो गया है, कहीं आपके मखाने में भी मीठे का जीएसटी अलग हो और नमकीन का जीएसटी अलग हो और गुड़ वाले का अलग हो, कहीं ये वैसा ही न करें।

आज किसान का आन्दोलित होना सरकार की विफलता का सबसे बड़ा उदाहरण है। सरकार और किसान के बीच भरोसे के बिना भूख नहीं मिटाई जा सकती। समय पर बीज, खाद आदि का मिलना, कृषि ऋणों को माफ किया जाना, एमएसपी दिलवाना सरकार का दायित्व है। वह इससे बच नहीं सकती। किसानों के हिस्से में काले कानून नहीं, बल्कि सतरंगी भविष्य आना चाहिए। यह सरकार काले कानून लाकर हमारे किसानों को अपमानित करना चाहती है।

वहीं हमारे मानव संसाधन के लिए स्वास्थ्य एक बड़ी चुनौती है। चिकित्सा स्वास्थ्य में सुधार होना बेहद जरूरी है। आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत यह है कि हर शरीर को पोषक आहार मिले, कार्य की दशाएं अच्छी हों, वर्क-लाइफ बैलेंस सही हो, जिससे मानसिक रूप से भी लोग स्वस्थ रहें। इसके अलावा, पर्यावरण को भी अब स्वास्थ्य के बड़े कार्य के रूप में लेना होगा। एन्वायरमेंट को अब हेल्थ फैक्टर के रूप में देखना होगा। हर तरह के प्रदूषण को रोकना होगा। हरियाली बढ़ानी होगी। इसके साथ ही, एक और बात अहम है। वह यह है कि हर तरफ नकारात्मकता और नफरत के प्रचार से इंसान के अन्दर निगेटिविटी आती है। इससे आपस का विश्वास और सौहार्द्र टूटता है, जिसके परिणामस्वरूप इमोशनल सपोर्ट सिस्टम फेल होने लगता है। फेक न्यूज़ लोगों को मानसिक रूप से धीरे-धीरे बीमार बना रही है, इसे हर हाल में रोकना होगा।

महोदय, इसमें विपक्ष से ज्यादा सरकार की जिम्मेदारी है क्योंकि कई मौके पर हम लोग देखते हैं कि सरकार अपने-आप का जितना प्रचार करना चाहती है, उससे ज्यादा दूसरों को कैसे बदनाम किया जाए, उसके लिए प्रचार करती है। इसलिए शायद सरकार की बड़ी जिम्मेदारी बनती है। इससे देश के मानव संसाधन में जानबूझकर जो आपसी अविश्वास बढ़ाया जा रहा है और समाज में सौहार्द्र को भी जानबूझकर घटाया जा रहा है ताकि कुछ लोग अपनी सियासी रोटियाँ सेंक सकें, इसके लिए सख्त कानून लाना चाहिए।

एक तरफ सरकार लोगों को सही इलाज नहीं दे पा रही है, दूसरी तरफ जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा पर भी टैक्स लग रहे हैं। सरकार मुनाफा कमाने के लिए नहीं बनती है, बल्कि जनता के कल्याण के लिए बनती है। यह बात कुछ लोगों को याद रखनी चाहिए।

महोदय, अगर काम है भी, तो उसके सही दाम नहीं मिल रहे हैं। अगर यह बात एक पढ़े-लिखे युवा के लिए सही है, तो एक मजदूर भी दिन भर कमतोड़ मेहनत तो करता है, लेकिन वह मजदूरी में उतने पैसे नहीं पाता है कि वह अपना और अपनों के पेट भर सके। आज जब देश की अधिकांश आबादी युवा है, ऊर्जा से भरी हुई है, वह कुछ करना चाहती है, ऐसे में सरकार को सिर्फ यह करना है कि वह देश में कारोबारी वातावरण और व्यावसायिक वातावरण का निर्माण करे। वह लोगों के टैलेंट को पहचाने। उसकी सच में स्किल मैपिंग करे ताकि युवाओं को उनकी प्रतिभा के अनुसार काम और रोज़गार मिल सके। इससे युवाओं को देश के निर्माण में अपना योगदान करने का मौका मिल सके।

(1440/PC/RP)

महोदय, जब से यह सरकार बनी है, तब से महँगाई बढ़ती ही चली जा रही है। महंगाई कहां पहुंच गई है, यह सरकार को बेहतर पता है, उनके पास आकलन है।

अध्यक्ष महोदय, महंगाई एक ऐसी समस्या बनकर उभरी है, जिसने हर कौर को भारी बना दिया है। जिस तरह सत्ता में बैठे हुए लोग राजनीतिक चंदे के नाम पर कंपनियों से उगाही कर रहे हैं, दरअसल वह भी दामों के बढ़ने का एक बहुत बड़ा कारण है। सरकार ने मुनाफाखोरी की लगाम खोल दी है। मुनाफाखोर छुट्टा बैल हो गए हैं। आजाद भारत के इतिहास में नोटबंदी और जीएसटी दो सबसे बड़े आर्थिक सुधार नहीं, बल्कि सबसे बड़े आर्थिक विकार बनकर उभरे हैं।

अध्यक्ष महोदय, मैं याद दिलाना चाहता हूं कि नोटबंदी के समय बैंक की लाइन में एक गर्भवती मां लगी थी। जिस बच्चे ने जन्म लिया, उसका नाम हम लोगों ने खजांची रखा है। अब वह काफी बड़ा हो गया है, साइकिल भी चला लेता है।

अध्यक्ष महोदय, मैं सरकार से कहूंगा कि आप कम से कम उसको ही गोद ले लें। … (व्यवधान) मैं चाहूंगा कि आप उसको गोद ले लीजिए। जब आप उसे गोद ले लेंगे, तो उसका नाम भी आप अपने हिसाब से रख पाएंगे। किसी भी आर्थिक सुधार का लक्ष्य यह होता है कि आर्थिक गतिविधियां सुचारू रूप से चल सकें और आसान हों, जिससे अर्थव्यवस्था दिन दोगुनी, रात चौगुनी तरक्की करे, लेकिन इन सुधारों के आने के बाद से अर्थव्यवस्था की गति कछुए की चाल जैसी हो गई है। इसका प्रमाण है कंपनियों की ग्रोथ का कम होना, उनकी बिक्री का घट जाना, यहां तक कि फास्ट मूविंग कन्जयूमर गुड्स भी दो परसेंट से ज्यादा आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं।

इसका सीधा मतलब यह है कि लोगों के पास पैसों की किल्लत हो गई है और वे रोजमर्रा की जरूरतों तक पर खर्च नहीं करना चाहते हैं। ऐसे में उनकी बचत कहां से होगी? जब बचत नहीं होगी, तो लोग क्या खाएंगे और क्या बाजार में लगाएंगे? लोगों में भविष्य को लेकर इतनी अनिश्चितता और चिंता है कि वे अपने जमा पैसे अपने पास ही रखना चाहते हैं। इसलिए, व्यापार में बढ़ोत्तरी नहीं हो पा रही है। बैंकों में भारी किल्लत है। पूंजी का निर्माण नहीं हो पा रहा है और लोग निवेश के लिए आगे नहीं आ रहे हैं।

अध्यक्ष महोदय, इसलिए, मैं कहना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश सरकार ने एक बहुत बड़ा आयोजन किया था, जो कि 'इनवेस्टमेंट मीट' का आयोजन था। 40 लाख करोड़ रुपए का एमओयू हुआ। मैं आपके माध्यम से सरकार से यह जानना चाहता हूं कि … (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप घूमकर उत्तर प्रदेश पर ही आ जाते हैं।

… (व्यवधान)

श्री अखिलेश यादव (कन्नौज) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से यह जानना चाहता हूं कि जो अपने आपको डबल इंजन की सरकार कह रहे हैं, वे उत्तर प्रदेश में इनवेस्टमेंट के लिए क्या सहयोग कर रहे हैं? यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आत्मनिर्भरता की बात करते हुए भी हमारा शेयर बाजार विदेशी निवेशकों पर निर्भर करने लगा है। जब वे पैसे लगा देते हैं, तो शेयर बाजार में उछाल आ जाता है, नहीं तो उसे धड़ाम होते देर नहीं लगती है। एक-एक दिन में हमारे निवेशकों का लाखों-

करोड़ों रुपयों का नुकसान हो जाता है। इसका एक बड़ा शिकार हमारी युवा पीढ़ी भी हो रही है, जो देखा-देखी पैसे तो लगा देती है, लेकिन शेयर की खरीद-फरोख्त से पैसा कमाने वाले बिचौलियों की गहरी चाल को समझ नहीं पाती है। यह खेल बंद होना चाहिए। इसकी जिम्मेदारी सरकार की बनती है कि यह खेल बंद हो।

सेबी को अपना काम निष्पक्ष रूप से करना चाहिए और अर्थव्यवस्था की निगरानी व्यवस्था सच्ची नियत के साथ सजग और सचेत होनी चाहिए। इनसिक्योरिटीज़ सिक्योरिटी मार्केट से बाहर होनी चाहिएं। आज जिस तरह विदेशी निवेशक धीरे-धीरे भारतीय बाजार से अपना पैसा बाहर निकाल रहे हैं, यह दर्शाता है कि हमारी अर्थव्यवस्था से अब उनका भरोसा उठ गया है। उन्हें दूसरे देशों से अधिक लाभ कमाने की उम्मीद है, इसलिए वे अपना पैसा यहां से निकालकर दूसरे देशो में लगा रहे हैं। उनकी वजह से हमारा शेयर मार्केट हिचकोले खा रहा है।

माननीय अध्यक्ष : आपने अपना भाषण कुछ ज्यादा ही बड़ा लिख दिया।

… (व्यवधान)

श्री अखिलेश यादव (कन्नौज) : अध्यक्ष महोदय, चूंकि बजट चार इंजन का था, इसलिए बड़ा भाषण लिखकर लाया, कोई बात छूटे न और सरकार तक हर बात पहुंच जाए। … (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, अगर ग्यारहवें बजट में चार इंजन लगाने पड़ें, तो कहां विकसित भारत बन रहा है? जीएसटी को भ्रष्टाचार से मुक्त करना होगा, व्यापारियों के प्रति विश्वास जताना होगा। यदि टैक्स की व्यवस्था और दर सही होगी, तो सब आसानी से टैक्स भर देंगे। हाई टैक्स रेट दरअसल भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है। इससे राजस्व की हानि होती है। लोग सच में काम, कारोबार करना चाहते हैं, वे कर की चोरी नहीं करना चाहते हैं। इसलिए, टैक्स की रेट को तार्किक बनाने और टैक्स सिस्टम को ईज़ी करने से ही अर्थव्यवस्था में गति आएगी। निवेश के लिए पूरी दुनिया वापस हमारे देश की ओर देखेगी।

(1445/CS/NKL)

महोदय, मैं अर्थव्यवस्था के संबंध में एक गंभीर मुद्दा बताना चाहता हूँ। एक बहुत गंभीर मामला पलायन का है। पलायन के मामले में एक बहुत बड़ा विरोधाभास हमारी अर्थव्यवस्था के लिए चुनौती बन रहा है। एक तरफ सबसे अमीर वे लोग हैं, जो अपनी पूँजी का निवेश करते हैं और दूसरी तरफ सबसे गरीब वे लोग हैं, जिनके पास अपना श्रम निवेश करने के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं है। ऐसे हजारों अरबपति बाहर के देशों में ज्यादा उम्मीद देखते हुए अपनी पूँजी लेकर देश छोड़कर जा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ जो सबसे गरीब लोग हैं, वे राज्यों के असंतुलित विकास की वजह से अपने राज्यों से पलायन कर रहे हैं। इस महा समस्या का सबसे बड़ा शिकार हमारा उत्तर प्रदेश है। जहाँ नौकरी और अवसरों की भारी कमी है। जहाँ विकास टीवी, अखबारों, होर्डिंग्स में तो दिखता है, लेकिन जमीन पर नहीं दिखता है। जब पूँजी और श्रम के निवेश के लिए आंतरिक वातावरण बनेगा तभी सच्चा विकास होगा, बजट अपने उद्देश्यों को प्राप्त करेगा, अर्थव्यवस्था लाभ के लोभ से मुक्त होगी और बजट एक लोकतांत्रिक देश के जनकल्याण की सही दिशा में आगे बढ़ेगा।

महोदय, बजट विकास में तेजी लाने का मतलब यह है कि पिछले 11 सालों में भाजपा ने विकास के लिए कछुए की चाल चली है। जब उन्होंने समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिए संकल्प लिया तो यह बात खुली कि अब तक समावेशी नहीं, बल्कि विशेषी विकास हुआ है मतलब कुछ लोग बेहताशा आगे बढ़ गए हैं और बाकी नीचे की ओर जा रहे हैं। निजी क्षेत्र के निवेश में नई जान डालने की बात का अर्थ यह निकलता है कि भाजपा राज में निजी क्षेत्र बेजान हो गया है। नोटबंदी और जीएसटी सुधार नहीं, बेकार साबित हुआ है। परिवारों के मनोभाव में उल्लास भरने की बात स्वीकार कर रही हैं, लेकिन लोगों ने मुस्कुराना बंद कर दिया है। अच्छे दिन न अब तक इनके राज में आये हैं और न आने वाले समय में आएंगे। भारत के बढ़ते मध्यम वर्ग की खर्च करने की शक्ति को बढ़ाने की बात का मतलब है कि मध्यम वर्ग के हाथ खाली हैं। आज आप आयकर की बात कर रहे हैं। हम लोगों ने तो बहुत पहले ही इस बात की माँग की थी कि कम से कम 12 लाख रुपये तक की आय को कर से माफ किया जाए। यह बहुत पहले से समाजवादियों की माँग रही है। जब वित्त मंत्री जी ने कहा कि हम सब मिलकर अधिक सम्पन्नता लाने और विश्व में अपना स्थान बनाने और अपने राष्ट्र की अनन्त क्षमता को बढ़ाने के लिए अपनी यात्रा कर रहे हैं, तो उनका असली मतलब यह था कि वे बस चल रहे हैं। आपकी यह यात्रा निरर्थक है। अगर 11 साल बाद भी मंजिल का अता-पता नहीं है तो महोदय यह कौन सी यात्रा है?

आपने कहा कि हमारे सामने प्रतिकूल भू-राजनैतिक परिस्थितियाँ हैं तो सरकार यह बताए कि आपने उन प्रतिकूल परिस्थितियों को क्यों बनने दिया? हमारे संबंध पड़ोसियों से क्यों खराब हुए? हमारी सीमाएं क्यों असुरक्षित हुईं? हम अपनी बात अंतर्राष्ट्रीय पटल पर रखने में क्यों कामयाब नहीं हुए हैं? जब आपने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था सभी प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है तो आप यह क्यों भूल गए कि हमारा रुपया आपके शासनकाल में सबसे निचले स्तर पर पहुँच गया है। सबका विकास का आपका नारा सबका विनाश में कैसे बदल गया है, क्योंकि जब रुपया नीचे जाएगा तो विनाश का ही रास्ता खुलेगा। बड़े से लेकर छोटे उद्योग धंधे, दुकानदारी सब चौपट क्यों हो गए हैं? मेक इन इंडिया, मुद्रा योजना, स्किल इंडिया ये सब नाकामी की किताब के चैप्टर कैसे बन गए हैं? सवाल यह है कि कैसे व्यापार, कारोबार केवल कुछ लोगों के हाथ में ही सिमट गया है और बाकी सब का काम-धाम क्यों मिट गया?

महोदय, हम भी मानते हैं कि कोई देश केवल उसकी मिट्टी से नहीं है, बल्कि देश उसके लोगों से है, लेकिन आप लोग यह बात सिर्फ कहते हैं, करते नहीं हैं। जनता आपके लिए बस नारे का विषय है। आप कहती हैं कि हमारे लिए विकसित भारत में शामिल हैं, गरीबी से मुक्ति, शत-प्रतिशत अच्छे स्तर की स्कूली शिक्षा, बेहतरीन सस्ती और सर्वसुलभ स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच, शत-प्रतिशत कुशल कामगार के साथ सार्थक रोजगार, आर्थिक गतिविधियों से शत-प्रतिशत महिलाएँ और देश को फूड बास्केट ऑफ दी वर्ल्ड बनाने वाले किसान। अगर यह आपका लक्ष्य है, तो क्या आपके राज में अमीरी-गरीबी की खाई नहीं बढ़ी है?

(1450/IND/VR)

आप देखिए कि भूख के इंडेक्स में हम कहां आ पहुंचे हैं। क्या स्कूली शिक्षा का बजट कम नहीं किया गया? क्या स्वास्थ्य सेवाएं महंगी नहीं हुईं? यहां तक कि आपने स्वास्थ्य बीमा पर भी टैक्स लगा दिया। आपने योग्य लोगों को बेरोजगारी के अंधेरे में धकेल दिया है और आपके बड़े-बड़े नेताओं ने तो यहां तक कह दिया कि कमी नौकरी की नहीं है, बल्कि योग्यता की है। हमारी युवा पीढ़ी को हताश-निराश करने का पाप आप लोगों ने किया है। कुशल कारीगर के नाम पर आपने युवाओं को डिलीवरी पर्सन बनाकर छोड़ दिया है। आपके राज में महिलाओं के खिलाफ अपराध के आंकड़े ज्यादा हुए हैं। ऐसे असुरक्षित माहौल में आप कैसे आर्थिक गतिविधियों में उनकी भागीदारी की बात कर सकते हैं। आपके मंत्रिमंडल में ही महिलाओं की कितनी भागीदारी है, यह आपसे अच्छा और कौन जानता होगा। रही बात फूड बास्केट ऑफ दि वर्ल्ड बनाने की, तो पहले आपसे आग्रह है कि पहले आप लोगों की थाली भर दीजिए और ऐसे हवा हवाई जुमले कम उछालिए।

अध्यक्ष जी, मैं अपनी बात को खत्म करते हुए इतना ही कहना चाहता हूं कि इस बजट में जिन क्षेत्रों में परिवर्तनकारी सुधार की बात कही गई, उनमें कराधान तब तक सफल नहीं होगा, जब तक उसे सरल, पारदर्शी और ईमानदारी से नहीं बनाया जाएगा। जब तक विद्युत क्षेत्र को निजी हाथों में सौंपकर मनमानी वसूली से रोका नहीं जाएगा, तब तक सुधार संभव नहीं है। जब तक शहरी विकास के नाम पर कुछ धनवानों के हाथ में जमीनें कोड़ियों के दाम पर बेचने का काम खत्म नहीं किया जाएगा, तब तक सुधार संभव नहीं है। खनन के नाम पर जब तक जल, जंगल, जमीन और आदिवासियों के परम्परागत अधिकार से खिलवाड़ किया जाएगा, तब तक सुधार संभव नहीं है। जब तक वित्तीय क्षेत्र और विनिमय सुधार की निष्पक्ष कोशिश नहीं की जाएगी, तब तक सुधार संभव नहीं है। मैं अंत में यह बात कहना चाहूंगा –

“असली तरक्की है वही,
जो हर फर्क मिटाती है,
जो हर तरफ खुशहाली के गुलशन खिलाती है ”

महोदय, इन्हीं शब्दों के साथ मैं इस बजट का विरोध करता हूं। यह रोड मैप कहीं नहीं दिखाता है जिससे कि भारत एक विकसित राष्ट्र बने।

(इति)

1452 बजे

श्रीमती हेमामालिनी (मथुरा) : राधे-राधे।

अध्यक्ष जी, वर्ष 2025-26 के बजट पर सदन में चर्चा हो रही है। इस विषय में मुझे भी भाग लेने का अवसर मिला है, इसके लिए मैं आपके प्रति बहुत-बहुत धन्यवाद प्रकट करती हूं। मैं सबसे पहले कहना चाहती हूं कि दिल्ली में जो जीत हुई है, उसके लिए मैं अपनी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देती हूं।

अध्यक्ष जी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी मोदी जी की सरकार में नारी शक्ति का प्रतीक तो हैं ही, इसके साथ ग्लोबल लेवल पर भी वे आज भारत की नारी शक्ति को गौरव के साथ रिप्रेजेंट कर रही हैं। एक महिला सांसद होने के नाते मुझे उन पर बहुत गर्व है। निर्मला जी का यह लगातार आठवां बजट है, जो कि एक रिकार्ड है। उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए मैं उन्हें बहुत-बहुत बधाई देती हूं। भारत आज दुनिया का सबसे तेज गति से विकसित होता हुआ देश है। प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में वित्त मंत्री निर्मला जी जिस प्रकार हर संकट काल में, कठिन परिस्थितियों में देश की अर्थव्यवस्था को टॉप पर लेकर आई हैं, उसके लिए मैं उन्हें बहुत-बहुत बधाई देती हूं और इतना ही कहना चाहती हूं कि 'जलाने वाले जलाते ही हैं चराग आखिर, ये क्या कहा कि हवा तेज है जमाने की।'

अध्यक्ष जी, महाकुंभ के विषय में कुछ कहना चाहती हूं। मैं उत्तर प्रदेश से सांसद हूं जहां प्रयाग राज में भारत की महान सांस्कृतिक परम्परा का महाकुंभ चल रहा है। इस महाकुंभ में भाग लेने के लिए देश-विदेश से करोड़ों लोग स्नान करने के लिए आ रहे हैं। मुझे भी यहां स्नान करने का अवसर मिला। मैं विश्व के इस सबसे बड़े धार्मिक और अध्यात्मिक समागम प्रयाग राज महाकुंभ के सफल आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ जी का कोटि-कोटि अभिनंदन करती हूं।

(1455/SNT/RV)

I have witnessed everything is perfectly all right there. Yes, I have seen it. I have been there.

अध्यक्ष महोदय, सरकार के तीसरे कार्यकाल में तीन गुणा तेज गति से काम हो रहा है। सौभाग्य से, मथुरा के सांसद के रूप में मेरा भी यह तीसरा कार्यकाल है और मथुरा में भी तीन गुणा तेज गति से जो काम हो रहा है, उसके लिए मैं मोदी जी और योगी जी को बहुत-बहुत धन्यवाद करती हूं, उनके प्रति आभार व्यक्त करती हूं कि उनका मुझे हर समय सहयोग मिलता रहता है।

अध्यक्ष महोदय, मोदी जी की सरकार में आज देश बड़े निर्णयों और नीतियों को असाधारण गति से लागू होते देख रहा है। इन निर्णयों में गरीब, वंचित, मध्यम वर्ग, युवा, महिलाओं, किसानों को सर्वोच्च प्राथमिकता मिली है।

महोदय, बजट पर अब तक हमारी पार्टी के कई माननीय सांसदों ने अपने विचार रखे हैं कि बजट घोषणाएं किस प्रकार देश की जनता के लिए हितकारी हैं। सभी लोगों ने इसके बारे में विस्तार से बताया है। उन्हीं बातों को मैं दोहराना नहीं चाहूंगी। मैं उन सभी बातों का समर्थन करती हूं।

अध्यक्ष जी, बजट के कुछ प्वायंट्स हैं, जिनके बारे में मैं कहना चाहूंगी। वित्त मंत्री जी ने इस बात पर जोर दिया है कि भारत की अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी बढ़े, उन्होंने 70 प्रतिशत महिलाओं का आर्थिक गतिविधियों से जुड़ने के लिए कदम उठाने की बात की है। मैं देश की अपनी नारी शक्ति से यही कहना चाहूंगी -

तुम्हारे हौसले अधूरे हैं, उड़ान बाकी है,
यह तो सिर्फ थोड़ा है, आसमान बाकी है,
नाम तेरा भी होगा, काम तेरा भी होगा,
अभी तो तुम्हारी पहचान बाकी है।

महोदय, अगर एजुकेशन सेक्टर की बात करें, तो अगले पाँच वर्षों में सरकारी स्कूलों में 50,000 अटल टिंकरिंग लैब्स की स्थापना और भारत नेट परियोजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में सभी सरकारी प्राथमिक स्कूलों में ब्रॉडबैण्ड कनेक्टिविटी एक बहुत ही अच्छा कदम है।

हेल्थ सेक्टर में कैंसर की 36 दवाएं पूरी तरह से ड्यूटी-फ्री कर दी गयी हैं। अगले तीन वर्षों में सभी जिला अस्पतालों में डे-केयर कैंसर सेन्टर्स स्थापित करने की सुविधाएं प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।... (व्यवधान)

यूथ सेक्टर में, बजट में देश के युवाओं के लिए, उनके स्टार्ट-अप्स के लिए लोन सीमा को 10 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपये किया गया है।

अध्यक्ष महोदय, टैक्स के संबंध में इस बजट में एक हिस्टॉरिकल और पॉपुलर घोषणा की गयी है, जिससे पूरे देश के मिडिल क्लास और सैलरीड क्लास के बीच खुशी की लहर दौड़ रही है। इनकम टैक्स में अब तक के इतिहास की सबसे बड़ी छूट की घोषणा की गयी है। इससे देश के मिडिल क्लास और सैलरीड क्लास को बहुत राहत मिली है। इस निर्णय के लिए मैं माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और माननीय वित्त मंत्री जी श्रीमती निर्मला सीतारमण जी के प्रति देश के करोड़ों मिडिल क्लास और सैलरीड क्लास लोगों की ओर से आभार व्यक्त करती हूं।

This year's Budget reflects most sincerely the thought process of our hon. Prime Minister, Modiji whose singular aim is to give the Indian population an Amrit Kaal for years to come. The wealth creators to the economy are also not looked down upon as filthy rich. 'Tax the rich and feed the poor' slogan has been completely erased.

महोदय, हम सबको गर्व होना चाहिए कि हमारे देश में पहली बार एतिहासिक वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट सम्मिट यानी 'वेव्स' का आयोजन हुआ। यह नए भारत की पहचान है। कला और फिल्म इंडस्ट्री के प्रतिनिधि होने के नाते मुझे भी इस सम्मिट में प्रधान मंत्री जी के साथ पार्टीसिपेट करने का अवसर मिला, इस वर्चुअल कॉन्फ्रेंस में अपने सुझाव रखने का अवसर मिला था। इसके लिए मैं हमारे प्रधान मंत्री जी और आई. एण्ड बी. मिनिस्टर अश्विनी वैष्णव जी के प्रति आभार व्यक्त करती हूं।

(1500/GG/AK)

अध्यक्ष महोदय, हमारी महान आध्यात्मिक परंपरा और संस्कृति में यमुना मइया का आध्यात्मिक महत्व है और मथुरा-वृंदावन की पहचान व जीवन-रेखा है। पिछले एक दशक से यमुना की सफाई और स्वच्छता के लिए मैंने बहुत मेहनत की, हर जगह जा कर बहुत कुछ बातें कीं और कभी-कभी तो ऐसे बोलना पड़ता था कि हाँ यमुना शुद्ध हो जाएगी। जितना हो सके हम लोगों ने मथुरा-वृंदावन में जितने नाले वगैरह हैं, उनको बंद करने की कोशिश की, लेकिन फिर भी हम लोग कामयाब नहीं रहे, क्योंकि यमुना में अशुद्ध जल दिल्ली से आ रहा था। उस वक्त दिल्ली में दूसरी पार्टी राज कर रही थी, तो हम कुछ कर नहीं सके। हम अपने बृजवासियों को इतना ही कहते रहे कि सब जल्दी ही ठीक हो जाएगा। आज उम्मीद की किरण आई है। आठ फरवरी को दिल्ली में भाजपा की जीत के बाद प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाषण का शुभारंभ ही जय यमुना मइया से किया। उन्होंने यमुना नदी को दिल्ली की पहचान बनाने की बात की। यह मोदी जी की गारंटी है, मतलब गारंटी पूरी होने की गारंटी है। मेरे संसदीय क्षेत्र में लोग इसे लेकर बहुत ही खुश हैं। इतने खुश हैं कि मैं बयान नहीं कर सकती हूँ। यमुना अब स्वच्छ हो जाएगी, बृजवासियों को अब स्वच्छ यमुना का जल पीने को मिलेगा, आचमन करने को मिलेगा, नहाने को मिलेगा, साधु-संत, श्रद्धालु एवं पर्यटक आदि सभी लोग बहुत ही खुश हैं। यह इतनी खुशी की बात है कि अब मैं बृजवासियों के बीच में सिर ऊंचा कर के चल सकती हूँ। इतना मुझे भी विश्वास है। मैं अंत में इतना ही कहना चाहूंगी कि फाइनेंशियल ईयर 2025-26 का यह बजट ऐतिहासिक है और विकसित भारत के निर्माण को गति देने वाला है। भारत को विश्व का आर्थिक, सांस्कृतिक केंद्र बनाने वाला है। प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी और निर्णायक नेतृत्व में 140 करोड़ देशवासी विकसित भारत के निर्माण के लिए एकता के सूत्र में बंध कर आगे चल पड़े हैं, इस संकल्प के साथ ही कि

"वतन के जां निसार हैं, वतन के काम आएंगे।
हम इस जमीं को एक रोज़ आसमां बनाएंगे "

(इति)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मेरा आपसे आग्रह है कि माननीय वित्त मंत्री जी पांच बजे इस बजट पर अपना जवाब देंगी। सभी दलों के सदस्य अपने दल के अन्य सदस्यों को अगर बोलने का समय देंगे तो उचित रहेगा। इसलिए अपने-अपने दल में कम समय में अपनी बात को कह दें, तीन या पांच मिनट में कह दें, नहीं तो आपके दल के अन्य सदस्यों का ही बोलने का अवसर नहीं आएगा, यह मेरा आपसे आग्रह है।

डॉ. श्रीकांत शिंदे।

1503 बजे

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण) : अध्यक्ष जी, आपने मुझे बजट पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ। … (व्यवधान)

1503 बजे (श्री दिलीप शइकीया पीठासीन हुए)

महोदय, सबसे पहले अखिलेश जी ने जो बातें कुंभ के ऊपर कही कि 144 बाद यह महाकुंभ आया है। यह … *(Not recorded)* है। … (व्यवधान) आपने यह कहा है। … (व्यवधान) मैं तो पंडित नहीं हूँ। मैं युवा हूँ और मेरे जैसे अनेक युवा इस महाकुंभ में स्नान करने जा रहे हैं। यह आस्था का विषय है, श्रद्धा का विषय है, इसलिए आज तक मुझे लगता है कि 40 करोड़ लोग इस महाकुंभ में गए हैं। करोड़ों लोग आस्था और श्रद्धा के साथ महाकुंभ में गए हैं। लेकिन मुझे लगता है कि यहां पर अखिलेश जी हिन्दू के विरोध में, महाकुंभ के विरोध में अगर नहीं बोलेंगे। … (व्यवधान)

(1505/MY/UB)

आपने शुरुआत ही विरोध से किया।… (व्यवधान) आपको स्नान तो करना ही पड़ेगा। अखिलेश जी, डुबकी तो लगाना ही पड़ेगा। वहां पर कुछ लोग डर से डुबकी लगा कर आए हैं। जिस तरीके से आज लोग साथ में आ रहे हैं, लेकिन आपने हमेशा हिन्दू धर्म का विरोध किया। यह मैं केवल आपको नहीं बोल रहा हूं, बल्कि पूरे विपक्ष को बोल रहा हूं।… (व्यवधान) हिन्दुओं का विरोध, श्रद्धा का विरोध करने का काम इन्होंने हमेशा ही किया है। आज देश की जनता एकत्रित रूप से वहां आ रही हैं। इसलिए, मोदी जी के नेतृत्व में पूरी बहुमत के साथ यह सरकार बनी है। … (व्यवधान)

आप लोग 100 भी नहीं पार कर पाए, 99 पर अटक गए।… (व्यवधान) मेरी पार्टी शिव सेना और हमारे नेता एकनाथ शिंदे जी की तरफ से मैं इस बजट का समर्थन करता हूं। इस बजट ने हर वर्ग को कुछ न कुछ देने का काम किया है। इस बजट ने डुअल रिकॉर्ड सेट किया है। पहला रिकॉर्ड है कि एनडीए सरकार का यह 11वां बजट है, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। दूसरा रिकॉर्ड है कि निर्मला सीतारमण जी भारत की पहली फुल टाइम फाइनैंस मिनिस्टर हैं और उन्होंने आठवां बजट इस सदन में प्रस्तुत किया है। वह हमारे देश की रक्षा मंत्री भी रह चुकी हैं। अभी वह वित्त मंत्री है। उनके कार्यकाल में देश समृद्ध भी हुआ है और सुरक्षित भी हुआ है। अगर हम मोदी जी को टीम इंडिया का कप्तान कहते हैं तो आज टीम इंडिया का विनिंग ऑल राउंडर निर्मला सीतारमण जी को कह सकते हैं। वर्ष 2014 में कांग्रेस ने हमें एक पैरालाइज्ड इकोनॉमी दी थी। उस समय हमारा बजट 17 लाख 94 करोड़ रुपये था। आज सरकार का बजट 50 लाख 65 हजार करोड़ रुपये का है। इसमें 39 लाख 44 हजार करोड़ रुपये का रेवेन्यू एक्सपेंडिचर है और 11 लाख 21 हजार करोड़ रुपये का कैपिटल एक्सपेंडिचर है। इसका मतलब है कि तीसरे कार्यकाल में तीन गुना अधिक बजट, तीन गुना अधिक विकास और तीन गुना स्पीड से विकास इस देश में हो रहा है।

यह बजट कितना महत्वपूर्ण है, इसका क्या इम्पैक्ट होगा, इसे मैं कुछ पंक्तियों के माध्यम से आपको बताना चाहूंगा-

किसान, मजदूर, युवा और महिलाओं का बजट आया है,
मिडिल क्लास के लिए खुशियाँ लाया है।
बारह लाख रुपये तक अब टैक्स नहीं लगेगा,
हर घर में खुशियों का दीप जलेगा।
मध्यम वर्ग का अब होगा उत्थान,
उनकी मेहनत को मिला है पूरा सम्मान।
युवाओं को मिलेगा काम, गरीबों को मिलेगा अपना पक्का मकान,
बजट ने रखा है समाज के हर वर्ग का पूरा ध्यान,
और विपक्ष हो गया है परेशान।
इंफ्रास्ट्रक्चर का फायदा अब होगा पूरे देश में,
सड़क, पुल और मेट्रो बनेंगे हर प्रदेश में,
वंदे भारत और बुलेट ट्रेन से भी महाराष्ट्र को भी नई रफ्तार मिलेगी,
डबल इंजन की गाड़ी अब तीन गुना तेजी से चलेगी।

महोदय, मैं वर्ष 2020 का वह समय याद करता हूं, जब वित्त मंत्री जी मुम्बई में एक फंक्शन में आई थी। तब के महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री जी कहते थे कि मैं बजट के बारे कुछ नहीं समझता हूं, फिस्कल डेफिसिट नहीं समझता हूं। वह कहते थे कि मुझे बजट के दूसरे दिन जो कहना होता है, उसे मैं पहले ही दिन एक टिप्पणी बना कर रख देता हूं। यह बजट आने के पहले होता है। मुझे लगता है कि वैसी ही हालत इस बार विपक्ष की हुई थी। विपक्ष ने पुराने डायलॉग्स रटे हुए थे। उन्होंने इसकी प्रैक्टिस की हुई थी। बजट आने के बाद पूरी तरीके से चेकमेट करने का काम निर्मला सीतारमण जी ने विपक्ष को किया। जब हम बाहर मकर द्वार पर गए, तो वहां पर विपक्ष के एक भी सांसद बाइट देते हुए नहीं दिखे।

(1510/CP/GM)

अब ये क्या कहेंगे, क्योंकि बजट में इतना कुछ दे चुके हैं तो अब विपक्ष क्या आलोचना करेगा? मैं सही परिस्थिति बता रहा हूं। मुझे लगता है कि विपक्ष के कुछ साथी खुद के लिए भी सोचते होंगे कि उनको कुछ टैक्स रिलीफ मिला है या नहीं। यह जो बजट दिया गया है, वह भले ही विपक्ष की समझ में न आए, लेकिन देश की आम जनता की समझ में जरूर आ गया है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक और कच्छ से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक मिडिल क्लास के हर वर्ग में खुशी की लहर इस बजट के कारण है।

मैंने इस सदन में पहले भी बताया है कि हमारी सरकार स्कीम्स के लिए जानी जाती है और कांग्रेस की जो सरकार थी, वह स्कैम्स के लिए आज भी जानी जाती है - स्कीम्स और स्कैम्स। विपक्ष वाले बोलते थे कि दस सालों में क्या किया? विपक्ष के कुछ नेता एआई पर भी बात कर रहे थे। वर्ष

2014 से 2024 तक इस सरकार ने किस-किस क्षेत्र में क्या-क्या उपलब्धियां हासिल की हैं, उनके बारे में बताना चाहूंगा। ... (व्यवधान) आपको वह भी बताऊंगा।

'ए' फॉर एयरपोर्ट्स, वर्ष 2014 में 74 एयरपोर्ट्स थे, जो 2024 में 197 एयरपोर्ट्स हो गए। 'बी' फॉर ब्रॉडबैंड, तब कनेक्शन्स 6 करोड़ थे और आज 94 करोड़ ब्रॉडबैंड्स कनेक्शन्स हैं। 'सी' फॉर कोल प्रोडक्शन 56 मीट्रिक टन था, आज 997 मीट्रिक टन है। 'डी' फॉर डिफेंस बजट 2 लाख 24 हजार करोड़ रुपये था और आज 6 लाख 81 हजार करोड़ रुपये है। 'ई' फॉर इथेनॉल का ब्लेंडिंग पर्सेंट जो पहले केवल 1.53 पर्सेंट था, वह आज 15 पर्सेंट है। इसके कारण हमारे देश का फॉरेन एक्सचेंज भी बच रहा है। 'एफ' फॉर एफडीआई, जो 305 बिलियन टॉलर था, वह आज 596 बिलियन डॉलर है। 'जी' फॉर जीडीपी पर-कैपिटा, जो पहले साढ़े 3 हजार डॉलर्स थी, आज 6 हजार डॉलर्स से भी ज्यादा जीडीपी पर-कैपिटा है। 'एच' फॉर हाईवेज़ की संख्या 91 थाउजेंड किलोमीटर थी, जबकि आज डेढ़ लाख किलोमीटर से अधिक हाईवेज़ भारत में बन चुके हैं। 'आई' फॉर इनोवेशन इंडेक्स रैंकिंग में हमारा देश पहले 81 रैंक पर था, जो अब 39 रैंक पर है। आधे से ज्यादा हमारी रैंकिंग नजदीक आ चुकी है। आप रोजगार के बारे में बात कर रहे हैं। इनोवेशन में स्टार्ट अप भी आते हैं। पहले स्टार्ट अप सिर्फ 340 थे, जबकि आज डेढ़ लाख स्टार्ट अप इस देश में हैं और सबसे ज्यादा स्टार्ट अप हमारे महाराष्ट्र में हैं। महाराष्ट्र बहुत बड़ा प्रदेशहै। ...(व्यवधान)

दिल्ली चुनाव के रिजल्ट आ गए हैं। मैं एनडीए को एक ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई देता हूं और विपक्ष को भी ऐतिहासिक हार के लिए बधाई देता हूं। विपक्ष के लोग कहते थे कि एनडीए इस जन्म में राम मन्दिर नहीं बना पाएगा, धारा 370 नहीं हटा पाएगा और कुछ लोग कह रहे थे कि मोदी जी इस जन्म में आम आदमी पार्टी को हरा नहीं पाएंगे। इन दस सालों में राम मन्दिर भी बन गया, धारा 370 भी हट गई और दिल्ली में सरकार भी बन गई। इस जन्म में ही यूनीफॉर्म सिविल कोड भी इस देश में आएगा। जो व्यक्ति अपने आपको पीएम इन वेटिंग समझते थे, नई दिल्ली की जनता ने उनका टिकट ही काट दिया। नई दिल्ली में इतने सालों तक एक परिवार रहा। अपने घर में खाता खोलने के लिए इतने सालों तक परिश्रम, वेटिंग और आने वाले समय में और वेटिंग करनी पड़ेगी। कुछ लोग यहां पर ईवीएम पर सवाल उठा रहे हैं कि फर्जी वोटर जोड़ दिए गए। मैं उनको बताना चाहूंगा, we gave people economic growth, and people blessed us with electoral growth. इसलिए इतना पूर्ण बहुमत भारत में, महाराष्ट्र में हमें मिला और आज दिल्ली में भी है। पिछले दस वर्षों में सिर्फ इकोनॉमिक इंडीकेटर्स ही नहीं, इलेक्टोरल इंडीकेटर्स पर भी हमने रिकार्ड्स स्थापित किए हैं। वर्ष 2014 में एनडीए की सरकार सिर्फ 7 राज्यों में थी और कांग्रेस की सरकार 13 राज्यों में है। वर्ष 2025 में एनडीए की सरकार 21 राज्यों में है और कांग्रेस की सरकार सिर्फ 4 राज्यों में बची है।

(1515/NK/SRG)

आप लोगों ने लोक सभा चुनाव के समय बेइमानी की, लोक सभा के टाइम आपने लोगों को फंसाने का काम किया, लोगों को गुमराह किया इसलिए कुछ वोट आप लोगों को मिल गए। लेकिन

लोगों को आप हमेशा गुमराह नहीं कर पाए, उसका नतीजा दिल्ली इलेक्शन हो, महाराष्ट्र इलेक्शन में आपको दिखाई दिया।

माननीय सभापति (श्री दिलीप शइकीया) : शिंदे जी, आप इधर देखकर बोलिए।

… (व्यवधान)

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण) : हम लोग अखिलेश जी का भाषण पूरे ध्यान से सुना। आज इंडी गठबंधन एक क्रिकेट टीम की तरह है। इसमें कांग्रेस नाम का एक बैट्समैन है, जो हरेक को रन आउट कराने में लगा है। हमारे प्रधानमंत्री जी बिल्कुल सत्य कहते हैं कि कांग्रेस पार्टी नहीं, ... (*Expunged as ordered by the Chair*) है। कांग्रेस पार्टी भारतीय राजनीति का एक ... (*Expunged as ordered by the Chair*) है, जिसके ऊपर हाथ रख दे वह भष्म हो जाता है, उसका उदाहरण महाराष्ट्र में है। … (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON (SHRI DILIP SAIKIA): I will check. If there is any unparliamentary word. I will check.

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण) : महोदय, मैंने कोई असंसदीय शब्द का प्रयोग नहीं किया है। यही ... (*Expunged as ordered by the Chair*) आने वाले समय में खुद के सिर पर हाथ रखने वाला है। हमारे महाराष्ट्र में उदाहरण देखिए, यूबीटी की मशाल को बुझा दिया, घड़ी के सिम्बल पर सबसे ज्यादा विधायक चुन कर आते थे, आज उनकी परिस्थिति क्या हो गई है। जिन्होंने हिन्दुत्व छोड़ा, आइडियोलॉजी के साथ कंप्रोमाइज किया, आज उनके साथ क्या परिस्थिति हो गई है, आप महाराष्ट्र में आकर देख लीजिए।

राहुल जी इस सदन में चीन के एक प्रवक्ता की तरह लग रहे थे। उनकी अर्थव्यवस्था की उपलब्धियां बता रहे थे और मेक इन इंडिया को फेल्योर बता रहे थे। … (व्यवधान) जब आप मेक इन इंडिया को गाली देते हो तो सिर्फ इस सरकार को गाली नहीं देते हो, हर मजदूर को देते हो, हर इंजीनियर को गाली देते हो, हर साइंटिस्ट को गाली देते हो, हर डॉक्टर को गाली देते हो। आज मेक इन इंडिया इनके प्रयासों की वजह से सफल हुआ है। जब उनके सामने भारत की उपलब्ध्यिां राष्ट्रपति जी के एड्रेस के माध्यम से बतायी जा रही थी तो वह कह रहे थे कि यह बोरिंग है। मुझे लगता है कि इससे ज्यादा अपमानजनक बात कुछ नहीं होगा। उनको देश से माफी मांगनी होगी, मैं विपक्ष को कहना चाहूंगा, In congress years, India was known as a third world country, today it is soon becoming the third largest economy in the world. यह हमारे शासन और कांग्रेस के शासन में फर्क है। जो लोग फेलियर की बात करते हैं, जहां-जहां इनकी सरकारें बची हैं, वहां पर ये कैसा परफॉर्म कर रहे हैं, उसके बारे में कुछ बताना चाहूंगा।

(1520/KDS/RCP)

कर्नाटक में सरकार ने 5 गारंटी दिखाकर वोट लिए, लेकिन आज कर्नाटक को 48 हजार करोड़ रुपये का उधार लेना पड़ रहा है। दूसरा हिमाचल प्रदेश है। हिमाचल प्रदेश में 18 नवम्बर, 2024 को हिमाचल भवन की जब्ती के आदेश हाई कोर्ट ने दिए। चूंकि कांग्रेस सरकार 150 करोड़ रुपये के हाइड्रो पावर परियोजना का भुगतान नहीं कर पाई। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस का हाल

फ्यूजिटिव इकोनॉमिक ऑफेंडर वाला हो गया है, जिसकी प्रॉपर्टी अटैच करने की जरूरत पड़ गई है। उधर हिमाचल प्रदेश सरकार में समोसा स्कैम पर सीआईडी इंक्वायरी चल रही है। तेलंगाना में भी 10 महीनों में इन्होंने 50 हजार करोड़ रुपये का कर्ज लिया है। कल हमारे विपक्ष के साथी कुछ आंकड़े बता रहे थे। … (व्यवधान) अरे, सुन लीजिए, ज्यादा नहीं बोलूंगा। … (व्यवधान) नॉन स्टॉप कमेंट्री ये सब लोग कर रहे हैं। … (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON (SHRI DILIP SAIKIA): Do not disturb, please.

… (*Interruptions*)

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण) : कल विपक्ष की एक साथी आंकड़े देकर कुछ बता रही थीं कि हम सब जो यहां बैठे हैं, हर किसी पर एक कर्ज है, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि यह कर्ज क्यों है? कैसे हुआ? जब इनकी सरकार थी, तो जनता को इन्होंने बैंक समझ लिया था और उस बैंक को 10 साल तक इन्होंने लूटने का काम किया। वर्ष 1971 में आपने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया, लेकिन वर्ष 2014 आते-आते आपने बैंकों की ऐसी कर दी, कि यूपीए और एनपीए ज्यादा सुनाई दे रहा था और हमने 10 सालों में इन सभी बैंकों को एनपीए से बाहर निकालकर और संरक्षित करने का काम किया। आज इन बैंकों के माध्यम से पूरे देश में लोगों को सुविधा मिल रही है।

HON. CHAIRPERSON: Please conclude.

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण) : इनकम टैक्स अमेंडमेंट … (व्यवधान)

माननीय सभापति : कृपया एक मिनट में कम्प्लीट कीजिए।

DR. SHRIKANT EKNATH SHINDE (KALYAN): Give me five minutes, Sir.

HON. CHAIRPERSON: No. Your time is already over.

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण) : इनकम टैक्स अमेंडमेंट एक्ट भी हमने लाया है। पहले इनकम टैक्स टेररिज्म हुआ करता था, आज इनकम टैक्स कम्प्लायंस है। यह 10 साल की जर्नी हमने की है। मैं एक उदाहरण देना चाहता हूं। वर्ष 2014 से पहले 1 लाख 70 हजार 518 करोड़ रुपये के ऑयल बॉंड्स जारी किए गए, लेकिन उस समय की सरकार ने इसे चुकाने की कोई चिंता नहीं की। वर्ष 2014 से 2022 के बीच उसी ऑयल बॉंड के लिए 42 हजार 223 करोड़ रुपये प्रिंसिपल अमाउंट चुकाने हेतु ब्याज के रूप में 80 हजार करोड़ रुपये सरकार को देने पड़े। वर्ष 2022 से 2024 के बीच 42 हजार करोड़ रुपये और 22 हजार करोड़ रुपये ब्याज के रूप में चुकाने पड़े। यानी कांग्रेस सरकार की दरियादिली का बिल आज आम आदमी चुका रहा है। कांग्रेस ने इस देश के आम आदमी, किसान को कर्जदार बनाया। उसके बाद कांग्रेस बोलती है कि हम किसानों का कर्ज माफ करेंगे। मुझे लगता है कि किसानों की कर्जमाफी में भी इन्होंने घोटाला किया, क्योंकि सी एंड एजी की एक रिपोर्ट इस सदन में रखी गई थी कि- 'in several cases, the ineligible farmers were given benefit while the deserving ones were left out.' जिसको कर्ज देना था … (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप प्लीज समाप्त कीजिए।

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण) : जिसको कर्ज देना था, उसे नहीं दिया और जब अनुराग जी इनको स्कैम्स्टर्स कहते हैं, तो इनको दुख होता है। इन्होंने नैनो यूरिया और कॉटन बैग की कल बात

की। ये वे लोग हैं, जिन्होंने कोरोना जैसी आपदा में भी भ्रष्टाचार का अवसर नहीं छोड़ा। जो बॉडी बैग 6 सौ रुपये में मिल रहा था, 6 हजार रुपये में खरीदने का काम इन्होंने किया। खिचड़ी में घोटाला करने का काम इन्होंने किया। सीडब्ल्यूजी में रिकॉर्ड घोटाला करने का काम इन्होंने किया। इनके खुद के मंत्री टैक्स रेवेन्यू बढ़ाने की जगह अपना रेवेन्यू बढ़ाने के लिए वसूली कर रहे थे और जेल भी गए। इस बात को किसी ऑथेंटिकेशन की जरूरत नहीं है।

HON. CHAIRPERSON: Okay Shinde ji, please conclude.

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण) : सर, मैं महाराष्ट्र की बात करूंगा।

HON. CHAIRPERSON: Your time is over.

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण) : इसीलिए इस न्यायालय ने आदेश दिया और उनको जेल में भेजा। मैं यहां पर महाराष्ट्र की बात करूंगा।

(1525/SJN/PS)

महोदय, ये पूछ रहे थे कि इस बजट में महाराष्ट्र को क्या मिला है। मैं यहां पर बताऊंगा कि इस बजट में महाराष्ट्र को क्या-क्या मिला है। महाराष्ट्र को वधावन पोर्ट के माध्यम से 76,000 करोड़ रुपये मिले हैं, जो हमारे महाराष्ट्र में 12 लाख रोजगार का निर्माण करेगा। टैक्स प्रोसीड्स के माध्यम से महाराष्ट्र को 90,000 करोड़ रुपये मिले हैं। महाराष्ट्र को एमवाईटीपी-थ्री प्रोजेक्ट्स के अंतर्गत 1,400 करोड़ रुपये मिले हैं। पुणे मेट्रो के लिए 837 करोड़ रुपये मिले हैं। मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रोड के लिए 4,300 करोड़ रुपये मिले हैं।…(व्यवधान) मुंबई मेट्रो के लिए 1,600 करोड़ रुपये, रूरल ट्रांसपोर्ट इम्प्रूवमेंट के लिए 683 करोड़ रुपये तथा इंटीग्रेटेड ग्रीन अर्बन मोबिलिटी प्रोजेक्ट के तहत 652 करोड़ रुपये मिले हैं। रेलवे सेक्टर में सबसे ज्यादा फायदा महाराष्ट्र को हुआ है, हमें रेलवे में 23,778 करोड़ रुपये मिले हैं।…(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON (SHRI DILIP SAIKIA): Please conclude.

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण) : महोदय, आज गढ़चिरौली जैसे नक्सल प्रभावित एरिया में भी विकास की बात हो रही है।…(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Please conclude in a sentence.

Now, I will call another hon. Member.

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण) : महोदय, हमारी डबल इंजन सरकार में गढ़चिरौली जैसे नक्सल प्रभावित इलाके को भी देश की मुख्य धारा से जोड़ने की बात हो रही है तथा आज गढ़चिरौली में जिंदल स्टील जैसा एक लाख करोड़ रुपये का स्टील पावर प्लांट लग रहा है, जिससे हजारों लोगों को नौकरी मिलेगी। मैं इसके लिए तब के वहां के मुख्यमंत्री तथा गार्जियन मंत्री एकनाथ शिंदे जी को खूब-खूब धन्यवाद देता हूं, क्योंकि उन्होंने इसकी शरूआत की थी। आज उसको आगे बढ़ाने का काम बीजेपी के मुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फडणवीस जी कर रहे हैं। मैं कुछ पंक्तियां बोलकर अपना भाषण समाप्त करूंगा।…(व्यवधान)

(इति)

ANNOUNCEMENT RE: LAYING OF SPEECHES

1527 बजे

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, जो भी माननीय सदस्य बजट 2025-26 पर लिखित भाषण देना चाहते हैं, वे सभा पटल पर अपने भाषण की प्रति रख सकते हैं। इसकी अनुमति प्रदान की जाती है।

THE UNION BUDGET – GENERAL DISCUSSION – contd.

1527 hours

SHRI SALENG A. SANGMA (TURA): Thank you, Mr. Chairperson, Sir.

Mr. Chairperson, Sir, after the presentation of the Budget by the hon. Finance Minister, it was unfortunate to see the citizens of India shackled, chained, and brought as prisoners from the USA. How do we expect that this Budget will be so beautiful? We should learn from the past. They have been expressing their praises about this Budget as well as the previous Budget. But how do we expect when thousands of Indians are being pushed back from the other country, chained and shackled? It is a shame for us. If the Budget is so good, why are our own citizens fleeing from our own India to get better jobs in other countries? Is it not fair enough to see what actual issues are happening within our country?

HON. CHAIRPERSON: The hon. Minister of External Affairs has given a statement in the Parliament.

… (*Interruptions*)

SHRI SALENG A. SANGMA (TURA): No, Sir, I am talking about the Budget. … (*Interruptions*) I am coming to the Budget. … (*Interruptions*) It is because this Budget reflects… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: No, you must go through that statement also.

SHRI SALENG A. SANGMA (TURA): If the Budget is so good, then our own people would not have left, risked their lives to go to other country illegally. Just imagine, illegally going there, and then, being shackled and chained, and then, pushed back to our own country. Just imagine, how and why are they risking their lives? It is because we cannot provide them a good job/good employment and good environment. That is why, they are running away from our country.

Mr. Chairperson, Sir, a lot of questions have been asked by our Parliamentarians. Do we have to take unflinching realism to take such answers?

This Government's methodology and the purpose of defining the financial Budget to planning future seem to have drifted away steadily from the realism. The Budget seems to have boxed in a dysfunctional manner. Therefore, I would like to focus on a few areas.

There was a quote by our Father of the Nation, and I quote:

> "If we want to teach real peace in this world, we should start educating children."

This is a famous quote by our Father of the Nation, Mahatma Gandhi.

(1530/SMN/SPS)

Mr. Chairperson, Sir, now, I talk about education. The Right to Education has totally collapsed under the SSA. No amount of funding can revive it because it is completely destroyed. A complete overhaul by giving funds to the district, block level and at village level is the only solution. New restructured institutions and policy is the only option.

Mr. Chairman Sir, when we come to the North-East Region, the Budget 2025 does not reflect substantial increase in the allocation specifically to the education needs in the region. The North-East including Meghalaya, Assam, Arunachal Pradesh face higher school dropout rates due to socio-economic factors.

The neglect of the Government in education is evident in the decrease in education spending dropping from 2.57 per cent to 2.51 per cent of the GDP which greatly strays away from the recommended Government spending on education to be at least six per cent of GDP(NEP, 2020).

Mr. Chairperson, Sir, we have seen the Budget fell short of addressing key problems despite announcing grand plans. If we fail to make announcements with substantial funds, particularly for areas such as agriculture, education and urban development, then we will not grow.

Now, when you look at the scholarship for the minorities and for those who reach matriculation, it has been cut down by 40 per cent, bringing down the fund to Rs. 197.50 crore. The scholarship for students after matriculation faced an even steeper cut, dropping by nearly 64 per cent to Rs. 731.39 crore. The merit-based scholarship has decreased to Rs. 7.34

crore. In addition, the National Fellowship and Scholarship for higher education has decreased to Rs. 7.34 crore.

Mr. Chairperson, Sir, we talk about the Budget cut. This Budget cut will only increase the spending in other areas. This is only for certain rich people. Yesterday, our Parliamentarians have spoken about this particular Budget whereas the poor tend to spend every single rupee that he has earned. Now, the poor does not have a saving at all. MGNREGS and other sorts of wages and GST have not been compromised by this Government.

So, I would like to urge if there is any chance, if they can amend this area where our poor people, our BPL people can be looked into.

With these few words, Mr. Chairperson, Sir, I resume my seat.

(ends)

1533 बजे

श्री राजेश रंजन (पूर्णिया) : सभापति महोदय, धन्यवाद। जब सशक्त भारत की बात आती है तो लगभग पौने तीन-चार सालों से किसान धरने पर बैठे हैं। किसानों की मौतें हुई हैं, आत्महत्या हुई हैं। एक तरफ किसान हैं, तो दूसरी तरफ मणिपुर है। पूरे देश में नीट से लेकर सभी तरह के एग्जामिनेशन पेपर्स लीक आउट हैं और लगातार बच्चों पर जुल्म हो रहा है, बच्चों पर केस हो रहे हैं। जो आईएएस बनेंगे और देश का निर्माण करेंगे, उनके पेपर लीक आउट हो रहे हैं। आजाद हिंदुस्तान के बाद हमारे मजबूत प्रधानमंत्री हैं, लेकिन जब हम इस देश के इन सारे मुद्दों के बारे में सोचते हैं, तब मुझे लगता है कि एक तरफ अमेरिका है, जिस पर इतने सारे सवाल आ गए है और दूसरी तरफ महाकुंभ है। आजाद हिंदुस्तान के बाद नेहरू जी के समय में जब मात्र 848 करोड़ रुपये का बजट था, तब नेहरू जी ने जिन बातों का उल्लेख किया था, उसके बाद लगातार हर 12 सालों के बाद महाकुंभ आता है। आज इतने सशक्त प्रधानमंत्री हैं, लेकिन क्या प्रधानमंत्री को बदनाम करने की कोशिश किसी राज्य के ताकतवर लोग कर रहे हैं या सनातन के प्रति इनका सम्मान नहीं है?

(1535/MM/SM)

सशक्त भारत की बात आती है तो हमारा कोई भी पड़ोसी देश रास्ता देने को तैयार नहीं है, हमारे साथ व्यापार करने को तैयार नहीं है। जो डेवलपिंग कंट्रीज़ हैं, वियतनाम और ताइवान इत्यादि सब चीन के साथ जा चुके हैं। भुटान के सारे मंत्री चीन में बैठे रहते हैं। हमारा पड़ोसी देश हम से बिलकुल अलग है। About 23 million people are leaving India every year. 11 बार बजट पेश हुआ है। About eight to nine lakh professionals like CA are under the threat of possible brain drain. There is no relaxation on tax for those 30 per cent people who file their ITRs under the old tax regime. वर्ष 2024 में भारत पर विदेशी कर्ज लगभग आठ अरब डॉलर है। लगभग 1 लाख 96 हजार करोड़ रुपये का कर्ज हमारे ऊपर है। क्या यह कर्ज भारत चुका सकता है। मेरा आपसे आग्रह है कि इस हिन्दुस्तान में तीन चीजों पर कभी मूल्यांकन नहीं हुआ है। एक है, जितने मंदिर, गुरूद्वारे, चर्च, मस्जिद हैं। अगर हम मंदिर की बात करें और गुरूद्वारे, चर्च और मस्जिद को छोड़ दें तो साढ़े तीन से चार लाख करोड़ रुपये मंदिर डिपोजिट है। गुरूद्वारे अलग हैं, बाकी अलग हैं। हमारे ऊपर जो कर्ज है, क्या उस पैसे पर हमारा वित्त मंत्री जी कोई निगरानी नहीं रखते हैं? क्या उस पैसे पर कोई टैक्स की बात नहीं आती है? क्या हम दो दिन का खाना खिलाकर पूरी फ्रीडम दे देंगे। दूसरी तरफ, इस हिन्दुस्तान में जितने बाबा लोग हैं, किसी के पास दो हजार करोड़ का है, किसी के पास दस हजार करोड़ रुपये का है। उन लोगों ने फंडिंग रेज़ की है। मैं सब बाबा का नाम नहीं ले पाऊंगा, क्योंकि सभापति महोदय, आप भी समझते हैं कि हिन्दुस्तान में फकीरी और अमीरी दोनों में मजा है। जिस तरीके से बाबा लोगों ने इस देश को एनजीओ के माध्यम से, एनजीओ के पास भी लगभग 33 लाख करोड़ रुपये हैं, ऐसा क्या कारण है कि एनजीओज़ पर किसी प्रकार के टैक्स नहीं लगते हैं। उनको लूटने की फ्रीडम है, उस पर हमारा अंकुश नहीं है। दूसरा है, सीएसआर फंड है। बड़ी-बड़ी कंपनियां हैं, हमारी ही सरकारी कंपनियां हैं, वे सीएसआर फंड का क्या करती हैं? उसको कहां लगाती हैं, किसको देती हैं, किस एमपी से बात करके लगाती हैं?

मेरा कहना है कि नोटबंदी के बाद 16.99 लाख करोड़ रुपये के डिमोनेटाइजेशन का मामला था। उसके पहले 35.99 लाख करोड़ रुपये का मामला था। आज भी 35.99 लाख करोड़ रुपये का है। कितने लोग उस समय मरे?

मैं हेल्थ और एजुकेशन पर आता हूं। इस बजट में हेल्थ पर, अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन और एमआरआई पर आप जीएसटी ले रहे हैं। 28 फीसदी जीएसटी सीमेंट पर है। आपने एजुकेशन पर जीएसटी लगाया हुआ है। पेन, पैंसिल, कलम, दवात और किताब पर जीएसटी लगाया हुआ है। क्या बच्चे पढ़ पाएंगे?

SHRI SHREYAS M. PATEL (HASSAN): Thank you, Madam Chairperson, for giving me this opportunity to speak on the General Budget of 2025-26.

I stand here today to highlight the pressing concerns of my constituency and the State of Karnataka. These are not just demands, but urgent needs that the Central Government must address.

First and foremost, the Upper Bhadra Project is crucial for Karnataka's central region including my constituency, covering Kadur taluks in Chikmagalur District. The State was promised Rs. 5,300 crore in the earlier Union Budget along with the status of a national project. Despite repeated requests, the national status has not been granted. The farmers in my State and my constituency are watching this. They must not feel that the Centre is playing with their lives by delaying funds for this critical project.

Beyond this, Karnataka continues to be neglected in financial allocations. The 15th Finance Commission recommended Rs. 5,495 crore as special grants yet the Centre rejected them. Despite repeated demands, Karnataka's flood-prone regions, including my constituency Hassan, have received no dedicated mitigation fund.

The funding under NABARD to Karnataka State has been slashed from Rs. 5,600 crore last year to just Rs. 2,340 crore. It is a shocking 58 per cent cut. This directly hurts the farmers, and rural development.

In Karnataka, under the leadership of Shri Rahul Gandhiji, the State Government headed by our hon. Chief Minister Shri Siddaramaiahji and Shri D.K. Shivakumarji has implemented five guarantees successfully. Under these guarantees, Rs. 52,000 crore have been on the hands of the millions. Annually each family receives around Rs. 50,000 to Rs. 55,000. The critics claim that these guarantees would harm the economy but the economy of the Karnataka Government is projected to grow by 6.6 per cent. At the same time, we ensured fiscal discipline by keeping the fiscal deficit within 3 per cent of GSDP.

(1645-1650/MK/VR)

The Government often boasts about increasing the Minimum Support Price, that is, MSP, yet it has failed to implement the Swaminathan Committee recommendations. The copra farmers in my constituency in Karnataka suffered a severe price crash due to delayed procurement and reduced quantity caps by NAFED. Prices fell by 50 per cent in December 2023. It was the worst drop in recent history. I urge the Government to increase MSP to match rising production costs and ensure timely procurement.

Madam, another issue is regarding severe human-animal conflict in hilly districts like Hassan. In the past 21 years, around 75 people have lost their lives, and countless crops have been destroyed in taluks like Sakleshpura, Belur, and Alur. We need a dedicated compensation fund for the affected farmers who have lost their lives. Both Central Government and the State Government should join their hands together to solve this problem.

Madam, the pepper and cardamom plantations in my constituency are facing mounting challenges due to erratic climate conditions, rising labour costs, and frequent animal attacks like elephant attacks. I urge the Centre to provide interest waivers and loan restructuring to support these struggling planters. Despite repeated requests, the Centre has ignored the demand to increase housing assistance under the Pradhan Mantri Awas Yojana for the urban and rural poor. The Anganwadi workers, ASHA workers, and the Mid-Day Meal workers, who play a crucial role in public welfare, have seen no increase in honorariums. This is a grave injustice to those who serve the most vulnerable.

Madam, through you, I would like to make the following requests to the Central Government. I would request the Government to upgrade the Srirangapatna-Channarayapatna-Arsikere road as a National Highway and expedite the finalization of the DPR and fund allocation for the construction of 335 km of Bangalore-Mangalore Expressway via Hassan, which covers the major stretch of my constituency. Also, there is a need to develop a comprehensive tourism circuit connecting Belur, Halebeedu, and

Shravanabelagola. There are UNESCO-recognised Hoysala temples to boost Karnataka's tourism industry. Then, I would request the Central Government to sanction funds under the Jawahar Navodaya Vidyalaya Yojana. There is a very old school in my constituency near Mavinakere. It struggles with inadequate infrastructure despite providing quality education to rural students.

HON. CHAIRPERSON (DR. KAKOLI GHOSH DASTIDAR): Okay, thank you.

SHRI SHREYAS M. PATEL (HASSAN): Madam, please give me one minute. I promise, I will conclude within one minute. It is my humble request to you.

Madam, through you, I would also request the Government to expedite approvals pending on the part of the Union Government, if any for the completion of the Greenfield Airport, which is essential for improving connectivity.

Madam, there is also a need to modernise and renovate the ESI hospital. … (*Interruptions*)

(ends)

HON. CHAIRPERSON: Now, hon. Member, Shri Amar Sharadrao Kale.

… (*Interruptions*)

1648 hours

*SHRI AMAR SHARADRAO KALE (WARDHA): Hon. Madam Chairperson, while discussing this Union Budget, I want to bring certain issues to your kind notice. Our Finance Minister Smt. Nirmala Sitharaman presented this Budget on 1st February, 2025. She has made many declarations in it but she did not take cognizance of the problems faced by farmers. You have given tax exemption upto the income of Rs. 12 lac and I welcome this positive step. It means, you have taken into consideration the person who is earning Rs. 12 lac per annum but you completely forgot about the person who is not earning even 1 lac per annum.

I want to share one news in this connection. I represent the State of Maharashtra and the regions like Vidarbha and Marathwada are recognized for the largest numbers of farmers' suicides. Rajendra Pailwar and Omkar Pailwar, a father-son duo had committed suicide on the next day of Makarsankranti at Minki, Teh. Biloli, Distt. Nanded in Maharashtra. The reason behind it was dearth of funds to bear the burden of educational books and stationery. The son was studying in class 10th and his father was unable to provide money to purchase uniform and note books. That 16 year old boy committed suicide out of frustration and his father also committed suicide next morning. This is the tragedy of our farmers' life that he could not provide bare minimum necessities to his family and children. This is the fact and ground reality and this must be kept into mind while framing policies for farmers.

* Original in Marathi

I represent Wardha Lok Sabha Constituency. In the adjoining district of Amravati, around 600 farmers committed suicide during last 2 years.

On 20th March, 2014, our so called successful Prime Minister Shri Narendra Modi had visited Wardha. This is a cotton belt and he propagated a 5F formula during his visit. What is this 5F formula? I will tell you. Ist F is farmer, 2nd F is Fibre, 3rd F is Fabric, 4th F is Fashion and 5th F is Foreign. Modiji had promised us and showed a rosy picture of exporting our textile to foreign countries, but nothing has happened till date. That is why, I would like to ask our so called successful Prime Minister Narendra Modiji about this 5F formula. What went wrong, Modiji? As of now, our cotton is fetching the price of Rs. 7000 per quintal only and this is a matter of grave concern. So, I would like to request the Union Govt. to kindly look into it and take necessary action.

Thank you.

(ends)

1653 बजे

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज) : सभापति महोदया, मैं आपका अत्यंत आभारी हूं कि आपने मुझे माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी के द्वारा प्रस्तुत बजट के समर्थन में बोलने का मौका दिया है। काफी माननीय सदस्यों ने, चाहे वे सत्तापक्ष के हों या प्रतिपक्ष के हों, उन्होंने बजट पर विस्तार से बातें कही हैं। मैं उन बातों को दोहराना नहीं चाहता हूं। मैं तो कहूंगा कि माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा जो प्रस्तुत बजट है, यह केवल देश का एक फाइनेंशियल स्टेटमेंट नहीं है। मैं दो दिन से चर्चा को सुन रहा हूं। पहले पॉलिसी पैरालिसिस कहा जाता था, पहले कहा जाता था कि टॉप फाइव फ्रेजाइल इकोनॉमी है और कहा जाता था कि 'बनाना रिपब्लिक' है, कम से कम आज हमारे लिए यह सौभाग्य की बात है कि जहां वर्ष 2014 में हम टॉप फाइव फ्रेजाइल इकोनॉमी में थे, वहीं अब हम दुनिया के टॉप फाइव इकोनॉमी में आ चुके हैं। यह हमारे लिए सौभाग्य का विषय है। यह निश्चित तौर से देश के लिए सौभाग्य की बात है और यह सब नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हुआ है।

पहले पॉलिसी पैरालिसिस की बात की जाती थी। एफडीआई नहीं आ रहा था। जिन लोगों ने निवेश किया था, वे लोग भी अपना निवेश निकाल रहे थे। आज उस पॉलिसी पैरालिसिस की बात नहीं हो रही है बल्कि आज 'विकसित भारत' की बात हो रही है। रिफॉर्म मोमेंटम की बात हो रही है। Rapid pace of economic reforms, boosting investment and business growth की बात हो रही है।

(1655/SJN/SNT)

जब ग्रोथ की बात होती है, तो आज मैं निश्चित तौर पर यह कह सकता हूं कि अगर हम अपने रेवेन्यू और कैपिटल एक्सपेंडिचर को देखें, तो पूरे देश और दुनिया के सामने साफ तस्वीर नजर आएगी। जहां वर्ष 2023-24 में हमने 9,49,195 करोड़ रुपये कैपिटल एक्सपेंडिचर पर खर्च किया था, वहीं आज 11,21,090 करोड़ रुपये का कैपिटल एक्सपेंडिचर बढ़ाया है। कैपिटल एक्सपेंडिचर का तात्पर्य इन्फ्रास्टक्चर और देश के विकास से है। रेवेन्यू एक्सपेंडिचर का तात्पर्य लोगों की एस्टैब्लिशमेंट और सैलरी से है। निश्चित तौर से आज हमने उस रेवेन्यू एक्सपेंडिचर को घटाने का काम किया है। जहां हमने कैपिटल एक्सपेंडिचर को 10.1 प्रतिशत बढ़ाया है, वहीं आज हमने रेवेन्यू एक्सपेंडिचर को घटाकर 6.7 प्रतिशत किया है। यह हमारे देश की सरकार ने वित्तीय समावेशन और नियंत्रण किया है।

मैं कहना चाहता हूं कि हमने वर्ष 2013-14 में रेवेन्यू एक्सपेंडिचर में 14.65 लाख करोड़ रुपये खर्च किए थे, अगर आज 39.44 लाख करोड़ रुपये खर्च हो रहा है, तो 175 प्रतिशत बढ़ा है। देश का विस्तार, देश में नौकरियां और देश के एस्टैब्लिशमेंट पर रेवेन्यू एक्सपेंडिचर 175 प्रतिशत बढ़ा है। वर्ष 2014 में इस देश की तत्कालीन सरकार ने 2.3 लाख करोड़ रुपये कैपिटल एक्सपेंडिंचर के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर खर्च किए थे, आज नरेन्द्र मोदी जी की सरकार 2.3 लाख करोड़ रुपये के स्थान पर 11.21 लाख करोड़ रुपये खर्च कर रही है, यानी 387.5 प्रतिशत इन्क्रीज किया है। शायद पूरी दुनिया में इससे बढ़ती हुई कोई इकोनॉमी नहीं है।

आज चाहे हमारा कैपिटल एक्सपेंडिचर हो या हम उसको जिस तरीके से बढ़ा रहे हैं, आप रेवेन्यू डेफिसिट या फिस्कल डेफिसिट की बात करिए। वर्ष 2023-24 में हमारा रेवेन्यू डेफिसिट 2.6 प्रतिशत था, जो वर्ष 2024-25 में रिवाइज्ड होकर 1.9 प्रतिशत हुआ है। आज हम कह सकते हैं कि वर्ष 2025-26 का जो डेटा है, हम उसको 2.61 से घटाकर अपने रेवेन्यू डेफिसिट को 1.5 प्रतिशत पर लाएंगे। यह हमारी सरकार की उपलब्धि है। मैं इसके लिए वित्त मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं। आप फिस्कल डेफिसिट को देखिए। हमने वर्ष 2023-24 में फिस्कल डेफिसिट पर 5.6 प्रतिशत खर्च किया था। आज वह फिस्कल डेफिसिट घटकर 4.8 प्रतिशत हुआ है। इस बार वर्ष 2025-26 में हम फिस्कल डेफिसिट को भी घटाकर 4.4 प्रतिशत करेंगे। आखिर किसी चीज का पैमाना क्या होगा? किसी सरकार के वित्तीय समावेशन का क्या पैमाना होगा? हमने किस तरह से वित्तीय नियंत्रण किया है?

पिछले दो दिनों से बहुत बात हो रही है कि हमारे राज्य को पैसा नहीं दिया जा रहा है। हमारे राज्य के कर का हिस्सा नहीं दिया जा रहा है। वर्ष 2025-26 में जहां सभी राज्यों को 14,22,444 लाख करोड़ रुपये मिलने थे, वह स्टेट के डिवैल्यूएशन में आना था। हमने अपने डिवैल्यूएशन से पश्चिम बंगाल को 1,07,010 करोड़ रुपये दिए हैं। तमिनलाडु को 58,022 करोड़ रुपये दिए हैं। कर्नाटक को 51,877 करोड़ रुपये दिए हैं। तेलंगाना को 29,900 करोड़ रुपये दिए हैं। केरल को 27,382 करोड़ रुपये दिए हैं। पंजाब को 25,704 करोड़ रुपये दिए हैं। आज हम केवल डिवैल्यूएशन में स्टेट को नहीं दे रहे हैं, क्योंकि हम मानते हैं, आप सुनिए।

आज इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में पहली बार नरेन्द्र मोदी जी की सरकार पॉलिसी लाई है कि केवल हम भारत सरकार के इन्फ्रास्ट्रक्चर को नहीं बढ़ाएंगे। उनका फेडरल स्ट्रक्चर का कॉन्सेप्ट है। स्टेट इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए भी पॉलिसी बनाई गई है। देश की आजादी के बाद पहली बार ऐसा हुआ है कि जब राज्यों के इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास होगा, तभी देश का विकास होगा। मैं आज यह बताना चाहता हूं। हम लोग एक समय कहां खड़े थे? हमारे पड़ोसी देश हमारे बराबर खड़े थे। चाहे बांग्लादेश हो, नेपाल हो, श्रीलंका हो, पाकिस्तान हमारी बराबरी करता था। आज हमारे देश की आबादी 145 करोड़ है। बांग्लादेश की आबादी 17.3 करोड़ है, नेपाल की आबादी 3.09 करोड़ है, श्रीलंका की आबादी 23 करोड़ है और पाकिस्तान की आबादी 25 करोड़ है। आज चाइना की आबादी 141 करोड़ है। आज आप ग्रोथ रेट देखिए। किसी देश के विकास का पैमाना क्या होगा?

जब पूरी दुनिया कोविड-19 जैसी वैश्विक समस्या से जूझ रही थी, कोविड के दौरान पूरी दुनिया में लोग घरों में कैद थे। पूरी दुनिया में सिर्फ भारत ही ऐसा देश है, जिसने अपने देश के सभी नागरिकों को मुफ्त वैक्सीन लगाने का काम किया है। न केवल अपने देश के नागरिकों को वैक्सीन लगाने का काम किया है, बल्कि हमने 150 देशों को वैक्सीन देने का काम किया है। इसके बावजूद जो हमारी ग्रोथ रेट है, भारत की ग्रोथ रेट 7 प्रतिशत है, बांग्लादेश की ग्रोथ रेट 5.54 प्रतिशत है, नेपाल की ग्रोथ रेट 3.1 प्रतिशत है और श्रीलंका की ग्रोथ रेट वर्ष 2024 में 5.3 प्रतिशत है। पाकिस्तान की ग्रोथ रेट 2.4 प्रतिशत है। राहुल गांधी जी रोज चाइना की बात करते हैं। वे रोज चाइना की वकालत करते हैं। आज हमारी जीडीपी 7 प्रतिशत है और उनकी जीडीपी 4.8 प्रतिशत है। वे चाइना के मॉडल की बात करते हैं। वे आज चाइना की वकालत करते हैं। आप क्या बात करते हैं?

(1700/SPS/AK)

हमने ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस में अपनी रैंकिंग को सुधारा है। हमारा विकसित भारत का संकल्प ऐसे ही नहीं है। आप हमारी इकोनामिक ग्रोथ देख लीजिए। इंडिया की इकोनॉमिक ग्रोथ रेट 6.4 परसेंट है। मैं विस्तार में नहीं जाना चाहता हूं, केवल आंकड़े देना चाहता हूं। इंडिया की इकोनामिक ग्रोथ रेट 6.4 परसेंट है और जापान की केवल 0.3 परसेंट है। जापान की हम बात करते थे, जापान के जूते की बात करते थे। आज हम 6.4 परसेंट इकोनामिक ग्रोथ पर है, लेकिन जापान 0.3 परसेंट पर है। … (व्यवधान) 200 वर्षों की गुलामी की। यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका की इकोनॉमिक ग्रोथ रेट 2.8 परसेंट है। जो आंकड़े में दे रहा हूं, अगर वे आंकड़े गलत होंगे तो मैं सदन से माफी मांग लूंगा और इस्तीफा दे दूंगा। आप यूनाइटेड किंगडम की बात कर रहे हैं। आज हमारी इकोनामिक ग्रोथ रेट 6.4 परसेंट है, वहीं इंग्लैंड की इकोनामिक ग्रोथ रेट 0.6 परसेंट है। आज इकोनामिक ग्रोथ रेट में भी हम दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते हुए देश हैं। यह हम नहीं कह रहे हैं, यह दुनिया का रही है कि that India is becoming one of the fastest growing economies.

आज भारत का सम्मान पूरी दुनिया में बड़ा है। आज चाहे पेरिस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का मामला हो या ग्लोबल में दुनिया की तीसरी शक्ति सोलर पावर में बनने की बात हो। हमने पेरिस में समझौता किया था कि हम नॉन फॉसिल एनर्जी लेकर आएंगे तो उस नॉन फॉसिल एनर्जी को समय से पहले और वर्ष 2030 से पहले अगर किसी ने अचीव किया है तो वह भारत ने किया है। यह नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में किया है। आप क्या बात करते हैं? क्या आपका आलोचना करना ही काम है? आप देखिए हम दुनिया में किस तरीके से आगे जा रहे हैं। … (व्यवधान) आप अनइंप्लॉयमेंट की बात करते हैं। आज इंडिया में अनइंप्लॉयमेंट रेट 4.2 परसेंट है, जापान में 2.6 परसेंट है, यूनाइटेड स्टेट्स में 4.2 परसेंट है, यूनाइटेड किंगडम में 4.3 परसेंट है। आज आप जिस अनइंप्लॉयमेंट की बात कर रहे हैं, उसमें भी हमने अचीव किया है। हम आत्मनिर्भर भारत बनाने की बात कर रहे हैं, हम विकसित भारत बनाने की बात कर रहे हैं। आपका क्या था? वर्ष 2014 में नेशनल हाइवेज़ कितना था? … (व्यवधान) वर्ष 2014 में नेशनल हाइवेज 91,287 किलोमीटर था। आप धैर्य से सुन लीजिए, उसके बाद जवाब दीजिएगा। I am not yielding. … (*Interruptions*) You should have patience to listen. … (*Interruptions*) हमारी लैंग्थ क्या थी? वह 91,287 किलोमीटर थी। वर्ष 2014 में यह इनकी सरकार में थी। वर्ष 2023 में भारत के नेशनल हाईवेज 91,287 किलोमीटर से बढ़कर 1 लाख 46 हजार 145 किलोमीटर हो गए हैं। यह 60.1 परसेंट बढ़ा है। … (व्यवधान) मैं उनकी आलोचना नहीं कर रहा हूं, केवल अपनी सरकार की उपलब्धियां बता रहा हूं तो आपको मिर्च क्यों लग रही है? अगर मैं आलोचना करता और कोई बात कहता तो अलग बात थी। आप याद कीजिए, जब सीपी जोशी जी हाईवेज मिनिस्टर थे और अगर कोई टेंडर एल-वन हो जाता था तो 6-6 महीने उस पर एमओयू नहीं मिलता था तथा उसका एलओआई जारी नहीं होता था। आज गडकरी जी हैं। अगर आज एल-वन हुआ है तो शाम तक लेटर ऑफ इंडेंट जारी हो जाता है।

माननीय सभापति (डॉ. काकोली घोष दस्तीदार) : अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज) : मैडम, अभी तो मैंने शुरू किया है। हमारा समय है। पहले वर्ष 2014 में 9 किलोमीटर प्रतिदिन नेशनल हाइवे बनाते थे, लेकिन आज हम 36 किलोमीटर प्रतिदिन नेशनल हाईवे बना रहे हैं। आपने देखा है कि किस तरीके से हमारी रोड मिनिस्ट्री या रेलवे मिनिस्ट्री को वर्ष 2013 -14 में बजटरी सपोर्ट करते थे। रेल राज्य मंत्री बिट्टू जी बैठे हैं। इनको मालूम है कि वर्ष 2013-14 में रेलवे को कुल 27 हजार 72 करोड़ रुपये का बजटरी सपोर्ट मिलता था। वर्ष 2014-15 में 30 हजार 121 करोड़ रुपये रेलवे का बजटरी सपोर्ट था, जो बजट का 1.8 परसेंट था। आज 2025-26 में भारत के प्रधानमंत्री ने 2 लाख 52 हजार 200 करोड रुपये का बजट दिया है। हमने अपने बजट का 5 परसेंट दिया है। आप क्या बात करते हैं? रेल भी इन्फ्रास्ट्रक्चर में है। जब रेल और रोड नहीं बनेगा तो देश का विकास कैसे होगा? मैडम, आप भी सुनिए। I think that it is information for the whole House. …(*Interruptions*) Everybody will get enlightened and will welcome it also. …(*Interruptions*) वर्ष 2013-14 में नेशनल हाइवे मिनिस्ट्री को 28,400 करोड़ रुपये मिला था।

1704 बजे (माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए)

अब अध्यक्ष जी, सीट पर आ गए हैं तो हमें और समय मिल जाएगा।

माननीय अध्यक्ष : नहीं। अब समय नहीं मिलेगा।

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज) : आज उस मिनिस्ट्री ऑफ हाइवेज को जिसका वर्ष 2013-14 में 28,400 करोड़ रुपये बजट था और वर्ष 2014-15 में 33,048 करोड़ रुपये बजट था, लेकिन 2025-26 में 2 लाख 87 हजार 333 करोड़ रुपये दिया गया है।

माननीय अध्यक्ष : समय समाप्त।

(1705/MM/UB)

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज) : मैं एक बात कहकर अपनी बात खत्म करना चाहूंगा।

अध्यक्ष जी, मैं अपनी बात नहीं कह रहा हूं, बल्कि पूरी दुनिया कह रही है कि इंडिया एक इमर्जिंग पावर है, इकोनॉमिक पावर है। एंगस मेड्डिसन ने एक किताब लिखी है The World Economy उसमें उन्होंने हाईलाइट किया है कि 17वीं शताब्दी में इंडिया और चीन की इनकम पूरी दुनिया की इनकम के 50 प्रतिशत थी। एक हजार इसवीं में इंडिया की पर-कैपिटा इनकम 450 डॉलर थी जो यूरोप के 427 डॉलर से अधिक थी। बीच में इंडिया की इकोनॉमी खराब हुई। आज यह इमर्जिंग नहीं है, आज नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में इकोनॉमी रिइमर्जिंग हमारी इकोनॉमी होने जा रही है। यह मैं कहना चाहता हूं- the Reserve Bank of India in its latest 'State of the Economy Report' has stated that India is set to become the second largest economy of the world within this century even at current growth, and, perhaps hold the dominant position in the world economy that was enjoyed in 1780 before the colonial invasion. मैं विस्तार में नहीं जाना चाहता हूं लेकिन मैं समझता हूं कि पूरी दुनिया यह मान रही है कि भारत की बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। हमारा देश वर्ष 2047 में विकसित भारत बनेगा और दुनिया की सुपर पावर होगा। धन्यवाद।

(इति)

*श्री लुम्बा राम (जालौर) : अध्यक्ष महोदय, केन्द्रीय बजट 2025-26 पर चर्चा हेतु अपने विचार रखने के लिए समय दिए जाने पर आपका आभार और धन्यवाद।

अध्यक्ष महोदय, वित्त मंत्री महोदया द्वारा 50 लाख करोड़ रूपए से ज्यादा का बजट रखा गया है, बकि वर्ष 2012-13 में यह केवल 13 लाख करोड़ रूपए था | इस बजट के माध्यम से देश और दुनिया के समक्ष एक मजबूत, श्रेष्ठ और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की विस्तृत रूप-रेखा को रखा गया है। भारत की अर्थव्यवस्था सभी प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है | पिछले 10 वर्षों में, मोदी सरकार के विकास ट्रैक रिकॉर्ड और संरचनात्मक सुधारों ने महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया है |

इस बजट में देश के युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति समेत देश के गरीब, पिछड़े और मध्यम वर्ग पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में विकास के उपाय प्रस्तावित किए गए हैं। इस शरण के लिए मैं, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी व केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण जी का हार्दिक आभार व धन्यवाद देता हूँ। कृषि क्षेत्र के लिए लाख 37 हजार करोड़ रूपए का प्रावधान कर देश के अन्नदाताओं को बड़े पैमाने पर सशक्त बनाने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाया गया है, साथ ही दलहन के क्षेत्र , मिशन की शुरुआत एक सराहनीय कदम है। किसान केडिट की लिमिट 3 लाख से 5 लाख कर दिया है यह किसानो को आत्मनिर्भर बनाने के दिशा मे मजबूत कदम है।

इनकम टेक्स मे 12 लाख की छुट देकर हमारी सरकार ने मध्यम वर्ग का पुरा ध्यान रखा है इस बजट में। सूक्ष्म एवं वात के लिए ऋण सीमा को 5 करोड़ से बढाकर 10 करोड़ रूपए किया गया है, जिससे अगले 5 वर्षों में 15 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त ऋण उपलब्ध होगा स्टार्टअप्स के लिए 10 करोड़ से 20 करोड़ रुपये तक, आत्मनिर्भर भारत के लिए महत्वपूर्ण 2 क्षेत्रों में पर के लिए गारंटी शुल्क को घटाकर 1 प्रतिशत किया गया, जोकि देश के युवाओं को इस क्षेत्र में काम करने के लिए प्रोत्साहित करेगा | रोगियों, विशेषकर कैंसर, दुर्लभ बीमारियों और अन्य गंभीर दीर्घकालिक बीमारियों से पीड़ित रोगियों को राहत प्रदान करने के लिए सरकार ने 36 जीवनरक्षक औषधियों को मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) से पूर्ण छूट वाली औषधियों की सूची में जोड़ने का प्रस्ताव किया है |

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के लिए 4 लाख करोड़ रूपए का बजटीय आवंटन किया गया है, जोकि वर्ष 2013-44 में 37 हजार करोडी रूपए था | अगले वर्ष मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में 10,000 अतिरिक्त सीटें जोड़ी जाएंगी, अगले 5 वर्षों में 75,000 सीटें जोड़ने का लक्ष्य है| हमारी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में लगभग 1.1 लाख यूजी और पीजी मेडिकल शिक्षा सीटें जोड़ी हैं, जिसमें इस दौरान 130 प्रतिशत की वृद्धि हुई है|

---

* Laid on the Table

अध्यक्ष महोदय, जो काम कांग्रेस सरकार पिछले 60 वर्षों में नहीं कर पाई थी, वो काम मोदी सरकार ने केवल 10 वर्षों के भीतर ही कर दिखाए | 2014 में देश में 16 II1 थी, जो अब 23 हो गई है, 13 IIM थे, जो अब 21 हो गए है, हमारी सरकार अगले 3 वर्षों में सभी जिला अस्पतालों में डे केयर कैंसर सेंटर स्थापित करने की सुविधा प्रदान करेगी। 2025-26 में 200 केंद्र स्थापित किए जाएंगे। वर्ष 2025-26 में रेल मंत्रालय के लिए 2 लाख 65 हजार करोड़ रुपय है, जिसका उपयोग रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण, अपग्रेडेशन, इलेक्ट्रिफिकेशन, रेल लाइनों के दोहरीकरण और अन्य बुनियादी ढांचे के कार्यों में किया जाएगा | असम और पूर्वोत्तर राज्यों के लिए 10 हजार 440 करोड़ रुपये का बजट दिया गया है। वर्ष 2013-14 में रेलवे का बजटीय आवंटन केवल 63 हजार करोड़ रूपए था |जल शक्ति मंत्रालय के अधीन पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के लिए 74 हजार करोड़ रूपए से अधिक का आवंटन किया गया है, इसमें करीब 90 प्रतिशत राशि जल जीवन मिशन के लिए खर्च की जाएगी और इस योजना का वर्ष 2028 तक विस्तार किया जाएगा। जन भागीदारी के माध्यम से ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजनाओं के बुनियादी ढांचे की गुणवत्ता और रखरखाव के लिए कुल परिव्यय में भी वृद्धि की गई है।

अगले 10 वर्ष में 120 नए गंतव्यों और 4 करोड़ यात्रियों को लाने-ले-जाने के लिए क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने की संशोधित उडान स्कीम की घोषणा भी की गई है। पर्वतीय, आकांक्षी और उत्तर-पूर्व क्षेत्र के जिलों में हेलीपैड और छोटे हवाई अड्डों का भी निर्माण किया जाएगा। 2014 तक भारत में 74 हवाई अड्डे थे, अब 160 हवाई अड्डे हैं | एयरपोर्ट की संख्या में वृद्धि से रोजगार के नए अवसर भी खुले हैं। देश को खतरों से सुरक्षित रखने और कक्षा क्षेत्र में आत्मिनिर्भरता प्राप्त करने के लिए इस बजट हेतु 6 लाख 81 हजार करोड़ रूपए से ज्यादा की राशि जारी की गई है। 2013 14 में देश का रक्षा बजट 2 लाख 3 हजार करोड़ रूपए था, जिसमें पिछले 10 दौरान ऐतिहासिक वृद्धि देखने को मिली है। सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय का बजटीय आवंटन 2013-14 में लगभग 31,130 करोड़ रुपये था, जोकि वर्ष 2025-26 में 2 लाख 87 हजार करोड़ रूपए से ज्यादा का हो गया है। देश में राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क की लंबाई मार्च 2014 में 91,287 किलोमीटर से 1.6 गुना बढ़कर वर्तमान में 1,46,145 किलोमीटर हो गई है | अप्रैल 2014 से बजटीय आवंटन में वृद्धि के साथ, सड़कों की गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ है | 4 लेन और उससे अधिक के राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क की लंबाई 2014 में 18,371 किलोमीटर से 2.5 गुना से अधिक बढ़कर 46,720 किलोमीटर हो गई है।

माननीया वित्त मंत्री महोदया द्वारा पेश किया गया यह बजट नए भारत की नई उम्मीदों को साकार करने वाला है। इससे अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, साथ ही देश का आधारभूत ढांचा मजबूत होगा। कांग्रेस के शासन काल में हम दुनिया की 10वें नंबर की अर्थव्यवस्था थे, जबकि माननीय प्रधानमंत्री से नरेंद्र मोदी जी के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में केवल पिछले 10

वर्षों के दौरान दुनिया की 5वें नंबर की अर्थव्यवस्था बन गए है और जल्द ही दुनिया की शीर्ष 3 अर्थव्यवस्थाओं में भारत का नाम होगा।

महोदय मेरे संसदीय क्षेत्र की प्रमुख मांग है जिसे इस बजट वर्ष में पुरा करने की आवश्यकता है

1- नीति आयोग के आकांक्षी जिला के सूची मे शामिल सिरोही जिला केन्द्र को बागरा से रूपगंज लगभग 72 कि0मी0 नई रेलवे मार्ग से जोडने की आवश्यकता है।

2 - सिरोही आकांक्षी जिला को रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के अंतर्गत हिंडन हवाई अडडा से मानपुर हवाई अडडा तक वायु सेवा प्रारंभ करने की आवश्यकता है।

3 आकांक्षी जिला सिरोही मे भारतमाला परियोजना के अंतर्गत गुलाबगंज से माउट आबू के लिए 23 कि0मी0 लम्बी ऐलिवेटेड सडक का निमार्ण करवाने की आवश्यकता है।

4 सूखा प्रभावित क्षेत्र रा सिरोही को माही एवं कडाणा बांध का पानी उपलब्ध कराने की आवश्यकता है|

मैं, वित्त मंत्री महोदया को इस ऐतिहासिक, साहसिक और दूरगामी लक्ष्यों को साधने वाले बजट के लिए धन्यवाद हूँ।

(इति)

*श्री विनोद लखमशी चावड़ा (कच्छ) : अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीता रमण जी को बहुत बहुत धन्यवाद देता हूँ और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को इस महत्वपूर्ण ऐतिहासिक बजट के लिए बधाई देता हूं।, वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2025-26 का आम बजट यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्य वाली सरकार के पिछले सभी बजट की तरह ही आम लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप है। हमारे देश का सौभाग्य है मा. प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में अभी हाल में ही हमने देश के संविधान की 75 वी वर्षगांठ मनाई है और उससे कुछ दिन पहले ही भारतीय गणतंत्र ने 75 वर्षों की यात्रा भी पूरी की है। ये लोकतंत्र का अमृतकाल है ये बजट फिर से भारत वर्ष को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने वाला बजट है जिससे स्पष्ट हो जाता है कि श्री नरेंद्र मोदी जी भारत के तीसरे कार्यकाल में भारत वर्ष आगामी पञ्चवर्षीय में, विकासशील भारत से विकसित भारत की और जाने वाली गाडी और भी सुपर फास्ट स्पीड से दौड़ने लगी है। वर्ष 2047 का जो विकसित भारत लक्ष्य है मा० प्रधानमंत्री की सरकार का विकास को देखते हुए लगता है कि वो पहले ही प्राप्त हो जाएगा।

यह बजट करोडों भारतीय नागरिकों की आशाओं और सपनों को ध्यान में रखकर बताया गया है और इसका उद्देश्य उन सपनों को सभी के लिए वास्तविकता बताता है। हमने युवाओं के लिए रोमांचक अवसर खोले हैं। जो वास्तव में विकसित भारत की ओर हमारी यात्रा का दिल है। इस बजट को एक शक्तिशाली वढावा के रूप में सोचें जो हमें अधिक बचत करने, बुद्धिमानी से निवेश करने, बेहतर उपभोग करने और एक साथ बढ़ने में मदद करेगा।

सम्पूर्ण भारत के लिए, आधुनिकता की दिशा में, पिछले दस सालो में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं पिछले वर्षों में जो फैसले लिए गए, नीतियां बनी, उसकी वजह से आज अर्थव्यवस्था का निरतंर विस्तार होगा।

अमृतकाल के इस बजट से विकसित भारत के विराट संकल्प को पूरा करने के लिए एक मजबूत नींव का निर्माण हुआ है इसमें नौकरी पेशा नागरिकों को और वंचितों को वरीयता दी गई है ये बजट आज की आकांक्षा समाज - गांव गरीब, किसान, मध्यम वर्ग, सभी के सपनों को पूरा करेगा। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में ये बजट, भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ ही सामान्य मानवी के लिए, अनेक नए अवसर पैदा करने वाला ऐतिहासिक बजट है। ये बजट देश में अधिक तेज विकास, तेजी से बढ़ता नया बुनियादी ढांचा, अधिक निवेश के नए स्रोत, अधिक नौकरियों की संभावनाओं से भरा हुआ है।

यह बजट युवा, गरीब, महिला व किसान को सुदृढ़ करने वाला बजट है, क्योंकि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने इन चारों को विकसित भारत का स्तंभ माना है। यह वजट विकसित भारत की नींव को मजबूत करने वाला बजट है।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने अंतरिम बजट 2024-25 में जनजातीय मामलों के मंत्रालय को 13,000 करोड़ रुपये आवंटित किए है, जो कि 2023-24 वर्ष के बजट आवंटन से

---

* Laid on the Table

70 प्रतिशत अधिक था। और अब जनजातीय कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता है उसके चलते बजट आबटन 2014-15 में 4,497.96 करोड़ रुपये से 231.83 प्रतिशत बढ़कर 2025-26 में 14.925.81 करोड़ रुपये हो गया है।

भारत में 10.45 करोड़ से ज्यादा अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लोग रहते हैं। जो कुल आबादी का 8.6 प्रतिशत है। यह एक समृद्ध और विविधतापूर्ण आदिवासी विरासत का दावा करता है। दूरदराज और अक्सर दुर्गम क्षेत्रों में फैले ये समुदाय लंबे समय से सरकार के विकास एजेंडे का केंद्र बिंदु रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, केंद्रीय बजट 2025-26 जनजातीय मामलों के मंत्रालय के लिए बजटीय आबंटन में पर्याप्त वृद्धि के साथ इस प्रतिवद्धता की पुष्टि करता है, जिससे देश भर में आदिवासी समुदायों का समय और सतत विकास सुनिश्चित होता है।

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी की कृपा से आप अनुसूचित जनजातियों के विकास के लिए समय बजट आबंटन 2024-25 में 10,237.33 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 में 14,925.81 करोड़ रुपये हो गया है, जो 45.79 प्रतिशत अधिक है।

प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना (पीएमएएजीवाई) का विस्तार किया गया है और इसे पांच वर्षों में 80,000 करोड़ रुपये की लागत के साथ धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) के अन्तर्गत शामिल किया गया है।

जनजातीय कार्य मंत्रालय के लिए बजट लागत में लगातार बढ़ोतरी देखी गई है, जो 2023-24 में 7,511.64 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 10,237.33 करोड़ रुपये हो गया है और अब 2025-26 में 14,925.81 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिलती है: 2014-15 में 4,497.96 करोड रुपये से बढ़कर 2021-22 में 7,411 करोड़ रुपये हो गई है और अब 2014-15 से 231.83 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जो जनजातीय कल्याण पर सरकार के लगातार फोकस को दर्शाता है।

जनजातीय कार्य मंत्रालय के सचिव, श्री विभु नायरः 'बढ़ा हुआ बजट हमें पीएम-जनमन, धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान, ईएमआरएस और अन्य कार्यक्रमों जैसे परिवर्तनकारी कार्यक्रमों को लागू करने में सक्षम करेगा, जो पूरे भारत में जनजातीय समुदायों के लिए दीर्घकालिक, टिकाऊ प्रभाव पैदा करेंगे।"

केंद्रीय बजट 2025 आदिवासी विकास में एक बड़ा बदलाव है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कौशल विकास और आर्थिक सशक्तीकरण पर जोर दिया गया है। विभिन्न मंत्रालयों में लक्षित हस्तक्षेपों को एकीकृत करके, सरकार समावेशी विकास को बढ़ावा दे रही है और एक ऐसे विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त कर रही है, जहां आदिवासी समुदाय न केवल लाभार्थी है, बल्कि राष्ट्र की प्रगति में सक्रिय योगदानकर्ता भी है।

यह बजट में देश के युवाओं नए जोश से भर देता है एक नई दिशा देने की बात करता है। युवाओं की इनकम बढ़ने की पूरी पूरी उम्मीद इस बजट में दिखती है माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार की लगातार युवाओं के लिए काम कर रही है। साल 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र

बन जाएगा और जिसकी बुनियाद आज युवा ही होंगे। अभी देश में 3 हजार नए आई.टी.आई खोले गए। इसका फायदा युवाओं को मिला है।

पिछले दशक से ही माननीय नरेंद्र मोदी जी की ये सरकार युवाओं की आस पर खरी उतर रही है और इस बार हर बार से बेहतर बजट भारत युवाओं को मिला है जब वित मंत्री जी ने बजट का पिटारा खोला तो उन्होंने युवाओं और छात्रों के लिए कई बड़े ऐलान किए। बजट में बड़े ऐलान करते हुए कहा कि सभी MSMEs के वर्गीकरण के लिए निवेश और टर्नओवर की सीमा को क्रमश: 2.5 और 2 गुना तक बढ़ाया गया है। इससे उन्हें आगे बढ़ने और हमारे युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने का आत्मविश्वास मिलेगा।

सरकार वैश्विक विशेषज्ञता और साझेदारी के साथ कौशल विकास के लिए पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करेगी। पांच आईआईटी संस्थानों में बुनियादी ढांचे का निर्माण किया जाएगा। सरकार ने बताया कि बीते 10 वर्षों में आईआईटी संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या 65 हजार से बढ़कर 1.35 लाख हो गई है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता में बेहतर शिक्षा के लिए 500 करोड़ रुपये की लागत से एक कॉलेज स्थापित किया जाएगा। अगले साल मेडिकल कोलेजों और अस्पतालों में 10 हजार से ज्यादा अतिरिक्त सीटें जोड़ी जाएंगी। अगले पांच वर्षों में 75 हजार सीटें जोड़ने का लक्ष्य है। अगले पांच वर्षों में पीएम रिसर्च फेलोशिप योजना के अनुसार, आईआईटी और आईआईएससी में तकनीकी अनुसंधान के लिए 10 हजार फेलोशिप प्रदान की जाएंगी।

उभरते युवा उद्यमियों के वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए 10,000 करोड़ रुपये के कोष के साथ स्टार्टअप के लिए 'फंड ऑफ फंड्स' योजना के एक और दौर की घोषणा की। एलान इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि सरकार स्टार्टअप के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

सरकार ने बजट में युवाओं को ध्यान में रखते हुए स्टार्टअप्स के लिए ऋण सीमा को 10 करोड रुपये से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपये किया गया है। साथ ही 27 फोकस क्षेत्रों में ऋण गारंटी को घटाकर एक प्रतिशत कर दिया गया है। सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए ऋण सीमा को 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये किया गया है। साथ ही उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत सूक्ष्म उद्यमों के लिए पांच लाख रुपये की सीमा वाले कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड शुरू किए जाएंगे। पहले वर्ष में ऐसे 10 लाख कार्ड जारी किए जाएंगे। फंड ऑफ फंड्स का एलान किया है। सरकार ने फंड ऑफ फंड्स की स्थापना की है, जिसके तहत सरकार स्टार्टअप्स के लिए 10 हजार करोड़ की मदद देगी इस बजट में उन्होंने साफ कर दिया कि महिलाओं की विरोध पर उनका पूरा फोकस है अपनी 'विकसित भारत' की अवधारणा को ध्यान में रखते हुए उन्हेंने इस बजट के सभी विकास की योजनाओं को गरीब, यूथ, अन्नदाता और नारी को केंद्र में रखकर बनाया है। इस बार के बजट में वित्त मंत्री से लोगों की कई उम्मीदें थी और टैक्स में 12 लाख तक की छूट दे कर उन्होंने कई लोगों को राहत दी है। टैक्स स्लैब की खुशखबरी के अलावा आइए आपको बताते हैं कि महिलाओं को इस बजट में क्या खास मिला है।

वित मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में इस बात का जिक्र किया कि यह उम्मीद करती है कि भारत की इकनोंमी में महिलाओं की भागीदारी बढ़ और लगभग 70% महिलाएं आर्थिक गतिविधियों से जुड़ें वित्त वर्ष 2025-26 का आम बजट में उन्होंने महिलाओं के लिए बड़ा एलान

किया है। भाषण के दौरान उन्होंने अनुसूचित जाति (SC) और अनुसूचित जनजाति (ST) की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए दो नई योजनाओं की घोषणा की है। पहली योजना के तहत, अगले पांच सालों में 5 लाख SC/ST महिला एंट्रिप्न्योर को 5 साल की अवधि के लिए टर्म लोन प्रदान किया जाएगा। इस योजना के तहत अगले 5 सालों में इन उद्यमियों को 2 करोड़ रुपये तक का टर्म लोन (ऋण) दिया जाएगा। यह योजना "Stand-Up India योजना के सफल अनुभवों से सीखी गई बातों को ध्यान में रखते हुए बनाई जाएगी।

वहीं दूसरी योजना में, पहली बार बिजनेस की दुनियां में कदम रखने वाली 5 लाख SC/ST महिलाओं को अगले पांच सालों में सहायता दी जाएगी। इसके अलावा, उद्यमिता और प्रबंधकीय कौशल (मैनेजमेंट स्किल्स) को बढ़ाने के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य इन समूहों को अपना व्यवसाय शुरू करने और उसे सफल बनाने में मदद करना है महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से लाई गई है, जो पहली बार उद्यमी (एटरप्रेन्योर) बनने जा रही हैं। सरकार का लक्ष्य है कि इन महिलाओं को वित्तीय सहायता, ट्रेनिंग मेंटरशिप प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। सरकार पहली बार उद्यम शुरू करने वाली पांच लाख महिलाओं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों के लिए 2 करोड़ रुपये का लोन शुरू करेगी। पिछड़े वर्ग की महिलाओं के लिए खास स्कीम लाई गई है जिसमें एसएमई और बड़े उद्योगों के लिए एक विनिर्माण मिशन स्थापित करने सरकार श्रम-प्रधान क्षेत्रों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए सुविधाजनक करने का कार्य भी किया जाएगा, लोन गारंटी कवर को दोगुना करके 20 करोड़ रुपये किया जाएगा तथा गारंटी शुल्क को घटाकर एक प्रतिशत किया जाएगा। महिलाओं और बच्चों के पोषण को मजबूत बनाने के लिए सक्षम आंगनवाड़ी और POSHAN 210 स्कीम की भी शुरुआत की जाना है।

गुजरात में रेलवे के लिए 17.155 करोड़ रूपए का प्रावधान रखने के लिए प्रधानमत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी का विशेष आभार प्रकट करता हूँ।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पूरे देश के साथ-साथ गुजरात का रेलवे नेटवर्क भी विकास और विस्तार के स्वर्णिम कालखंड का साक्षी बन रहा है और विकसित भारत बजट-2025 से इस विकास यात्रा को और अधिक गति मिलने वाली है।

गुजरात में रेलवे के लिए मात्र ₹589 करोड की राशि दी गई थी, वहीं मोदी सरकार ने वर्ष 2025-26 में इसे 29 गुना बढाकर ₹17,155 करोड़ करने की ऐतिहासिक घोषणा की है। बीते एक दशक में गुजरात में रेलवे ट्रैक्स के इलेक्ट्रिफिकेशन में भी 22 गुना वृद्धि हुई है और अब गुजरात के 97% रेलवे ट्रैक्स का इलेक्ट्रिफिकेशन हो चुका है। ₹799 करोड़ की लागत से स्टेशन पुनर्विकास के कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे नेटवर्क के इस कायाकल्प से गुजरात में व्यापार, उद्योग, यातायात और रोजगार को और भी अधिक बढ़ावा मिलेगा।

आने वाले दिनों में ₹6,303 करोड़ की लागत से गुजरात के 87 स्टेशनों को अमृत स्टेशन के रूप में विकसित किया जाएगा। इनमें अहमदाबाद, आणंद, अंकलेश्वर, जामनगर, जूनागढ जंक्शन, महेसाणा जंक्शन, नवसारी, पोरबंदर, राजकोट जंक्शन, वडोदरा और वापी प्रमुख है। इसके साथ-साथ

₹5,572 करोड़ की लागत से 7 प्रमुख स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य भी प्रगति पर है, जिनमें गांधीनगर राजधानी, साबरमती, सोमनाथ, उधना, सूरत, न्यू भुज और अहमदाबाद शामिल है।

प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना कृषि जिला विकास कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि विकास का पहला इंजन होगा। प्रथम चरण में 100 विकासशील कृषि जिलों को शामिल किया जाएगा।

आकांक्षी जिलों के कार्यक्रम की तर्ज पर कृषि जिलों का विकास कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। फसल विविधीकरण, सिंचाई सुविधाएं और ऋण की उपलब्धता से 1.7 करोड किसानों को मदद मिलेगी। इस योजना में फसल विविधीकरण को अपनाया जाएगा, फसल कटाई के बाद भंडारण को बढाया जाएगा।

यह कार्यक्रम राज्यों के साथ साझेदारी में शुरू किया जाएगा, जिसमें कम उत्पादकता, मध्यम फसल सघनता और औसत से कम ऋण मापदंडों वाले 100 जिलों को शामिल किया जाएगा, जिससे 1.7 करोड़ किसानों को लाभ मिलेगा।

कौशल, निवेश, प्रौधोगिकी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के माध्यम से कृषि में अल्प रोजगार की समस्या को दूर करने के लिए राज्यों के साथ साझेदारी में एक व्यापक बहु-क्षेत्रीय कार्यक्रम शुरू किया जाएगा।

सरकार तुअर, उड़द और मसूर पर ध्यान केंद्रित करते हुए 6 साल का दलहनों में आत्मनिर्भरता मिशन शुरू करेगी। नैफेड और एनसीसीएफ अगले 4 वर्षों के दौरान किसानों से इन दालों की खरीद करेंगे।

राज्यों के साथ साझेदारी में किसानों के लिए उत्पादन, कुशल आपूर्ति, प्रसंस्करण और लाभकारी मूल्य को बढावा देने के लिए एक व्यापक कार्यक्रम शुरु किया जाएगा।

बिहार में मखाना बोर्ड की स्थापना एक अच्छा कदम है जो किसानों को लाभ पहुंचाएगा। यह बोर्ड किसानों को उनकी उपज के लिए बेहतर मूल्य प्रदान करने में मदद करेगा, जिससे वे अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार कर सकेंगे।

आदरणीय अध्यक्ष महोदय/महोदया, मैं बजट 2025 की सराहना करता हूं और इसे संसद में पारित करने का समर्थन करता हूं। यह बजट हमारी सरकार की आर्थिक विकास, रोजगार सृजन, और मध्यम वर्ग के लिए राहत प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है धन्यवाद । जय हिन्द जय भारत

(इति)

*__श्री विष्णु दयाल राम (पलामू) :__ माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे 2025-26 के आम बजट पर बोलने का अवसर प्रदान किया है इसके लिए मैं आपका आभारी हूँ। मैं माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी का भी आभारी हूँ जिन्होंने प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत के लक्ष्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को पूर्ण करने वाला बजट पेश किया यह बजट सर्व स्पर्शी और सर्व समावेशी तथा गरीब, महिला, युवा, एससी, एसटी, ओबीसी एवं अन्नदाता वर्ग के कल्याण के साथ-साथ उद्योगों एवं इंफ्रास्ट्रक्चर को भी मजबूती देने वाला दूरदर्शी बजट है।

कृषि विकास एवं किसानों की खुशहाली के साथ-साथ आत्मनिर्भर भारत की ऊर्जा से ओतप्रोत और रोजगार सृजन के प्रति समर्पित है।

माननीय अध्यक्ष जी मैं एक ही बातों को बार-बार दोहराने में विश्वास नहीं रखता और मेरे पूर्व के माननीय वक्ताओं ने बजट के करीब-करीब सभी विषयों पर विस्तृत चर्चा की है अतः उन्हीं बातों को दुहरा कर मैं सम्मानीय सदन का महत्वपूर्ण समय बर्बाद नहीं करना चाहता हूँ। इसलिए आप सबका ध्यान एक खास विषय की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूँ। माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर सदन में दिए गए भाषण जिसमें उन्होंने कहा था कि "हम संविधान को जीते हैं" उसको बजट के माध्यम से कैसे परिलक्षित किया गया है इस बात पर टिप्पणी करना चाहता हूँ।

संविधान सामाजिक न्याय की बात करता है। इसलिए बहुत आवश्यक है कि प्रसिद्ध शायर जॉन एलिया का एक शेर आपके समक्ष रख दूँ 'ये वार कर गया है पहलू से कौन मुझ पर, था मैं ही दाएं बाएं और दरमियां भी मैं था। अध्यक्ष महोदय, मैं दलित समाज से आता हूँ और मुझे यह लगता है कहीं ना कहीं कुछ इस तरह का आचरण वर्तमान के विपक्षी दलों का दलित समाज के प्रति रहता है कि हमारे समाज को आज तक समझ ही नहीं आया कि उनके हक पर, उनकी जमीनों पर एवं उनके संसाधनों पर कब्जा कौन कर रखा है। कुछ दल हितैषी बनने का ढोंग तो करते हैं परतु ढेले भर का काम दलित, आदिवासी एवं ओबीसी समाज के पक्ष में नहीं करते यह मैं बजट के माध्यम से समझाना चाहता हूँ।

माननीय प्रधानमंत्री जी ने कहा कि 1999 में जनजातीय कार्य मंत्रालय को अलग मंत्रालय बनाने वाले श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी थे। लेकिन इस बात को भी बताना बहुत जरूरी है कि 1998 में SC & ST वेलफेयर जैसे आवश्यक विषयों को गृह मंत्रालय से समाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय में लाने वाले भी श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ही थे। गृह मंत्रालय के कार्यभार के दौरान SC/ST वेलफेयर को कहीं पर पीछे की सीट मिल जाती थी, यह कोई मामूली घटना नहीं थी अब समझते है इसके वजह क्या थे ?

2025-26 के बजट में समाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय को 13,611 करोड रूपए आवंटित किए गए हैं जिसका एक मुख्य हिस्सा SC वेलफेयर, SC स्कॉलरशिप, SC एजुकेशनल प्रोग्राम एंड इकोनामिक एंपावरमेंट स्कीम पर खर्च होगा। वर्ष 2014 में यह करीब 6700 करोड रूपए होता था जो आज दोगुना से ज्यादा हो गया है।

---

* Laid on the Table

VENTURE CAPITAL FUND FOR SCHEDULED CASTES (VCF-SC) जो एक गवर्नमेंट आफ इंडिया इनीशिएटिव ऑफ मिनिस्ट्री ऑफ सोशल जस्टिस एंड एंपावरमेंट है, उसका कॉरपस 330 करोड़ है और इससे अनुसूचित जातियों के उद्यमियों को बढ़ावा मिल रहा हैं। उन्हें मात्र 4 प्रतिशत के ब्याज दर पर अपने व्यवसाय के लिए लोन मिल सकता है।

Development Action Plan for Scheduled Castes (DAPSC) के लिए 2023-24 1,59,147.79 में क्ररोड़ आवंटित किए गए थे उसे 2024-25 में लगभग 4 प्रतिशत बढाकर 1,65,500.05 करोड़ रुपए दिए गए थे। इस बजट 2025-26 में आवंटन राशि की 1.80 प्रतिशत बढ़ाकर 1,60,478.38 करोड़ रुपए कर दिए गए है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY) के तहत लगभग 7,72,000 किलोमीटर की सड़कें बन गई है। आपको क्या लगता है मुख्यतः इसके लाभुक कौन होगे।

लगभग 4 करोड़ प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभुकों में बड़ी संख्या SC लाभुकों की है क्योंकि उन्हें आवास आवंटन में प्राथमिकता दी जाती है। यहां मैं बताना चाहता हूँ कि पूर्व में अनुसूचित जाति के सदस्यों के लिए आवास प्रदान करने के लिए योजना बनायी गयी थी, कांग्रेस के शासन काल में, पर आज के प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और तत्कालीन इन्दिरा आवास योजना के कार्यान्यवन में अंतर को जानकर आप आश्चर्यचकित रह जायेंगे। तब तक अनुसूचित जातियों के सदस्यों के आवास का निर्माण गाँव के बाहर किया जाता था, जहाँ न रोजी रोजगार का कोई साधन था नहीं बच्चों की शिक्षा दीक्षा के लिए कोई स्कूल। एक तरह से आवास की तथाकथित सुविधा देकर उन्हें गाँव से बाहर निकाल दिया जाता था। तथाकथित आवास मैंने इसलिए कहा कि वह रहने लायक नहीं था, वस्तुतः वह सुअर के खोभार जैसा था जिसमें सुअर ही रह सकते थे आदमी नहीं और यही कारण है कि अधिकांश आवास खंडहर में तब्दील हो गए।

अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लिए 2022-23 में 5,660 करोड़ रूपए आवंटित किया गया था, जिससे 66 लाख छात्र लाभान्वित हुए। अनुसूचित जाति के छात्र/छात्राएँ उच्च शिक्षा प्राप्त कर सके इसके लिए हमारी सरकार ने कक्षा9वीं एवं 10वीं के अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है ताकि वे अपनी पढ़ाई जारी रख सके। पोस्ट मैट्रीक छात्रवृति योजना के अन्तर्गत इस बजट के अंतर्गत 6360.00 करोड रूपए आवंटित किया है जिससे छात्र लाभाविन्त होंगे। इतना ही नहीं जो छात्र विदेशों में जाकर पढ़ाई करना चाहते है उनको भी वित्तीय सहायता प्रदान करती है। National Fellowship for Scheduled Caste Students (NFSC) scheme के अंतर्गत Mphil and PHD Condidates को Stipend प्रदान करती है।

वर्ष 2014-15 के केंद्रीय बजट में अनुसूचित जातियों के लिए ऋण वृद्धि गारंटी योजना Credit Enhancement Guarantee Scheme for SC (CEGSSC) की घोषणा की गई थी। CEGSSC योजना 200 करोड़ रुपये की प्रारंभिक राशि के साथ शुरू की गई थी। इस योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति के उद्यमियों के बीच उद्यमशीलता को बढ़ावा देना है, इसके लिए ऋण देने वाली सस्थाओं को ऋण वृद्धि गारंटी प्रदान की जाती है, जो अनुसूचित जाति के उद्यमियों को वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे।

माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने देश के समग्र विकास के लिए आकाक्षी जिलों एवं ब्लॉकों को चिन्हीत किया है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी का सोच है कि आकाक्षी जिलों में विकास का कार्य तेज गति से चले ताकि कि वे आकांक्षी जिलों की सूची से निकलकर विकसित जिलों की श्रेणी में आ खड़े हो। नीति आयोग ने स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास तथा बुनियादी ढांचा क्षेत्रों के समग्र संकेतकों के आधार पर 27 राज्यों में कुल 112 आकांक्षी जिलों की पहचान की गयी है। उक्त आकांक्षी जिलों की सूची में मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू के दोनों जिलें कंमश: पलामू एवं गढ़वा भी शामिल है। इन दोनों जिलों के समग्र विकास के लिए मैं सदन का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ। पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत महत्वपूर्ण परियोजनायें अधर में लटकी हुयी है। उक्त परियोजनाओं को पूर्ण कराने की मांग करता हूँ ये योजनाएँ हैं:-उत्तरी कोयल जलाशय (मंडल डैम) परियोजना, मेदिनीनगर स्थित चियांकी एयरपोर्ट का परिचालन, पलामू एवं गढ़वा जिला में 20-20 मेगावाट का सोलर पार्क, राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कॉर्पोशन (NICDC) के तहत झारखंड राज्य के भवनाथपुर में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (IMC) की स्थापना, सोन कनहर पाइप लाइन सिंचाई परियोजना, रजहरा कोलियरी में कोयला उत्खनन का कार्य प्रारम्भ करना।

बजट 2025-26 में रेलवे के विकास के लिए 2,52,000 करोड़ रूपए की बड़ी राशि आवंटित किया गया है। उक्त राशि से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं आदरणीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी के नेतृत्व में रेलवे के इफास्ट्रक्चर, नई ट्रेनें और आधुनिक कोच, निम्न एवं मध्यम वर्ग के लोगों की सेवा करने में बहुत मददगार साबित होगी। माननीय रेल मंत्री जी ने रेलवे का तेज गति से यात्री सुविधाओं में विस्तार एवं रेलवे में आमूलचूल परिवर्तन किया है इसके लिए मैं उन्हें बधाई देना चाहता हूँ। रेलवे मंत्रालय से पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत महत्वपूर्ण मांगों को पूर्ण कराने की कृपा की जाय, जो निम्नलिखित हैः-

1. त्रिवेणी लिंक एक्सप्रेस को पुनः प्रांरभ किया जाय अथवा उसके स्थान पर एक ऐसी ट्रेन चलायी जाय जो लखनऊ तक जाय।

2. हावड़ा जबलपुर शक्तिपुज एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 11447/11448 का विस्तार मुंबई तक किया जाय।

3. रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18635/18636 में यात्रियों की संख्या अत्यधिक होने के कारण लोगों को यात्रा करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों की संख्या को देखते हुए 1 Ac Chair Car एवं 3G.S कोच की संख्या में बढ़ोतरी की जाय।

पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर Unmanned Railway Crossing को बंद कर दिये जाने से एक ही गांव दो भागों में विभक्त हो गये है। वहां के निवासियों को आवागमन में अनेकों प्रकार की कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त स्थानों पर RUB/LHS का बनाने से जनता को कठिनाईयों से निजात मिल सकेगी। वैसे स्थान निम्नलिखित है:-

(1) डाली-हैदरनगर प्रखण्ड, पलामू जिला।

(2) सोनपुरवा-गढ़वा जिला।

(3) अहिरपुरवा-नगर उंटारी, गढ़वा जिला।

(4) कजरात नावाडीह-हुसैनाबाद प्रखण्ड, पलामू जिला।

(5) बुढवापीपर-डालटनगंज सदर, पलामू जिला।

(6) बखारी-डालटनगंज सदर, पलामू जिला।

(7) कुम्भी-मेराल ब्लॉक, गढ़वा जिला।

(8) लहरबंजारी-उंटारी रोड प्रखण्ड, पलामू जिला।

(9) बेगमपुरा-मोहम्मदगंज प्रखण्ड, पलामू जिला।

(10) सतबहिनी रेलवे स्टेशन एवं मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन के बीच में खंभा संख्या 340/33 के समीप और गेट नं0-58 के पास, उंटारी रोड प्रखण्ड, पलामू जिला।

अंत में मैं माननीय वित्त मंत्री जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने इस बजट में अनुसूचित जाति के छात्रों की शिक्षा और उनके उज्जवल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए हैं। उनका निर्णय न केवल उनके सपनों को साकार करने में सहायक होगा बल्कि समाज को आगे बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाएगा। अंत में इन दो पंक्तियों के साथ अपनी बात को समाप्त करना चाहता हूँ कि "तालीम की रोशनी हर दलित के घर में जलती रहे, ख्वाब हर नजर में नए रंग भरती रहे, जो बढ़ाए कदम आगे सबके भले के लिए, उस रहनुमा को सदा दुनियां दुआ देती रहे।"

(इति)

*__श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर (दाहोद) :__ माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेत्तृत्व में फिर से एक एतिहासिक बजट जोकि अमृतकाल का में महत्वपूर्ण बजट भी है, को पेश करने के लिए मैं माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीता रमण जी को बहुत बहुत धन्यवाद देता हूँ और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को इस महत्वपूर्ण ऐतिहासिक बजट के लिए बधाई देता हूं।

हमारे देश का सौभाग्य है मा. प्रधानमंत्री जी के नेत्तृत्व में अभी हाल में ही हमने देश के संविधान की 75 वीं वर्षगांठ मनाई है और उससे कुछ दिन पहले ही भारतीय गणतंत्र ने 75 वर्षों की यात्रा भी पूरी की है। ये लोकतंत्र का अमृतकाल है जिसमे भारत की विकास की गंगा बिना किसी बाधा के तीसरे कार्यकाल में तीन गुना तेजी से निरंतर बह रही है

ये बजट फिर से भारत वर्ष को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने वाला बजट है जिससे स्पष्ट होजाता है कि श्री नरेंद्र मोदी जी भारत के तीसरे कार्यकाल में भारत वर्ष आगामी पञ्चवर्षीय में, विकाशील भारत से विकसित भारत की और जाने वाली गाडी और भी सुपर फ़ास्ट स्पीड से दौड़ने लगी है। वर्ष 2047 का जो विकसित भारत लक्ष है मा० प्रधानमंत्री की सरकार का विकास को देखते हुए लगता है कि वो पहले ही प्राप्त हो जाएगा |

यह बजट करोड़ों भारतीय नागरिकों की आशाओं और सपनों को ध्यान में रखकर बनाया गया है और इसका उद्देश्य उन सपनों को सभी के लिए वास्तविकता बनाना है। हमने युवाओं के लिए रोमांचक अवसर खोले हैं, जो वास्तव में विकसित भारत की ओर हमारी यात्रा का दिल हैं। इस बजट को एक शक्तिशाली बढ़ावा के रूप में सोचें जो हमें अधिक बचत करने, बुद्धिमानी से निवेश करने, बेहतर उपभोग करने और एक साथ बढ़ने में मदद करेगा।

सम्पूर्ण भारत के लिए, आधुनिकता की दिशा में, पिछले दस सालों में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं पिछले वर्षों में जो फैसले लिए गए, नीतियां बनीं, उसकी वजह से आज अर्थव्यवस्था का निरंतर विस्तार होगा।

अमृतकाल के इस बजट से विकसित भारत के विराट संकल्प को पूरा करने के लिए एक मजबूत नींव का निर्माण हुआ है इसमें नौकरी पेशा नागरिकों को और वंचितों को वरीयता दी गई है ये बजट आज की आकांक्षा समाज - गांव-गरीब, किसान, मध्यम वर्ग, सभी के सपनों को पूरा करेगा।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में ये बजट, भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ ही सामान्य मानवी के लिए, अनेक नए अवसर पैदा करने वाला ऐतिहासिक बजट है। ये बजट देश में अधिक तेज विकास, तेजी से बढ़ता नया बुनियादी ढांचा, अधिक निवेश के नए स्रोत, अधिक नौकरियों की संभावना ओं से भरा हुआ है। सच में ये देश के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को भी सुनिश्चित करने वाला बजट है। विकसित भारत की आकांक्षाओं और संकल्पों को पूरा करने के लिए एक मजबूत नींव का निर्माण किया है। यह बजट वंचितों को वरीयता देता है और आकांक्षी समाज, गरीबों, गांवों और मध्यम वर्ग के सपनों को साकार करने का प्रयास करता है।

* Laid on the Table

यह बजट युवा, गरीब, महिला व किसान को सुदृढ़ करने वाला बजट है, क्योंकि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने इन चारों को विकसित भारत का स्तंभ माना है। यह बजट विकसित भारत की नींव को मजबूत करने वाला बजट है।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने अंतरिम बजट 2024-25 में जनजातीय मामलों के मंत्रालय को 13,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जो कि 2023- 24 वर्ष के बजट आवंटन से 70 प्रतिशत अधिक था। और अब जनजातीय कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता है उसके चलते बजट आबंटन 2014-15 में 4,497.96 करोड़ रुपये से 231.83 प्रतिशत बढ़कर 2025-26 में 14,925.81 करोड़ रुपये हो गया है

भारत में 10.45 करोड़ से ज्यादा अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लोग रहते हैं, जो कुल आबादी का 8.6 प्रतिशत है। यह एक समृद्ध और विविधतापूर्ण आदिवासी विरासत का दावा करता है। दूरदराज और अक्सर दुर्गम क्षेत्रों में फैले ये समुदाय लंबे समय से सरकार के विकास एजेंडे का केंद्र बिंदु रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, केंद्रीय बजट 2025-26 जनजातीय मामलों के मंत्रालय के लिए बजटीय आबंटन में पर्याप्त वृद्धि के साथ इस प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है, जिससे देश भर में आदिवासी समुदायों का समग्र और सतत विकास सुनिश्चित होता है।

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी कृपा से आप अनुसूचित जनजातियों के विकास के लिए समग्र बजट आबंटन 2024-25 में 10,237.33 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 में 14,925.81 करोड़ रुपये हो गया है, जो 45.79 प्रतिशत अधिक है।

प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना (पीएमएएजीवाई) का विस्तार किया गया है और इसे पांच वर्षों में 80,000 करोड़ रुपये की लागत के साथ धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) के अन्तर्गत शामिल किया गया है।

जनजातीय कार्य मंत्रालय के लिए बजट लागत में लगातार बढ़ोतरी देखी गई है, जो 2023-24 में 7,511.64 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 10,237.33 करोड़ रुपये हो गया है और अब 2025-26 में 14,925.81 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिलती है: 2014-15 में 4,497.96 करोड़ रुपये से बढ़कर 2021-22 में 7,411 करोड़ रुपये हो गई है, और अब 2014-15 से 231.83 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जो जनजातीय कल्याण पर सरकार के लगातार फोकस को दर्शाता है।

एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) : दूरदराज के क्षेत्रों में आदिवासी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए 7,088.60 करोड़ रुपये, जो विगत वर्ष के 4,748 करोड़ रुपये से लगभग दोगुना है।

प्रधानमंत्री जन जातीय विकास मिशन के अंतर्गत 152.32 करोड़ रुपये से बढ़कर 380.40 करोड़ रुपये, जिससे जनजातीय समुदायों के लिए वर्ष भर आय सृजन के अवसर सृजित करने के प्रयासों को बल मिलेगा।

प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना (पीएमएएजीवाई) के अंतर्गत आबंटन 163 प्रतिशत बढ़कर 335.97 करोड़ रुपये हुआ, जिसका उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और रोजगार में बुनियादी ढांचे की कमी को पूरा करना है।

प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) के अंतर्गत बहुउद्देश्यीय केंद्र (एमपीसी), वित्त पोषण को 150 करोड़ रुपये से दोगुना कर 300 करोड़ रुपये किया गया, जिससे विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) बहुल बस्तियों में सामाजिक-आर्थिक सहायता में वृद्धि हुई।

पीएम-जनमन की सफलता के आधार पर, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) का लक्ष्य पांच वर्षों में 79,156 करोड़ रुपये के बजटीय परिव्यय के साथ 63,843 गांवों में बुनियादी ढांचे की कमी को पूरा करना है (केंद्रीय हिस्साः 56,333 करोड़ रुपये, राज्य हिस्सा: 22,823 करोड़ रुपये)। यह पहल 25 लक्षित हस्तक्षेपों के माध्यम से 17 मंत्रालयों को एक साथ लाती है, जिससे स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका और कौशल विकास जैसे प्रमुख क्षेत्रों में एकीकृत आदिवासी विकास सुनिश्चित होता है।

जनजातीय कार्य मंत्रालय के तहत डीएजेजीयूए के लिए आबंटन 2025-26 में 500 करोड़ रुपये से चार गुना बढ़ाकर 2,000 करोड़ रुपये कर दिया गया है, जो जमीनी स्तर पर जनजातीय समुदायों के उत्थान के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

"यह बजट जनजातीय कल्याण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जिसमें शिक्षा, आजीविका और बुनियादी ढांचे में केंद्रित निवेश के साथ उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया गया है। हमारी सरकार जनजातीय सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है।"

"प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, केंद्रीय बजट 2025-26 एक आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए समर्पित है। यह परिवर्तनकारी बजट गांवों, गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के समग्र विकास को प्राथमिकता देता है। इस ऐतिहासिक बजट को प्रस्तुत करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी का हार्दिक आभार।"

जनजातीय कार्य मंत्रालय के सचिव, श्री विभु नायर: "बढ़ा हुआ बजट हमें पीएम- जनमन, धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान, ईएमआरएस और अन्य कार्यक्रमों जैसे परिवर्तनकारी कार्यक्रमों को लागू करने में सक्षम करेगा, जो पूरे भारत में जनजातीय समुदायों के लिए दीर्घकालिक, टिकाऊ प्रभाव पैदा करेंगे।"

केंद्रीय बजट 2025 आदिवासी विकास में एक बड़ा बदलाव है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कौशल विकास और आर्थिक सशक्तीकरण पर जोर दिया गया है। विभिन्न मंत्रालयों में लक्षित हस्तक्षेपों को एकीकृत करके, सरकार समावेशी विकास को बढ़ावा दे रही है और एक ऐसे विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त कर रही है, जहां आदिवासी समुदाय न केवल लाभार्थी हैं, बल्कि राष्ट्र की प्रगति में सक्रिय योगदानकर्ता भी हैं।

यह बजट में देश के युवाओ नए जोश से भर देता है एक नई दिशा देने की बात करता है। युवाओं की इनकम बढ़ने की पूरी पूरी उम्मित इस बजट में दिखती है माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र

मोदी जी की सरकार की लगातार युवाओं के लिए काम कर रही है। साल 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बन जाएगा और जिसकी बुनियाद आज युवा ही होंगे। अभी देश में 3 हजार नए आई.टी.आई खोले गए। इसका फायदा युवाओं को मिला है।

पिछलें दशक से ही माननीय नरेंदर मोदी जी की ये सरकार युवाओं आस पर खरी उतर रही है और इस बार हर बार से बेहतर बजट भारत युवाओं को मिला है जब वित्त मंत्री जी ने बजट का पिटारा खोला तो उन्होंने युवाओं और छात्रों के लिए कई बड़े ऐलान किए. बजट में बड़े ऐलान करते हुए कहा कि सभी MSMEs के वर्गीकरण के लिए निवेश और टर्नओवर की सीमा को क्रमशः 2.5 और 2 गुना तक बढ़ाया गया है. इससे उन्हें आगे बढ़ने और हमारे युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने का आत्मविश्वास मिलेगा।

सरकार वैश्विक विशेषज्ञता और साझेदारी के साथ कौशल विकास के लिए पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करेगी। पांच आईआईटी संस्थानों में बुनियादी ढांचे का निर्माण किया जाएगा। सरकार ने बताया कि बीते 10 वर्षों में आईआईटी संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या 65 हजार से बढ़कर 1.35 लाख हो गई है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता में बेहतर शिक्षा के लिए 500 करोड़ रुपये की लागत से एक कॉलेज स्थापित किया जाएगा। अगले साल मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में 10 हजार से ज्यादा अतिरिक्त सीटें जोड़ी जाएंगी। अगले पांच वर्षों में 75 हजार सीटें जोड़ने का लक्ष्य है। अगले पांच वर्षों में पीएम रिसर्च फेलोशिप योजना के अनुसार, आईआईटी और आईआईएससी में तकनीकी अनुसंधान के लिए 10 हजार फेलोशिप प्रदान की जाएंगी।

उभरते युवा उद्यमियों के वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए 10,000 करोड़ रुपये के कोष के साथ स्टार्टअप के लिए 'फंड ऑफ फंड्स' योजना के एक और दौर की घोषणा की। एलान इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि सरकार स्टार्टअप के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

सरकार ने बजट में युवाओं को ध्यान में रखते हुए स्टार्टअप्स के लिए ऋण सीमा को 10 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपये किया गया है। साथ ही 27 फोकस क्षेत्रों में ऋण गारंटी को घटाकर एक प्रतिशत कर दिया गया है। सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए ऋण सीमा को 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये किया गया है। साथ ही उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत सूक्ष्म उद्यमों के लिए पांच लाख रुपये की सीमा वाले कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड शुरू किए जाएंगे। पहले वर्ष में ऐसे 10 लाख कार्ड जारी किए जाएंगे। फंड ऑफ फंड्स का एलान किया है। सरकार ने फंड ऑफ फंड्स की स्थापना की है, जिसके तहत सरकार स्टार्टअप्स के लिए 10 हजार करोड़ की मदद देगी

इस बजट में उन्होंने साफ कर दिया कि महिलाओं की ग्रोथ पर उनका पूरा फोकस है. अपनी 'विकसित भारत' की अवधारणा को ध्यान में रखते हुए उन्हेंने इस बजट के सभी विकास की योजनाओं को गरीब, यूथ, अन्नदाता और नारी को केंद्र में रखकर बनाया है. इस बार के बजट में लोगों की कई उम्मीदें थीं और टैक्स में 12 लाख तक की छूट दे कर उन्होंने कई लोगों को राहत दी है. टैक्स स्लैब की खुशखबरी के अलावा आइए आपको बताते हैं कि महिलाओं को इस बजट में क्या खास मिला है.

भारत की इकनॉमी में महिलाओं की भागीदारी बढ़ और लगभग 70% महिलाएं आर्थिक गतिविधियों से जुड़ें. वित्त वर्ष 2025-26 का आम बजट में उन्होंने महिलाओं के लिए बड़ा एलान किया है. भाषण के दौरान उन्होंने अनुसूचित जाति (SC) और अनुसूचित जनजाति (ST) की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए दो नई योजनाओं की घोषणा की है. पहली योजना के तहत, अगले पांच सालों में 5 लाख SC/ST महिला एंट्पिन्योर को 5 साल की अवधि के लिए टर्म लोन प्रदान किया जाएगा. इस योजना के तहत, अगले 5 सालों में इन उद्यमियों को 2 करोड़ रुपये तक का टर्म लोन (ऋण) दिया जाएगा. यह योजना "Stand-Up India" योजना के सफल अनुभवों से सीखी गई बातों को ध्यान में रखते हुए बनाई जाएगी.

वहीं दूसरी योजना में, पहली बार बिजनेस की दुनिया में कदम रखने वाली 5 लाख SC/ST महिलाओं को अगले पांच सालों में सहायता दी जाएगी. इसके अलावा, उद्यमिता और प्रबंधकीय कौशल (मैनेजमेंट स्किल्स) को बढ़ाने के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण भी दिया जाएगा. इस योजना का उद्देश्य इन समूहों को अपना व्यवसाय शुरू करने और उसे सफल बनाने में मदद करना है.

महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से लाई गई है, जो पहली बार उद्यमी (एंटरप्रेन्योर) बनने जा रही हैं। सरकार का लक्ष्य है कि इन महिलाओं को वित्तीय सहायता, ट्रेनिंग मेंटरशिप प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। सरकार पहली बार उद्यम शुरू करने वाली पांच लाख महिलाओं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों के लिए 2 करोड़ रुपये का लोन शुरू करेगी। पिछड़े वर्ग की महिलाओं के लिए खास स्कीम लाई गई है जिसमे

एसएमई और बड़े उद्योगों के लिए एक विनिर्माण मिशन स्थापित करने, सरकार श्रम-प्रधान क्षेत्रों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए सुविधाजनक करने कार्य भी किया जाएगा, लोन गारंटी 'कवर' को दोगुना करके 20 करोड़ रुपये किया जाएगा तथा गारंटी शुल्क को घटाकर एक प्रतिशत किया जाएगा। महिलाओं और बच्चों के पोषण को मजबूत बनाने के लिए सक्षम आंगनवाड़ी और POSHAN 210 स्कीम की भी शुरुआत की जाना है।

गुजरात में रेलवे के लिए 17,155 करोड़ रूपए का प्रावधान रखने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी का विशेष आभार प्रकट करता हूँ।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पूरे देश के साथ-साथ गुजरात का रेलवे नेटवर्क भी विकास और विस्तार के स्वर्णिम कालखंड का साक्षी बन रहा है और विकसित भारत बजट-2025 से इस विकास यात्रा को और अधिक गति मिलने वाली है।

गुजरात में रेलवे के लिए मात्र ₹589 करोड़ की राशि दी गई थी, वहीं मोदी सरकार ने वर्ष 2025-26 में इसे 29 गुना बढ़ाकर ₹17,155 करोड़ करने की ऐतिहासिक घोषणा की है। बीते एक दशक में गुजरात में रेलवे ट्रैक्स के इलेक्ट्रिफिकेशन में भी 22 गुना वृद्धि हुई है और अब गुजरात के 97% रेलवे ट्रैक्स का इलेक्ट्रिफिकेशन हो चुका है। ₹799 करोड़ की लागत से स्टेशन पुनर्विकास के कार्य किये जा रहे हैं। रेलवे नेटवर्क के इस कायाकल्प से गुजरात में व्यापार, उद्योग, यातायात और रोजगार को और भी अधिक बढ़ावा मिलेगा।

आने वाले दिनों में ₹6,303 करोड़ की लागत से गुजरात के 87 स्टेशनों को अमृत स्टेशन के रूप में विकसित किया जाएगा। इनमें अहमदाबाद, आणंद, अंकलेश्वर जामनगर, जूनागढ़ जंक्शन, महेसाणा जंक्शन, नवसारी, पोरबंदर, राजकोट जंक्शन वडोदरा और वापी प्रमुख हैं। इसके साथ-साथ ₹5,572 करोड़ की लागत से 7 प्रमुख स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य भी प्रगति पर है, जिनमें गांधीनगर राजधानी, साबरमती सोमनाथ, उधना, सूरत, न्यू भुज और अहमदाबाद शामिल हैं।

प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना कृषि जिला विकास कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि विकास का पहला इंजन होगा। प्रथम चरण में 100 विकासशील कृषि जिलों को शामिल किया जाएगा।

आकांक्षी जिलों के कार्यक्रम की तर्ज पर कृषि जिलों का विकास कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। फसल विविधीकरण, सिंचाई सुविधाएं और ऋण की उपलब्धता से 1.7 करोड़ किसानों को मदद मिलेगी। इस योजना में फसल विविधीकरण को अपनाया जाएगा, फसल कटाई के बाद भंडारण को बढ़ाया जाएगा।

यह कार्यक्रम राज्यों के साथ साझेदारी में शुरू किया जाएगा, जिसमें कम उत्पादकता, मध्यम फसल सघनता और औसत से कम ऋण मापदंडों वाले 100 जिलों को शामिल किया जाएगा, जिससे 1.7 करोड़ किसानों को लाभ मिलेगा।

कौशल, निवेश, प्रौद्योगिकी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के माध्यम से कृषि में अल्प-रोजगार की समस्या को दूर करने के लिए राज्यों के साथ साझेदारी में एक व्यापक बहु-क्षेत्रीय कार्यक्रम शुरू किया जाएगा।

सरकार तुअर, उड़द और मसूर पर ध्यान केंद्रित करते हुए 6 साल का "दलहनों में आत्मनिर्भरता मिशन" शुरू करेगी। नैफेड और एनसीसीएफ अगले 4 वर्षों के दौरान किसानों से इन दालों की खरीद करेंगे।

राज्यों के साथ साझेदारी में किसानों के लिए उत्पादन, कुशल आपूर्ति, प्रसंस्करण और लाभकारी मूल्य को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक कार्यक्रम शुरू किया जाएगा।

मखाना के उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और विपणन में सुधार के लिए मखाना बोर्ड की स्थापना की जाएगी।

उच्च उपज वाले बीजों पर एक राष्ट्रीय मिशन शुरू किया जाएगा जिसका उद्देश्य अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना, उच्च उपज वाले बीजों का लक्षित विकास और प्रसार तथा 100 से अधिक बीज किस्मों की व्यावसायिक उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

सरकार भारतीय विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र और उच्च सागरों से मत्स्य पालन के सतत दोहन के लिए एक रूपरेखा लाएगी, जिसमें अंडमान एवं निकोबार तथा लक्षद्वीप द्वीपसमूह पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

कपास की खेती की उत्पादकता और स्थिरता में महत्वपूर्ण सुधार लाने तथा अतिरिक्त लंबे रेशे वाली कपास की किस्मों को बढ़ावा देने के लिए 5-वर्षीय मिशन की घोषणा की गई।

केसीसी के माध्यम से लिए गए ऋणों के लिए संशोधित ब्याज अनुदान योजना के अंतर्गत ऋण सीमा ₹3 लाख से बढ़ाकर ₹5 लाख की जाएगी।

असम के नामरूप में 12.7 लाख मीट्रिक टन वार्षिक क्षमता वाला संयंत्र स्थापित किया जाएगा।

इस बजट में reform की दिशा में अहम कदम उठाए गए हैं। Nuclear Energy में Private Sector को बढ़ावा देने का फैसला बहुत ऐतिहासिक है। इससे आने वाले समय में देश के विकास में Civil Nuclear Energy का बड़ा योगदान सुनिश्चित होगा। बजट में हर तरह से रोज़गार के सभी क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है। लेकिन मैं दो बातों जो आने वाले समय में बहुत बड़ा बदलाव लाने वाले हैं। एक- Infrastructure को दर्जा मिलने से भारत में बड़े जहाज़ों के निर्माण को बढ़ावा मिलेगा, आत्मनिर्भर भारत अभियान को गति मिलेगी और हम सब जानते हैं कि जहाज़ निर्माण ऐसा सेक्टर है जो सबसे ज़्यादा रोज़गार देता है।

भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रमुख 'सूर्योदय क्षेत्रों' में से एक के रूप में जाना जाने वाला भारतीय मत्स्य पालन क्षेत्र अपनी पहचान बनाना जारी रखता है और बहुत ही स्वस्थ गति से बढ़ता है, जो कृषि के तहत संबद्ध क्षेत्रों में उत्पादन के मूल्य (वित्त वर्ष 2014-15 से 2022-23) में 9.08% की उच्चतम औसत वार्षिक दशकीय वृद्धि दर्ज करता है (नीति

आयोग रिपोर्ट 2024)। इस विकास की कहानी भारत की वैश्विक रैंकिंग द्वारा चिह्नित है, जो वैश्विक मछली उत्पादन में ~ 8% हिस्सेदारी और 184.02 लाख टन (2023-24) के रिकॉर्ड उच्च मछली उत्पादन के साथ दूसरे सबसे बड़े मछली उत्पादक देश के रूप में है। भारत 2023-24 में 139.07 लाख टन के साथ जलीय कृषि उत्पादन में भी दूसरे स्थान पर है और 60,524 करोड़ रुपये (2023-24) के कुल निर्यात मूल्य के साथ दुनिया में शीर्ष झींगा उत्पादक और समुद्री भोजन निर्यातक देशों में से एक है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के आदर्श वाक्य के साथ, भारत सरकार 2047 तक विकसित भारत की दिशा में एक प्रमुख चालक के रूप में मत्स्य पालन क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दे रही है। इसी तरह देश में पर्यटन की भी बहुत संभावनाएं हैं। पहली बार 50 महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों पर बनने वाले होटलों को इंफ्रास्ट्रक्चर के दायरे में लाकर पर्यटन पर बहुत जोर दिया गया है। ये हॉस्पिटैलिटी सेक्टर जो रोजगार का बहुत बड़ा क्षेत्र है, और पर्यटन जो रोजगार का सबसे बड़ा क्षेत्र है, उसे एक तरह से चारों तरफ रोजगार के अवसर पैदा करके ऊर्जा देने का काम करेगा। आज देश विकास और विरासत के मंत्र को लेकर आगे बढ़ रहा है। इस बजट में इसके लिए बहुत महत्वपूर्ण और ठोस कदम उठाए गए हैं। एक करोड़ पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए ज्ञान भारत मिशन शुरू किया गया है। इसके साथ ही भारतीय ज्ञान परंपरा से प्रेरित एक नेशनल डिजिटल रिपोजिटरी भी बनाई जाएगी। यानी तकनीक का भरपूर इस्तेमाल किया जाएगा और हमारे पारंपरिक ज्ञान से अमृत निकालने का काम भी किया जाएगा।

बजट में मत्स्य पालन क्षेत्र के लिए 2,703.67 करोड़ रुपये का अब तक का सबसे अधिक कुल वार्षिक बजटीय समर्थन प्रस्तावित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए यह समग्र आवंटन पिछले वर्ष 2024-25 के दौरान किए गए 2,616.44 करोड़ रुपये (बीई) के आवंटन की तुलना में 3.3% अधिक है। इसमें वर्ष 2025-26 के दौरान प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के लिए 2,465 करोड़ रुपये का आवंटन शामिल है, जो वर्ष 2024-25 (2,352 करोड़ रुपये) के दौरान इस

योजना के लिए किए गए आवंटन की तुलना में 4.8% अधिक है। केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में जलीय कृषि और समुद्री खाद्य निर्यात में अग्रणी के रूप में भारत की उपलब्धि पर प्रकाश डाला। बजट घोषणा रणनीतिक रूप से वित्तीय समावेशन को बढ़ाने, सीमा शुल्क में कमी करके किसानों पर वित्तीय बोझ कम करने और समुद्री मत्स्य पालन के विकास को आगे बढ़ाने पर केंद्रित है।

बजट में लक्षद्वीप और अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह पर विशेष ध्यान देने के साथ विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) और उच्च समुद्र से मत्स्य पालन के सतत दोहन के लिए एक ढांचे को सक्षम करने पर प्रकाश डाला गया है। यह समुद्री क्षेत्र में विकास के लिए भारतीय ईईजेड और आसपास के उच्च समुद्र में समुद्री मछली संसाधनों की अप्रयुक्त क्षमता का सतत दोहन सुनिश्चित करेगा। चूंकि भारत में 20 लाख वर्ग किमी का ईईजेड और 8,118 किमी लंबी तटरेखा है, जिसमें अनुमानित समुद्री क्षमता 53 लाख टन (2018) है और 50 लाख लोग अपनी आजीविका के लिए समुद्री मत्स्य क्षेत्र पर निर्भर हैं। यह भारतीय ईईजेड में विशेष रूप से अंडमान और निकोबार और लक्षद्वीप द्वीपसमूह के आसपास उच्च मूल्य वाली टूना और टूना जैसी प्रजातियों के दोहन की व्यापक गुंजाइश और क्षमता प्रदान करता है।

अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में मत्स्य पालन के विकास का लक्ष्य 6.60 लाख वर्ग किलोमीटर (भारतीय ईईजेड का 1/3) के अपने ईईजेड क्षेत्र का उपयोग करना होगा, जिसमें 1.48 लाख टन की समुद्री मत्स्य पालन क्षमता शामिल है, जिसमें टूना मत्स्य पालन की 60,000 टन क्षमता शामिल है। इस उद्देश्य के लिए, टूना क्लस्टर के विकास को अधिसूचित किया गया है और टूना मछली पकड़ने वाले जहाजों में ऑन-बोर्ड प्रसंस्करण और फ्रीजिंग सुविधाओं की स्थापना, गहरे समुद्र में टूना मछली पकड़ने वाले जहाजों के लिए लाइसेंसिंग और अंडमान और निकोबार प्रशासन द्वारा एकल खिड़की मंजूरी, समुद्री पिंजरा संस्कृति, समुद्री शैवाल, सजावटी और मोती की खेती में अवसरों का उपयोग करना जैसी गतिविधियां शुरू की गई हैं। लक्षद्वीप द्वीपसमूह में मत्स्य पालन के विकास का लक्ष्य 4 लाख वर्ग किलोमीटर (भारतीय ईईजेड का 17%) के ईईजेड क्षेत्र और 4200 वर्ग मीटर के लैगून क्षेत्र का उपयोग करना होगा, इस प्रयोजन के लिए, समुद्री शैवाल क्लस्टर के विकास को अधिसूचित किया गया है और लक्षद्वीप प्रशासन द्वारा एंड-टू-एंड मूल्य श्रृंखला के साथ द्वीप-वार क्षेत्र आवंटन और पट्टे नीति, महिला स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) का गठन और निजी उद्यमियों और लक्षद्वीप प्रशासन के सहयोग से आईसीएआर संस्थान के माध्यम से क्षमता निर्माण, टूना मछली पकड़ने और सजावटी मछली पालन में अवसरों का दोहन जैसी गतिविधियां शुरू की गई हैं।

बजट में, भारत सरकार ने मछुआरों, किसानों, प्रसंस्करणकर्ताओं और अन्य मत्स्यपालन हितधारकों के लिए ऋण सुलभता बढ़ाने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण सीमा को ₹3 लाख से बढ़ाकर ₹5 लाख कर दिया। इस कदम का उद्देश्य वित्तीय संसाधनों के प्रवाह को सुव्यवस्थित करना है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि क्षेत्र की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आवश्यक धनराशि आसानी से उपलब्ध हो। बढ़ी हुई ऋण उपलब्धता आधुनिक

कृषि तकनीकों को अपनाने में सहायता करेगी और ग्रामीण विकास और आर्थिक स्थिरता को मजबूत करेगी, जिससे संस्थागत ऋण को अधिक समावेशी और सुलभ बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को बल मिलेगा।

वैश्विक समुद्री खाद्य बाजार में भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने और हमारे निर्यात बास्केट में मूल्यवर्धित उत्पादों की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए, केंद्रीय वित्त मंत्री ने मूल्यवर्धित समुद्री खाद्य उत्पादों जैसे नकली केकड़ा मांस स्टिक, सुरीमी केकड़ा पंजा उत्पाद, झींगा एनालॉग, लॉबस्टर एनालॉग और अन्य सुरीमी एनालॉग या नकली उत्पाद आदि के विनिर्माण और निर्यात के लिए जमे हुए मछली पेस्ट (सुरीमी) पर मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) को 30% से घटाकर 5% करने का प्रस्ताव दिया है। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर भारतीय झींगा पालन उद्योग को मजबूत करने के लिए, एक्वाफीड के विनिर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण इनपुट मछली हाइड्रोलाइजेट पर आयात शुल्क 15% से घटाकर 5% करने की घोषणा की गई है। इससे उत्पादन लागत कम होने और किसानों के लिए राजस्व और लाभ मार्जिन में वृद्धि होने की उम्मीद है,

""जय जवान जय किसानः

प्रधानमंत्री शास्त्री ने 'जय जवान जय किसान' का नारा दिया. प्रधानमंत्री वाजपेयी ने बताया कि 'जय जवान जय किसान जय विज्ञान', प्रधानमंत्री मोदी ने यह आगे बढ़ाया है कि "जय जवान जय किसान जय विज्ञान और जय अनुसंधान", क्योंकि इनोवेशन विकास की नींव है.

हमारे टेक सेवी युवाओं के लिए यह एक सुनहरा युग होगा, पचास वर्ष के ब्याज मुक्त ऋण के साथ एक लाख करोड़ रुपये का कोष स्थापित किया जाएगा. कॉर्पस लंबी अवधि और कम या शून्य ब्याज दरों के साथ दीर्घकालिक वित्तपोषण या पुनर्वित्तपोषण प्रदान करेगा, इससे निजी क्षेत्र को सूर्योदय क्षेत्रों में महत्वपूर्ण रूप से अनुसंधान और नवान्वेषण बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा. हमारे पास ऐसे कार्यक्रम होने चाहिए जो हमारे युवाओं और प्रौद्योगिकी की शक्तियों को संयोजित करते हैं.

रक्षा के उद्देश्यों के लिए डीप-टेक टेक्नोलॉजी को मजबूत बनाने और 'आत्मनिर्भरता' को तेज करने के लिए एक नई स्कीम लॉन्च की जाएगी', मूल संरचना विकास,

उच्च यातायात घनत्व गलियारे,

मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी को सक्षम करने के लिए प्रधानमंत्री गति शक्ति के तहत परियोजनाओं की पहचान की गई है. वे लॉजिस्टिक दक्षता में सुधार करेंगे और लागत को कम करेंगे. हाई-ट्रैफिक कॉरिडोर का परिणामी डिकंजेशन यात्री ट्रेनों के संचालन में भी मदद करेगा, जिसके परिणामस्वरूप यात्रियों की सुरक्षा और उच्च यात्रा गति होगी. समर्पित माल गलियारों के साथ, इन तीन आर्थिक गलियारे कार्यक्रमों से हमारे सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि में तेजी लाएगी और तर्कसंगत लागतों को कम किया जाएगा. चालीस हजार सामान्य रेल बाँगी को यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और आराम को बढ़ाने के लिए वंदे भारत मानकों में बदला जाएगा.

विमानन क्षेत्र को पिछले दस वर्षों में बढ़ाया गया है. हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी होकर 149 हो गई है. उड़ान योजना के तहत स्तर-दो और तीन स्तर के शहरों में वायु संयोजकता से बाहर निकलना व्यापक रहा है. पांच सौ और सत्रह नए मार्ग 1.3 करोड़ यात्रियों को ले जा रहे हैं,

भारतीय वाहकों ने 1000 से अधिक नए विमानों के लिए सक्रिय रूप से ऑर्डर दिए हैं. मौजूदा हवाई अड्डों का विस्तार और नए हवाई अड्डों का विकास तेजी से जारी रहेगा.

मेट्रो रेल और नमो भारत आवश्यक शहरी परिवर्तन के लिए उत्प्रेरक हो सकते हैं. इन सिस्टमों का विस्तार बड़े शहरों में समर्थित होगा जो ट्रांजिट-ओरिएंटेड विकास पर ध्यान केंद्रित करते हैं.

'नेट-जीरो' के लिए 2070 तक हमारी प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए, निम्नलिखित उपाय किए जाएंगे.

एक गिगा-वॉट की प्रारंभिक क्षमता के लिए ऑफशोर पवन ऊर्जा क्षमता के उपयोग के लिए व्यवहार्यता अंतर निधि उपलब्ध कराई जाएगी. कोयला गैसीफिकेशन और 100 मीटर की लिक्वेफैक्शन क्षमता 2030 तक सेटअप की जाएगी.

यह प्राकृतिक गैस, मेथनॉल और अमोनिया के आयात को कम करने में भी मदद करेगा. घरेलू उद्देश्यों के लिए परिवहन और पाइप्ड प्राकृतिक गैस (PNG) के लिए कंप्रेस्ड प्राकृतिक गैस (CNG) में कंप्रेस्ड बायोगैस (CBG) का चरणबद्ध अनिवार्य मिश्रण अनिवार्य किया जाएगा. संग्रहण को समर्थन देने के लिए बायोमास एग्रीगेशन मशीनरी की खरीद के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी. इलेक्ट्रिक वाहन इकोसिस्टम पर मोदी सरकार निर्माण और चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर का समर्थन करके ई-वाहन इकोसिस्टम को बढ़ाएगी और मजबूत करेगी. भुगतान सुरक्षा तंत्र के माध्यम से सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क के लिए ई-बसों को अधिक अपनाने को प्रोत्साहित किया जाएगा. बायो-मैन्युफैक्चरिंग और बायो-फाउंड्री.

हरित विकास को बढ़ावा देने के लिए जैव-विनिर्माण और जैव-फाउंड्री की एक नई योजना शुरू की जाएगी. इससे बायोडिग्रेडेबल पॉलीमर, बायो-प्लास्टिक, बायो- फार्मास्यूटिकल और बायो-एग्री-इनपुट जैसे पर्यावरण अनुकूल विकल्प प्राप्त होंगे. यह स्कीम पुनरुत्पादक सिद्धांतों के आधार पर आज के उपयोगी विनिर्माण मानदंड को एक में बदलने में भी मदद करेगी.

ब्लू इकोनॉमी 2.0 के तहत जलवायु लचीली गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए नीली अर्थव्यवस्था 2.0 के लिए, पुनर्स्थापन और अनुकूलन उपायों के लिए एक योजना, और एकीकृत और मल्टी-सेक्टोरल दृष्टिकोण के साथ तटीय जल कृषि और मैरीकल्चर शुरू किया जाएगा.

भारत की विविधता को वैश्विक दर्शकों को साठ स्थानों पर जी 20 बैठकों का आयोजन करने की सफलता. हमारी आर्थिक शक्ति ने देश को व्यापार और सम्मेलन पर्यटन के लिए एक आकर्षक गंतव्य बना दिया है. हमारा मध्यम वर्ग भी अब यात्रा और खोजने की आकांक्षा रखता है.

आध्यात्मिक पर्यटन सहित पर्यटन में स्थानीय उद्यमिता के लिए अपार अवसर हैं. राज्यों को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों, ब्रांडिंग और विपणन के व्यापक विकास के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा.

सुविधाओं और सेवाओं की गुणवत्ता के आधार पर केंद्रों की रेटिंग के लिए एक ढांचा स्थापित किया जाएगा. इस तरह के विकास को मैचिंग के आधार पर फाइनेंस करने के लिए राज्यों को दीर्घकालिक ब्याज़ मुक्त लोन प्रदान किए जाएंगे.

घरेलू पर्यटन के लिए उभरते हुए उत्साह को संबोधित करने के लिए, पर्यटन मूल संरचना के लिए परियोजनाएं, और लक्षद्वीप सहित हमारे द्वीपों पर सुविधाएं उठाई जाएंगी. इससे रोजगार पैदा करने में भी मदद मिलेगी. 2014-23 के दौरान एफडीआई का प्रवाह 596 बिलियन अमरीकी डॉलर था जो एक सुनहरे युग को चिह्नित करता था. यह 2005- 14 के दौरान दो बार इन्फ्लो है. निरंतर विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए, हम 'पहले विकास भारत' की भावना में अपने विदेशी भागीदारों के साथ द्विपक्षीय निवेश संधियों के बारे में बातचीत कर रहे हैं'.

विक्सित भारत के लिए राज्यों में सुधार

विक्सित भारत' के दृष्टिकोण को समझने के लिए राज्यों में कई विकास और विकास सक्षम सुधारों की आवश्यकता होती है. राज्य सरकारों द्वारा माइलस्टोन से जुड़े सुधारों का समर्थन करने के लिए इस वर्ष पचास हजार करोड़ रुपये का प्रावधान इस साल प्रस्तावित किया जाता है.
सरकार तेजी से आबादी की वृद्धि और जनसांख्यिकीय परिवर्तनों से उत्पन्न चुनौतियों पर व्यापक विचार करने के लिए एक उच्च शक्ति प्राप्त समिति बनाएगी. 'विकसित भारत' के लक्ष्य के संबंध में इन चुनौतियों को व्यापक रूप से संबोधित करने के लिए सुझाव देने के लिए समिति को अनिवार्य किया जाएगा'.

कर्तव्य काल के रूप में अमृत काल. मोदी सरकार उच्च विकास के साथ अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है और लोगों के लिए अपनी आकांक्षाओं को समझने के लिए शर्तें बनाने के लिए प्रतिबद्ध है.

नई कर व्यवस्था के तहत 12 लाख रुपये तक की वार्षिक आय पर कोई आयकर नहीं वेतनभोगी करदाताओं के लिए सीमा 12.75 लाख रुपये होगी, जिसमें 75,000 रुपये की मानक कटौती होगी।

केंद्रीय बजट 2025-26 सभी करदाताओं को लाभ पहुंचाने के लिए आयकर स्लैब और दरों में व्यापक बदलाव लाएगा। कर स्लैब दर में कमी और छूट के परिणामस्वरूप मध्यम वर्ग को पर्याप्त कर राहत मिलेगी, जिससे घरेलू उपभोग व्यय और निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

"पहले भरोसा करो, बाद में जांच करो" के दर्शन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए, केंद्रीय बजट 2025-26 ने मध्यम वर्ग में विश्वास जगाया है और आम करदाता को कर के बोझ में राहत देने की प्रवृत्ति को जारी रखा है। सभी करदाताओं को लाभ पहुंचाने के लिए कर स्लैब और दरों में व्यापक बदलाव का प्रस्ताव रखा।

करदाताओं को सबसे बड़ी खुशखबरी, "नई व्यवस्था के तहत 12 लाख रुपये (यानी पूंजीगत लाभ जैसी विशेष दर आय को छोड़कर प्रति माह 1 लाख रुपये की औसत आय) तक कोई आयकर देय नहीं होगा । वेतनभोगी करदाताओं के लिए यह सीमा 75,000 रुपये की मानक कटौती के कारण 12.75 लाख रुपये होगी।" स्लैब दर में कमी के कारण लाभ के अलावा कर छूट इस तरह से प्रदान

की जा रही है कि उन्हें कोई कर देय नहीं है। "नए ढांचे से मध्यम वर्ग के करों में काफी कमी आएगी और उनके हाथ में अधिक पैसा बचेगा, जिससे घरेलू उपभोग, बचत और निवेश को बढ़ावा मिलेगा।" नई कर व्यवस्था में, वित्त मंत्री ने कर दर संरचना को इस प्रकार संशोधित करने का प्रस्ताव दिया:

0-4 लाख रुपए	शून्य
4-8 लाख रुपए	5 प्रतिशत
8-12 लाख रुपए	10 प्रतिशत
12-16 लाख रुपए	15 प्रतिशत
16-20 लाख रुपए	इसे स्वीकार करो
20-24 लाख रुपए	25 प्रतिशत
24 लाख रुपये से अधिक	30 प्रतिशत

कराधान सुधारों को विकसित भारत के विजन को साकार करने के लिए प्रमुख सुधारों में से ये एक नया आयकर विधेयक 'न्याय' की भावना को आगे बढ़ाएगा। उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था करदाताओं और कर प्रशासन के लिए समझने में आसान होगी, जिससे कर निश्चितता होगी और मुकदमेबाजी कम होगी।

"जिस तरह से जीव बारिश की उम्मीद में जीते हैं, उसी तरह नागरिक अच्छे शासन की उम्मीद में जीते हैं।" सुधार लोगों और अर्थव्यवस्था के लिए सुशासन प्राप्त करने का एक साधन है। सुशासन प्रदान करने में मुख्य रूप से उत्तरदायी होना शामिल है। कर प्रस्तावों में विस्तार से बताया गया है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सरकार ने हमारे नागरिकों की जरूरतों को समझने और उन्हें संबोधित करने के लिए कैसे कदम उठाए हैं।

2014 में जब मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था को कदम से सुधारने और शासन प्रणालियों को व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी बहुत अधिक थी. समय की आवश्यकता थी जनता को आशा देना, निवेश आकर्षित करना और अत्यधिक आवश्यक सुधारों के लिए समर्थन बनाना. सरकार ने सफलतापूर्वक 'राष्ट्र-प्रथम' के हमारे मजबूत विश्वास का पालन किया'

उन वर्षों की संकट दूर हो गई है और अर्थव्यवस्था को सर्वांगीण विकास के साथ उच्च स्थायी विकास पथ पर दृढ़ता से लगाया गया है. अब यह देखना उचित है कि हम 2014 तक कहां थे और जहां हम अब, केवल उन वर्षों के गलत प्रबंधन से सबक लिखने के उद्देश्य से हैं. सरकार घर की तालिका पर एक सफेद कागज रखेगी.

अगले 25 वर्षों की योजनाओं को धरातल पर लाकर उन्हें कार्यान्वित करने का बजट पेश किया है, जिसमें इज आफ लिविंग पर विशेष ध्यान दिया है भारत के प्रत्येक कोने से, दुर्गम पहाड़ो पे निवास करने वाले या मैदानी क्षेत्र में, किसान या स्टार्टअप करने वाले युवा उद्यमी या फिर औद्योगिक क्षेत्र का विकास हो, इस बजट में हर परिप्रेक्ष्य को शामिल किया गया है।

इस अमृतकाल के दुसरे बजट में भारत की अर्थव्यवस्था सही दिशा में चल रही है, सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसर है और साल 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बन जाने के लक्ष को प्राप्त कर लेगा है।

देश को आत्मनिर्भर बनाने वाले, अमृत काल का एक और बेहतरीन बजट पेश करने के लिए मैं मा० प्रधान मंत्री जी का और मा० वित्त मंत्री जी को एक बार फिर से धन्यवाद देता हूँ।

(इति)

***डॉ. लता वानखेड़े (सागर) :** माननीय अध्यक्ष महोदय आज इस गौरवशाली सदन में खड़े होकर मैं अपने हृदय की गहराइयों से देश के यशस्वी, ओजस्वी और दूरदर्शी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को नमन करती हूँ। जिनकी अद्वितीय नेतृत्व क्षमता, अटूट संकल्प और अकल्पनीय दूरदृष्टि के कारण भारत आज एक नए स्वर्णिम युग की ओर बढ़ रहा है।

यह सिर्फ एक बजट नहीं है, यह भारत के भविष्य की रूपरेखा है। यह बजट मोदी जी के उस संकल्प का प्रतिबिंब है, जो उन्होंने इस देश को आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए लिया था। हम सब सौभाग्यशाली हैं कि हम इस महायुग के साक्षी बने हैं, जब भारत अपनी विजय गाथा और विकास गाथा लिख रहा है।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं बिंदुवार यह स्पष्ट करूंगी कि यह बजट अब तक का सर्वश्रेष्ठ बजट क्यों है!

यह एक ऐसा बजट है जो भारत को एक आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। यह बजट केवल एक संख्याओं का खेल नहीं है, बल्कि हर किसान, हर मध्यम वर्गीय परिवार, हर युवा, हर महिला, और हर छोटे व्यापारी की उम्मीदों का प्रतिबिंब है।

माननीय अध्यक्ष महोदय, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि पहले की सरकारों के समय देश की स्थिति क्या थी। वर्षों तक चली सरकारों ने केवल वादे किए, लेकिन उन वादों को हकीकत में बदलने की इच्छाशक्ति नहीं दिखाई। किसान केवल कर्जमाफी की राजनीति में उलझे रहे, मध्यम वर्ग पर करों का भारी बोझ था, MSME और स्टार्टअप्स की अनदेखी होती रही, महिलाओं और युवाओं केवल घोषणाओं में लुभाया गया, और स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसे मूलभूत क्षेत्रों की स्थिति दयनीय थी।

लेकिन हमारी मोदी सरकार ने देश की दिशा बदली है। हमारी सरकार ने जो कहा, वह करके दिखाया।

1. किसानों के लिए ऐतिहासिक सुधार कार्यक्रम चलाया जा रहा है किसान अब अन्नदाता से उन्नतदाता का सफर तय कर रहा है

पहले की सरकारों ने किसानों को सिर्फ चुनावी मुद्दा बनाया, लेकिन उनकी आय दोगुनी करने या उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की कोई ठोस नीति नहीं बनाई।

हमारी मोदी सरकार ने यहाँ बेड़ा उठाया है और किसानों की समस्याओं को अपनी समस्या माना है हमारे कृषि मंत्री भी एक किसान परिवार से ही है वो जानते हैं कि किसान की दुख तकलीफ़ क्या होती है हमारी वित्त मंत्री Nirmala Seetharaman जी ने इस बजट में किसानो के लिए ऐतिहासिक कार्य किया है

1. 1 करोड़ ७० लाख से ज़्यादा किसानों को सीधा लाभ देने के लिए प्रधानमंत्रीधन-धान्य कृषि योजना बनाई गई है।

2. 100 जिलों में आधुनिक कृषि तकनीक लागू की जा रही है।

3. MSP को ऐतिहासिक रूप से बढ़ाया गया है जिससे किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य मिलेगा।

---

* Laid on the Table

4. किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) की ऋण सीमा रुपये 3 लाख से बढ़ाकर रुपये 5 लाख कर दी गई है

5. अब किसान न केवल आत्मनिर्भर बनेंगे, बल्कि बिचौलियों से मुक्त होकर सीधा मुनाफा कमाएँगे।

6.हमारी वित्त मंत्री जी ने मध्यम वर्ग के लिए सबसे बड़ी राहत दी है करों का बोझ घटाया गया है जो आज के मध्यम वर्ग की सबसे बड़ी माँग थी

पहले की सरकारों ने मध्यम वर्ग को हमेशा करों के जाल में फंसाकर रखा। टेक्स स्लैब को 10-15 साल तक बदला ही नहीं गया।

हमारी सरकार हमेशा से ही मध्यम वर्ग को ध्यान में रखकर काम करती आई है फिर चाहे नई टैक्स रेजिम हो यह कर में छूट हमारी दूरगामी नीति हमेशा हर वर्ग को ध्यान में रखती है

इसीलिए इस बार के बजट में ऐतिहासिक फैसला लिया गया है कि

- 12 लाख रुपये तक की वार्षिक आय पर कोई कर नहीं नहीं देना होगा यह आज से पहले एक सपना ही था जिसे मोदी सरकार ने साकार किया है
- वरिष्ठ नागरिकों को ₹1 लाख तक की अतिरिक्त कर छूट दी गई है
- घर खरीदने और निवेश करने पर विशेष कर प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है
- कराधान प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया गया है
- अब हर मध्यम वर्गीय परिवार के पास अधिक बचत होगी और उनकी क्रय शक्ति बढ़ेगी।

MSME और स्टार्टअप के लिए भी यहाँ बजट एक सुनहरा अवसर बन के आया है

पहले की सरकारों ने छोटे व्यापारियों की अनदेखी की। न तो उन्हें सही वित्तीय सहायता मिली, न ही कोई अनुकूल नीति बनाई गई।

हमारी सरकार के इस बजट मे

- MSME क्रेडिट गारंटी कवर ₹5 करोड़ से बढ़ाकर ₹10 करोड़ किया गया है
- MSME की टर्नओवर और निवेश सीमा को 2.5 गुना तक बढ़ाया गया है
- 5 लाख नए कारीगर क्रेडिट कार्ड जारी किए जाने का लक्ष्य रखा गया है
- 'मेक इन इंडिया' और 'स्टार्टअप हब' को बढ़ावा देने के लिए ₹50,000 करोड़ का इनोवेशन फंड बनाया गया है
- अब भारत छोटे उद्योगों को भी वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाएगा!
- महिलाओं और युवाओं के लिए भी यह बजट स्वर्णिम अवसर बन के आया है

पहले की सरकारों ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर ध्यान नहीं दिया और युवाओं के लिए कौशल विकास योजनाएँ सिर्फ घोषणाओं तक सीमित रहीं।

अब हमारी सरकार में इस बजट के माध्यम से ?

- 50,000 अटल टिंकरिंग लैब, स्कूलों में स्थापित की जाएँगी।
- 5 नए राष्ट्रीय कौशल हब, युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से तैयार किए जाएँगे ।

- महिलाओं को रोजगार और स्वरोजगार के लिए विशेष अनुदान मिलेगा
- अब महिलाएँ और युवा आत्मनिर्भर बनेंगे और देश की अर्थव्यवस्था में योगदान देंगे!

इस बजट के माध्यम से स्वास्थ्य और शिक्षा में ऐतिहासिक सुधार लाए जाएँगे
पहले की सरकारों ने सरकारी अस्पतालों की हालत सुधारने के लिए कोई कदम नहीं उठाया। गरीबों को महंगी दवाएँ खरीदनी पड़ती थीं, और सरकारी स्कूलों की हालत खराब थी उसे अनदेखा किया गया।
मोदी सरकार हर उस अनदेखी का जवाब है इस बजट के मध्यम से

- 36 जीवनरक्षक दवाओं पर टैक्स पूरी तरह हटा दिया गया है
- 10,000 नई मेडिकल सीटें और 200 कैंसर केयर सेंटर बनाए जा रहे हैं।
- सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए नई योजनाएँ लागू की गई है
- अब भारत स्वस्थ और शिक्षित नागरिकों का देश बनेगा!

बुनियादी ढांचे और परिवहन क्षेत्र में भी क्रांति आए ऐसा बजट इस बार हमारी वित्त मंत्री जी ने लाया है। इस बजट के माध्यम से स्वास्थ्य और शिक्षा में ऐतिहासिक सुधार लाए जाएँगे
अध्यक्ष महोदय, पहले की सरकारों ने सरकारी अस्पतालों की हालत सुधारने के लिए कोई कदम नहीं उठाया। गरीबों को महंगी दवाएँ खरीदनी पड़ती थीं, और सरकारी स्कूलों की हालत खराब थी उसे अनदेखा किया गया।
मोदी सरकार हर उस अनदेखी का जवाब है इस बजट के मध्यम से
36 जीवनरक्षक दवाओं पर टैक्स पूरी तरह हटा दिया गया है
10,000 नई मेडिकल सीटें और 200 कैंसर केयर सेंटर बनाए जा रहे हैं।
सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए नई योजनाएँ लागू की गई है
अब भारत स्वस्थ और शिक्षित नागरिकों का देश बनेगा!
बुनियादी ढांचे और परिवहन क्षेत्र में भी क्रांति आए ऐसा बजट इस बार हमारी वित्त मंत्री जी ने लाया है
अध्यक्ष महोदय पहले की सरकारों ने सड़क, रेलवे और हवाई अड्डों की परियोजनाओं को पूरा करने में हमेशा सुस्ती दिखाई।
लेकिन मोदी सरकार एक इतिहास बना रही है इस बजट में 500 वंदे भारत ट्रेनें, 100 नए एक्सप्रेसवे और 50 नए एयरपोर्ट बनाने का लक्ष्य रखा गया है जो आज तक ना किसी ने सोचा था ना किया था रेलवे विद्युतीकरण से भारत में स्वच्छ और आधुनिक परिवहन बने इस बजट में इसका विशेष ख्याल रखा गया है
अब भारत का हर शहर महानगरों से और एक दूसरे से बेहतर कनेक्टेड रहेगा
आज हमारे देश में जो सड़को और हाईवेज का जो निर्माण हो रहा है वो किसी परिचय का मोहताज नहीं है भारत का बच्चा बच्चा इस विकास यात्रा को देख रहा है हमारा मध्य प्रदेश और मेरा संसदीय क्षेत्र सागर भी सड़क और परिवहन में बेहतर हो रहा है हमने माननीय नितिन गडकरी जी से मध्यप्रदेश

में मेरे संसदीय क्षेत्र सागर से होते हुए इंदौर के लिए एक विशेष एक्सप्रेस हाईवे मांगा है जिस पर उन्होंने हमे आश्वस्त किया है। धन्यवाद। जय हिंद

अध्यक्ष जी हमसे पहले की सरकारों में काम करने में ऐसा तालमेल कभी नहीं देखा गया, उस समय किसी विभाग से कुछ मांगना और उस काम का होना केवल सपना लगता था लेकिन मोदी सरकार का हर मंत्रालय विकास की गाथा लिखने की मिसाल बन रहा है

अध्यक्ष जी मैं यह दावे के साथ कह सकती हूँ यह बजट भारत को सुपरपावर बनाने की ओर अब तक का सबसे बड़ा कदम है।

आज जब हम इस ऐतिहासिक बजट पर चर्चा कर रहे हैं, तो यह याद रखना आवश्यक है कि यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज़ नहीं है-यह नए भारत का संकल्प है, आत्मनिर्भर भारत का रोडमैप है, और विकसित भारत की नींव है।

लेकिन यह भी सच है कि यदि कांग्रेस की सरकारें अपनी ज़िम्मेदारी निभातीं, यदि उन्होंने सही नीतियाँ बनाई होतीं, यदि उन्होंने भारत की जनता की वास्तविक परेशानियों को समझा होता, तो हमें आज यह सुधार करने की जरूरत न पड़ती।

हमारी MODI सरकार ने जो कहा, वह किया। 2014 के बाद से हमारे नेतृत्व ने इस देश के विकास के लिए जो संकल्प लिया, उसे पूरा भी किया।

हमने हर मोर्चे पर परिणाम दिए हैं, सिर्फ वादे नहीं किए !

आज जो लोग इस बजट की आलोचना कर रहे हैं, वे वही लोग हैं जिन्होंने दशकों तक इस देश को सिर्फ झूठे वादों से ठगा है।

ये वही कांग्रेस पार्टी है जो किसानों की कर्जमाफी के नाम पर चुनाव जीतती थी, लेकिन कभी किसानों की आय बढ़ाने के लिए कुछ नहीं किया।

ये वही कांग्रेस पार्टी है जिसने मध्यम वर्ग को सिर्फ करों के जाल में फँसाया, लेकिन उनके लिए कोई राहत नहीं दी।

ये वही कांग्रेस पार्टी है जिसने स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में सिर्फ भ्रष्टाचार किया और गरीबों को उनके हाल पर छोड़ दिया।

जो लोग आज हमारे बजट पर सवाल उठा रहे हैं, वे पहले जवाब दें कि उनकी सरकारों ने इतने सालों तक यह काम क्यों नहीं किया?

यह बजट कांग्रेस के लिए एक आईना भी है-एक ऐसा आईना जिसमें वे अपनी नाकामियाँ और खोए हुए अवसरों की कहानी साफ़ देख सकते हैं

अब भारत न केवल एक उभरती हुई शक्ति है, बल्कि एक सशक्त, आत्मनिर्भर और वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ता राष्ट्र है!

धन्यवाद! जय हिंद !

(इति)

***श्री सुरेश कुमार कश्यप (शिमला) :** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आज हमारी माननीय वित्त मंत्री महोदया द्वारा प्रस्तुत दूरदर्शी केंद्रीय बजट 2025-26 की सराहना करने के लिए अत्यंत गर्व और कृतज्ञता के साथ खड़ा हूं। यह बजट 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के गतिशील नेतृत्व में हमारी सरकार की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। सबका साथ-सबका विकास के सिद्धांत पर आधारित, यह बजट समावेशी विकास, शिक्षा, नवाचार और आर्थिक सशक्तिकरण का एक खाका है।

- इस बजट का सबसे महत्वपूर्ण पहलू मध्यम वर्ग के हाथों में अधिक पैसा देने पर केंद्रित है। यह सुनिश्चित करके कि ₹12 लाख तक की आय वाले करदाताओं पर कोई कर देनदारी नहीं है, इस सरकार ने वेतनभोगी और निम्न मध्यम वर्ग के नागरिकों के कल्याण के प्रति अपनी गहरी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। इस कदम से बढ़ती मुद्रास्फीति के बीच बहुत जरूरी राहत मिलने और उच्च खपत को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जिससे आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।
- यह बजट सुनिश्चित करता है कि महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर उचित ध्यान दिया जाए। यह एमएसएमई क्षेत्र के प्रति सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता बढ़े हुए क्रेडिट गारंटी कवर और स्टार्टअप, फुटवियर, चमड़ा, खिलौना और खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए बढ़ी हुई वित्तीय सहायता से स्पष्ट है।
- महोदय ग्रामीण विकास इस बजट में सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है, बजट ने श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जैसे उनकी पंजीकरण को ई-श्रम पोर्टल पर सुविधाजनक बनाना और पीएम जन आरोग्य योजना के तहत उन्हें स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना। यह एक महत्वपूर्ण श्रमिक वर्ग की पहचान है और यह बदलती अर्थव्यवस्था में श्रमिक कल्याण की दिशा में एक प्रगतिकारक कदम है।
- महोदय मुझे गर्व के साथ यह उल्लेख करना है कि इस बजट में हमारे सरकार की भारतीय रेलवे को आधुनिक बनाने के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रमाण मिलता है, जिसमें ₹2.65 लाख करोड़ की भारी पूंजी आवंटित की गई है। यह निवेश हमारे रेल बुनियादी ढांचे और यात्रियों के अनुभव को बदलने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। रेलवे का 100 अमृत भारत ट्रेनों, 50 NAMO भारत ट्रेनों और 200 वंदे भारत ट्रेनों का निर्माण करने का महत्वाकांक्षी योजना आधुनिक, आरामदायक और प्रभावी रेल यात्रा की दिशा में हमारी कोशिशों को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करता है। 17,500 गैर-AC जनरल कोचों के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करना हमारे समाज के सभी वर्गों की सेवा करने की हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। इसके अतिरिक्त, ₹1,16,514 करोड़ की सुरक्षा पहलों के लिए आवंटन, जिसमें ट्रैक नवीकरण और सिग्नलिंग उन्नयन शामिल हैं, यात्री सुरक्षा के प्रति हमारी प्राथमिकता को दर्शाता है। यह बजट भारत की आकांक्षाओं को जोड़ने, क्षेत्रीय असमानताओं को दूर करने और बेहतर

---

* Laid on the Table

गतिशीलता और कनेक्टिविटी के माध्यम से आर्थिक वृद्धि को प्रेरित करने के हमारे दृष्टिकोण का प्रतीक है।'

- महोदय, इस बजट की एक प्रमुख विशेषता शिक्षा और कौशल विकास पर अभूतपूर्व ध्यान केंद्रित करना है। मंत्रालय को ₹1,28,650 करोड़ का आवंटन, जो पिछले वर्ष से 6.22% अधिक है, हमारे देश में कौशल अंतर को कम करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। यह हमारे सरकार की गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि हम अपनी युवा शक्ति को उस ज्ञान से सशक्त करें, जो उन्हें एक तेजी से बदलती दुनिया में सफलता दिलाने में सक्षम बनाएगा।
- इस आवंटन में, ₹78,572 करोड़ को स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के लिए निर्धारित किया गया है, जो इस क्षेत्र के लिए अब तक का सबसे बड़ा आवंटन है। इसके अलावा, ₹50,078 करोड़ उच्च शिक्षा के लिए समर्पित किए गए हैं, जो प्रभावी ढंग से बुनियादी ढांचे और अनुसंधान समर्थन को सुनिश्चित करेंगे।
- भारत नेट परियोजना के तहत सरकारी माध्यमिक स्कूलों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी की व्यवस्था एक क्रांतिकारी कदम होगा। आज के डिजिटल युग में, उच्च गति इंटरनेट तक पहुँच कोई विलासिता नहीं बल्कि आवश्यकता बन गई है। यह पहल यह सुनिश्चित करेगी कि ग्रामीण भारत के छात्र भी अपने शहरी समकक्षों के समान अवसर प्राप्त करें, डिजिटल विभाजन को समाप्त करें और समान शैक्षिक अवसर प्रदान करें।
- महोदय, मुझे विशेष रूप से गर्व है कि सरकार ने 50,000 अटल टिंकरिंग लैब (ATL) स्थापित करने का महत्वाकांक्षी योजना बनाई है। हमारे 24.8 करोड़ छात्रों में से 50% छात्र सरकारी संस्थानों में अध्ययन कर रहे हैं, यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी, क्योंकि इससे छात्रों में 21वीं सदी के कौशल जैसे कंप्यूटेशनल थिंकिंग, अनुकूली शिक्षा और डिज़ाइन माइंडसेट को बढ़ावा मिलेगा। यह कदम भारत के युवा मनों को नवाचार और प्रौद्योगिकी मैं वैश्विक नेता बनने के मार्ग पर अग्रसर करेगा।
- हमारी सरकार ने गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा तक पहुँच को बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। इस वर्ष 10,000 चिकित्सा सीटों के अतिरिक्त करने का प्रस्ताव, और पांच वर्षों में 75,000 सीटों तक विस्तार करने का दीर्घकालिक दृष्टिकोण, हमारे देश में स्वास्थ्य पेशेवरों के गंभीर कमी को दूर करने में मदद करेगा।[2]
- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के भविष्य निर्माण में भूमिका को पहचानते हुए, इस बजट में शिक्षा के लिए AI में उत्कृष्टता केंद्र (Centre of Excellence) की स्थापना का प्रस्ताव किया गया है, जिसके लिए ₹500 करोड़ का प्रावधान किया गया है। यह पहल 2023 में शुरू किए गए तीन AI केंद्रों पर आधारित है और हमारे छात्रों को AI-प्रेरित वैश्विक अर्थव्यवस्था में नेतृत्व करने के लिए तैयार करेगी।

- शोध और विकास को तेज़ी से आगे बढ़ाने के लिए, बजट में प्रधानमंत्री अनुसंधान फैलोशिप योजना के तहत 10,000 फैलोशिप प्रदान करने और निजी क्षेत्र-प्रेरित शोध एवं नवाचार में ₹20,000 करोड़ का निवेश करने का प्रस्ताव किया गया है। यह साहसिक कदम नवाचार को प्रोत्साहित करेगा, उच्च-मूल्य वाली नौकरियों का सृजन करेगा, और भारत को एक वैश्विक ज्ञान शक्ति में बदलने में मदद करेगा।
- और महोदय, मुझे यह कहना पड़ता है कि जो लोग इस बजट की आलोचना कर रहे हैं, उन्हें न तो इसकी रूपरेखा का समझ है और न ही इसके कार्यान्वयन का। उनके तर्क आधारहीन हैं, जो उधारी की बातों से प्रेरित हैं, न कि विवेक से। देखिए उन राज्यों की स्थिति, जैसे कि मेरा राज्य, जहां शासन को एक चक्रीय अक्षमता, भ्रष्टाचार और गलत प्राथमिकताओं में बदल दिया गया है। उनके गलत शासन ने मेरे लोगों को दुखों के एक चक्र में फंसा दिया है-इतना कि उनकी अपनी पार्टी के सदस्य तक इस सदन में अपनी पहली भाषणों में इसे स्वीकार चुके हैं। मैं एक बात से सहमत हूँ-हां, मेरे राज्य के लोग कष्ट भोग रहे हैं, लेकिन वे कांग्रेस के शासन, कांग्रेस की नीतियों, कांग्रेस की उपेक्षा के कारण कष्ट भोग रहे हैं। प्रदेश में कांग्रेस सरकार की साड़ी गारंटियाँ फेल हो चुकी है कांग्रेस सरकार पूर्ण रूपेण हिमाचल प्रदेश को सुसाशन प्रदान करने में विफल हो गयी है और फिर भी, विपक्ष इस बजट पर सवाल उठाने की हिम्मत रखते हैं जो सशक्त बनाने, उन्नति करने और रूपांतरित करने का लक्ष्य रखता है? इस सरकार पर उंगली उठाने से पहले, शायद आपको अपनी असफलताओं पर गहरी नजर डालनी चाहिए !
- मान्यवर अध्यक्ष महोदय, यह बजट केवल आंकड़ों का मामला नहीं है-यह आकांक्षाओं, सशक्तिकरण और प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है। यह हमारे शिक्षा तंत्र को सशक्त बनाने, सामाजिक-आर्थिक असमानताओं को दूर करने और हमारे युवाओं को उज्जवल भविष्य के लिए तैयार करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। लोगों, अर्थव्यवस्था और नवाचार में निवेश करने की यह सोच हमारी सरकार की समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः प्रमाणित करती है।
- हिमाचल प्रदेश के दृष्टिकोण में इस बजट में
- 12 लाख तक की सालाना आय पर कोई टैक्स नहीं हिमाचल के लाखों परिवारों को मिलेगा फ़ायदा।
- विकसित भारत का बजट हिमाचल वासियो के लिए भी खास है
- उड़ान योजना के तहत 120 नए स्थानों तक कनेक्टिविटी बढ़ेगी पहाड़ी रीजन में यातायात सुविधा सुधारने तथा मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने का भी प्रावधान है।

- किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख पी एम धान्य कृषि योजना 100 जिलों के 1.7 करोड़ किसानों को मिलेगा लाभ हिमाचल के किसानो को मिलेगा पूरा लाभ
- राज्य सरकार के साथ मिलकर 50 पर्यटक स्थलों को किया जायेगा विकसित
- हिमाचल प्रदेश के 22 स्थलों को राज्य सरकार के सहयोग से विकसित किया जायेगा इससे प्रदेश के टूरिज्म को भी विशेष बढ़ावा मि
- रेलवे की ओर से हिमाचल प्रदेश में होगा विस्तार इसके लिए को मिला 2716 करोड़ का बजट और अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत हिमचाल प्रदेश के 4 स्टेशनो का होगा पुनर्विकास
- इस बजट के साथ, हम एक आत्मनिर्भर, ज्ञान-आधारित, और समृद्ध भारत की नींव रख रहे हैं। हम भारत को एक मजबूत, आत्मनिर्भर, और समृद्ध राष्ट्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं। मैं इस बजट की पूरी तरह सराहना करता हूँ और हमारे माननीय प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री को उनके दूरदर्शी दृष्टिकोण के लिए अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ। तथा बजट का समर्थन करता हूँ।

(इति)

*__श्री जनार्दन मिश्रा (रीवा) :__ माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीया वित्तमंत्री जी ने थिरुक्कुरल के लोक 542 को अपने बजट भाषण में उललेखित किया है कि “ जैसे जीवित प्राणी वर्षा की आशा में जीते है, वैसे ही नागरिक सुशासन की आशा में जीते है |” देखा जाए तो देश ने माननीय प्रधानमंत्री जी से सुशासन की अपेक्षा के कारण उनके नेतृत्व पर तीसरी बार अपना मत प्रकट किया है। सुशासन की यह उत्प्रेरणा है, जिसमे भारत की आशा टिकी हुई है। जिसे चरितार्थ करने का पूरा प्रयास वित्तमंत्री जी द्वारा किया गया है। आज का भारत सुशासन के ही कारण विकसित भारत की संकल्पना को फली भूत देखना चाहता है| आज दुनिया में भू -निश्चितता का वातावरण है, जिससे सरकार भली भांति समझती है | ऐसी परिस्थिति में निवेश और उपभोग को 41 कर आर्थिक स्थायित्व प्रदान करने वाला बजट पेश किया गया है ह निजी क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित कर निवेश बढ़ाने का प्रयास गया है। आधार भूत संरचनाओ में निजी क्षेत्र की सहभागिता से पूंजीगत निवेश बढ़ाने का संकल्प लिया गया है। मध्यम वर्ग के 12 लाख तक की आय वालो के कर शूल्य हो जाने से लगभग एक लाख करोड़ से अधिक की बचत होगी जिसका अधिकांश हिस्सा बाजार में ख़रीद दारी के माध्यम से आयेगा तथा कुछ बचत भी की जाएगी | इस नीति से बाजार में मुद्रा का प्रवाह बढ़ेगा |

अध्यक्ष महोदय, माननीय वित्त मंत्री जी ने बजट को तीन समयावधि तात्कालिक, मध्य कालिक और अल्पकालिक नजरिये से विभाजित किया है। तात्कालिक तौर पर देखे तो यह जी.डी.पी को गति देगा, मध्यम अवधि में यह जी.डी.पी को सहारा देगा और दीर्घ अवधि में यह समृद्धि की शिला रखेगा। बजट में कृषि को प्रथम वरीयता दी गई है। जिसे बजट में प्रथम इंजन कहा| प्रधान मंत्री धान्य योजना में 100 जिले जो विशिष्ट उपायों के अभिसरण के उत्पादकता, कम फसलो की बुबाई और औसत से कम ऋण मानदंडों वाले है को शामिल किया गया है। इस कार्यक्रम से 1.7 करोड़ किसानों को मदद मिलने की संभावना है। सरकार ने दालों के उत्पादन में लगभग आत्मनिर्भरता प्राप्त करली हैं। हर सरकार तुअर, उड़द, मसूर की उत्पादकता बढ़ाने के लिए 6 वर्षीय “दलहनों में आत्म निर्भरता मिशन” प्रारंभ करने जा रही है तथा इन उत्पादों के शत प्रतिशत खरीदी की व्यवस्था बजट में की गई है। उच्च मूल्य की शीघ्र खराब होने वाली बागवानी उत्पादों सहित एयर कार्गो हेतु अवसरचना और भंडार गृह के उन्नयन की सुविधा प्रदान की जाएगी। जलवायु में परिवर्तन को देखते हुए जलवायु अनुकूल गुणों से सम्पन्न बीज तैयार किए जा रहे है, जिससे पैदावार बढ़ेगी ये बीज कीट प्रतिरोधी भी होंगे। 100 से अधिक किस्मों के बीज वाणिज्यिक स्तर पर उपलब्ध कराये जाएँगे | कृषि क्षेत्र में किसान उत्पादक संगठनों और सहकारी समितियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी | किसान क्रेडिट से 7 करोड़ 70 लाख न को अल्पकालिक ऋण 3 लाख तक मिलता हैं इस ऋण सीमा को बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया गया हैं। यूरिया बढ़ावा देने के लिए असम में (2.7 लाख मीट्रिक टन उत्पादन वाला संयंत्र स्थापित किया जाएगा!

* Laid on the Table

ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए भारतीय डाक को उत्प्रेरक के रुप में उपयोग किया जाएगा जिससे विश्वकर्माओ, नए उद्यमियों, महित्रा स्व-सहायता समूहों, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों तथा बड़े कारोबारी संगठनों की बढ़ती आवश्यकताओं की पूर्ति होगी।

अध्यक्ष महोदय, "मेक इन इंडिया" को आगे बढ़ाने के लिए वित्त मंत्री जी ने राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन" के स्थापना की घोषणा की है। इससे सूक्ष्म, लघु उद्योगों को काफ़ी सहारा मिलेगा| छोटे उद्यमियो के लिए क्रेडिट गारंटी 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ की गई है जिससे अगले पाँच वर्षों में 1.5 लाख करोड़ के अतिरिक्त ऋण उपलब्ध होंगे। स्टार्ट अप के करोड-बसे बढाकर 20 करोड़ के ऋणों की गारंटी शुल्क कम के 1% कर दी जाएगी। जिससे प्रमुख क्षेत्रों को प्रोत्साहन मिलेगा| सूक्ष्म 5 लिए 5 लाख सीमा वाले क्रेडिट उपलब्ध कराए जाएंगे| 5 लाख महिला , अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति उद्यमियों के लिए नई योजना प्रारंभ की गई हैं| जिन्हे अगले 5 वर्षो में 2 करोड तक का सावधि ऋण उपलब्ध कराया जाएगा| ग्रामीण आबादी को नल से जल देने की योजना का लक्ष्य 100 प्रतिशत कवरेज करने का संकल्प लिया गया है| जो 2028 तक पूरा होगा इससे ग्रामीण महिलाओ को जल संग्रहण में होने वाले कष्टों से मुक्ति मिलेगी साथ ही पेट संबंधी अनेक बीमारियों से भी राहत मिलेगी। उड़ान योजना का विस्तार कर 10 वर्षों में 120 नये गंतव्यों तक क्षेत्रीय कनेकटी विटी बढ़ाई जाएगी जिससे 4 करोड़ यात्रियों का हवाई परिवहन की सुविधा प्राप्त होगी।

अध्यक्ष महोदय, गत दस वर्षों में 1.1 लाख स्नातक और स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा सीटो को जोड़ा गया है। आगामी वर्ष में मेडिकल कॉलेजों, अस्पतालों में दस हजार से अधिक सीटें जोड़ी जाएगी। आगामी वर्षों में 75 हजार सीटें जोड़ने का लक्ष्य है। आंगनवाड़ी केंद्रों को अधिक सक्षम बनाया जाएगा।

50 हज़ार अटल टिगरिंग प्रयोगशालाओ के माध्यम से छात्रो में जिज्ञासा व को प्रोत्साहित किया जाएगा। परमाणु ऊर्जा ईमिशन के माध्यम से परमाणु ऊर्जा रियक्टरों को क्रियाशील किया जाएगा। विद्युत के सुधारो के लिए राज्यो को इन सुधारों पर भरने पर जी. की 0.5% अतिरिक्त उधारी दी जाएगी।

विगत तीन वर्षों में सभी जिलो में कैंसर सेंटर स्थापित किये जाएँगे। जिससे इस प्राणघातक बीमारी से लाखो गरीबो को राहत मिलेगी | दवाओं में आयात शुल्क घटाने से उनकी क़ीमते कम होगी जिससे रोगियो की हजारो करोड़ रुपये की बचत होगी | गिग वर्करों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जाएगी जिससे उनके जीवन व व्यवसाय में स्थायित्व आयेगा | नया आय कर विद्येयक "न्याय" की भावना को आगे बढ़ायेगा। यह विधेयक अध्यायो व शब्दों दोनो दृष्टियों से आधे से कम और पाठ रूप में सुस्पष्ट और प्रत्यक्ष होगा | जिससे मुकदमे बाजी में कमी आयेगी।

महोदय, सभी स्कूलो को ब्रॉडवेड से जोड़ा जाएगा तथा भारत भाषा योजना के जरिये मातृ भाषाईम शिक्षा दी जायेगी | जिससे शिक्षा की दिशा में आमूल चूल परिवर्तन होगा। ज्ञान भारत मिशन के माध्यम से एक करोड़ पांडुलिपियों में उल्लेखित मे भारत का परिचय होगा।

एक ओर मोदी जी की सरकार सांस्कृतिक विरासत को प्रकट कर रही है वहीं 68 लाख गरीब स्ट्रीट वेंडरों को कोरोना से मुक्त करने का असंभव कार्य बैंको से संवर्धित ऋण तीस हज़ार रुपए कर दिया

गया है। और उन्हें नई तकनीक से जोड़ कर आधुनिक बनाया जायेगा। भारत में लेदर क्षेत्र की उत्पादकता गुणवता और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने हेतु छोटे चर्मशोधको द्वारा निर्यात को सुविधाजनक बनाने के लिए क्रस्ट लेदर को 20% निर्यात शुल्क से छूट दी गई हैं, वही लेदर फुट वियर और उत्पादों की सहायता के अलावा बिना लेदर वाले फुट वियर के उत्पादन हेतु आवश्यक डिजाइन क्षमता, घटक निर्माण और मशीनों के लिए सहायता दी जाएगी। इससे 1.1 लाख करोड़ से अधिक का निर्यात होने की संभावना है ।

बजट में "वैश्विक खिलौना केंद्र" बनाया जाएगा जिससे उच्च गुणवत्ता वाले ऐसे अनूठे, नवीन और पर्यावरण अनुकूल खिलौने बनेंगे जो "मेड
इन इंडिया" ब्रांड का प्रतिनिधित्व करेंगे। देश विदेशी खिलौना व्यापार से मुक्त होगा। जो खनिज घरेलू उपलब्ध नहीं है जैसे लिथियुम आयन बैटरी, पारा, कोबाल्ट , जिंक सहित 12 अन्य महत्वपूर्ण खनिजों के अपशिष्ट व अवशिष्ट को वी.सी.डी से पूरी तरह छूट दी गई। बजट के स्वत रत से स्पष्ट है कि ब्ज्व मोदी जी के विकसित भारत कस को साकार करल्ने वाला बजट है।

महोदय, रीवा लोकसभा क्षेत्र में आदरणीय मोदी जी के तीसरे कार्यकाल में रीवा में हवाई अडडे का निर्माण कार्य पूरा हो गया तथा रीवा - भोपात्र हवाई यात्रा प्रारम्भ हो गई है| रीवा रेलवे स्टेशन को सर्व सुविधा युक्त बनाया जा रहा है, रीवा बाई पास के चोड़ी करण का कार्य प्रारम्भ हो चुका है| हर घर नल से जल पहुचाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य प्रारम्भ है, गुणवत्ता पूर्ण बिजली आपूर्ति के लिए RDSS योजना के तहत कार्य किया जा रहा है| इन सारे कार्यो के लिए मैं रीवा के 30 लाख नागरिको की ओर से माननीय प्रधान मंत्री जी और उनकी सरकार के प्रति कृतलता ज्ञापित करता हूँ|

परन्तु रीवा के नागरिको की कुछ मांगो की ओर मैँ केंद्र सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ|

1. रीवा " हनुमना रेलवे लाइन. निर्माण को स्वीकृति दी जाये तथा रीवा से मुंबई हेतु | नियमित रेल यात्री गाड़ी संचालन किया जाये।

2. मऊगंज में अन्त्योदय विद्यालय व सेन्ट्रल स्कूल की स्थापना की जाये|

3. रीवा में प्रपातो की एक श्रृंखला है अत: उन्हें पर्यटर्क स्थलों के रूप में विकसित किया जाये।

4. रीवा के पुराने बस अडडे से ढेकहा तिराहे तक फ्लाई ओवर का निर्माण कराया जाये |

5. सोहागी घाटी जो एक गंभीर दुर्घटना स्थल के रूप में चिन्हित की गई है उसे सुरक्षित यात्रा मार्ग बनाने हेतु राशि का आवंटन किया जाये।

6. मानिकपुर प्रयागराज के मध्य चलने वाली यात्री गाड़ी संख्या 22441-42 का डभौरा रेलवे स्टेशन पर ठहराव किया जाये | धन्यवाद !

(इति)

****श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर (दादरा और नागर हवेली) :** माननीय अध्यक्ष जी मैं आपका धन्यवाद करती हूँ कि आपने मुझे माननीय वित मंत्री जी दवारा प्रस्तुत जनरल बजट 2025-2026 पर अपनी बात रखना चाहती हूँ, ओर आपने ये अवसर दिया इसके लिए आपका बहुत-बहुत आभार।

माननीय अध्यक्ष महोदय, यह बजट संतुलित, समावेशी और दूरदर्शी है। यह गांव, गरीब, किसान, युवा और महिला सभी वर्गों के हितों को साधते हुए भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। मैं इस बजट का पूर्ण समर्थन करती हूँ और सरकार के इस प्रयास की सराहना करती हूँ।

सबसे पहले, मैं हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और माननीय वित्त मंत्री को इस दूरदर्शी और समावेशी बजट के लिए हार्दिक बधाई देती हूँ। यह बजट "विकसित भारत" के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो आत्मनिर्भर भारत, सशक्त ग्रामीण अर्थव्यवस्था, और तकनीकी विकास को प्राथमिकता देता है।

आर्थिक वृद्धि और समावेशी विकास

सरकार द्वारा प्रस्तुत यह बजट भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को और अधिक गति प्रदान करेगा। भारत आज दुनिया की सबसे तेज़ी से उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, और यह बजट स्थायी विकास, निवेश वृद्धि, और रोजगार सृजन पर केंद्रित है। इंफ्रास्ट्रचर और निवेश: पूंजीगत व्यय में बढ़ोतरी कर सरकार ने बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथुमिकता दी है। सड़कों, रेलवे, बंदरगाहों और हवाई अड्डों के विस्तार के लिए बड़ा प्रावधान गया है, जिससे नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत: विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए उत्पादन आधारित 5 हन (PLI) योजनाओं को और विस्तारित किया गया है, जिससे घरेलू उदयोगों को पल मिलेगी और विदेशी निवेश को आकर्षित किया जाएगा।

कृषि और ग्रामीण विकास

हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस बजट में कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए अनेक ठोस कदम उठाए गए हैं: पीएम किसान सम्मान निधि का दायरा बढ़ाया गया है ताकि अधिक किसानों को इसका लाभ मिले।

प्राकृतिक खेती और कृषि तकनीक को बढ़ावा देने के लिए कृषि स्टार्टअप्स और ड्रोन टेक्नोलॉजी को प्रोत्साहित किया गया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में कोल्ड स्टोरेज, सिंचाई योजनाओं और ग्रामीण सड़कों के विकास के लिए विशेष बजट आवंटन किया गया है। रोजगार और उदयोग नीति - सरकार ने स्टार्टअप इंडिया और मुद्रा योजना के तहत लघु और मध्यम उदयमों को आर्थिक सहायता देने की प्रतिबद्धता दोहराई है। इससे युवाओं को स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे और भारत स्टार्टअप हब के रूप में उभरेगा। MSME सेक्टर को

---

* Laid on the Table

सशक्त करने के लिए सस्ते ह सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। रोजगार 7 के लिए डिजिटल इंडिया मिशन और सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा दिया गया हैं।

शिक्षा और पर विशेष ध्यान - राष्ट्रीय नीति (NEP) के तहत डिजिटल शिक्षा, स्कूली बुनियादी ढांचे और उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बड़ा बजट आवंटन किया गया है।

आयुष्मान भारत योजना का विस्तार कर इसे और अधिक परिवारों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। मेडिकल कॉलेजों और अनुसंधान केंद्रों की स्थापना के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। वित्तीय सुधार और टैक्स में राहत - आम नागरिकों को राहत देने के लिए इनकम टैक्स स्लैब्स में बदलाव किया गया है। GST सरलीकरण के माध्यम से व्यापारियों और उदयमियों के लिए कर प्रणाली को सरल बनाया गया है। डिजिटल भुगतान और यूपीआई को और अधिक प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने नए प्रोत्साहन की घोषणा की है।

जलवायु परिवर्तन और हरित ऊर्जा - हमारी सरकार 2050 तक नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन का ल्रक्ष्य लेकर चल रही है। इस बजट में: ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्ट्स, सौर और पवन ऊर्जा को बढ़ावा दिया गया है। इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (EV) और नछ्ल़ञष्घा5 फ्यूल टेक्नोलॉजी के लिए निवेश को प्रोत्साहित किया गया है।

अध्यक्ष जी, किन्तु कुछ बाते मै अपने प्रदेश दादरा नगर हवैली के विषय मे कहना चाहती हूँ। आज हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार के 10 वर्ष पूरे हो गए हैं। के ये 10 साल आम जनता को समर्पित रहे | इन 10 सालों में भारत ने हर क्षेत्र में बहुत "४ की है। आज भारत स्वावलंबी है, अन्य देश भारत सरकार की ओर देख रहे हैं हमारे पगचिन्हों पर चलने की बात करते हैं। जैसा हमारी माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन जी ने अपने भाषण में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत विकास यात्रा की ओर अग्रसर है हर तरफ विकास की गंगा बह रही अध्यक्ष जी हमारी सरकार ने विभिन्न पर अभतपूर्व उपलब्धियों हासिल्र की है।

अध्यक्ष महोदय हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत में तीन गुना तेज गति से काम हो रहा है। आज देश बड़े निर्णयों और नीतियों को असाधारण गति से लागू होते देख रहा है। और इन निर्णयों में देश के गरीब, मध्यम वर्ग, युवा, महिलाओं, किसानों को सर्वोच्च प्राथमिकता मित्र रही है। हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री मोदीजी ने दिया हुआ मंत्र "सबका साथ, सबका विकास", "सबका विश्वास और सबका" प्रयास जैसे मंत्र भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाने की प्रेरणा देते हैं जिससे हम विश्वगुरु बनने की दिशा में अग्रसर हैं।

अध्यक्ष जी मेरा संघ प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली एवं दमन दीव मे आजादी के बाद से ही एडमिनिस्ट्रेटर के पद पर हर तीन साल के लिए सिनियर आईएस अधिकारी की नियुक्ति होती रही है, और चुने हुए जनप्रतिनिधिओ के आपसी सामंजस्य एवं सहयोग से प्रदेश को भरपूर लाभ मिला, प्रदेश विकास पथ पर तेजी से अग्रसर भी होता रहा है, परंतु 2016 के बाद प्रशासक के पद पर पहली बार किसी राजनिक व्यकित को बिठाया गया, और आज भी पिछले आठ वर्षों से लगातार वही व्यक्ति प्रशासक बने हए है। जिससे विकास के साथ ही साथ जनमानस भी तानाशाही से परेशान एवं त्राहिमाम करने को मजबूर हो गया है |

अध्यक्ष जी सरकार ने पिछडे राज्यों के हित के लिए तमाम जनहितैसी, कल्याणकारी एवं विकासीय योजनाएं लागु की गई हि । आदिवासी एवं पिछड़ा क्षेत्र होने के बावजूद भी इन योजनाओ का लाभ सही मायने मे हमारे को नही मिल्र पा रहा है । स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पानी, सडक आदि बुनियादी सुविधाओ से हमारा प्रदेश वंचित है । महोदय मैं चाहूंगी की सरकार क़ो इस तरफ भी ध्यान देने की आवश्यकता है। जिससे मेरे प्रदेश के लोगों को लाभ मित्र सके।

अध्यक्ष जी शिक्षा के क्षेत्र मे आधुनिक सुविधाओ से पूर्ण स्कुल तो बने है परंतु शिक्षको के कमी से शिक्षण व्यवस्था बाधित हौ रही है। गरीब स्कूली बच्चो को समय पर युनिफार्म, बुक्स, पोषण आहार आदि का लाभ नहि मित्रता है, वर्षों से कार्यरत शिक्षको को मनमाने ढंग से निकाला गया है। अध्यक्ष जी स्वास्थ्य के क्षेत्र मे अस्पतात्र तो बने है परंतु वहा न तो कुशत्न चिकित्सक है और न ही दवाईयां है। गरीब मरीज बाहर से महगीं दवा लेने को मजबूर है।

हमारे प्रदेश मे भारी भरकम खर्चे से मेडिकल कोलेज बनाया गया है ताकि प्रदेश के गरीब आदिवासी योग्य बच्चे पढ लिखकर स्वास्थ्य के क्षेत्र मे सेवा प्रदान करे, परंतु यहां स्थानिय बच्चो का कोटा फिक्स होने के बावजूद भी बाहरी बच्चो को वरीयता दी जा रही है जिसके कारण स्थानिय बच्चे निराश एवं हताश हो रहे है। फायदे मे रहने के बावजूद बिजली का निजिकरण होने से विधुत बिल मनमाने ढंग से दुगना चौगुना वसुला जा रहा है, लोग मजबुर है | मैं सरकार से निवेदन करना चाहूंगी की इस तरफ भी ध्यान देने की आवश्यकता है। अध्यक्ष जी मेरे प्रदेश मे सडको की हाल्रात तो बद से बदतर हो चुकी है, वर्षो से सडके बनाने के नाम पर काम चल रहा है परंतु एक भी सडक आज तक पूरी तरह नही बन पाई है जिससे सडक दुर्घटनाओं मे लोगो की जाने जा रही है। विकास के नाम पर गरीब आदिवासियों के घर तोडे जा रहे है, लोग जमीन के अभाव मे सडक पर गुजर-बसर करने को मजबुर है, इनमे से कईयों ने तो जैसे आत्म हत्या तक कर ली हैं ।

अध्यक्ष जी मेरे प्रदेश में पानी की समस्या पिछले कई सालो से बनी हुई है, पानी के अभाव मे प्रदेश की गरीब महिलाओ को कोसो दूर से पानी त्राना पडता है। आज तक जल की स्थाई सुविधा नही हो पाई है। पठे लिखे गरीब आदिवासी जो विभिन्न सरकारी विभागो मे वर्षो से कार्यरत थे ऐसे हजारों लोगों को बिना किसी ठोस कारण के निकाल दिया गया है, परीवार चिंतित है, जो बचे है उन्हे सुदूर के क्षेत्रों मे पोस्टींग कर परेशान किया जा रहा है। प्रशासन किसी का सुनने को तैयार नही है, उल्टे प्रशासनिक अधिकारीयों द्वारा डराने धमकाने से लोग परेशान है।

अध्यक्ष जी स्मार्ट सीटी यौजना मंद पडी हुई है, जबकि स्मार्ट सीटी के नाम पर लोगो के घर तोड दिए गये है, प्रदेश की धरोहर रही ग्रीनरी को खत्म किया जा रहा है । हरेभरे वृक्षों कि अंधाधुंध कटाई से प्रदेश को विरान किया जा रहा है, ऐतिहासिक धरोहर नष्ट हो रहो है । जनता से स्मार्ट सीटी परियोजना के तहत जबरदस्ती मनमाना टेक्स वसुला जा रहा है । इतना ही नही औधोगिक विस्तार से परिपूर्ण हमारे प्रदेश से कंपनिया प्रशासन कि मनमानी से पलायन करने को मजबूर हो चूकी है । काफी कंपनीयां बंद हो गई है जिससे बेरोगारी और गरीबी बढ गई है ।

अध्यक्ष जी आदिवासी समाज के विकास के लिए हमारे यहां वर्षो पहले आदिवासी भवन बनाया गया था, जिसके जरिए गरीब आदिवासीयों के शादी-ब्याह, सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम, आपातकाल

मे आदिवासियों की सुरक्षा, उनकी देखभाल और उनकी समस्याओ के निराकरण का आदिवासी भावन एक प्रमुख केन्द्र रहा, जिसे प्रशासन ने गैर कानूनी ढंग से बिना किसी ठोस कारण के कबजे मे लेकर ताला जड दिया है और भव्य आदिवासी भवन खंडहर बन गया है प्रशासनिक अधिकारी किसी का सुनने को तैयार नही है।

अध्यक्ष जी, हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीजी ने इन 10 वर्षों में जो कार्य किए है वे आज वैश्विक अस्थिरता के वातावरण में भी भारत आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक स्थिरता का स्तम्भ बनकर विश्व के सामने आदर्श प्रस्तुत कर रहा है। यह अच्छी बात है जिसका मैं स्वागत करती हूँ।

अध्यक्ष महोदय, हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीजी की सरकार भारत के अमृतकात्र के दौर में अभूतपूर्व उपलब्धियों के माध्यम से निरंतर सतत विकास की ओर बढ़ते हुए नई ऊर्जा देने का काम कर रहीं है। जिसका मैं हृदय से स्वागत करती हूँ।

अध्यक्ष जी आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी की सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चोथे चरण में पच्चीस हज़ार बस्तियों को जोड़ने के लिए सत्तर हज़ार करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। आज जब हमारा देश अटल जी की जन्म शताब्दी का वर्ष मना रहा है, तब प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना उनके विजन का पर्याय बनी हुई है। इतना हीं नहीं अध्यक्ष जी “वन नेशन-वन इलेक्शन" और “वक़्फ़ अधिनियम संशोधन” जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर हमारी सरकार ने तेज गति से कदम आगे बढ़ाए हैं।

अध्यक्ष महोदय संघ प्रदेश दादरा नगर हवेलि एवं दमन दीव में चुने हुए जन प्रतिनिधियों के जो संविधानिक अधिकार है उससू उनको दूर किया जा रहा है। कई वर्षों से असेंबली की मांग होती आ रही है मेरे पती श्री मोहन डेलकर जी ने भी इसी सदन में दादरा नगर हवेली में असेंबली बने इसलिए इस विषय को कई और इस संबंध में पत्र भी लिखे।

महोदय मेरे प्रदेश में असेंबली ना होने के कारण सही मायने में स्थानिक एवं आदिवासी समाज को अधिकार नहीं मिल पा रहा है उनके साथ ज्यादती होती रहती है परंतु महोदय बडे दुःख के साथ मैं कहना चाहूगी कि बार बार संसद में आवाज उठाने के बाद भी इस पर कोई निर्णय नहीं लिया जा रहा है जिसके कारण मेरे प्रदेश में दिन प्रतिदिन लोगों को परेशान करने वाली गतिविधियां बढती जा रही है।

अध्यक्ष महोदय, ऐसे मे मजबूत भारत जहां तेजी से विकास की राह में बढ रहा है वही मेरा प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली एवं दमन दीव मे स्थानिय प्रशासन दवारा मनमानी चल्र रही है, उसे रोकने की आवश्यकता है। महोदय हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से अपेक्षा ही नही बलल्की पूरी उमीद है कि जिस तरह उनके सक्षम नेतृत्व मे भारत का तेजी से विकास हो रहा है दुनिया में भारत का नाम रोशन हो रहा है उसी तरह उनकी कृपा से हमारे प्रदेश का भी भाग्य उदय हो और प्रदेश मे खुशहाली एवं अमनचैन काधरुम रहे। | धन्यवाद।

(इति)

*SHRI ARUN KUMAR SAGAR (SHAHJAHANPUR): महोदय, मैं यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के केन्द्रीय नेतृत्व में श्रीमती निर्मला सीतारमन, माननीय वित्त मंत्री द्वारा सदन में वित्त वर्ष 2025-26 के जनरल बजट का हार्दिक स्वागत करता हूं। यह हम सभी के लिए प्रसन्नता और गौरव की बात है कि श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को सदन में लगातार आठवीं बार वित्त बजट प्रस्तुत करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है, जो एक रिकॉर्ड है।

सदन में प्रस्तुत यह बजट सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाला है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह बजट समावेशी विकास और भविष्य की दृष्टि से तैयार किया गया है, जिसमें सभी क्षेत्रों को प्रगति की राह पर ले जाने का प्रयास किया गया है।

माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा इस बजट में ग्रामीण और शहरी विकास, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, आधारभूत संरचनाओं, उद्योग, और स्टार्ट-अप सहित सभी क्षेत्रों को संतुलित तरीके से प्राथमिकता दी गई है और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के कई प्रावधान किए गए हैं।

देश को आगे बढ़ाने और वर्ष 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने की यह एक महत्वपूर्ण आधारशीला है। महिलाओं के लिए जो योजना है, भारत के विकसित भारत होने के मार्ग को और मजबूत करेगा। रोजगार के लिए इसमें जो व्यापक रोड मैप बनाया गया है, वह बहुत ही सुंदर है। इस बजट से रोजगार और स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

इसके अलावा पर्यटन क्षेत्र में यह बजट गरीबों के लिए नये अवसर लेकर आएगा। इस बजट में किसानों पर मुख्य रूप से फोकस किया गया है। इस प्रकार से यह बजट सभी को शक्ति देने वाला है।

यह बजट न केवल हमारे देश के आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा, बल्कि हमारे नागरिकों के जीवन में भी सुधार लाएगा। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गनिर्देशन में वित्त मंत्री महोदया ने इस बजट में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं जो मध्यम वर्ग और गरीब तबके के लिए लाभकारी होंगे। इनमें से कुछ प्रमुख घोषणाएं हैं।

टैक्स में छूट : इस टैक्स स्लैब में काफी बड़ा बदलाव किया गया है, जिससे मध्यम वर्ग के लोगों को लाभ होगा। वेतनभोगियों के लिए 12 लाख रू0 की आय को आयकर से मुक्त रखा गया है। सरकार ने 5 लाख रुपये तक की आय पर कर छूट दी है, जिससे 90 प्रतिशत से अधिक करदाताओं को लाभहोगा। इसके अलावा 7.5 लाख रुपये तक की आय पर 10 प्रतिशत की दर से टैक्स लगाया गया है, जिससे मध्यम वर्ग के लोगों को लाभ होगा तथा टैक्स पेयर्स को 1.5 लाख रुपये तक के होम लोन पर भी ब्याज पर छूट दी है, जिससे मध्यम वर्ग के लोगों को घर खरीदने में काफी मदद मिलेगी।

किसानों के लिए योजनाएं हमारी लोकप्रिय सरकार ने किसानों के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं, जिनमें प्रधानमंत्री धन धान्य योजना का विस्तार, मखाना बोर्ड का गठन, और किसान क्रेडिट कार्ड के लोन की सीमा बढ़ाना शामिल है। किसानों के लिए कई लाख करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक है।

---

* Laid on the Table

यह भी बहुत ही सुखद है कि सरकार ने किसानों के लिए फसल बीमा योजना का विस्तार किया है, जिससे किसानों को फसल की खराबी के कारण होने वाले नुकसान की भरपाई मिलेगी। हमने किसानों के लिए सिंचाई योजनाओं के लिए 10,000 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है, जिससे किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी। स्वास्थ्य और शिक्षा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के केन्द्रीय नेतृत्त्व में सरकार ने स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में भी कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं, जिनमें कैंसर और गंभीर बीमारी से ग्रसित लोगों के लिए 36 दवाओं पर कस्टम ड्यूटी हटाना और नई शिक्षा नीति को लागू करना शामिल है।

हमारी लोकप्रिय सरकार ने स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में 1.5 लाख करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है तथा आयुष्मान भारत योजना का विस्तार किया गया है. जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। हमने शिक्षा के क्षेत्र में 50,000 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा।

रोजगार सृजन : सरकार ने रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं, जिनमें स्टार्टअप और एमएसएमई क्षेत्र में निवेश बढ़ाना और क्रेडिट गारंटी स्कीम का कवर बढ़ाना शामिल है। हमने रोजगार सृजन के लिए 10,000 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक है। सरकार ने स्टार्टअप के लिए 1,000 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है. जिससे नए व्यवसायों को बढ़ावा मिलेगा। हमने एमएसएमई के लिए 5,000 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है, जिससे छोटे और मध्यम आकार के व्यवसायों को बढ़ावा मिलेगा।

केंद्रीय बजट 2025-26 भारत की आर्थिक वृद्धि के लिए एक व्यापक रोडमैप प्रस्तुत करता है, जिसमें बुनियादी ढांचे के विस्तार, वित्तीय अनुशासन और समावेशी विकास पर विशेष जोर दिया गया है। कुल ₹50.65 लाख करोड़ के व्यय के साथ, यह बजट पूंजी निवेश, सामाजिक क्षेत्र में खर्च और कर सुधारों को प्राथमिकता देता है, जबकि राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.4 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य रखता है। बजट में रेलवे. राजमार्ग, रक्षा और ग्रामीण विकास के लिए महत्वपूर्ण धनराशि आवंटित की गई है. जिससे दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा।

न्यूक्लियर एनर्जी में प्राइवेट सेक्टर को बढ़ावा देने का निर्णय बहुत ही एतिहासिक है। यह आने वाले समय में सिविल न्यूक्लियर एनर्जी का बड़ा योगदान देश के विकास में सुनिश्चित करेगा।

इंफास्ट्रक्चर स्टेटस देने के कारण देश मकें बड़े शिप्स के निर्माण को बढ़ावा मिलेगा और आत्मनिर्भर भारत अभियान को गति मिलेगी।

शिप बिल्डंग सर्वाधिक रोजगार देने वाला सेक्टर है। उसी तरह से होटल को पहली बार इंफास्ट्रक्चर के दायरे में लाकर टूरिज्म पर जोर दिया गया है, जिससे इससे रोजगार बढ़ेगा।

हमारा देश "विकास भी, विरासत भी" मंत्र को लेकर चल रहा है। इस बजट में भी इसके लिए महत्वपूर्ण और ठोस कदम उठाए गए हैं तथा किसानों के लिए जो घोषणा हुई है, वह कृषि क्षेत्र और समूचल ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई कांति का आधार बनेगी।

राष्ट्रीय उच्च उपज बीज मिशन और मखाना बोर्ड जैसी योजनाएं कृषि उत्पादकता में सुधार करेंगी।

किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से अल्पकालिक ऋण की सुविधा बढ़ाई जाएगी। दाल उत्पादन और टिकाऊ कपास खेती को बढ़ावा देने के लिए विशेष मिशन शुरू किए जाएंगे। MSME की परिभाषा में संशोधन कर निवेश और कारोबार की सीमा बदली जाएगी ताकि अधिक व्यवसाय इसका लाभ ले सकें।

सूक्ष्म उद्यमों के लिए विशेष क्रेडिट गारंटी और कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड, जिससे 10 लाख छोटे व्यवसायों को सहायता मिलेगी।

जूता, चमड़ा, खिलौने और खाद्य प्रसंस्करण जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को बढ़ावा देने पर ध्यान दिया गया है। शहरी पुनर्विकास और जल प्रबंधन के लिए ₹1 लाख करोड़ का अर्बन चौलेंज फंड स्थापित किया गया है। राज्यों के लिए ₹1.5 लाख करोड़ का पूंजीगत व्यय (ब्याज मुक्त ऋण सहित) आवंटित्त किया गया है।

चिकित्सा शिक्षा का विस्तार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता पहल, और अटल टिंकरिंग लैब्स की संख्या बढ़ाई जाएगी। ग्रामीण स्कूलों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी, कौशल विकास के लिए उत्कृष्टता केंद्र, और के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। कर संरचना को सरलीकरण और युक्तिसंगत बनाने के लिए नए प्रस्ताव लाए गए हैं। मध्यम वर्ग के लिए आयकर सुधार, वरिष्ठ नागरिकों के लिए अतिरिक्त कटौती, और किराए पर TDS सीमा में संशोधन किया गया है। बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की सीमा बढ़ाई गई है।

ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 'ग्रामिण क्रेडिट स्कोर और केवाईसी रजिस्टर को पुनर्गठित किया गया ताकि ऋण प्रक्रिया को तेज किया जा सके।

यह हम सभी के लिए प्रसन्नता की बात है कि इस बजट में निम्नांकित क्षेत्रों पर भी विशेष रूप से फोकस किया गया है. जो स्वागत योग्य है।

- वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए 12 लाख की आय को आयकर से मुक्त रखा गया है। इससे बचत के साथ-साथ आर्थिक सुरक्षा भी बढ़ेगी।
- बुजुर्ग नागरिकों के लिए ब्याज से होने वाली आय पर टैक्स डिडक्शन लिमिट बढ़ाई गई। इसके साथ ही सामाजिक सुरक्षा का दायरा भी बढ़ाया गया।
- पांच लाख एससी और एसटी महिलाओं को नई स्कीम को लाभमिलेगा।

-22 लाख लोगों को लेदर इंड्रस्ट्री से रोजगार मिलेगा।

-स्टॉर्ट-अप के लिए अब 10 करोड़ रुपये तक के लोन की सुविधा। श्रम प्रधान सेक्टर्स जैसे कि जूते, चप्पल, चमड़ा और खिलौने पर विशेष ध्यान, जिससे लाखों लोगों को नौकरियां मिलेंगी। स्टार्ट-अप को टैक्स राहत से उद्यमिता को और बढ़ावा मिलेगा।

- भारतीय भाषा में डिजिटल पुस्तकें होंगी।
- आईआईटी पटना का विस्तार किया जाएगा।
- उड़ान योजना से हैलीपेड विकसित किए जाएंगे।
- उड़ान योजना से 120 नए एयरपोर्ट को जोड़ा जाएगा। मिडिल क्लास को मिलेगा फायदा।
- चुनिंदा पर्यटकों को वीजा मुफ्त मिल सकेगा।

- नेशनल जीयो स्पेशल मिशन लागू होगा। म्यूजियम को इस मिशन से जोड़ा जाएगा।
- निर्यात के लिए एक्पोर्ट प्रमोशन सेंटर खोले जाएंगे।
- रिसर्च के लिए 20 हजार करोड़ रुपये की घोषणा।
- नया इनकम टैक्स बिल अगले सप्ताह पेश होगा।
-अप्रत्यक्ष कर को कम करने की घोषणा, जिससे आम आदमी को फायदा मिला।
-50 हजार सस्ते मकान बनाए जाएंगे।
- मेडिकल उपकरण सस्ते होंगे।
- कैंसर से जुड़ी दवाएं सस्ती होंगे।
-ईवी बैट्री पर छूट का ऐलान।
-82 सामानों से सेस हटाया गया।
- नवाचार संवर्द्धन के लिए अटल टिंकरिंग लैब्स ।
- बुनियादी ढांचा विकास के लिए राज्यों को डेढ़ लाख करोड़ रूपए की ऋण सुविधा ।
- ग्रामीण क्षेत्रों में 100 प्रतिशत नल से जल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन की अवधि 2028 तक बढ़ाई गई है।
- एक करोड़ गिग वर्कर्स को पीएम जल आरोग्य योजना का लाभ
- चमड़े से आयात शुल्क हटाया गया, जिससे बाजार में चमड़ा होगा सस्ता।
- इलेक्ट्रिक गाड़ियां होंगी सस्ती।
-भारत में बने कपड़े सस्ते होंगे। बुनकरों द्वारा बनाए गए कपड़ों भी सस्ते मिलेंगे।
- भारत में मोबाइल फोन सस्ते किए जाएंगे।
- जीवन रक्षक दवाएं सस्ती होंगी।
- लीथियम बैट्री पर छूट मिलेगी।
- कानूनों को आसान बनाया जाएगा।
- कंप्लाइंस का बोझ कम करने के साथ टैक्स की प्रकिया को सरल बनाया गया है। मएसएमईएस के लिए मंजूरी की प्रकिया तेज होगी। एमएसएमईएस के लिए केडिट गारंटी कवर को बढ़ाकर डेढ लाख रूपये के अतिरिक्त ऋण का प्रावधान किया गया है। इससे क्लासिफिकेशन काइटेरिया में सुधार होने का लाभ ज्यादा से ज्यादा व्यवसायों को होगा ।
- सूक्ष्म उद्योगों के लिए 5 लाख रूप्ये की मिलनमिट के साथ उद्यम केडिट कार्ड की शुरूआत की गई है।
- स्वामी फंड के माध्यम से लंबे समय से अटके हाउसिंग प्रोजेक्ट पूरे किए जा रहे हैं। इससे मिडिल क्लास के लोगों को घर मिलना आसान होगा ।
- एमएसएमईएस के विकास को बढ़ावा देने के लिनए 10 हजार रोड़ के साथ फंड ऑफ फंड्स का विस्तार किया गया है।
- नया इनकम टैक्स बिल बहुत साफ होगा, जिससे टैक्स भरने में आसानी होगी।
- टीडीएस को और तार्किक बनाया जाएगा। इसकी सीमा को दोगुना किया जाएगा।

- खिलौना सैक्टर के लिए भी विशेष स्कीम लाने का प्रावधान किया गया है।
- होम स्टे बनाने के लिए मुद्रा लोन की घोषणा।
- पटना एयरपोर्ट को विकसित किया जाएगा।
- बिहार के लिए ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट की घोषणा।

महोदय, अंत में, मैं अपने संसदीय क्षेत्र की लंबित रेल परियोजना के बारे में सदन को अवगत कराना चाहूंगा कि विगत लोक सभा में मेरे द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 1806, दिनांक 13-12-2023 के बारे में माननीय रेल मंत्री जी ने यह जानकारी दी थी कि पूर्वोत्तर रेलवे में फर्रुखाबाद-शाहजहांपुर मैनाली (165 किलोमीटर) नई लाइन के निर्माण संबंधी सर्वेक्षण 4168 करोड़ रूपए की अनुमानित परियोजना लागत के साथ 2018-19 में पूरा हो गया था।

इस रेलवे लाइन के स्थापित किए जाने से जहां शाहजहांपुर, फर्रुखाबाद, लखमीपुर खीरी, बदायूं, पीलीभीत, जो अत्यधिक पिछड़े जिले हैं. इन जनपदों के दूरगामी ग्रामीण अंचल रेलवे नेटवर्क से जुड़ सकेंगे, वहीं सैन्य छावनियों के कारण शाहजहांपुर और फतेहगढ़ जैसे सुरक्षा की दृष्टि से सामारिक केन्द्रों का जुड़ाव सीधे मथुरा, आगरा, ग्वालियर, झांसी और टनकपुर स्थित छावनियों से होने पर संवेदनशीनल रहने वाली उत्तरी सीमा को और अधिक मजबूती प्राप्त होगी।

अतः मेरा माननीय वित्त मंत्री जी से विनम्र निवेदन है कि फर्रुखाबाद-शाहजहांपुर मैलानी रेलवे लाईन परियोजना के शीघ्र निर्माण हेतु धन का प्रावधान करने की कृपा करेंगी। ताकि क्षेत्र के विकास के साथ-साथ देश को सामरिक दृष्टिकोण से भी मजबूती मिल सके।

महोदय, मुझे अपने संसदीय क्षेत्र भ्रमण के दौरान स्थानीय जनता के द्वारा लखनऊ से दिल्ली के बीच शाहजहांपुर होते हुए वन्दे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी चलाए जाने और इस रेलगाड़ी का ठहराव शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर भी दिए जाने की मांग विगत कई माह से की जा रही है। इस संदर्भ में, मैं माननीय रेल मंत्री जी को पत्र लिखकर अनुरोध भी कर चुका हूं।

मैं सदन के ध्यान में यह भी लाना चाहूंगा कि उ०प्र० राज्य के लोक सभा क्षेत्र शाहजहांपुर को शहीदों की नगरी के नाम से भी जाना जाता है। शाहजहांपुर संसदीय क्षेत्र भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं० रामप्रसाद बिस्मिल, ठा० रोशन सिंह और अशफाक उल्ला खां की जन्म स्थली है तथा इन वीर सपूतों ने देश को गुलामी की जंजीरों से आजादी दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम ऐसे कांतिकारों के कारनामों से भरा हुआ है, जिन्होंने अपनी चिंगारी से युगों को रोशन किया है और कांति तथा जगचेतना जगाकर देश को एकन नई दिशा दी है।

अतः मेरा अनुरोध है कि देश की स्वतंत्रता की 75वी वर्षगांठ के शुभ अवसर पर शाहजहांपुर संसदीय क्षेत्र के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं० रामप्रसाद बिस्मिल, ठा० रोशन सिंह और अशफाक उल्ला खां की स्मृति और सम्मान में लखनऊ से दिल्ली के बीच शाहजहांपुर होते हुए वन्दे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी चलाए जाने और इस रेलगाड़ी का ठहराव शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर भी दिए जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

महोदय, मैं श्रद्धेय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के साथ-साथ आपका भी आभार प्रकट करता हूं कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत मेरे संसदीय क्षेत्र के शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन को भी

शामिल किया गया है तथा इसके नवीनीकरण हेतु प्रथम चरण में 17 करोड़ रू० का आवंटन किया गया है। लेकिन, मुझे दुःख है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत शामिल किए गए शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर रिडेवलेपमेंट से संबंधित प्रकिया बहुत ही धीमी गति से चल रही है तथा कार्य की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं है और कार्यदायी एजेंसी डी०आर०एम०, मुरादाबाद की मिलीभगत से कार्य को अत्यधिक निम्न स्तर का करवा रही है तथा अब तक केवल 10 प्रतिशत के आसपास ही कार्य को करवाया गया है।

इस संबंध में, मेरे द्वारा मुरादाबाद उत्तर रेलवे के डी०आर०एम० का बार-बार ध्यान आकर्षित किए जाने के पश्चात भी वे इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिसकी वजह से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा प्रारम्भ की गई अमृत भारत स्टेशन योजना शाहजहांपुर में रफ्तार नहीं पकड़ रही है तथा कार्य भी गुणवत्ता के अनुरूप नहीं हो रहा है । इसके लिए डी०आर०एम०, मुरादाबाद मुख्य रूप से जिम्मेवार है । इस संदर्भ में, मैं 07-01-2025, 26-11-2024 एवं जुलाई. 2024 में डी०आर०एम०, उत्तर रेलवे. मुरादाबाद के विरूद्ध शिकायत भेज चुका हूं। लेकिन मुझे इस प्रकरण में शिथिलता बरतने वाले अधिकारी के विरुद्ध न तो कोई कार्यवाहीही क है और न ही कार्य को गुणवत्ता के अनुरूप करवाया जा रहा है। मेरा अनुरोध है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत शामिल किए गए शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन, जो देश का एक ऐतिहासिक रेलवे स्टेशन भी है, का शीघ्र रिडेवलेपमेंट वरीयता के आधार पर अविलम्ब पूरा करवाए जाने और इस संबंध में शिथिलता बरतने तथा कार्यदायी एजेंसी के साथ मिलीभगत करके कार्य को मानक के अनुरूप न करवाए जाने वाले डी०आर०एम०, मुरादाबाद के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

मेरा यह भी अनुरोध है कि गुणवत्ता के अनुरूप कार्य न करवाए जाने संबंधी प्रकरण में मंत्रालय स्तर पर एक उच्च स्तरीय तकनीकी समिति गठित करके उससे विस्तृत जांच करवाए जाने और जांच अधिकारियों को जांच के दौरान स्थानीय सांसद से भी सम्पर्क किए जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर (उ०प्र०) के अन्तर्गत विकास खंड तिलहर में लखनऊ-दिल्ली मुरादाबाद रेल मार्ग पर निगोही-तिलहर के मध्य रेलवे समपार संख्या 334-बी के स्थान पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु के रेलवे भाग के सी०पी०-1 और सी०पी०-2 का निर्माण कार्य चल रहा है। इसके फाउंडेशन सी०पी०-2 के नीचे रेलवे सिंग्नल की केबिलें आ रही है, जिन्हें शिफ्ट करवाए जाने हेंतु उ०प्र० राज्य सेतु निगम लि० द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद एवं अन्य अधिकारियों को 19-11-2024 और 31-12-2024 में पत्र लिखकर अनुरोध किए जा चुके हैं। लेकिन, अब तक इस कार्य को पूरा नहीं करवाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप रेलवे भाग के सी०पी०-2 में पाईलिंग का कार्य अनावश्यक रूप से बाधित हो रहा है। इस संदर्भ में, मैं भी 13-01-2025 में पत्र लिखकर अनुरोध कर चुका हूँ।

मेरा अनुरोध है कि उपरोक्त सी०पी०0-2 के नीचे रेलवे सिंग्नल की केबिलों को अवलिम्ब अन्यत्र शिफ्ट करवाए जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

महोदय, मैं सदन का ध्यान श्री रूप नारायण सुनकर, सदस्य इन्फास्ट्रक्चर, रेलवे बोर्ड एवं पदेन सचिव, भारत सरकार, रेल मंत्रालय, नई दिल्ली के पत्र संख्या 2023/एलएमएल 11/13/20, दिनांक

29-11-2023 की ओर आकर्षित करना चाहूंगा, जो मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर (उ०प्र०) में उत्तर पूर्व रेलवे के नियंत्रणाधीन निष्प्रयोज्य रेलवे भूमि शहबाजनगर से केरूगंज तक तथा उत्तर रेलवे के नियंत्रणाधीन निष्प्रयोज्य रेलवे भूमि इन्द्रानगर से मघईटोला, बहादुरपुरा से बाहदुरगंज तक की भूमि को राज्य सरकार को हस्तांतरित किए जाने के संबंध में है। इस संबंध में, मैं आपका ध्यान शाहजहांपुर (उ०प्र०) के जिलाधिकारी के पत्रांक 129/ एस०टी०-न०आ० / न०नि०शाह० /2024, दिनांक 27 मई, 2024 की ओर भी आकर्षित करना चाहूंगा, जो उपर्युक्त निष्प्रयोज्य रेलवे लाइन राज्य को हस्तांतरित / उपयोग की अनुमति प्रदान किए जाने के संबंध में है। मैं यह भी ध्यान में लाना चाहूंगा कि केवल अयोध्या रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के लिए अयोध्या में ही रेलवे को भूमि आवंटन संबंधी प्रकरण में कार्य हुआ है तथा मेरे संसदीय जनपद शाहजहांपुर में निष्प्रयोज्य रेलवे लाइन की भूमि को अभी भी हस्तांतरण/उपयोग में लाया जाना बाकि है। जनपद शाहजहाँपुर की नगर विधानरागा में गर्रा फाटक से गोहल्ला ककरा होते हुए शाहबाजनगर तक, मोहल्ला बाला तिराही से मोहल्ला केरूगंज, हुसैनपुरा, बिजलीपुरा, इस्लामिया इण्टर कॉलेज के पीछे से होते हुए इन्द्रानगर कालोनी तक रेल लाइन बिछी हुई थी. जिस पर पिछले 40 वर्षों से रेलगाड़ियों का आवागमन बंद होने के परिणामस्वरूप यह भूमि बेकार पड़ी हुई है तथा इसकी अधिकांश भूमि पर अवैध कब्जा भी हो चुका है। रेलवे की भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे से भूमि को बचाने हेतु वैकल्पिक योजना के रूप में यदि रेलवे की इस भूमि पर सड़क का निर्माण हो जाता है तो रेलवे की उक्त भूमि को अवैध कब्जे से बचाया जा सकता है। शाहजहांपुर नगर निगम दो नदियों गर्रा एवं खन्नौत के बीच में आता है तथा यह सघन आबादी वाला क्षेत्र है। इसलिए शाहजहांपुर संसदीय जनपद में निष्प्रयोज्य रेलवे लाइन की भूमि को शाहजहांपुर नगर निगम को आवंटित किए जाने में सड़क निर्माण इत्यादि कार्यों में उपयोग में लाया जा सकेगा तथा सड़क निर्माण से स्थानीय लोगों को यातायात अवरूद्ध से भी मुक्ति मिलेगी।
मैं यह भी अवगत कराना चाहूंगा कि नगर निगम शाहजहाँपुर उक्त बंद पड़ी रेलवे लाइनों के दोनों ट्रैक पर सी०सी० मार्ग / कोलतार का मार्ग बनवाना चाहता है। इससे क्षेत्रवासियों को शहर में बढ़ रही जाम की समस्या से निजात मिलेगा तथा रेलवे की भूमि को अवैध कब्जे से बचाया जा सकेगा। अतः उपरोक्त समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए उक्त रेलवे लाइन पर रोड़ निर्माण हेतु नगर निगम शाहजहाँपुर को स्वीकृति प्रदान किए जाने की आवश्यकता है। अतः मेरा अनुरोध है कि मेरे संसदीय जनपद शाहजहांपुर में निष्प्रयोज्य रेलवे भूमि को नगर निगम शाहजहांपुर को हस्तांतरण/उपयोग में लाये जाने एवं रेलवे मंत्रालय के अधिकारियों को राज्य सरकार के साथ तालमेल बैठाकर कार्य को शीघ्र सम्पन्न करवाए जाने हेतु निर्देशित किया जाए। महोदय, यह वास्तविकता है कि सदन में प्रस्तुत यह बजट हर भारतीय के सपनों को पूरा करने वाला है। यह बजट बचत को बढ़ाएगा, निवेश को बढ़ाएगा, खपत को बढ़ाएगा और ग्रोथ को भी तेजी से आगे बढ़ाएगा और हमारे देश के विकास को बढ़ावा देगा तथा हमारे नागरिकों के जीवन में सुधार लाएगा और देश के विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। अंत में, मैं पुनः माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी, माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन जी और उनके सहयोगी राज्य मंत्री श्री पंकज चौधरी जी का हृदय से आभार प्रकट करते हुए सदन में प्रस्तुत जनरल बजट का हार्दिक समर्थन करता हूं। (इति)

*__श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर) :__माननीय अध्यक्ष महोदय, और मेरे सभी सम्माननीय साथी संसद सदस्यगण, हम आज यहाँ 2025 26 के केंद्रीय बजट पर विचार करने के लिए एकत्रित हुए हैं, जो हमारे राष्ट्र की आर्थिक यात्रा को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा। इस बजट में, हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। यह बजट न केवल आर्थिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह हमारे देश के विभिन्न वर्गों की भलाई को भी सुनिश्चित करने का कार्य करेगा।

सबसे पहले, हमें इस बात पर गोर करना चाहिए कि भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बन चुका है। पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार दवारा किए गए संरचनात्मक सुधारों और विकास कार्यों ने भारत को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान दिलाई है। इस बजट का लक्ष्य भी उसी दिशा में निरंतर प्रगति करने का है, विशेष रूप से हमारे गरीब, किसान, युवा और महिला वर्ग को सशक्त बनाने के लिए।

आयकर में राहत: सरकार ने देश के मध्यम वर्ग को राहत देने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। 2014 में आयकर की शून्य स्लैब को ₹2.5 लाख तक बढ़ाया गया था, जिसे अब बढ़ाकर ₹7 लाख कर दिया गया है। अब 12 लाख रुपये तक की आय पर कोई आयकर नहीं लगेगा। इससे करोड़ों भारतीयों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ होगा और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

कृषि और ग्रामीण विकास: कृषि क्षेत्र को लेकर इस बजट में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं।

- 'प्रधानमंत्री धन धन्य कृषि योजना' के तहत 100 जिलों में सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे, जिससे लगभग 1.7 करोड़ किसानों को लाभ होगा।
- 'दलहनों में आत्मनिर्भरता मिशन' भी शुरू किया जाएगा, जिससे हमारे किसान आत्मनिर्भर होंगे और उनकी आय में वृद्धि होगी
- एग्रीकल्चर एंड एलाइड एक्टिविटी के लिए 1 लाख 71 हजार 437 करोड़ रुपये की विशाल राशि दी गई है।

महोदय, मैं बजट में प्रमुख योजनाओं पर परिव्यय के बारे में बताना चाहता हूँ :

- राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के लिए 8 हजार 500 करोड रुपये दिए गए है।
- कृषोन्नति योजना के लिए 8 हजार करोड़ रुपये दिए गए है।
- एनएफएस के अंतर्गत खादयान्नों को राज्य के भीतर लाने व ले जाने के लिए 7 हजार 75 करोड़ रुपये दिए गए है।
- प्रधान मंत्री पोषण शक्ति निर्माण, पीएम पोषण के लिए 12 हजार 500 करोड़ रुपये दिए गए है।
- पीएम मत्स्य संपदा योजना के लिए 2 हजार 464 करोड़ रुपये दिए गए है।

* Laid on the Table

- पशुपालन और डेयरी के लिए 1 हजार 50 करोड़ रुपये दिए गए है।
- प्रधान मंत्री सूक्ष्म खादय प्रसंस्करण उद्योगों के लिए 2 हजार करोड़ रुपये दिए गए है।
- प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई के लिए 8 हजार 260 रुपये दिए गए है।
- नदियों को आपस में जोड़ने के लिए 8 हजार 336 करोड़ रुपये दिए गए है।
- इंटरलिक्किंग रिवर, अद्भुत जल जीवन मिशन के लिए 67 हजार करोड़ रुपये का प्रोविजन है।
- स्वच्छ भारत मिशन के लिए, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के लिए, महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के लिए ये कह रहे थे कि बजट ही नहीं है तो में इनको बताना चाहता हूँ कि 86 हजार करोड़ रुपये का प्रोविजन यहा स्पष्ट दिख रहा है।

मजदूरों और गिग वर्करों के लिए योजना: माननीय प्रधानमंत्री ने गिग वर्करों के लिए विशेष योजनाओं का ऐलान किया है। गिग वर्कर्स की पहचान पत्र और स्वास्थ्य की सेवाओं का विस्तार किया जाएगा, जिससे लगभग 1 करोड़ गिग वर्करों को लाभ होगा। यह कदम हमारे शहरी और ग्रामीण मजदूरों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक अहम कदम है।

महोदय, ग्रामीण विकास के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय को भी केंद्रीय बजट में 1.88 लाख करोड़ रुपये आबंटित किए गए हैं। प्रमुख ग्रामीण रोजगार योजना मनरेगा के लिए 86 हजार करोड़ रुपये आबंटित किए गए हैं। डिफेंस में भारत को मजबूत बनाने का सपना देखने वाले प्रधान मंत्री जी के मार्गदर्शन के अनुसार रक्षा बजट 6.81 लाख करोड़ रुपये करना देश की सुरक्षा के लिए हमें आश्वस्त करता है। वित्त मंत्री निर्ममणा सीतारमण ने 2025-26 के आम बजट में रेल मंत्रालय, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, तथा जल शक्ति मंत्रालय के लिए महत्वपूर्ण आवंटन और योजनाओं की घोषणा की है:

रेल

- बजट आवंटन: रेल मंत्रालय के लिए 2,52,200 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है, जो पिछले वर्ष के समान है।
- सुरक्षा: सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, 1,16,514 करोड़ हा बजट सुरक्षा उपायों के लिए आवंटित किया गया है।
- इलेक्ट्रिफिकिशन: 2025-26 में 100% रेलवे लाइन इलेक्ट्रिफिकेशन का लक्ष्य रखा गया है जिसे पूरा करने में हमारी सरकार प्रयासरत है |
- स्टेशन रीडेवलपमेंट: अगले चार वर्षों में 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों का रीडेवलपमेंट किया जाएगा जिससे यात्रिओं को मॉडर्न रेल्र सुविधाएं प्रदान हो सकेंगी।
- नमो भारत ट्रेनें: इंटरसिटी शॉर्ट डिस्टेंस के लिए 50 नमो भारत ट्रेनें चलाने की योजना है।

सड़क परिवहन और राजमार्ग

- बजट आवंटन: सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के लिए 2,87,333.16 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है, जो पिछले बजट से 2.41% अधिक है।
- राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI): NHAI के लिए आवंटन 1,693.71 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1,878.03 करोड़ रुपये किया गया |

जल शक्ति

- जल जीवन मिशन जल जीवन मिशन की अवधि तीन वर्ष बढ़ाकर 2028 तक कर दी गई है, जिससे सभी घरों को नल से स्वच्छ ज्लै् उपलब्ध कराया जाएगा।
- बजटीय परिव्ययः जल जीवन मिशन के लिए कुल बजटीय परिव्यय बढ़ाकर 67,000 करोड़ रुपये किया गया है।

एमएसएमई और उदयमिता:

एमएसएमई सेक्टर के लिए यह बजट क्रांतिकारी कदम लेकर आया है। सूक्ष्म एवं लघु उदयमों के लिए ऋण सीमा ₹5 लाख से बढ़ाकर ₹10 लाख की गई है, जिससे उदयमियों को अपने कारोबार को बढ़ाने में आसानी होगी। साथ ही, महिलाओं और अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए पहली बार उदयमी बनने वालों के लिए टर्म लोन की सुविधा दी जाएगी।

खिलौना विनिर्माण, जब हम सिंधु घाटी सभ्यता और भारत की जितनी भी सनातनता है, उसको देखेंगे तो पाएंगे कि उसमें खिलौने का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। माननीय मोदी जी ने भारत में खिलौने के लिए टिकाऊ और वैश्विक केंद्र बनाने की योजना बनाई है। कस्टमाइज क्रेडिट कार्ड जो सूक्ष्म उदयोग के उद्यमों के लिए है, उसको 5 लाख रुपये की सीमा से बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने का काम किया गया है।

स्वास्थ्य - स्वास्थ्य सेवाओं में वर्ष 2025 26 में 10,000 अतिरिक्त मेडिकल सीट्स और 200 कैसर केन्द्र स्थापित किए जा रहे है। कैंसर जैसी गभारियों का इलाज कराने में काफी दिक्कते आती है।

शिक्षा - देश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भारी विकास हुआ। पिछले दस सालों में एमबीबीएस की सीटस 50 हजार से अधिक बढ़ाई गई तथा प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में सरकार का अगले पांच वर्ष में 75 हजार मेडिकल सीटस बढ़ाने का इरादा है। सरकार ने पिछले 10 सालों में आईआईटीज में भी 70 हजार नई सीटें जोड़ी हैं तथा आईआईटीज में 6500 नई सीटें जोड़ने की घोषण भारत को टेक्नीकल फील्ड में बहुत बड़ा जम्प देगी।

निर्यात को बढ़ावा देना: भारत के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 'भारत ट्रेड नेट' जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म की शुरुआत की जाएगी। इससे भारतीय व्यापारियों को वैश्विक बाजारों में अपनी स्थिति मजबूत करने में मदद मिलेगी।

महोदय, विमानन क्षेत्र और हवाईअडडों के बारे में हम सभी जानते है की भारत का विमानन क्षेत्र पिछले कुछ वर्षों में तेजी से विस्तार कर रहा है, और इस बजट में इस क्षेत्र के लिए किए गए प्रयास प्रशंसा के योग्य हैं।

सबसे पहले, हवाईआइडों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा भारी निवेश की घोषणा की गई है। नए हवाईआअइडों का निर्माण और पुराने हवाईअडडों के पुनर्निर्माण से न केवल यात्रा क्रो सुविधाजनक बनाया जाएगा, बल्कि इससे रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे और पर्यटन उदयोग को भी प्रोत्साहन मिलेगा|

हमारे छोटे शहरों और कस्बों में हवाई संपर्क को बढ़ाने के लिए सरकार ने "उड़ान योजना" को और सशक्त बनाने का निर्णय लिया है, जिसके अंतर्गत कम दूरी के मार्गों पर हवाई यात्रा को प्रोत्साहन मिलेगा। इससे न केवल स्थानीय यात्रियों को लाभ होगा, बल्कि यह नीति हमारे देश के दूरदराज इलाकों में भी हवाई यात्रा की सुविधा प्रदान करेगी, जिससे समान विकास होगा।

में, एक सांसद के रूप में, इस कदम को स्वागत योग्य मानता हूँ और वित्त मंत्री का आभार व्यक्त करता हूँ कि उन्होंने भारतीय विमानन क्षेत्र के विकास में इतनी दूरदर्शिता और प्रतिबदधता दिखाई।

आखिर में, मैं यह कहना चाहूंगा कि इस बजट के माध्यम से सरकार ने भारतीय जनता के प्रति अपनी प्रतिबदधता को और मजबूत किया है। हम सब मित्रकर, इस बजट की योजनाओं को साकार करेंगे और भारत को एक विकासशील से विकसित राष्ट्र बनाने में अपना योगदान देंगे।

धन्यवाद ।

(इति)

*डॉ. बच्छाव शोभा दिनेश (धुले) : माननीय अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद। मैं अपनी पार्टी नेतृत्व का भी आभार व्यक्त करना चाहती हूँ, जिन्होंने मुझे इतने महत्वपूर्ण विषय, 2025-26 के केंद्रीय बजट पर बोलने का अवसर दिया। जैसा कि मेरे पार्टी नेतृत्व राहुल गांधी जी और अन्य कई सदस्यों ने सही रूप से उल्लेख किया है, यह बजट देश के सामने मौजूद अनेक चुनौतियों और समस्याओं का समाधान करने में असमर्थ है।

बजट में गरीबों के लिए सबसे महत्वपूर्ण रोजगार से जुड़ी योजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के लिए आवंटन नहीं बढ़ाया गया है। सरकार ने 86,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जो कि पिछले वर्ष के संशोधित अनुमान के बराबर ही है। यदि आप 2023-24 के वास्तविक व्यय को देखें, जो 89,154 करोड़ रुपये था, तो इस साल बजट में वास्तव में कटौती की गई है। 2005 में यूपीए सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 लेकर आई थी। इस अधिनियम ने भारत में लाखों लोगों को आजीविका प्रदान की है। हम सभी जानते हैं कि COVID-19 महामारी के दौरान यही योजना थी, जिसने ग्रामीण आबादी को आजीविका सहायता प्रदान की थी। फिर भी अपर्याप्त बजटीय आवंटन, धन जारी करने में देरी या धन जारी न होने जैसी समस्याओं से योजना प्रभावित रहती है। इस विषय पर मैं एक और महत्वपूर्ण बात कहना चाहती हूँ। वर्तमान में दिए जा रहे मजदूरी दर बढ़ती जीवन यापन की लागत को देखते हुए बेहद अपर्याप्त हैं। मैं मंत्रालय से अनुरोध करती हूँ कि वे वेतन दरों की गणना के लिए 2009-10 के आधार को संशोधित करने पर विचार करें, ताकि मौजूदा मुद्रास्फीति प्रवृत्तियों को ध्यान में रखा जा सके।

महिलाओं के खिलाफ हिंसा अपने चरम पर है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) के अनुसार, महिलाओं के खिलाफ अपराध दर 2012 में 42 थी, जो 2022 में बढ़कर 66 हो गई। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार देश में हर साल औसतन 30,000 से अधिक बलात्कार के मामले दर्ज किए जाते हैं। इसे स्पष्ट रूप से समझें तो भारत में हर 17 मिनट में एक नया बलात्कार का मामला दर्ज किया जाता है। यह बेहद शर्मनाक है। आप बड़ी-बड़ी झूठी घोषणाएँ करते हैं, लेकिन आपकी ही सरकार के आधिकारिक आंकड़े हमें सच्चाई दिखाते हैं। महिलाओं की आर्थिक स्थिति दयनीय बनी हुई है। श्रम शक्ति में महिलाओं की भागीदारी मात्र 32% है, जो बेहद चिंताजनक है। सक्षम आंगनवाड़ी योजना, जो महिलाओं के लिए स्वास्थ्य और आजीविका दोनों के लिहाज से बहुत महत्वपूर्ण है, उसे लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। आज भी अधिकांश आंगनवाड़ी केंद्र (AWCs) बुनियादी ढांचे से वंचित हैं। कुल आंगनवाड़ी केंद्रों में से केवल आधे ही अपने स्वयं के भवनों में संचालित हो रहे हैं। 30% केंद्रों में अभी भी कार्यशील शौचालय तक नहीं हैं। यह आंकड़े आपके ही POSHAN ट्रैकर से लिए गए हैं। स्थिति सुधारने की बार-बार मांग के बावजूद, आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थिति दयनीय बनी हुई है। आंगनवाड़ी केंद्रों को प्राथमिकता न देना, मतलब महिलाओं और बच्चों की जरूरतों को पीछे धकेलना है। साथ ही, मैं यह भी उजागर करना चाहती हूँ कि वर्तमान में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय केवल ₹4,500 प्रति माह है। यह अत्यधिक कम है। आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता देश में लाखों लोगों

---

* Laid on the Table

को बुनियादी स्वास्थ्य सहायता प्रदान करने की रीढ़ हैं। उन्हें उनके काम के अनुरूप वेतन दिया जाना चाहिए, जिसमें बढ़ती मुद्रास्फीति और जीवन यापन की लागत को ध्यान में रखा जाए।

सरकार का लगातार कम स्वास्थ्य बजट, सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं की क्षमता और गुणवत्ता को प्रभावित कर रहा है, जिससे लोगों को महंगे निजी क्षेत्र में इलाज कराने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। एनएसएसओ (NSSO) के अनुसार, कुल अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों में से लगभग 60% और Out-Patient Services का 70% निजी क्षेत्र द्वारा प्रदान किया जाता है। महोदय, हर साल भारत की 7% से अधिक आबादी स्वास्थ्य खर्चों के कारण गरीबी रेखा से नीचे चली जाती है, चाहे वह ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी क्षेत्र।

पानी: जल है तो जीवन है। पानी मानव जीवन के अस्तित्व के लिए सबसे मूलभूत आवश्यकता है। यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार और मानव अधिकारों का हिस्सा है। महोदय, सरकार गर्व से दावा करती है कि अधिकांश ग्रामीण घरों को जल कनेक्शन प्रदान किया गया है- भारत में 79%, महाराष्ट्र में 88% और मेरी संसदीय क्षेत्र धुले में 99%। लेकिन जमीन पर हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। मेरी संसदीय क्षेत्र ही नहीं, बल्कि पूरे देश में लाखों लोगों की स्थिति अलग है। पाइपलाइन बिछा दी गई हैं, लेकिन बिना जल आपूर्ति के वे सिर्फ शोपीस बनकर रह गई हैं। नल तो लगा दिए गए हैं, लेकिन उनमें पानी नहीं है। सरकार का काम और दावे उतने ही खोखले हैं, जितनी ये सूखी पाइपलाइन। यह योजना गरीबों, कमजोरों और वंचितों की मदद के लिए थी या सिर्फ ठेकेदारों के फायदे के लिए? ऐसा लगता है कि इस सरकार की योजनाएँ केवल बड़े उद्योगपतियों और कॉरपोरेट मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए बनाई जाती हैं, क्योंकि इस सरकार को सिर्फ ठेके देने की चिंता है। काम हो या न हो, निर्माण की गुणवत्ता कैसी है, या ये नई परियोजनाएँ सही ढंग से काम कर रही हैं या नहीं- इससे सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता। चाहे जल जीवन मिशन हो, प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) हो या कोई और योजना, सरकार की प्राथमिकता सिर्फ ठेकेदारों को फायदा पहुँचाना है, न कि जनता की भलाई सुनिश्चित करना।

प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) की भी यही स्थिति है। एक ऑडिट में यह सामने आया कि *PMAY (U) के तहत AHP वर्टिकल में बने घर अक्सर खाली पड़े रहते हैं क्योंकि उनमें बुनियादी सुविधाएँ-पानी, सीवरेज और बिजली का अभाव है। और में यहाँ किसी सामान्य रिपोर्ट की नहीं, बल्कि कैग (CAG) ऑडिट की बात कर रही हूँ। तो हाँ, सरकार ने घर तो बना दिए। लेकिन कितने घर वास्तव में रहने लायक हैं? और कितने घरों में वाकई गरीब लोग रह रहे हैं?

आयुष्मान भारत को ही देख लीजिए। सरकार ने अपनी योजना आयुष्मान भारत के तहत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (HWC) बनाने के लिए भारी भरकम रकम खर्च की है। या जैसा कि सरकार इन्हें "आरोग्य मंदिर" कहती है। ऐसा लगता है कि इस सरकार के लिए नामकरण (Naming) ही सबसे बड़ा मुद्दा है। लेकिन सच्चाई यह है कि ये केंद्र पूरी तरह से विफल रहे हैं। हाँ, आरोग्य मंदिर बनाए गए हैं, लेकिन इनमें से ज्यादातर बुनियादी स्थान, उपकरण और प्रशिक्षित स्टाफ की कमी से जूझ रहे हैं। एक बहुत मशहूर अंग्रेजी कविता है: "Humpty Dumpty sat on a wall, Humpty Dumpty had a great fall "यह कविता इस सरकार के काम को बिल्कुल सटीक रूप से दर्शाती है। जैसे ही निर्माण कार्य पूरा होता है, वह गिरने लगता है। पिछले साल अक्टूबर में सिर्फ थोड़ी-सी बारिश हुई और रत्नागिरी स्टेशन की छत की चादरें गिरने की कगार पर आ गई। और अटल सेतु-17,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बना यह

पुल उद्घाटन के कुछ ही महीनों में दरारों से भर गया। जो सरकार खुद को 'इन्फ्रास्ट्रक्बर केंद्रित" कहती है, यह वो इंफ्रास्ट्रक्बर है. जिस पर इस सरकार को गर्व है। इन्होंने तो छत्रपति शिवाजी महाराज तक को नहीं बख्शा। आप भले ही भूल गए हों, लेकिन मैं कभी नहीं भूलूँगी। जिस किसी के भीतर मराठा रक्त की एक भी बूंद है, वह कभी नहीं भूल सकता कि इस सरकार ने उस वीर योद्धा का अपमान किया।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं महाराष्ट्र की बेटी हूँ। मुझे गर्व है कि मुझे महाराष्ट्र से इस संसद में चुने जाने का अवसर मिला। महाराष्ट्र देश की आर्थिक राजधानी है। चाहे जीडीपी हो, टैक्स हो-कॉरपोरेट टैक्स, इनकम टैक्स या जीएसटी- हम सबसे अधिक योगदान देते हैं। लेकिन फिर भी, आपके बजट भाषण में महाराष्ट्र का कोई जिक्र तक नहीं हुआ। उत्तर महाराष्ट्र और मराठवाड़ा लंबे समय से सूखे जैसी परिस्थितियों के कारण कृषि संकट झेल रहे हैं। महाराष्ट्र में कुल बुवाई वाले क्षेत्र का केवल 18% ही सिंचित है, जबकि राष्ट्रीय औसत 50% है। तो सवाल यह उठत्ता है: महाराष्ट्र का अधिकांश हिस्सा अब भी वर्षा पर निर्भर क्यों है? सरकार ने अब तक महाराष्ट्र के किसानों की स्थिति सुधारने के लिए कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठाया? अगर हमारी बात नहीं सुनना चाहते, तो कम से कम अन्नदाता की पुकार तो सुन लीजिए। वहीं किसान, जो सूरज की तपिश, बारिश और कठिन परिस्थितियों में मेहनत करके हमें भोजन देता है, वह आज संकट में है। बार-बार सूखा पीड़ित किसानों के लिए राहत की मांग की गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, किसान आत्महत्याओं के मामले में महाराष्ट्र सबसे आगे है। सरकार कब इस गंभीर मुद्दे पर ध्यान देगी? महाराष्ट्र में पानी की उपलब्धता और सिंचाई को बेहतर बनाने के लिए ठोस प्रयास कब होंगे?

हम सभी ने वित्त मंत्री का भाषण ध्यान से सुना, इस उम्मीद में कि आम आदमी को कुछ राहत मिलेगी। माननीय वित्त मंत्री ने कहा था- "एक देश सिर्फ उसकी मिट्टी नहीं होता, एक देश उसके लोग होते हैं।" लेकिन सच्चाई यह है कि इस सरकार ने खुद अपने ही भारतीयों को असफल कर दिया है। आप "विकास" के गीत गाते हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि आप बुनियादी मुद्दों पर भी विफल रहे हैं। आप पिछले दस वर्षों में असफल रहे. और आज भी इस बजट में इन मुद्दों को सुलझाने में विफल रहे। इस बजट ने अन्याय किया है। इसने अन्याय किया है महिलाओं के साथ। इसने अन्याय किया है किसान के साथ, गरीबों के साथ, देश के साथ। धन्यवाद।

(इति)

***श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख) :** महोदय, मैं सरकार का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझे 145 करोड़ जनता के सर्वांगीण विकास के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार के बजट 2025 पर अपनी बात रखने का मौका दिया इसके साथ-साथ मैं वित्त मंत्री जी को भी धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने बजट में इनकम टैक्स पेयर्स को बड़ी राहत दिया है। अब नौकरीपेशा लोगों को 12.75 लाख रुपए तक के तहत कोई टैक्स नहीं लगेगा वहीं अब पिछले 4 साल का आईटी रिटर्न एक साथ फाइल कर सकेंगे। सीनियर सिटीजन के लिए टीडीएस की सीमा 50 लाख से बढ़ाकर 1 लाख कर दी गई है। बजट सरकार की विकास को बढाने सभी के डेवलपमेंट मिडिल क्लास की क्षमता को बढ़ाने के लिए समर्पित हैं। हम इस सदी के 25 साल पूरा करने जा रहे हैं। हमारी विकसित भारत की उम्मीद ने हमें प्रेरणा दी है, हमारी अर्थव्यवस्था सभी बड़ी इकोनॉमी में सबसे ज्यादा तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में वित्त मंत्री जी ने 36 जीवन रक्षक दवाओं पर पूरी तरह से ड्यूटी टैक्स खत्म कर दी गई है। सभी सरकारी अस्पतालों में कैंसर डे केयर सेंटर बनाए जाएंगे कैंसर की इलाज की दवाएं सस्ती होंगी । 6 जीवन रक्षक दवाओं पर कस्टम ड्यूटी 5% कर दी गई है। कपास की पैदावार बढ़ाने के लिए 5 साल का मिशन रखा गया है। इससे देश का कपड़ा उद्योग मजबूत होगा। सरकार ने हमारे किसान भाइयों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड पर कर्ज की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख कर दी है। एमएसएमई के लिए लोन गारंटी कवर 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़, डेढ़ लाख करोड़ तक का कर्ज मिलेगा।

स्टार्टअप के लिए लोन 10 करोड़ से बढ़कर 20 करोड़ रूपया किया गया है इसमें गारंटी फीस में भी कमी की गई है। मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं माननीय वित्त मंत्री जी को पुनः धन्यवाद देता हूं कि देश में डॉक्टरों की कमी को देखते हुए उन्होंने 75000 सीटे बढ़ाने का ऐलान किया है। सरकार ने डिजिटल शिक्षण संस्थानों तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सभी सरकारी माध्यमिक विद्यालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी सेवा शुरू की जा रही है। इंश्योरेंस सेक्टर के लिए एफडीआई को 74% से बढाकर 100% कर दिया गया है यह सुविधा उन कंपनियों के लिए होगी जो पूरा प्रीमियम इंडिया में इनवेस्ट करेंगी।

मैं सरकार की उपलब्धि को बताना चाहूंगा कि पीएम सम्मान निधि से 68 लाख लोगों को फायदा मिला है। हमारी सरकार शहरी गरीबों और कमजोर समूहों को सहायता प्रदान करने के लिए काम कर रही है। शहरी कामगारों की आय बढ़ाने के लिए योजना लाया गया है। इनके पहचान पत्रों और ई-श्रम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था मिलेगी एक करोड़ कामगारों को फायदा हुआ है। आरोग्य योजना के तहत इनका लाभ मिलेगा शहरी क्षेत्र के लिए शासन नगर पालिका शहरी भूमि और सुधारो से संबंधित योजनाएं शुरू की गई है। सरकार एक लाख करोड़ का बजट रखेगी यह रकम भरोसेमंद परियोजनाओं की लागत के 25% तक की रकम देगी। न्यूक्लियर मिशन में 2047 तक 100 गीगावॉट बिजली चाहिए। लघु मॉडल रिएक्टर के अनुसंधान के लिए 20,000 करोड़ के बजट से परमाणु ऊर्जा मिशन शुरु किया जाएगा।

---

* Laid on the Table

इस बजट में मेक इन इंडिया एम्प्लॉयमेंट और इनोवेशन, एनर्जी सप्लाई, स्पोर्ट्स का डेवलपमेंट, MSMP का विकास हमारी विकास यात्रा में शामिल है और इसका ईंधन रिफॉर्म्स है। इस कार्यक्रम से 1.7 करोड़ किसानों को मदद की संभावना है। ग्रामीण संपन्नता और अनुकूलन निर्माण राज्यों की भागीदारी से शुरू किया जाएगा । कौशल, निवेश से कृषि में रोजगार का सुधार होगा इसका मकसद ग्रामीण क्षेत्रों में विकल्प पैदा करना है। युवा, किसानों, ग्रामीण महिलाओं, किसानो छोटे किसानों पर ध्यान केंद्रित करेगा।

बजट का अध्ययन करने से यह पता चलता है कि रेलवे के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण गलियारों के लिए एलोकेशन किया गया है। मेरे संसदीय क्षेत्र में क्षेत्र वासियों द्वारा बिल्हौर स्टेशन पर लगातार रेलगाड़ी के स्टॉपेज की मांग की जा रही है। ट्रेन संख्या 14151/14152 कानपुर आनंद विहार एक्सप्रेस, 19409/19410 अहमदाबाद गोरखपुर एक्सप्रेस, 22443/22444 कानपुर बांद्रा एक्सप्रेस और संडीला, मेरे संसदीय क्षेत्र मिश्रिख के अंतर्गत नगर पालिका व नगर पंचायते कछौना, चौबेपुर और शिवराजपुर क्रॉसिंग संख्या 43 से निकलने वाली रेलवे क्रॉसिंग पर भारी यातायात होने के कारण क्रॉसिंग बंद होने पर सड़कों पर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। मैं माननीय वित्त मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि बजट एलोकेशन में से कछौना, चौबेपुर शिवराजपुर में रेलवे ओवरब्रिज या अंडरपास बनाने के लिए ग्रांट दी जाय, ताकि यहां पर रेलवे ओवरब्रिज बनाने का कार्य शुरु हो सके।

मेरे संसदीय क्षेत्र मिश्रिख के अंतर्गत बिलग्राम मल्लावां उन्नाव एक स्टेट हाईवे संख्या 38 है। यह हरदोई जिला होते हुए एक तरफ जिला उन्नाव और दूसरी तरफ जिला शाहजहांपुर के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 730 (4 लेन) में जुड़ती है। जिला हरदोई और उन्नाव में इस सड़क की चौड़ाई बहुत कम है, जिसके चलते आए दिन भीषण दुर्घटनाएं होती रहती हैं। मैं माननीय वित्त मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि बजट एलोकेशन में से बिलग्राम मल्लावा स्टेट हाईवे को राष्ट्रीय राजमार्ग में शामिल करने की स्वीकृति एवं सड़क को फोरलेन बनाने के लिए ग्रांट दी जाए ताकि क्षेत्र में होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत मल्लावां बिलग्राम विधानसभा क्षेत्र में गंगा नदी से बाढ़ प्रभावित इलाका है। यहां पर प्रत्येक वर्ष गंगा नदी से बाढ़ आने पर कटरी-परसौला छिबरामऊ सहित कई गांवों की न केवल फसल बर्बाद हो जाती है, बल्कि उनके मकान भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो जाते हैं तथा वे बेघर हो जाते हैं। मैं माननीय वित्त मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि बजट एलोकेशन में बाढ़ से बचाव के लिए एक बांध मेहंदी घाट से होते हुए राजघाट सडिया पुल तक बनाने के लिए ग्रांट दी जाए ताकि बांध का निर्माण हो सके। इन्ही शब्दों के साथ अपनी बात को समाप्त करता हूँ।

(इति)

***डॉ. प्रशांत यादवराव पडोले (भन्डारा-गोंदिया) :** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपको इस महत्वपूर्ण बजट चर्चा में बोलने का अवसर देने के लिए अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ। मैं अपने दल का भी आभार व्यक्त करता हूँ कि उन्होंने मुझे इस प्रतिष्ठित सदन में जनता की चिंताओं को प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी सौंपी। आज में इस मंच पर करोड़ों भारतीयों की आवाज उठाने के लिए खड़ा हूँ। वे लोग जो दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जो आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं, और जिन्होंने एक ऐसे बजट की उम्मीद की थी जो वास्तव में उनकी जरूरतों को पूरा करता। दुर्भाग्यवश, माननीय वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट 2025-26 उन उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता। यह एक बार फिर भाजपा सरकार की गलत प्राथमिकताओं और दोषपूर्ण आर्थिक दृष्टिकोण का प्रमाण है। महोदय, सरकार तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था का दावा करती है, लेकिन यह विकास आखिर किसके लिए हो रहा है? अमीर और गरीब के बीच की बढ़ती खाई, हमारे किसानों की समस्याएँ, और छोटे व्यवसायों की कठिनाइयाँ एक अलग ही तस्वीर पेश करती हैं। आइए, इस बजट का विश्लेषण करें और देखें कि क्या यह जनता से किए गए वादों को पूरा करता है, या फिर यह सिर्फ एक और चुनावी दिखावा है, जिससे जनता को एक बार फिर गुमराह किया जा रहा है।

मान्यवर, भाजपा सरकार ने 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' और 'दालों में आत्मनिर्भरता के लिए मिशन' की घोषणा की है। ये योजनाएँ सुनने में अच्छी लगती हैं, लेकिन इनसे किसानों को उनकी फसलों के उचित दाम कैसे मिलेंगे, इस पर कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया है। किसानों की वर्षों से चली आ रही MSP की कानूनी गारंटी की माँग को इस बजट में पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया है। यह सरकार की किसानों के प्रति उदासीनता को दर्शाता है। किसानों के लिए ऋण माफी या ब्याज मुक्त ऋण का कोई प्रावधान नहीं किया गया है. जबकि किसान लगातार बढ़ते कर्ज के बोझ से आत्महत्याएँ करने पर मजबूर हो रहे हैं। अरबपतियों का अरबों का कर्ज माफ़ किया जाता है, लेकिन किसानों के लिए एक भी पैसा नहीं दिया जाता।

महोदय, सरकार सिंचाई और भंडारण की सुविधाएँ बढ़ाने का वादा करती है, लेकिन उर्वरक, डीजल और बिजली की लागत कम करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। भाजपा सरकार ने हमेशा किसानों पर बोझ डाला है और कृषि क्षेत्र में बड़े कॉर्पोरेट घरानों को फायदा पहुँचाया है। इस बजट में किसानों की समस्याओं का कोई वास्तविक समाधान नहीं है। यह सिर्फ कागज़ी योजनाएँ बनाकर दिखावे की राजनीति करने का एक और उदाहरण है। भाजपा सरकार छोटे और मध्यम उद्योगों (MSME) को देश की अर्थव्यवस्था का दूसरा इंजन बताती है, लेकिन ये उद्योग आज गंभीर वित्तीय संकट से गुजर रहे हैं। सरकार ने कर्ज़ की सीमा बढ़ाई है, लेकिन इससे मांग की कमी और बढ़ती परिचालन लागत जैसी मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं होता। मोदी सरकार ने हर साल 2 करोड़ नौकरियाँ देने का वादा किया था, लेकिन इस बजट में रोजगार सृजन के लिए कोई ठोस योजना नहीं है। युवाओं को सिर्फ दिखावटी योजनाएँ नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण रोजगार चाहिए।

महोदय, सरकार ने गिग वर्कर्स को मान्यता तो दी है, लेकिन उनके लिए नौकरी की सुरक्षा, उचित वेतन और सामाजिक सुरक्षा का कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया है। भाजपा की कॉर्पोरेट समर्थक नीतियाँ इन श्रमिकों को असुरक्षित छोड़ रही हैं। 'मेक इन इंडिया' अब सिर्फ एक नारा बनकर रह गया है। इस बजट में न तो घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कुछ किया गया है और न ही नई नौकरियों सृजित

---

* Laid on the Table

करने के लिए। सरकार की असफल नीतियों की वजह से नौकरियाँ बन नहीं रहीं, बल्कि खत्म हो रही हैं। भाजपा सरकार ने आयकर छूट की सीमा 212 लाख तक बढ़ाने की घोषणा की है. लेकिन हमें यह भी देखना होगा। कर राहत का कोई फायदा नहीं होगा अगर आवश्यक वस्तुओं, ईंधन और स्वास्थ्य सेवाओं की कीमतें आसमान छूती रहें। सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण मध्यम वर्ग पहले से ज्यादा संकट में आ गया है। सामाजिक सुरक्षा की अनदेखी: पेंशन सुधार और मध्यम वर्ग और बुजुर्गों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की सरकार ने कोई परवाह नहीं की। सरकार एक तरफ प्रत्यक्ष कर कम करने का दिखावा कर रही है. जबकि दूसरी तरफ अप्रत्यक्ष कर बढ़ाकर गरीब और मध्यम वर्ग की आमदनी पर और बोझ डाल रही है। वादे बहुत, पर वास्तविकता कुछ नहीं। सरकार दावा करती है कि वह जनता में निवेश कर रही है, लेकिन स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए अपर्याप्त बजट आवंटन से हकीकत कुछ और ही नजर आती है। सरकार ने डे-केयर कैंसर सेंटर खोलने की बात कही है, लेकिन सार्वजनिक स्वास्थ्य ढाँचे को मजबूत करने के लिए बजट बहुत कम रखा गया है।

महोदय, स्कूलों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी देने का वादा किया गया है, लेकिन शिक्षकों की सैलरी, सरकारी स्कूलों का आधुनिकीकरण और ड्रॉपआउट दर को कम करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। भाजपा सरकार निजीकरण को बढ़ावा देकर गरीबों के लिए अच्छी शिक्षा को और महँगा बना रही है। महाराष्ट्र, जो देश की अर्थव्यवस्था में सबसे बड़ा योगदान देता है. इस बजट में पूरी तरह उपेक्षित किया गया है। मुंबई, पुणे और नागपुर मेट्रो परियोजनाओं के लिए कोई विशेष निधि नहीं है। रेलवे और राजमार्गों के लिए कोई नई परियोजना नहीं है। ऑटोमोबाइल, फार्मास्युटिकल और आईटी उद्योगों को कोई प्रोत्साहन नहीं है। विदर्भ और मराठवाड़ा के कर्ज में डूबे किसानों के लिए कोई राहत नहीं है। पर्यटन और विरासत स्थलों के विकास की पूरी तरह अनदेखी की गई है। महाराष्ट्र के स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में कोई बड़ा निवेश नहीं है। यह स्पष्ट करता है कि केंद्र सरकार महाराष्ट्र को जानबूझकर नजरअंदाज कर रही है। यह बजट किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं करता। रोजगार संकट को हल करने के लिए कोई ठोस योजना नहीं देता। मध्यम वर्ग के लिए आर्थिक राहत प्रदान नहीं करता। स्वास्थ्य और शिक्षा को मजबूत करने में विफल है। वित्तीय पारदर्शिता और जिम्मेदार वित्तीय प्रबंधन से कोसों दूर है। यह सिर्फ एक और चुनावी स्टंट है, जिसमें भाजपा सरकार ने जनता को गुमराह करने की कोशिश की है। हम, विपक्ष के रूप में, इस सरकार की असफलताओं को उजागर करना जारी रखेंगे और इसे जनता के प्रति जवाबदेह बनाएँगे। भारत की जनता को एक ऐसा बजट चाहिए, जो सभी को समान रूप से लाभ पहुँचाए सिर्फ कुछ गिने-चुने अमीरों को नहीं।

जय हिंद।

(इति)

***श्री अनन्त नायक (क्योंझर) :** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं इस सदन में हाल ही में प्रस्तुत केंद्रीय बजट पर अपने विचार रखने के लिए खड़ा हुआ हूं। यह बजट देश के आर्थिक विकास, बुनियादी ढांचे के सशक्तिकरण, गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के उत्थान के लिए किस प्रकार सहायक होगा, इस पर चर्चा करना अत्यंत आवश्यक है। माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत यह बजट आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसमें बुनियादी ढांचे, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, डिजिटल इंडिया, उद्योग, रोजगार सृजन और सामाजिक कल्याण को विशेष प्राथमिकता दी गई है। मैं अपने राज्य - ओडिशा और मेरे कर्मक्षेत्र Kendujhar संसदीय क्षेत्र के विकास के कुछ संदर्भ बिंदुओं के साथ केंद्रीय बजट की दिशा और आयामों पर इस प्रतिष्ठित सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

जनजातीय विकास

हमारी सरकार के इस बजट में 5 लाख महिलाओं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के पहली बार उद्यमियों के लिए एक नई योजना शुरू करने की घोषणा की गई है, जिसमें term loan शामिल है। मुझे दृढ़ता से लगता है कि यह योजना शिक्षा, वित्त, infrastructure और बाजार नेटवर्क तक पहुंच जैसे मुद्दों को दूर करके ओडिशा में जनजातीय विकास को बढ़ाएगी। सही कौशल सेट, प्रशिक्षण और सहायता प्रणालियों के साथ, ओडिशा निश्चित रूप से हमारे माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी के सक्षम नेतृत्व में अन्य राज्यों के साथ आगे बढ़ने में सक्षम होगा।

खनिज-समृद्ध जिलों के लिए विशेष पैकेज:

मैं Minor Minerals सहित बहुप्रतीक्षित Mining Reforms का प्रस्ताव करने के लिए हमारी सरकार की विशेष सराहना करता हूं। हमारा खनन क्षेत्र उत्कृष्ट रूप से अच्छा प्रदर्शन कर रहा है, लेकिन इसे अधिक पूर्वानुमानित, पारदर्शी और जवाबदेह नियामक वातावरण की आवश्यकता है जहां सभी हितधारकों को भूमि अधिग्रहण, वन अधिकार और स्थानीय सामुदायिक कल्याण से संबंधित दिशानिर्देशों का नियमबद्ध तरीके से पालन करना चाहिए। मैं ओडिशा के खनन क्षेत्र Kendujhar से आता हूं। Kendujhar जैसे खनन क्षेत्रों के लिए एक बड़ी चिंता भूमि क्षरण और वनों की कटाई बनी हुई है। व्यापक पुनर्वास कार्यक्रम जिसमें भूमि सुधार और afforestation प्रयास शामिल हैं, कानून द्वारा अनिवार्य होना चाहिए। भविष्य कहने वाला रखरखाव (predictive maintenance) के लिए Artificial Intelligence (AI) और संसाधन निष्कर्षण (resources extraction) की निगरानी के लिए डेटा analytics एक और महत्वपूर्ण पहल है। मुझे यकीन है कि इससे एक ही समय में उत्पादकता और सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा। हमारे राज्य ओडिशा ने हाल ही में आयोजित उत्कर्ष ओडिशा कार्यक्रम में बहुत सारे निवेशकों को आकर्षित किया है। JSW ने लगभग 35,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ Kendujar जिले में 5 MTPA स्टील प्लांट स्थापित करने की इच्छा व्यक्त की है। हालाँकि यह राज्य और मेरे जिले के इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, में यह आग्रह करना चाहूँगा कि Satellite Imagery और GIS Technology का उपयोग करके व्यापक खनिज संसाधन mapping से खनन गतिविधियों की बेहतर योजना बनाई जाए, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि Mines extraction अधिक कुशल और पर्यावरण के लिए लाभदायक है।

* Laid on the Table

कृषि एवं सिंचाई:

मैं गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं पर ध्यान केंद्रित करने वाले 10 व्यापक क्षेत्रों को कवर करने वाली स्थायी योजनाएं शुरू करने के लिए माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी और माननीय वित्त मंत्रीजी के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करना चाहता हूं। 100 जिलों में राज्यों के साथ साझेदारी में प्रधानमंत्री धन-धन्य कृषि योजना की घोषणा की गई है, जहाँ कृषि विकास से संबंधित मौजूदा योजनाओं और विशेष उपायों को एकत्रित किया जाएगा। सरकार की प्रतिबद्धता कृषि उत्पादकता बढ़ाने, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाकर फसल सघनता बढ़ाने, सामुदायिक स्तर पर फसल के बाद के भंडारण को बढ़ाने, सिंचाई सुविधाओं में सुधार करने और किसानों के लिए आवश्यक कृषि आदानों के प्रवाह को सुविधाजनक बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाने की रही है। इस संदर्भ में, मुझे दृढ़ता से लगता है कि ओडिशा में कृषि क्षेत्र को इस बजट द्वारा अपनाए गए संतुलित दृष्टिकोण से बहुत लाभ मिलेगा जो सिंचाई, जलवायु लचीलापन, वित्तीय समावेशन, infrastructure और किसान कल्याण पर केंद्रित है। मुझे उम्मीद है कि उचित बजटीय प्रावधानों और प्रभावी नीति कार्यान्वयन के साथ, मेरा राज्य ओडिशा एक टिकाऊ और समृद्ध कृषि ecosystem बना सकता है।

रोजगार एवं उद्योग: बजट में युवाओं के कौशल विकास (Skill Development) और MSME क्षेत्र को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। मुझे उम्मीद है कि बजट घोषणाएं विशेष प्रोत्साहन साबित होंगी और ओडिशा के आदिवासी जिलों में नई औद्योगिक इकाइयों और start up शुरू करने की सुविधा प्रदान करेंगी, ताकि स्थानीय युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें।

पर्यटन विकास - मैं राज्यों के साथ साझेदारी में देश में पर्यटन के विकास के लिए उपायों की घोषणा करने के लिए हमारे सर्वोच्च नेतृत्व को हार्दिक धन्यवाद देता हूं। मुझे उम्मीद है कि देश में विकसित होने वाले शीर्ष 50 पर्यटन स्थलों में ओडिशा राज्य और मेरे संसदीय क्षेत्र Kendujhar को अंतर्निहित और अपार पर्यटन संभावनाओं को देखते हुए प्राथमिकता स्थान मिलेगा। यह बजट अनेक सकारात्मक पहलुओं से युक्त है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में और अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। मुझे उम्मीद है कि हमारे प्रिय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के अद्भुत नेतृत्व में, केंद्रीय बजट में ओडिशा राज्य में विभिन्न परियोजनाओं को वित्तपोषित करने और मेरे संसदीय क्षेत्र Kendujhar में नई पहल शुरू करने के लिए पर्याप्त ध्यान दिया जाएगा ताकि लाखों गरीबों, वंचितों और किसानों को अधिकतम लाभ हो, जो हमें विकसित राज्यों और जिलों के साथ एक विकसित भारत सुनिश्चित करने में मदद करेगा।

धन्यवाद! (इति)

***डॉ. राजेश मिश्रा (सीधी) :** महोदय, आपने मुझे बजट - 2025 में बोलने का अवसर दिया इस हेतु आपका धन्यवाद। देश सिर्फ भूमि नहीं, बल्कि इसके लोग हैं।

विकास के इंजन:- 1. कृषि, 2. MSME, 3. निवेश, 4. निर्यात

माननीय यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में माननीय वित्तमंत्री जी द्वारा प्रस्तुत विकसित भारत के आकाँक्षाओं के बजट को अगर संक्षेप में व्याख्या करने के लिए चिंतन किया जाय तो गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित श्रीरामचरित मानस के एक दोहे से की जा सकती है वो दोहा है - नहि दरिद्र कोऊ दुखी न दीना, नहीं कोऊ अबुध न लक्षण हीना। जिसका तात्पर्य यह है कि दरिद्र अर्थात गरीबी, गरीबों को भोजन, आवास, पानी, सड़क, रोजगार व सम्मान देने का यह बजट है। दुखी अर्थात रुग्ण बजट में कैंसर व जीवन रक्षक दवाइयों के मूल्य में अल्पता करना, वृद्ध श्रेष्ठों को जो 70 से ऊपर हैं उनको आयुष्मान कवर देना, सभी जिला अस्पतालों में डे केयर कैंसर केंद्र स्थापित करना, अनुसूचित जनजाति व त्याज्य क्षेत्र में 30 नए मेडिकल कॉलेज खोलने का संकल्प इस बजट में है। दीन अर्थात कमज़ोर वर्ग हेतु हमारी सरकार ने समाज के अंतिम पंक्ति में रहने वाले जन जिसमें से महिला, अनुसूचित जाति, जनजाति के उद्यमियों के लिए 2 करोड़ का ऋण उपलब्ध कराएंगे तो यह दीन नहीं रहेंगे। इन्हीं के लिए पीएम स्वनिधि योजना, शहरी आजीविका सुदृढीकरण की व्यवस्था की गई है। माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा संचालित लखपति दीदी योजना इसका प्रमाण है। अबुध अर्थात अज्ञानी, ज्ञानार्जन हेतु यशस्वी प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रस्तावित बजट में 1.3 लाख करोड़ रुपए का बजट ज्ञान के लिए है, जिसमें स्कूलों में लैब अटल टिंकरिंग लैब से लेकर AI तक मेडिकल में 75000 सीटें, आईआईटी में सीट बढाने से लेकर रिसर्च व ग्रन्थ डिजिटलाइजेशन तक शामिल है।

महोदय, प्रधानमंत्री रिसर्च फेलोशिप 10 हजार देने की तैयारी, शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ा कदम है। हमारे विरोधी दल के लोग इस तरह हैं - जौ काहू के सुनहिं बडाई। स्वास लेहिं जनु जूडी आई, जौ काहू के देवहि विपदी । सुखी होइ मानहु जग नृपति न लक्षण हीना। अर्थात गरीबी से मुक्ति, शत प्रतिशत स्कूली शिक्षा, कुशल कामगार के साथ सार्थक रोजगार, किसानों की समृद्धि के लिए प्रधानमंत्री धन धान्य योजना हेतु यशस्वी प्रधानमंत्री जी का आभार। स्वास्थ के क्षेत्र में वित्तमंत्री जी ने 95 हजार 9 सौ 58 करोड़ यानी लगभग 96 हजार करोड़ की स्वीकृति दी है।

1. मेडिकल उपकरणों को भी सस्ता किया है
2. सभी 792 जिलों में डे केयर कैंसर केंद्र,
3. 75000 मेडिकल सीटें बढाने, बल्कि अगले वर्ष ही 10 हजार सीटें बढ़ाना
4. स्वास्थ्य पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा
5. प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना 55 करोड़ लोगों को कवर करती है

अब बात करें शिक्षा की तो शिक्षा के क्षेत्र में माननीया वित्तमंत्री जी ने 1 लाख 28 हजार 650 करोड़ का प्रावधान इस बजट में किया है -

1. सभी स्कूल ब्रॉडबैंड कनेक्शन
2. 50 हजार सरकारी स्कूल में अटल टिंकरिंग लैब
3. एक करोड़ से अधिक पांडुलिपियों का डिजिटलाइजेशन
4. किताबें डिजिटल फॉर्म में होंगी
5. रिसर्च के लिए 10 हजार फेलोशिप
6. भारतीय भाषा पुस्तक स्कीम

---

* Laid on the Table

7. राष्ट्रीय उत्कृष्ट कौशल केंद्र
8. आई आई टी में 6500 सीट बढ़ाना
9. स्वास्थ्य, शिक्षा व कृषि के लिए AI शिक्षा हेतु उत्कृष्ट केंद्र की स्थापना
मेरे लोक सभा क्षेय की प्रमुख मागें निम्नलिखित हैं -
1. मेरे लोकसभा क्षेत्र संजय टाइगर रिजर्व पर्यटन की दृष्टि महत्वपूर्ण व लाभकारक है। वहां पर विस्थापित होने वाले 99% लोग ट्राइबल समुदाय से हैं। उन्हें 15 लाख की जगह 50 लाख या आर.एन्ड.आर. के तहत मुआवजा दिया जाए।
2. यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में मा. रेल मंत्री जी हमारे क्षेत्र में विशेष ध्यान दे रहे हैं इसके लिए धन्यवाद।
3. ललितपुर, सिगरौली रेललाइन जो कई वर्षों से निर्माणधीन है मे विगत कुछ महीनो से कार्य तीव्र गति से चल रहा है।
4. वर्ष 2025 तक सीधी व 2026 तक सिगरौली रेल लाइन पहुंच जाए, ऐसा निवेदन है।
5. जमीन के बदले जो नौकरी पहले दी जा रही थी, बंद कर दी गई है उस पर पुनः विचार किया जाए। युवायों के भविष्य का प्रश्न है
6. सिगरौली से भोपाल वंदे भारत रेल चलाई जाए। मेरे लोक सभा क्षेत्र में वंदे भारत ट्रेन नहीं है।
7. सिगरौली से बनारस सुपर फास्ट मेमो ट्रेन दी जाए।
8. कटनी चोपल रेल मार्ग का दौहरीकरण कटनी से जोबा तक का शेष है उसे शीघ्र बनाया जाए। लगभग 30km का रास्ता है।
9. जबलपुर से सिगरौली वाया कटनी ब्योहारी मझौली निवास सरई राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया जाए यहां ट्रेफिक लोड बहुत है।
10. सिगरौली एयरपोर्ट से नियमित व्यवासायकि उड्डान प्रारंभ की जाए।
11. ब्योहारी में बाणसागर डैम के पास प्रयाप्त जमीन है वहां नेवी का प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया जाए।
12. सिगरौली में माइनिंग कॉलेज शीघ्र प्रारंभ किया जाए।
13. सीधी में विश्वविद्यालय स्थापित किया जाए।
14. सीधी में वन एवं वन्य जीव प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केंद्र बनाया जाए।
15. बजट में 50 पर्यटन स्थल स्थापित करने की बात कही गई है। मेरे क्षेत्र परसिली में पहले से स्थापित केंद्र को अत्याधुनिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए । यह क्षेत्र रही बाणभट्ट की तपस्थली है।
16. हमारे क्षेत्र में महुआ बनोपज की खेती बहुत होती है, उसे कृषि क्षेत्र में मिलने वाले अन्य सभी लाभ मिले ।
17. मेरे लोकसभा क्षेत्र सीधी सिगरौली में बैगा विकास प्रधिकरण लागू किया जाए जिस तरीके के म.प्र. के अन्य जिलो में लागू है।

(इति)

***श्री अरुण भारती (जमुई)** : अध्यक्ष महोदय, मैं इस ऐतिहासिक बजट पर बोलने का अवसर देने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी और हमारे नेता, युवा हृदय सम्राट श्री चिराग पासवान जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। यह बजट सिर्फ एक आर्थिक दस्तावेज नहीं, बल्कि "बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट" विजन को साकार करने की दिशा में एक ठोस कदम है। यह बजट भारत के भविष्य की रूपरेखा तैयार करता है-एक आत्मनिर्भर, सशक्त और विकसित भारत की दिशा में बढ़ते कदमों का प्रमाण है। वर्षों तक बिहार विकास की दौड़ में पीछे छूट गया था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में आज बिहार को वह सम्मान मिल रहा है, जिसका वह सदा से हकदार था। कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों ने बिहार को सिर्फ एक वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया, लेकिन पहली बार बिहार को वास्तविक तवज्जो मिली है। इस बजट में हर वर्ग के लिए राहत, हर क्षेत्र के लिए विकास, और हर नागरिक के लिए नए अवसरों का संकल्प है। यह बजट बिहार के कृषि, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, अवसंरचना और युवा विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। NDA सरकार ने बिहार को विशेष राज्य के दर्जे से कहीं अधिक दिया है-वास्तविक निवेश, बड़े प्रोजेक्ट्स और आर्थिक सुधारों के रूप में।

महोदय, बिहार के मिथिलांचल क्षेत्र के लिए यह बजट क्रांतिकारी निर्णय लेकर आया है। बिहार पूरे देश के 90% मखाने का उत्पादन करता है. लेकिन अब तक इसे वह पहचान नहीं मिली जिसकी यह हकदार थी। सरकार द्वारा "मखाना बोर्ड" की स्थापना से किसानों को उच्च गुणवता के बीज, तकनीकी सहायता और अंतरराष्ट्रीय बाज़ार तक सीधी पहुंच मिलेगी। मैं सरकार से यह भी आग्रह करता हूँ कि मखाने पर MSP (न्यूनतम समर्थन मूल्य) घोषित किया जाए, जिससे किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिले। पश्चिमी कोसी परियोजना मिथिलांचल क्षेत्र के 50,000 हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि के लिए संजीवनी साबित होगी। वर्षों से सिंचाई की समस्या झेल रहे किसान अब आत्मनिर्भर बनेंगे, जिससे बिहार की कृषि उत्पादकता को नई ऊँचाइयाँ मिलेंगी।

महोदय, "प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना" के तहत 100 पिछड़े कृषि जिलों को सुधारने की योजना बनाई गई है, जिससे 1.7 करोड़ किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। Mission for Aatmanirbharta in Pulses के तहत तूर, उड़द और मसूर की फसल को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने एक विशेष मिशन की शुरुआत की है। बिहार दाल उत्पादन का केंद्र बन सकता है और इस योजना से किसानों की आमदनी में कई गुना बढ़ोतरी होगी। Rural Prosperity & Resilience Programme के तहत गाँवों में नए रोजगार के अवसर पैदा किए जाएँगे, जिससे बिहार के युवाओं को बाहरी राज्यों में मजदूरी के लिए पलायन नहीं करना पड़ेगा। बिहार की कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाने के लिए ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट की घोषणा की गई है, जिससे व्यापार, उद्योग और पर्यटन को बल मिलेगा। इसके साथ ही पटना एयरपोर्ट के विस्तार और बिहटा में ब्राउनफील्ड एयरपोर्ट का विकास राज्य को भविष्य की उड़ान भरने के लिए तैयार कर रहा है।

---

* Laid on the Table

पीएम आवास योजना के तहत ₹5.36 लाख करोड़ का अतिरिक्त आवंटन-इससे बिहार के लाखों परिवारों को पक्का घर मिलेगा। 1 लाख करोड़ रुपये का Urban Challenge Fund-पटना, मुजफ्फरपुर, गया और भागलपुर जैसे शहरों को स्मार्ट सिटी में बदलने की दिशा में यह बजट एक ऐतिहासिक कदम है। मेट्रो, रोपवे और इलेक्ट्रिक बसें पटना और अन्य शहरों में स्मार्ट ट्रांसपोर्ट सिस्टम विकसित करने के लिए 52,000 इलेक्ट्रिक बसें तैनात की जाएँगी, जिससे सार्वजनिक परिवहन में सुधार होगा। बिहार के 157 रेलवे स्टेशन अमृत स्टेशन के रूप में विकसित किए जा रहे हैं। 14 वंदे भारत ट्रेनों का संचालन 20 जिलों में किया जा रहा है। 5 राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (National Centres of Excellence for Skilling)- युवाओं को Make for India, Make for the World विजन के तहत प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे वे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ सकें।

महोदय, IITS और मेडिकल कॉलेजों का विस्तार: बिहार के छात्रों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर मिलें, इसके लिए 75,000 नई मेडिकल सीटों की घोषणा की गई है। Centre of Excellence in AI for Education-पटना को शिक्षा का हब बनाने के लिए ₹500 करोड़ के निवेश से AI Excellence Centre स्थापित किया जाएगा, जिससे नई तकनीकों का लाभ बिहार के छात्रों को मिलेगा। Food Processing Industry का विस्तार बिहार में National Institute of Food Technology, Entrepreneurship and Management की स्थापना की जाएगी, जिससे किसानों को उनकी फसल का बेहतर मूल्य मिलेगा और युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

महोदय, बिहार में लीची, मखाना, चावल और मकई जैसी उपजों की प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित होंगी, जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी। MSME सेक्टर को बढ़ावा ₹1.5 लाख करोड़ की विशेष ऋण योजना से बिहार के लघु और मध्यम उद्योगों को नई ताकत मिलेगी। कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों ने बिहार के विकास को रोकने का काम किया। वर्ष 1971 में "गरीबी हटाओ" का नारा दिया गया, लेकिन गरीब हटे नहीं, बल्कि गरीबों को ही हटाने का काम किया गया। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने की बात करने वालों ने केवल झूठे वादे किए, लेकिन केंद्र सरकार ने बिहार को विशेष पैकेज देकर वास्तविक मदद दी। रेलवे, सड़क, पुल, हवाई अड्डे कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने बिहार को कुछ नहीं दिया, लेकिन मोदी सरकार बिहार को विकास की नई ऊँचाइयों तक ले जा रही है। आज का यह बजट "बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट" के विजन को साकार करने वाला बजट है। "बिहार बढ़ेगा, तो भारत बढ़ेगा।" जय हिंद। जय बिहार।

(इति)

***श्री आशीष दुबे (जबलपुर) :** आदरणीय अध्यक्ष जी, आदरणीय यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में देश की वित्तमंत्री जी द्वारा सदन में प्रस्तुत वार्षिक बजट-2025-26 बिल का मैं 2जबलपुर की जनता की ओर से हार्दिक अभिनंदन करता हूँ, समर्थन करता हूँ।

अध्यक्ष जी, हम सभी आज गौरवान्वित है, कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में प्रगति के पथ पर अग्रसर है और देश एक मजबूत अर्थव्यवस्था की ओर निरंतर आगे बढ़ रहा है। देश सांस्कृतिक समृद्धि के साथ-साथ, इंफ्रास्टक्चर के क्षेत्र में हो, चाहे ग्रामीण अंचलों की बात हो, पूरा देश विकास और समृद्धि के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता जा रहा है। सरकार द्वारा सदन में देश के चहुंमुखी विकास हेतु प्रस्तुत बजट से यह स्पष्ट है, आज भारत, विश्व की सशक्त अर्थव्यवस्था बनकर उभर रहा है।

अध्यक्ष जी, इसलिए मैं वर्ष-2025-26 बजट प्रस्ताव के समर्थन में खड़ा हुआ हूँ, क्योंकि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत विकसित भारत की ओर तेज गति से आगे बढ़ रहा है।

मुझे यह कहते हुए, अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। माननीय वित्त मंत्री महोदया ने अपने बजट भाषण में बताया कि सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जन-धन योजना से देश के कुल 54.40 करोड़ लोग लाभान्वित हो रहे हैं। देश में डिजिटल लेन देन का प्रचलन है, कालाबाजारी पर रोक लगी है। पीएम आवास योजना के तहत देश की बड़ी संख्या 3.45 करोड़ लोग लाभान्वित हुए हैं। पूरे विश्व में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का विश्व कीर्तिमान स्थापित करते हुए "आयुष्मान भारत" योजना के निमित्त देश के 55 करोड़ लोग लाभान्वित हुए हैं। राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के तहत 15.42 करोड़ ग्रामीण परिवारों को शुद्ध पीने का पानी मुहैया सरकार द्वारा घर-घर पहुंचाया जा चुका है। इसके लिए मैं माननीय मोदी जी की संवेदनशीलता को नमन करता हूँ, आपने देश के ग्रामीण अंचलों में पेयजल पहुंचाकर पुण्य का कार्य किया है, समग्र देशवासी आज आपका अभिनंदन कर रहे हैं।

माननीय अध्यक्ष महोदय, सरकार द्वारा देश निर्माण में किए जा रहे कार्यों को गिनाने लगूँगा तो समय कम पड़ जाएगा, उपलब्धियों का विवरण बहुत ही लंबा है। आज पूरा देश देख ही नहीं रहा अपितु महसूस भी कर रहा है। अतः समय की सीमाओं का ध्यान रखते हुए, मैं यही कहूँगा कि देश की सरकार आज नए भारत का उदय करते हुए, सरकार विकसित भारत के सपने को साकार करने जा रही है, इसमें हर भारतवासी आज माननीय मोदी जी के साथ खड़ा है।

अंत में, आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मेरे संसदीय क्षेत्र जबलपुर के विभिन्न लोकहित के मुद्दों की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ।

1. जबलपुर शहर में माँ नर्मदा जी के पावन तट पर तिलवारा घाट से माँ नर्मदा व्यू पॉइंट तक लगभग 11 कि०मी० के भाग पर गुजरात में बने साबरमती रिवर फ्रंट एवं कोटा राजस्थान में बने हेरिटेज चम्बल रिवर फ्रंट की तर्ज पर जबलपुर में "माँ नर्मदा जी रिवर फ्रंट" बनाई जाए।

* Laid on the Table

2. जीवन दायिनी माँ नर्मदा की अविरल धारा को केंद्र में रखकर इस पूरे क्षेत्र में "नर्मदा टूरिस्ट सर्किट" का निर्माण किया जाए।
3. जबलपुर शहर को स्मार्ट सिटी में सम्मिलित करने हेतु आभार, किन्तु जनता की अपेक्षाओं एवं आवश्यकताओं के अनुरूप अभी जबलपुर में बहुत से चरणबद्ध, एक विशेष कार्यनीति के तहत विकास कार्यों का होना अत्यंत आवश्यक है। अतः कृपया जनहित में जबलपुर शहर हेतु "स्मार्ट सिटी फेज-2" के तहत अगले चरण का अनुमोदन करते हुए, 1 हजार करोड़ की धन राशि मुहैया करवाने की कृपा करें।
4. जबलपुर अपने वन संपदा से समृद्ध है। अतः जबलपुर में प्राणी उद्यान (zoo) का होना अत्यंत आवश्यक है। कृपया जनहित में इस पुनीत कार्य हेतु 100 करोड़ रुपये की अनुसंशा करने का निवेदन है।

आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मेरा आपसे विनम्र अनुरोध है, मेरे द्वारा उठाए गए मुद्दों को आम बजट 2025-26 में जोड़ा जाए, जिससे कि जबलपुर संसदीय क्षेत्र में अपेक्षित विकास, आवश्यकताओं के अनुरूप हो सके, जबलपुर संसदीय क्षेत्र जैसे ऐतिहासिक क्षेत्र का समेकित विकास करते हुए शिखर पर लाया जा सके।

हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी का, मा० वित्त मंत्री जी का जबलपुर की जनता की ओर से हार्दिक अभिनंदन। मैं सरकार द्वारा सदन में प्रस्तुत बजट 2025-26 (वित्त विधेयक) का समर्थन करता हूँ, हृदय से अभिनंदन करता हूँ।

अध्यक्ष जी बहुत-बहुत धन्यवाद, आभार।

(इति)

*श्री शंकर लालवानी (इन्दौर) :माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा संसद में केंद्रीय बजट 2025-26 पेश किया गया, जिसमें विकास के 4 इंजनों- कृषि, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (MSME) निवेश और निर्यात को रेखांकित किया गया है।

बजट में गरीबों, युवाओं, किसानों एवं महिलाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए विकास उपायों को प्रस्तावित किया गया है।

पहला ईंजनः कृषि

* प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजनारू इसके अंतर्गत कम कृषि उत्पादकता वाले 100 जिलों को शामिल किया गया है, जिससे 1.7 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे, फसल कटाई के बाद भंडारण बढ़ाने, सिंचाई की सुविधाओं में सुधार करने का लक्ष्य रखा गया।

* कौशल, निवेश, प्रौद्योगिकी के माध्यम से कृषि में कम रोजगार का समाधान के लिये राज्यों की भागीदारी से एक व्यापक बहु-क्षेत्रीय 'ग्रामीण सम्पन्नता और अनुकूलन निर्माण' कार्यक्रम प्रारम्भ किया जाएगा।

* दलहनों में आत्मनिर्भरतारू सरकार तूर, उड़द और मसूर पर विशेष ध्यान के साथ दालों में आत्मनिर्भरता के लिये एक छह वर्षीय अभियान का शुभारंभ करेगी। जिससे जलवायु अनुकूल बीज और लाभकारी मूल्य सुनिश्चित होंगे।

* केन्द्रीय एजेंसियां (नेफेड और एनसीसीएफ) अगले चार वर्षों के दौरान किसानों से मिलने वाली इन तीन दालों को अधिकतम स्तर पर खरीदने के लिये तैयार रहेंगे।

* किसान क्रेडिट कार्ड (ज्ञब्ब) की बढ़ी हुई सीमारू 7.7 करोड़ किसानों के लिये ऋण की सीमा को सुविधाजनक बनाने के लिये इसे 3 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दिया गया।

* उच्च उपज देने वाले बीजों पर राष्ट्रीय मिशनरू अनुसंधान को मजबूत करना, 100 से अधिक उच्च उपज देने वाली और कीट प्रतिरोधी बीज किस्मों की उपलब्धता सुनिश्चित करना।

* कपास उत्पादकता मिशनरू सतत् कृषि को बढ़ावा देने, अतिरिक्त लंबे रेशे वाले कपास का उत्पादन बढ़ाने और गुणवत्ता में सुधार लाने के लिये 5 वर्ष की पहल।

* बिहार में मखाना बोडर्स मखाना के उत्पादन, प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन को बढ़ाने हेतु इसकी स्थापना की जाएगी।

* फलों और सब्जियों के लिये व्यापक कार्यक्रमरू कुशल आपूर्ति शृंखला को बढ़ावा देना और किसानों के लिये बेहतर बाजार मूल्य सुनिश्चित करना।

* मत्स्य विकासरू भारतीय विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र और उच्च सागर में सतत् मत्स्य पालन के लिये नई रूपरेखा, अंडमान एवं निकोबार तथा लक्षद्वीप पर ध्यान केंद्रित करना।

* असम में यूरिया संयंत्र कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिये ब्रह्मपुत्र घाटी उर्वरक निगम लिमिटेड (ठटथ्स्) के परिसर में 12.7 लाख मीट्रिक टन क्षमता का एक नया यूरिया संयंत्र स्थापित किया जाएगा।

---

* Laid on the Table

<u>दूसरा इंजनः एमएसएमई</u>

* संशोधित एमएसएमई वर्गीकरणरू निवेश और कुल कारोबार सीमाओं को क्रमशः 2.5 और दोगुना बढ़ाया गया है, जिससे लघु उद्यम के लिये ऋण के अवसर बढ़ेंगे।

* सूक्ष्म उद्यम क्रेडिट कार्ड्स 10 लाख सूक्ष्म उद्यमों के लिये 5 लाख रुपए की ऋण सुविधा, वित्तीय समावेशन और आर्थिक भागीदारी को बढ़ावा देना।

* एमएसएमई के लिये ऋण कवररू गारंटी कवर 5 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपए कर दिया गया, जिससे ऋण तक पहुँच बढ़ सकेगी।

* चमड़ा और फुटवियर के लिये फोकस प्रोडक्ट स्कीमरू 22 लाख रोजगार, 4 लाख करोड़ रुपए का राजस्व और 1.1 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निर्यात होगा।

* खिलौना क्षेत्र का विकासः क्लस्टर और नवाचार आधारित विनिर्माण वैश्विक बाजारों में श्मेड इन इंडियाश् ब्रांड को बढ़ावा दे रहे हैं।

* राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी संस्थानरू बिहार में राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान की स्थापना की जाएगी, जिससे खाद्य प्रसंस्करण, कौशल और उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा।

* स्टार्टअप्स के लिये फंड ऑफ QaM-1: विस्तारित दायरे और 10,000 करोड़ रुपए के अतिरिक्त योगदान के साथ स्थापित किया जाएगा।

तीसरा इंजनः निवेश

* शहरी चुनौती निधिरू श्शहरों को विकास केंद्र के रूप में विकसित करने, शहरों के रचनात्मक पुनर्विकास तथा जल एवं स्वच्छता को समर्थन देने के लिये 1 लाख करोड़ रुपए का आवंटन, जिसमें वित्त वर्ष 2025-26 के लिये 10,000 करोड़ आवंटित किये गए।

* जल जीवन मिशन कुल बजट परिव्यय को बढ़ाकर 67,000 करोड़ रुपए कर दिया गया है तथा इस मिशन की अवधि वर्ष 2028 तक बढ़ा दी गई है, जिससे ग्रामीण जल परियोजनाओं के लिये अधिक वित्त पोषण के साथ सार्वभौमिक पाइप जलापूर्ति सुनिश्चित होगी।

* इस मिशन से 15 करोड़ परिवार लाभान्वित हुए हैं, जो भारत की ग्रामीण आबादी का 80: हिस्सा हैं।

* समुद्री विकास निधिरू 25,000 करोड़ का कोष (सरकार द्वारा 49: योगदान), जहाज निर्माण, बंदरगाहों और रसद बुनियादी ढाँचे के लिये दीर्घकालिक वित्तपोषण का समर्थन करता है।

* IIT का विस्तार 6,500 अतिरिक्त छात्रों के लिये अतिरिक्त बुनियादी ढाँचा, भारत की तकनीकी शिक्षा क्षमता को बढ़ावा देगा।

* PM रिसर्च फेलोशिपरू IIT और IISC में उन्नत अनुसंधान के लिये 10,000 फेलोशिप ।

* डे केयर कैंसर सेंटररू इन्हें अगले 3 वर्षों में सभी जिला अस्पतालों में स्थापित किया जाएगा। वर्ष 2025-26 तक 200 सेंटर स्थापित किये जाएंगे, जिससे कैंसर उपचार की किफायती उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

* भारतीय भाषा पुस्तक योजनारू इसके तहत स्कूल और उच्च शिक्षा तक पहुँच बढ़ाने के क्रम में भारतीय भाषा में डिजिटल पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी।

* विकसित भारत के लिये परमाणु ऊर्जा मिशनरू स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टरों के लिये 20,000 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ इसके तहत वर्ष 2033 तक स्वदेशी रूप से विकसित कम से कम 5 का संचालन किया जाना प्रस्तावित है।
* परमाणु ऊर्जा अधिनियम और परमाणुवीय नुकसान के लिये सिविल दायित्व अधिनियम में संशोधन के क्रम में निजी क्षेत्र के साथ सक्रिय भागीदारी के लिये विचार किया जाएगा।
* UDAN & क्षेत्रीय संपर्क योजनाः संशोधित उड़ान योजना के अंतर्गत 120 नए गंतव्यों को शामिल किया जाएगा, जिसका लक्ष्य अगले 10 वर्षों में 4 करोड यात्रियों को सेवा प्रदान करना है।
* यह योजना पहाड़ी, आकांक्षी और पूर्वोत्तर क्षेत्रों में हेलीपैड और छोटे हवाई अड्डों को भी सहयोग प्रदान करेगी।
* पश्चिमी कोशी नहर म्त्ड परियोजना मिथिलांचल, बिहार में सिंचाई अवसंरचना के विकास हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।
* रोजगार आधारित विकास के लिये पर्यटनरू देशभर के 50 प्रमुख पर्यटन स्थलों को राज्यों के सहयोग से श्चैलेंज मोडश के तहत विकसित किया जाएगा।

<u>चौथा इंजन - निर्यात संवर्धनः</u>

* निर्यात संवर्धन मिशन क्षेत्रीय और मंत्रालयी लक्ष्यों के साथ एक निर्यात संवर्धन मिशन का शुभारंभ किया जाएगा, जिसे वाणिज्य मंत्रालय, डैडम् मंत्रालय और वित्त मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से चलाया जाएगा।
* भारतट्रेडनेट BTN एक एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म जो अंतर्राष्ट्रीय व्यापार दस्तावेजीकरण और वित्तपोषण समाधान की सुविधा प्रदान करेगा।
* ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (GCC) हेतु राष्ट्रीय ढांचाः उभरते हुए द्वितीय श्रेणी (टियर-2) शहरों में आउटसोर्सिंग केंद्रों (ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स) को बढ़ावा देने के लिये नीतिगत प्रोत्साहन दिये जाएंगे, जिससे भारत एक प्रमुख वैश्विक सेवा प्रदाता के रूप में उभर सके।
* एयर कार्गो के लिये भंडारण सुविधारू उच्च-मूल्य वाले नाशवंत (चमतपींइसम) उत्पादों के निर्यात को सक्षम बनाने के लिये उन्नत भंडारण अवसंरचना का विकास किया जाएगा, जिससे अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक तेज और कुशल आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

सबका विकास" थीम पर आधारित केंद्रीय बजट 2025-26 समावेशी विकास, गरीबी उन्मूलन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आर्थिक सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के साथ विकसित भारत के लिये एक मजबूत आधार तैयार करने पर केंद्रित है।

युवाओं, महिलाओं, किसानों और मध्यम वर्ग को प्राथमिकता देते हुए इस बजट का उद्देश्य सामाजिक समानता सुनिश्चित करने के साथ सतत् विकास एवं निजी क्षेत्र के निवेश को प्रोत्साहित करना है। यह बजट भारत को वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी तथा आर्थिक रूप से सशक्त राष्ट्र बनाने की दिशा में अग्रसर करेगा।

(इति)

*__श्री रविंद्र दत्ताराम वायकर (मुम्बई उत्तर-पश्चिम) :__ माननीय अध्यक्ष जी, आज इस सदन में मैं भारत के आम बजट 2015-16 पर अपने विचार रखने के लिए खड़ा हुआ है। यह बजट केवल संख्याओं का एक दस्तावेज नहीं बल्कि विकसित भारत की मजबूत नींव रखने वाला रोडमैप है। मैं इस दूरदर्शी और जन-हितैषी बजट के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और माननीय वित मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को बधाई देता हूँ।

इस बजट में 50,65,345 करोड़ रुपये का फुल व्यय प्रस्तावित किया गया है जिसमें 11,21,000 करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय के रूप में रखे गए हैं। इससे बुनियादी ढांचे का विकास होगा, अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी और करोड़ों लोगों को नए रोजगार के अक्सर उपलब्ध होंगे।

इस बजट में सरकार ने गरीबों, किसानों, युवाओं, महिलाओं, मध्यम वर्ग और शहरी गरीबों को प्राथमिकता दी है। यह बजट आर्थिक मजबूती, रोजगार सृजन, उद्यमिता, बुनियादी ढांचे के विस्तार और डिजिटल इंडिया को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प दोहराता है। यह केवल एक आर्थिक दस्तावेज नहीं बल्कि समाज के हर वर्ग को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

आज इस ऐतिहासिक बजट में भारत के समुद्री, हवाई, आवासीय और मध्यम वर्ग के विकास के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं जो हमारे देश को एक विकसित भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ाने वाली हैं।

सरकार ने Maritime Development Fund की स्थापना की घोषणा की है जिसमें 25,000 करोड़ रुपये का फंड होगा। इसमें 49 परसेंट सरकार का योगदान रहेगा और बाकी धनराशि बंदरगाहों और निजी क्षेत्र से जुटाई जाएगी। इससे समुद्री व्यापार, लॉजिस्टिक्स और नौवहन के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा और भारत को वैश्विक समुद्री हब बनाने की दिशा में मजबूती मिलेगी।

इसी तरह, UDAN (Regional Conectivity Schiene) में 1.5 करोड मध्यमवर्गीय नागरिकों को सस्ता और तेज हवाई सफर प्रदान किया है। अब तक 88 एयरपोर्ट और 619 रूट्स इस योजना के तहत जुड़े हैं। इस सफलता को देखते हुए संशोधित UDAN योजना के तहत 120 नए गंतव्यों को जोड़ा जाएगा और अगले 10 वर्षों में 4 करोड़ यात्रियों को क्षेत्रीय कनेक्टिविटी से लाभ मिलेगा।

इसके अलावा, सरकार ने सस्ते और मध्यम आय वर्ग के आवास (Affordable & Mid-lacome Housing) के लिए SWAMIH फंड के तहत 50,000 से अधिक घरों का निर्माण पूरा किया और उनके खरीदारों को चाबी सौंपी। इससे उन मध्यम वर्गीय परिवारों को राहत मिली जो एक साथ EMI और किराए का बोझ उठा रहे थे। इस पहल को आगे बढ़ाते हुए अब SWAMII Fund-2 लॉन्च किया जाएगा जिसमें 15,000 करोड़ रुपये का फंड होगा। इससे एक लाख और घरों का निर्माण तेज़ी से पूरा होगा जिससे लाखों परिवारों को उनका अपना घर मिलेगा।

---

* Laid on the Table

मध्यम वर्ग हमेशा से राष्ट्र निर्माण की रीढ़ रहा है और मोदी सरकार ने हमेशा उनके योगदान को सराहा है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए सरकार ने इनकम टैक्स छूट की सीमा को बढ़ाकर 12 लाख रुपये कर दिया है जिससे अब एक लाख प्रति माह तक की आय पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। वहीं, सैलरीड क्लास के लिए 75,000 रुपये के स्टैंडर्ड डिडक्शन के साथ यह सीमा 12.75 लाख रुपये हो जाएगी। यह निर्णय मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए सीधी राहत लेकर आया है और उनकी वित्तीय स्वतंत्रता को और मजबूत करेगा।

शहरों में छोटे व्यापारियों और स्ट्रीट वेंडर्स को सशक्त बनाने के लिए पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 68 लाख से अधिक स्ट्रीट बैंडर्स को सस्ती दरों पर ऋण की सुविधा दी गई है। इस योजना का विस्तार करते हुए सरकार ने अब UPI लिंक्ड क्रेडिट कार्ड की घोषणा की है, जिसमें 30,000 रुपय तक की लिमिट होगी। इसके अलावा बैंकों से ऋण प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा ताकि स्ट्रीट वेंडर्स अपने व्यापार को सुचारू रूप से चला सकें।

इसके साथ ही शहरी विकास को गति देने कंड स्थापित किया गया है, जिससे शहरी विकास को गति देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये आ अर्बन चैलेंज फंड स्थापति किया गया है जिससे शहरों को ग्रोथ हब के रूप में विकसित किया जाएगा, स्वच्छता और जल आपूर्ति में सुधार होगा और नगर सेवाओं को आधुनिक बनाया जाएगा। यह फंड पीपीपी मॉडल और बैंकों से ऋण के माध्यम से 50 परसेंट तक धनराशि जुटाने की सुविधा देगा जिससे शहरी विकास को तेज किया जा सकेगा।

भारत में गिग इकॉनमी तेजी से बढ़ रही है और लाखों युवा Zomato. Swiggy Uber, Ola जैसी कंपनियों व माध्यम से रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। सरकार ने गिग वर्कर्स को पहचान देने और उन्हें सामाजिक सुरक्षा देने के लिए e-Shram पोर्टल पर पंजीकरण और पीएम जन आरोग्य योजना के तहत स्वास्थ्य बीमा की सुविधा देने की घोषणा की है। इससे लगभग 1 करोड़ जिम वर्कर्स को सीधा लाभमिलेगा, जिससे वे आर्थिक रूप से अधिक सशक्त बन सकेंगे।

भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए सरकार ने 1.1 लाख से अधिक मेडिकल सीटें जोड़ी हैं और अगले वर्ष 10,000 नई मेडिकल सीटें जोड़ी जाएंगी, जिससे देश में डॉक्टरों की संख्या बढ़ेगी और स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सक्षम बनाया जाएगा।

इसके अलावा, सभी जिला अस्पतालों में के-केयर कैंसर सेंटर स्थापित किए जाएंगे, जिसमें वर्ष 2025-26 में 200 नए केंद्र खोले जाएंगे। इससे कैंसर के मरीजों को उन्नत उपचार मिलेगा और उन्हें बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

सरकार ने Heal in India पहल के तहत मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है। इससे भारत में चिकित्सा सुविधाओं का वैश्विक स्तर पर विस्तार होगा और भारत को मेडिकल हब के रूप में स्थापित किया जाएगा।

शिक्षा के क्षेत्र में सरकार ने IITs में छात्रों की संख्या 65,000 से बढ़ाकर 1.35 लाख कर दी है। अब वर्ष 2014 के बाद स्थापित 5 नए IITs में 6,500 और छात्रों के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जाएगा। इसके अलावा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के लिए एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा जिस पर 500 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा।

तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने नेशनल जियोस्पेशियल मिशन लॉन्च करने की घोषणा की है, जिससे भूमि रिकॉर्ड डिजिटलीकरण और शहरी नियोजन को और आधुनिक बनाया जाएगा।

सरकार ने राज्यों को 1.5 लाख करोड़ का 50 वर्ष के लिए ब्याज मुक्त ऋण देने की घोषणा की है जिससे राज्यों में आधारभूत संरचना का तीव्र विकास होगा।

इसके अलावा, प्रत्येक इंफ्रास्ट्रक्चर मंगलय को PPP मॉडल के तहत तीन साल की परियोजनाओं की योजना बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। यह योजना देश के बुनियादी ढांचे को आधुनिक और प्रतिस्पर्धात्मक बनाने में अहम भूमिका निभाएगी।

अब मैं अपने राज्य महाराष्ट्र और अपने लोकसभा क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहूँगा।

वाढवान बंदरगाहः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 276,200 करोड़ रुपये की लागत से इस बंदरगाह का निर्माण किया जा रहा है। मेरा आग्रह है कि केवल वाढवान तक सीमित न रहते हुए कोंकण के सभी बंदरगाहों का आधुनिकीकरण किया जाए।

छत्रपति शिवाजी महाराज के किलों का संरक्षणः इन ऐतिहासिक धरोहरों का पुनर्निर्माण और सौंदर्यीकरण किया जाए ताकि आने वाली पीढ़ियों को इतिहास से प्रेरणा मिल सके।

मुंबई में जल संकटः गारगाई और पिंजाल बांध परियोजनाओं को जल्द पूरा करने की जरूरत है ताकि मुंबई और आसपास के क्षेत्रों में जल आपूर्ति सुचारु हो सके।

वर्सोवा जेट्टी का पुनर्निर्माणः इसे पर्यटन और मछली उद्योग के लिए विकसित करने हेतु विशेष निधि दी जाए।

गोरेगांव फिल्म सिटी: हरो रामजी फिल्म सिटी जिससे यह एक अंतरराष्ट्रीय स्तर की फिल्म सिटी बन सके पर विकसित किया जाए, जिससे यह एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर की फिल्म सिटी बन सके। कोंकण रेलवे का आधुनिकीकरणः सभी रेलवे स्टेशनौ उनकी यात्री सुविधाओं में सुधार किया जाए और उनकी यात्री सुविधाओां में सुधार किया जाए। रेलवे और मेट्रो की कनैक्टिविटी के लिए प्रबंध किया जाए। यात्रियों की भीड़ के लिए उपाय योजना होनी चाहिए।

जोगेश्वरी जंक्शनः इसे अमृत भारत स्टेशन बोजना में शामिल कर यहाँ मॉल, यात्री विश्राम गृह और रेस्टोरेंट जैसी सुविधाएँ विकसित की जाएं।

मुंबई उपनगर में एम्स अस्पताल के निर्माण (कैंसर और रिसर्च सैंटर) के लिए निधि की आवश्यकता है। यह बजट एक सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण करने वाला बजट है। सरकार ने गरीबों, किसानों, युवाओं, महिलाओं और मध्यम वर्ग के कल्याण को प्राथमिकता दी है और बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और डिजिटल इंडिया से ऐतिहासिक निवेश किया है।

मेरे लोकसभा क्षेत्र में अभी भी कई विकास कार्य बाकी हैं। मैं माननीय प्रधानमंत्री जी और वित्त मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि वे मेरी उपरोक्त मांगों पर गंभीरता से विचार करें।

जय हिंदा जय महाराष्ट्र। धन्यवाद।

(इति)

***श्री मितेश पटेल (बकाभाई) (आणंद) :** अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद। महोदय, विकसित भारत के लक्ष्य को तेजी से प्राप्त करने की आशाओं को मजबूत करने वाले इस गेमचेंजर एवं ऐतिहासिक बजट के लिए मैं मोदी जी का आभार व्यक्त करता हूँ, परिश्रमी एवं नारी शक्ति माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को बधाई देता हूँ। महोदय, केंद्रीय बजट से एक दिन पूर्व आर्थिक समीक्षा में ही सरकार ने बजट की भावी दिशा बता दिया था। आर्थिक सर्वेक्षण में स्वतंत्रता के 100 साल बाद 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लक्ष्य की दृष्टि से काफी बातें कही गई थीं। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार का लक्ष्य विरासत के साथ विकास है यानी भारत को अपनी पहचान आध्यात्मिक अंतःशक्ति सभ्यता, संस्कृति के साथ सामंजस्य बिठाते हुए इसे एक मुख्य आधार बनाते हुए विश्व में विकसित देश बनाना है।

महोदय, यह सच भी है कि भारत की क्षमता और संभावनाओं पर वैश्विक विश्वास और बढ़ा है। वित मंत्री ने भविष्य दृष्टि के लिए कहा कि हम अगले 5 वर्षों को सबके विकास को साकार करने और सभी क्षेत्रों के संतुलित विकास को प्रोत्साहित करने के एक अनूठे अवसर के रूप में देखते हैं।

अध्यक्ष महोदय, बजट को पांच बिदुओं पर आधारित बनाया गया है– विकास की गति बढ़ाना, समग्र विकास, निजी क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देना, घरेलू संवेदनाओं को मजबूत करना तथा मध्यम वर्ग की खर्च करने की क्षमता को बढ़ाना। वित्त मंत्री ने आगे कहा कि मेक इन इंडिया, रोजगार और अनुसंधान, ऊर्जा आपूर्ति, खेलों का विकास और एमएसएमई यानी सूक्ष्म व लघु उद्योगों का विकास हमारी विकास यात्रा में शामिल है और इसका ईंधन सुधार है। इन दो पहलुओं को देखने के बाद बजट आसानी से समझा जा सकता है। आर्थिक सर्वेक्षण में चुनौतियों की चर्चा करते हुए कहा गया था कि विकास दर की वांछनीयता निर्विवाद है, लेकिन यह स्वीकार करना महत्वपूर्ण है कि वैश्विक परिवेश, राजनीतिक और आर्थिक कारण भी भारत के विकास परिणामों को प्रभावित कर रहे हैं यानी चुनौतियां हमारे समक्ष हैं और उनका सामना करना ही पड़ेगा। जब आपका उद्देश्य स्पष्ट हो, समस्या दिखाई दे रही हो तो रास्ते अपनाने और नीतियों के निर्धारण में आसानी हो जाती है।

महोदय, वास्तव में अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण उत्पन्न समस्याओं और चिंता के बीच विकास के रास्ते में उत्पन्न बाधाओं का सामना करने के लिए वर्तमान परिस्थितियों में जितना कुछ संभव है, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उसे पूरा करने की कोशिश की है। सच है कि भूमि, श्रम, कृषि और प्रशासन के क्षेत्र में संभावित साहसिक और राजनीतिक रूप से संवेदनशील सुधारी से सरकार बची है। बावजूद 2025-26 का बजट उस भारत की छवि को मजबूत करता है, जो सुधार के लिए तत्पर है, संभावनाओं से भरा हुआ है तथा विश्व में उभरती हुई आर्थिक महाशक्ति है। प्रधान मंत्री ने देश के लिए चार जातियां बताई थीं– गरीब, युवा, किसान और महिला। कुल मिलाकर 10 क्षेत्रों में बदलाव संबंधी कोशिशों पर फोकस किया गया है। 2024-25 के 48 लाख 21 हजार करोड़ की तुलना में इस बार कुल 50 लाख 65 हजार करोड़ का बजट है। इसका अर्थ है कि सरकार को वित्तीय चुनौतियों का आभास है और खर्च ज्यादा बढ़ाया नहीं गया है, जो व्यवहारिक है। इन

---

* Laid on the Table

परिस्थितियों में वित्तीय घाटे को संपूर्ण अर्थव्यवस्था के 4.4% तक रखना बहुत बड़ी उपलब्धि है। 5 वर्ष पहले यह 9.02% था।

आदरणीय महोदय, आयकर में छूट ऐतिहासिक है, नौकरी पेशा वालों के लिए 12 लाख 75 हजार और 12 लाख तक आम कारोबारी के लिए आय कर में छूट की कल्पना किसी को नहीं थी। इसलिए सबसे ज्यादा चर्चा उसकी हो रही है। इसे हम राजनीतिक रूप से प्रभावी मध्यमवर्ग को खुश करने की योजना बता सकते हैं। लेकिन इसके आर्थिक और वित्तीय महत्व को नकारा नहीं जा सकता। मध्यम वर्ग का आर्थिक और वित्तीय सशक्तिकरण तथा उसकी क्रय शक्ति बढ़ाने का लक्ष्य शामिल है। मध्यम वर्ग की जेब में धन बचने का अर्थ है कि वे आवश्यकताओं पर ज्यादा खर्च कर सकेंगे, जिससे प्रत्यक्ष रूप से आर्थिक विकास गति को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही अपने जीवन को ज्यादा सुरक्षित और खुशहाल होने की कल्पना से अंदर सकारात्मकता का विकास होगा और इसका असर हमारे संपूर्ण आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक वातावरण पर पड़ेगा। इसके साथ 95% आयकरदाता अब आयकर देने से मुक्त हो चुके हैं। इस दृष्टि से यह साहसी क्रांतिकारी ऐतिहासिक कदम है।

अध्यक्ष जी, भारत के मूल यानी विरासत के साथ समाज के नीचे से ऊपर सभी तत्वों के संतुलित विकास के साथ ही देश अपने लक्ष्य को प्राप्त करेगा। हम देखेंगे कि समाज के सबसे निचले लपके यानी सड़कों पर सामान बेचने वाले, श्रमिकों, असंगठित मजदूरों, किसानों, मत्स्यपालकों, लघु, मध्य व सूक्ष्म उद्योगों, युवा नव उद्यमियों, धार्मिक, आध्यात्मिक केन्द्रों आदि सभी समूहों के विकास की दौर में गतिशील होने की व्यवस्था इस बजट में है। भारत के प्रमुख धार्मिक, आध्यात्मिक, संस्कृत स्थान पर जिस ढंग से तीर्थ यात्रियों, पर्यटकों में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है, वह हमारी सबसे बड़ी ताकत होगी। इसे ध्यान में रखते हुए 50 ऐसे स्थलों को राज्यों की भागीदारी के साथ विकसित करने की योजना है। रोजगार प्रेरित विकास के लिए आतिथ्य प्रबंधन संस्थानों के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों के साथ होम स्टे के लिए मुद्रा ऋण, यात्रा और संपर्क में सुधार करना, वीजा शुल्क में छूट के साथ ई-वीजा को और बढ़ाना, चिकित्सा पर्यटन और स्वास्थ्य लाभ को बढ़ावा दिया जाएगा। इस तरह के व्यावहारिक सूक्ष्मता स्तरीय सोच का कितना असर होगा, इसकी आप कल्पना कर सकते हैं। भविष्य के एक विशेष पहचान वाले आदर्श महाशक्ति की दृष्टि से आधारभूमि बनाने की कोशिश लगातार मोदी सरकार के बजट में है और इसे इस बार सशक्त और त्वरित करने की कोशिश की गई।

महोदय, सरकार ने सर्वेक्षण में स्पष्ट किया था कि कृषि, जिसका योगदान कुल अर्थव्यवस्था में 16% के आस-पास है, में काफी क्षमता है और प्रतिवर्ष यह 0.75 प्रतिशत से एक प्रतिशत का योगदान दे सकता है। बजट में कृषि विकास के लिए जबरदस्त कदमों की घोषणा है। प्रधान मंत्री धन-धान्य योजना में ऐसे 100 जिलों को चुना जाएगा, जहां कृषि उत्पादकता कम है। इनसे उत्पादकता बढ़ाने, खेती में विविधता लाने, सिंचाई और उपज के बाद भंडारण की क्षमता मजबूत करने में मदद मिलेगी। इससे 1.7 करोड़ किसानों को लाभ होगा। किसान क्रेडिट कार्ड अभी 7.7 करोड किसानों, मछुआरों और डेयरी किसानों को अल्पावधि ऋण की सुविधा प्रदान करता है। संशोधित ब्याज अनुदान योजना के साथ किसान क्रेडिट कार्ड की ऋण सीमा 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये की गई है। दलहन में आत्मनिर्भरता के लिए छह वर्ष का मिशन शुरु होगा। खाद्य तेलों के उत्पादन पर

ध्यान दिया जाएगा। नैफेड और एनसीसीएफ में पंजीकृत किसानों से दालें खरीदेगी। श्रीअन्न, सब्जियां और फलों के लिए भी बड़ी योजना का प्रस्ताव है। ऐसे किसानों की आय बढ़ाने के लिए योजना राज्यों के साथ साझेदारी के साथ लॉन्च किया जाएगा। बिहार में राष्ट्रीय फूड टेक्नोलॉजी संस्थान शुरु किया जाएगा। इससे पूरे पूर्वी क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण क्षमताएं मजबूत करने में मदद मिलेगी।

राष्ट्रीय उच्च पैदावार बीज मिशन के अंतर्गत बीजों की ऐसी 100 से अधिक किस्मों को उपलब्ध कराने का प्रस्ताव कितना महत्वपूर्ण है, यह किसान और कृषि से जुड़े विशेषज्ञों को अच्छी तरह बताएं। मछली पालन में भारत दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है, इसका बाजार करीब 60 हजार करोड़ का है। भारत के विशेष आर्थिक क्षेत्रों और गहरे समुद्र में स्थायी मत्स्य पालन पर जोर दिया गया। अंडमान एवं निकोबार और लक्षद्वीप समूह को मत्स्य पालन के विकास के लिए लक्षित किया गया है। डेयरी और मछली पालन के लिए 5 लाख रुपए तक का कर्ज का प्रस्ताव महत्त्वपूर्ण है। यही नहीं समुद्री उत्पादों पर सीमा शुल्क सीधे 30% से घटाकर 5% करना बहुत बड़ा कदम है। अंडमान, निकोबार और गहरे समुद्र में मछली पकड़ने को बढ़ावा मिलेगा। ध्यान रखिए मत्स्य पालन क्षेत्र को बढ़ावा देने की घोषणा के बाद एक्वाकल्चर स्टॉक में 12.5% तक की वृद्धि हुई। बिहार के किसानों की मदद के लिए मखाना बोर्ड का गठन होगा। मिथिलांचल में पश्चिमी कोसी नहर परियोजना शुरू होगी। 50 हजार हेक्टेयर क्षेत्र के किसानों को फायदा। कपास उत्पादकता मिशन के तहत उत्पादकता में पर्याप्त बढ़ोतरी होगी और कपास के लंबे रेशे वाली किस्मों को बढ़ावा दिया जाएगा। बजट में इन सबसे किसानों की आय व्यापक रूप से बढ़ाने की कल्पना की गई है। यूरिया उत्पादन के बढ़ावे पर फोकस है और असम के नामरूप में नया यूरिया प्लांट लगेगा।

गांव के साथ शहरों को विकास केन्द्र बनाने के प्रस्तावों को क्रियान्वित करने के लिए एक लाख करोड़ रुपए का शहरी चुनौती कोष स्थापित करने की योजना इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि आर्थिक विकास के साथ शहरों की व्यवस्था कमजोर हो रही है। उस कारण वे क्षमताओं के अनुरूप अर्थव्यवस्था में योगदान देने की जगह अपनी ही चुनौतियों से निपटने में ज्यादा उलझे हुए हैं। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग 7.5 करोड़ लोगों को रोजगार दे रहा है। ये एमएसएमई उत्पादकों के साथ निर्माण में 45 प्रतिशत योगदान कर रहे हैं। इसमें वर्गीकरण के लिए निवेश और टर्नओवर की सीमा को क्रमशः 2.5 और 2 गुना तक बढ़ाया जाएगा। इससे उन्हें आगे बढ़ने और हमारे युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने का आत्मविश्वास मिलेगा। कर्ज की सीमा 5 करोड़ से 10 करोड़ कर 1.5 लाख करोड़ के आवंटन से इस क्षेत्र के उद्योगों के लिए उत्पादन और वितरण में निश्चित रूप से आसानी होगी। एमएसएमई को विदेशों में शुल्क में सहायता मिलेगी। स्टार्ट-अप के लिए लोन 10 करोड़ से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपए किया जाएगा। गारंटी फीस में भी कमी होगी। भारत को चीन के समानांतर खिलौने का सबसे बड़ा हब बनाने का लक्ष्य पहली बार बजट में है। खिलौना उद्योग के लिए मेक इन इंडिया के तहत विशेष योजना शुरू की जाएगी, नेशनल एक्शन प्लान बनाया जाएगा। इसके बाद स्किल और विनिर्माण के लिए इको सिस्टम बनाया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की चुनौतियों का सामना करने के लिए एक डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना – 'भारत ट्रेड नेट' (BTN) की स्थापना

की जाएगी, जो व्यापार दस्तावेजीकरण और वित्तपोषण समाधान के लिए एक एकीकृत मंच होगा, इसे अंतर्राष्ट्रीय प्रथाओं के अनुरूप बनाया जाएगा।

स्वाभाविक रूप से बजट में ऊर्जा क्षेत्र में सुधारों की दृष्टि से भी काफी प्रस्ताव है। विकसित भारत की दृष्टि से 2047 तक कम से कम 100 गीगावाट परमाणु नाभिकीय ऊर्जा के विकास के लक्ष्य की दृष्टि से निजी क्षेत्र और साधनी क्षेत्र दोनों के लिए योजनाएं घोषित हैं। परमाणु ऊर्जा अधिनियम और परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम में संशोधन किए जाएंगे।

इस तरह के अनेक पहलू बजट में हैं, जो हमारे अपने देश के प्रति आत्मविश्वास पैदा करने के साथ योगदान देने की आर्थिक वित्तीय ठोस आगीदारी दे सकता है। कोई भी बजट आलोचनाओं से परे नहीं है और इनमें भी ऐसे बिंदु निकाले जा सकते हैं। कुल मिलाकर यह भारत को भारत के अनुरूप सामग्र और प्रेरक विकास की दृष्टि वाले बजट का ही अगला पड़ाव है, जिसमें हमारे, आपके, सबके लिए आर्थिक दृष्टि से योगदान देने की भूमिका निभाने के कदम उठाने की कोशिश है।

अध्यक्ष महोदय, विकसित भारत के लक्ष्य को तेजी से प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले इस शानदार बजट के लिए माननीय नरेंद्र मोदी साहब का आभार व्यक्त करता हूँ एवं माननीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी को बधाई देता हूँ।

(इति)

***श्री हँसमुखभाई सोमाभाई पटेल (अहमदाबाद पूर्व) :** महोदय, केंद्रीय बजट से एक दिन पूर्व आर्थिक समीक्षा में ही सरकार ने बजट की भावी दिशा बता दिया था। आर्थिक सर्वेक्षण में स्वतंत्रता के 100 साल बाद 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लक्ष्य की दृष्टि से काफी बातें कहीं गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार का लक्ष्य विरासत के साथ विकास है। यानी भारत को अपनी पहचान आध्यात्मिक अंतःशक्ति सभ्यता, संस्कृति के साथ सामंजस्य बिठाते, इसे एक मुख्य आधार बनाते हुए विश्व में विकसित देश बनाना।

अध्यक्ष महोदय, माननीय वित मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण का आरंभ इन्हीं बिंदुओं से किया। सर्वेक्षण में कहा गया था कि विकसित भारत बनाने के लिए एक या दो दशक तक, स्थिर कीमतों पर औसत 8 प्रतिशत की विकास दर हासिल करने की जरूरत है। माननीय केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, "हमारी अर्थव्यवस्था सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ रही है। इसके आगे उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों के हमारे विकास ट्रैक रिकॉर्ड और संरचनात्मक सुधारों ने पूरे विश्व का ध्यान आकर्षित किया है।

महोदय, यह सच भी है कि भारत की क्षमता और संभावनाओं पर वैश्विक विश्वास और बढ़ा है। वित्त मंत्री ने भविष्य दृष्टि के लिए कहा कि हम अगले 5 वर्षों को सबके विकास को साकार करने और सभी क्षेत्रों के संतुलित विकास को प्रोत्साहित करने के एक अनूठे अवसर के रूप में देखते हैं।

अध्यक्ष महोदय, बजट को पांच बिंदुओं पर आधारित बनाया गया है- विकास की गति बढ़ाना, समग्र विकास, निजी क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देना, घरेलू संवेदनाओं को मजबूत करना तथा मध्यम वर्ग की खर्च करने की क्षमता को बढ़ाना। वित्त मंत्री ने आगे कहा कि मेक इन इंडिया, रोजगार और अनुसंधान, ऊर्जा आपूर्ति, खेलों का विकास और एमएसएमपी यानी सूक्ष्म व लघु उद्योगों का विकास हमारी विकास यात्रा में शामिल हैं और इसका ईंधन सुधार हैं। इन दो पहलुओं को देखने के बाद बजट आसानी से समझा जा सकता है। आर्थिक सर्वेक्षण में चुनौतियों की चर्चा करते हुए कहा गया था कि विकास दर की वांछनीयता निर्विवाद है, लेकिन यह स्वीकार करना महत्वपूर्ण है कि वैश्विक परिवेश राजनीतिक और आर्थिक कारण भी भारत के विकास परिणामों को प्रभावित कर रहे हैं। यानी चुनौतियां हमारे समक्ष हैं और उनका सामना करना ही पड़ेगा। जब आपका उद्देश्य स्पष्ट हो, समस्या दिखाई दे रहे हैं तो रास्ते अपनाने और नीतियों के निर्धारण में आसानी हो जाती है।

महोदय, वास्तव में अंतरराष्ट्रीय आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण उत्पन्न समस्याओं और चिंता के बीच विकास के रास्ते में उत्पन्न बाधाओं का सामना करने के लिए वर्तमान परिस्थितियों में जितना कुछ संभव है वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उसे पूरा करने की कोशिश की है। सच है की भूमि, श्रम, कृषि और प्रशासन के क्षेत्र में संभावित साहसिक और राजनीतिक रूप से संवेदनशील सुधारों से सरकार बची है। बावजूद 2025-26 का बजट उस भारत की छवि को मजबूत करता है जो सुधार के लिए तत्पर है, संभावनाओं से भरा हुआ है तथा विश्व में उभरती हुई आर्थिक महाशक्ति है। प्रधानमंत्री ने देश के लिए चार जातियां बताई थी गरीब, युवा, किसान और महिला। कुल मिलाकर

---

* Laid on the Table

10 क्षेत्रों में बदलाव संबंधी कोशिशें पर फोकस किया गया है। 2024-25 के 48 लाख 21 हजार करोड़ की तुलना में इस बार कुल 50 लाख 65 हजार करोड़ का बजट है। इसका अर्थ है कि सरकार को वितीय चुनौतियों का आभास है और खर्च ज्यादा बढ़ाया नहीं गया है जो व्यवहारिक है। इन परिस्थितियों में वित घाटे को संपूर्ण अर्थव्यवस्था के 4.4% तक रखना बहुत बड़ी उपलब्धि है। 5 वर्ष पहले यह 9.02% था।

आदरणीय महोदय, आयकर में छूट ऐतिहासिक है, नौकरी पेशा वालों के लिए 12 लाख 75 हजार और 12 लाख तक आम कारोबारी के लिए आयकर में छूट की कल्पना किसी को नहीं थी। इसलिए सबसे ज्यादा चर्चा उसकी हो रही है। इसे हम राजनीतिक रूप से प्रभावी मध्यमवर्ग को खुश करने की योजना बता सकते हैं। लेकिन इसके आर्थिक और वित्तीय महत्व को नकारा नहीं जा सकता। मध्यम वर्ग का आर्थिक और वितीय सशक्तिकरण तथा उसकी क्रय शक्ति बढ़ाने का लक्ष्य शामिल है। मध्यमवर्ग की जेब में धन बचने का अर्थ है कि वे आवश्यकताओं पर ज्यादा खर्च कर सकेंगे, जिससे प्रत्यक्ष रूप से आर्थिक विकास गति को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही अपने जीवन को ज्यादा सुरक्षित और खुशहाल होने की कल्पना से अंदर सकारात्मकता का विकास होगा और इसका असर हमारे संपूर्ण आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक वातावरण पर पड़ेगा। इसके साथ 95% आयकर दाता अब आयकर देने से मुक्त हो चुके हैं। इस दृष्टि से यह साहसी क्रांतिकारी ऐतिहासिक कदम है।

अध्यक्ष जी, भारत के मूल यानी विरासत के साथ समाज के नीचे से ऊपर सभी तत्वों के संतुलित विकास के साथ ही देश अपने लक्ष्य को प्राप्त करेगा। हम देखेंगे कि समाज के सबसे निचले तपके यानी सड़कों पर सामान बेचने वाले, श्रमिकों, असंगठित मजदूरों, किसानों, मत्स्यपालकों, लघु, मध्य व सूक्ष्म उद्योगों, युव नव उद्यमियों, धार्मिक आध्यात्मिक केन्द्रों आदि सभी समूहों के विकास की दौर में गतिशील होने की व्यवस्था इस बजट में है। भारत के प्रमुख धार्मिक आध्यात्मिक संस्कृत स्थान पर जिस ढंग से तीर्थ यात्रियों पर्यटकों में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है वह हमारी सबसे बड़ी ताकत होगी। इसे ध्यान में रखते हुए 50 पैसे स्थलों को राज्यों की भागीदारी के साथ विकसित करने की योजना है। रोजगार प्रेरित विकास के लिए आतिथ्य प्रबंधन संस्थानों के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों के साथ होम स्टे के लिए मुद्रा ऋण, यात्रा और संपर्क में सुधार करना, वीजा शुल्क में छूट के साथ ईवीजा को और बढ़ाना, चिकित्सा पर्यटन और स्वास्थ्य लाभ को बढ़ावा दिया जाएगा। इस तरह के व्यवहारिक सूक्ष्मता स्तरीय सोच का कितना असर होगा इसकी आप कल्पना कर सकते हैं। तो भविष्य के एक विशेष पहचान वाले आदर्श महाशक्ति की दृष्टि से आधारभूमि बनाने की कोशिश लगातार मोदी सरकार के बजट में है और इसे इस बार सशक्त और त्वरित करने की कोशिश की गई।

महोदय, सरकार ने सर्वेक्षण में स्पष्ट किया था कि कृषि, जिसका योगदान कुल अर्थव्यवस्था में 16% के आसपास है, में काफी क्षमता है और प्रतिवर्ष यह 0.75 प्रतिशत से एक प्रतिशत का योगदान दे सकता है। बजट में कृषि विकास के लिए जबरदस्त कदमों की घोषणा है। प्रधानमंत्री धनधान्य योजना' में ऐसे 100 जिलों को चुना जाएगा, जहां कृषि उत्पादकता कम है। इनसे उत्पादकता बढ़ाने, खेती में विविधता लाने, सिंचाई और उपज के बाद भंडारण की क्षमता मजबूत करने में मदद मिलेगी। इससे 1.7 करोड़ किसार्नी को लाभ होगा। किसान क्रेडिट कार्ड अभी 7.7

करोड़ किसानों, मछुआरों और डेयरी किसानों को अल्पावधि ऋण की सुविधा प्रदान करता है। संशोधित ब्याज अनुदान योजना के साथ किसान क्रेडिट कार्ड की ऋण सीमा 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये की गई है। दलहन में आत्मनिर्भरता के लिए छह वर्ष का मिशन शुरू होगा। खाद्य तेलों के उत्पादन पर ध्यान दिया जाएगा। नैफेड और एनसीसीएफ में पंजीकृत किसानों से दालें खरीदेगी। श्रीअन्न, सब्जियां और फलों के लिए भी बड़ी योजना का प्रस्ताव है। ऐसे किसानों की आय बढ़ाने के लिए योजना राज्यों के साथ साझेदारी के साथ लॉन्च किया जाएगा। बिहार में राष्ट्रीय फूड टेक्नोलॉजी संस्थान शुरु किया जाएगा। इससे पूरे पूर्वी क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण क्षमताएं मजबूत करने में मदद मिलेगी।

राष्ट्रीय उच्च पैदावार बीज मिशन के अंतर्गत बीजों की ऐसी 100 से अधिक किस्मों को उपलब्ध कराने का प्रस्ताव कितना महत्वपूर्ण है यह किसने और कृषि से जुड़े विशेषज्ञों को अच्छी तरह बताएं। मछली पालन में भारत दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है, इसका बाजार करीब 60 हजार करोड़ का है। भारत के विशेष आर्थिक क्षेत्रों और गहरे समुद्र में स्थायी मत्स्य पालन पर ज़ोर दिया गया। अंडमान एवं निकोबार और लक्षद्वीप द्वीप समूह को मत्स्य पालन विकास के लिए लक्षित किया गया है। डेयरी और मछली पालन के लिए 5 लाख रुपए तक का कर्ज का प्रस्ताव महत्त्वपूर्ण है। यही नहीं समुद्री उत्पादों पर सीमा शुल्क सीधे 30% से घटाकर 5% करना बहुत बड़ा कदम है। अंडमान, निकोबार और गहरे समुद्र में मछली पकड़ने को बढ़ावा मिलेगा। ध्यान रखिए मत्स्य पालन क्षेत्र को बढ़ावा देने की घोषणा के बाद एक्वाकल्चर स्टॉक में 12.5% तक की वृद्धि हुई। बिहार के किसानों की मदद के लिए मखाना बोर्ड का गठन होगा। मिथिलांचल में पश्चिमी कोसी नहर परियोजना शुरू होगी। 50 हजार हेक्टेयर क्षेत्र के किसानों को फायदा। कपास उत्पादकता मिशन के तहत उत्पादकता में पर्याप्त बढ़ोतरी होगी और कपास के लंबे रेशे वाली किस्मों को बढ़ावा दिया जाएगा। बजट में इन सबसे किसानों की आए व्यापक रूप से बढ़ाने की कल्पना की गई है। यूरिया उत्पादन के बढ़ावा पर फोकस है और असम के नामरूप में नया यूरिया प्लांट लगेगा।

गांव के साथ शहरों को विकास केन्द्र बनाने के प्रस्तावों को क्रियान्वित करने के लिए एक लाख करोड़ रुपए का शहरी चुनौती कोष स्थापित स्थापित करने की योजना इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि आर्थिक विकास के साथ शहरों की व्यवस्था कमजोर हो रही है। उस कारण वे क्षमताओं के अनुरूप अर्थव्यवस्था में योगदान देने की जगह अपनी ही चुनौतियों से निपटने में ज्यादा उलझे हुए हैं। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग 7.5 करोड़ लोगों को रोजगार दे रहा है। ये एमएसएमई उत्पादकों के साथ निर्माण में 45 प्रतिशत योगदान कर रहे हैं। इसमें वर्गीकरण के लिए निवेश और टर्नओवर की सीमा को क्रमशः 2.5 और 2 गुना तक बढ़ाया जाएगा। इससे उन्हें आगे बढ़ने और हमारे युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने का आत्मविश्वास मिलेगा। कर्ज की सीमा 5 करोड़ से 10 करोड़ कर 1.5 लाख करोड़ के आवंटन से इस क्षेत्र के उद्योगों के लिए उत्पादन और वितरण में निश्चित रूप से आसानी होगी। एमएसएमई को विदेशों में शुल्क में सहायता मिलेगी। स्टार्टअप के लिए लोन 10 करोड़ से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपए किया जाएगा। गारंटी फीस में भी कमी होगी। भारत को चीन के समानांतर खिलौने का सबसे बड़ा हब बनाने का लक्ष्य पहली बार बजट में है। खिलौना उद्योग के लिए मेक इन

इंडिया के तहत विशेष योजना शुरू की जाएगी, नेशनल एक्शन प्लान बनाया जाएगा। इसके बाद लिए स्किल और विनिर्माण के लिए इको सिस्टम बनाया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की चुनौतियों का सामना करने के लिए एक डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना 'भारत ट्रेड नेट' (BTN) की स्थापना की जाएगी, जो व्यापार दस्तावेजीकरण और वित्तपोषण समाधान के लिए एक एकीकृत मंच होगा इसे अंतर्राष्ट्रीय प्रथाओं के अनुरूप बनाया जाएगा।

स्वाभाविक रूप से बजट में ऊर्जा क्षेत्र में सुधारो की दृष्टि से भी काफी प्रस्ताव है। विकसित भारत की दृष्टि से 2047 तक कम से कम 100 गीगावॉट परमाणु नाभिकीय ऊर्जा के विकास का के लक्ष्य की दृष्टि से निजी क्षेत्र और साधनी क्षेत्र दोनों के लिए योजनाएं घोषित है। परमाणु ऊर्जा अधिनियम और परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम में संशोधन किए जाएंगे।

इस तरह के अनेक पहलू बजट में है जो हमारे आपको अपने देश के प्रति आत्मविश्वास पैदा करने के साथ योगदान देने की आर्थिक वित्तीय ठोस भागीदारी दे सकता है। कोई भी बजट आलोचनाओं से परे नहीं है और इनमें भी ऐसे बिंदु निकाले जा सकते हैं। कुल मिलाकर यह भारत को भारत के अनुरूप सामग्र और प्रेरक विकास की दृष्टि वाले बजट का ही अगला पड़ाव है जिसमें हमारे आपके सबके लिए आर्थिक दृष्टि से योगदान देने की भूमिका निभाने के कदम उठाने की कोशिश है।

महोदय, विकसित भारत के लक्ष्य को तेजी से प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले इस शानदार बजट के लिए माननीय नरेंद्र मोदी साहेब का आभार व्यक्त करता हूँ एवं माननीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण जी को बधाई देता हूँ।

(इति)

***श्री दिलीप शइकीया (दारंग-उदालगुड़ी) :** अध्यक्ष महोदय, केन्द्रीय बजट 2025-26 पर चर्चा हेतु अपने विचार रखने के लिए समय दिए जाने पर आपका आभार और धन्यवाद।

अध्यक्ष महोदय, वित्त मंत्री महोदया द्वारा 50 लाख करोड़ रूपए से ज्यादा का बजट रखा गया है, जबकि वर्ष 2013-14 में यह केवल 16 लाख 65 हजार करोड़ रूपए था। इस बजट के माध्यम से देश और दुनिया के समक्ष एक मजबूत, श्रेष्ठ और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की विस्तृत रूप-रेखा को रखा गया है।

भारत की अर्थव्यवस्था सभी प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार के विकास ट्रैक रिकॉर्ड और महत्वपूर्ण संरचनात्मक सुधारों ने पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है।

इस बजट में देश के युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति समेत देश के गरीब, पिछड़े और मध्यम वर्ग पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में विकास के उपाय प्रस्तावित किए गए हैं।

इस बजट में असम के नामरूप में 12.7 लाख मीट्रिक टन वार्षिक क्षमता वाला यूरिया संयंत्र स्थापित किये जाने का निर्णय पूर्वोत्तर भारत के लिए एक सराहनीय कदम है। इससे असम राज्य में रोजगार सृजन और देश को रसायन एवं उर्वरक के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने में भी मदद मिलेगी।

इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए मैं, समस्त असम वासियों की तरफ से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी व केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को हार्दिक आभार व धन्यवाद देता हूँ।

कृषि क्षेत्र के लिए 1 लाख 37 हजार करोड़ रूपए का प्रावधान करके देश के अन्नदाताओं को बड़े पैमाने पर सशक्त बनाने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाया गया है। इसके साथ ही दलहन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता मिशन की शुरुआत एक सराहनीय कदम है।

सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए ऋण सीमा को 5 करोड़ रुपए से बढाकर 10 करोड़ रूपए किया गया है, जिससे अगले 5 वर्षों में 1.5 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त ऋण उपलब्ध होगा।

स्टार्टअप्स के लिए 10 करोड़ से 20 करोड़ रुपये तक, आत्मनिर्भर भारत के लिए महत्वपूर्ण 27 फोकस क्षेत्रों में ऋण के लिए गारंटी शुल्क को घटाकर 1 प्रतिशत किया गया, जो कि देश के युवाओं को इस क्षेत्र में काम करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। वर्ष 2016 से अक्टूबर, 2024 तक कुल 73,151 मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स हो गए है, जिनमें कम से कम एक महिला निदेशक शामिल हैं। इन 9 सालों में मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स ने 16 लाख 67 हजार नौकरियां उपलब्ध करवाई हैं, जो रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

रोगियों, विशेषकर कैंसर, दुर्लभ बीमारियों और अन्य गंभीर दीर्घकालिक बीमारियों से पीड़ित रोगियों को राहत प्रदान करने के लिए सरकार ने 36 जीवन रक्षक औषधियों को मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) से पूर्ण छूट वाली औषधियों की सूची में जोड़ने का प्रस्ताव किया है।

---

* Laid on the Table

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के लिए 1 लाख करोड़ रूपए का बजटीय आवंटन किया गया है, जो कि वर्ष 2013-14 में 37 हजार करोड़ रूपए था। अगले वर्ष मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में 10,000 अतिरिक्त सीटें जोड़ी जाएंगी। अगले 5 वर्षों में 75,000 सीटें जोड़ने का लक्ष्य है। हमारी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में लगभग 1.1 लाख यूजी और पीजी मेडिकल शिक्षा सीटें जोड़ी हैं, जिसमें इस दौरान 130 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

अध्यक्ष महोदय, जो काम कांग्रेस सरकार पिछले 60 वर्षों में नहीं कर पाई थी, वे काम मोदी सरकार ने केवल 10 वर्षों के भीतर ही कर दिखाए। 2014 में देश में 16 IIT थी, जो अब 23 हो गई हैं, 13 IIM थे, जो अब 21 हो गए हैं, 7 AIIMS थे, जो अब बढ़कर 24 हो गए हैं, 308 मेडिकल कॉलेज थे, जो 760 हो गए हैं और 740 यूनिवर्सिटीज़ थीं, जो कि अब 1,200 से अधिक हो गई हैं।

हमारी सरकार अगले 3 वर्षों में सभी जिला अस्पतालों में डे-केयर कैंसर सेंटर स्थापित करने की सुविधा प्रदान करेगी। 2025-26 में 200 केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

वर्ष 2025-26 में रेल मंत्रालय के लिए 2 लाख 65 हजार करोड़ रुपए हैं, जिनका उपयोग रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण, अपग्रेडेशन, इलेक्ट्रिफिकेशन, रेल लाइनों के दोहरीकरण और अन्य बुनियादी ढांचे के कार्यों में किया जाएगा। असम और पूर्वोत्तर राज्यों के लिए 10 हजार 440 करोड़ रुपये का बजट दिया गया है। वर्ष 2013-14 में रेलवे का बजटीय आवंटन केवल 63 हजार करोड़ रूपए था।

जल शक्ति मंत्रालय के अधीन पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के लिए 74 हजार करोड़ रूपए से अधिक का आवंटन किया गया है। इसमें करीब 90 प्रतिशत राशि जल जीवन मिशन के लिए खर्च की जाएगी और इस योजना का वर्ष 2028 तक विस्तार किया जाएगा। "जन भागीदारी" के माध्यम से ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजनाओं के बुनियादी ढांचे की गुणवत्ता और रख-रखाव के लिए कुल परिव्यय में भी वृद्धि की गई है।

अगले 10 वर्ष में 120 नए गंतव्यों और 4 करोड़ यात्रियों को लाने-ले-जाने के लिए क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने की संशोधित उड़ान स्कीम की घोषणा भी की गई है। पर्वतीय, आकांक्षी और उत्तर-पूर्व क्षेत्र के जिलों में हेलीपैड और छोटे हवाई अड्डों का भी निर्माण किया जाएगा। 2014 तक भारत में 74 हवाई अड्डे थे, अब 160 हवाई अड्डे हैं। एयरपोर्ट की संख्या में वृद्धि से रोजगार के नए अवसर भी खुले हैं।

केंद्रीय बजट 2025-26 में पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (DoNER) के लिए 5 हजार 915 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो चालू वित्त वर्ष के आवंटन से 47 प्रतिशत अधिक है। बजट 2024-25 में DoNER मंत्रालय के लिए 4,006 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, जबकि वर्ष 2013-14 में यह आवंटन केवल 2 हजार करोड़ रूपए था।

देश को बाहरी खतरों से सुरक्षित रखने और रक्षा क्षेत्र में आत्मिनिर्भरता प्राप्त करने के लिए इस बार रक्षा बजट हेतु 6 लाख 81 हजार करोड़ रूपए से ज्यादा की राशि जारी की गई है। वर्ष 2013-14 में देश का रक्षा बजट 2 लाख 3 हजार करोड़ रूपए था, जिसमें पिछले 10 वर्षों के दौरान ऐतिहासिक वृद्धि देखने को मिली है।

सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय का बजटीय आवंटन 2013-14 में लगभग 31,130 करोड़ रुपये था, जो कि वर्ष 2025-26 में 2 लाख 87 हजार करोड़ रूपए से ज्यादा का हो गया है। देश में राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क की लंबाई मार्च, 2014 में 91,287 किलोमीटर से 1.6 गुना बढ़कर वर्तमान में 1,46,145 किलोमीटर हो गई है। अप्रैल, 2014 से बजटीय आवंटन में वृद्धि के साथ, सड़कों की गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ है। 4 लेन और उससे अधिक के राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क की लंबाई 2014 में 18,371 किलोमीटर से 2.5 गुना से अधिक बढ़कर 46,720 किलोमीटर हो गई है।

माननीय वित्त मंत्री महोदया द्वारा पेश किया गया यह बजट नए भारत की नई उम्मीदों को साकार करने वाला है। इससे अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, साथ ही देश का आधारभूत ढांचा मजबूत होगा।

कांग्रेस के शासनकाल में हम दुनिया की 10वें नंबर की अर्थव्यवस्था थे, जबकि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में केवल पिछले 10 वर्षों के दौरान दुनिया की 5वें नंबर की अर्थव्यवस्था बन गए है और जल्द ही दुनिया की शीर्ष 3 अर्थव्यवस्थाओं में भारत का नाम होगा।

मैं, वित्त मंत्री महोदया को इस ऐतिहासिक, साहसिक और दूरगामी लक्ष्यों को साधने वाले बजट के लिए धन्यवाद करता हूँ।

(इति)

***डॉ. हेमंत विष्णु सवरा (पालघर) :** माननीय सभापति महोदय, सदन में केंद्रीय बजट पर चर्चा के अवसर पर मुझे बोलने की अनुमति देने के लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं।

मैं आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और आदरणीय वित्त मंत्री महोदया को धन्यवाद देना चाहता हूँ कि उन्होंने 2025-26 का केंद्रीय बजट प्रस्तुत किया, जो देश के विकास और प्रगति के लिए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश प्रदान करता है। इस बजट में अनेक क्षेत्रों पर ध्यान दिया गया है, जो न केवल देश के समग्र विकास को गति देंगे, बल्कि हमारे समाज के हर वर्ग को लाभान्वित करेंगे। यह बजट देश की सामाजिक और आर्थिक संरचना में बदलाव लाने का एक मजबूत प्रयास है। वित्त मंत्री महोदया ने इस बजट में कई ऐतिहासिक और विकासात्मक घोषणाएं की हैं इसके लिए मैं और देश की पूरी जनता उनके इस दूरदर्शी बजट के लिए आभारी हैं।

वित्त मंत्री महोदया ने इस बजट में आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए कई अहम योजनाओं का ऐलान किया है। खासकर मध्यम और छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कर में राहत दी गई है। साथ ही, स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन देने के लिए निवेश को सरल बनाने की योजना बनाई गई है। सरकार ने नौकरी सृजन पर भी ध्यान केंद्रित किया है, और युवा वर्ग के लिए कौशल विकास और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कई नई योजनाओं का ऐलान किया है। यह कदम हमारे पालघर के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करेंगे और छोटे व मझोले उद्योगों को एक नया जीवन देंगे।

वित्त मंत्री ने घोषणा की कि नए टैक्स सिस्टम के तहत ₹12 लाख तक की इनकम पर कोई इनकम टैक्स नहीं देना होगा। यह मध्यम वर्ग के लिए बड़ी राहत है।

महाराष्ट्र के लिए रेलवे बजट 2025-26 में कई महत्वपूर्ण घोषणाएँ की गई हैं, जो राज्य में रेलवे नेटवर्क के विस्तार और सुविधाओं में सुधार करेगा।

* 2009-14 के औसत बजट आवंटन ₹1,171 करोड़ था, जबकि 2025-26 में यह ₹23,778 करोड़ तक बढ़कर 20 गुना हो गया है।

* 2014 के बाद से महाराष्ट्र में 2,105 किलोमीटर नई रेलवे लाइनें बिछाई गई हैं, जो मलेशिया के पूरे रेल नेटवर्क से भी ज्यादा हैं।

3,586 किलोमीटर रेलवे लाइनें विद्युतीकरण की गई हैं, और राज्य अब 100% विद्युत संचालित है।
47 रेल परियोजनाएँ प्रगति पर हैं, जिनकी कुल लंबाई 6,985 किमी और कुल लागत 1,58,866 करोड़ है। इसमें 4 नई परियोजनाएँ और बुलेट ट्रेन परियोजना भी शामिल हैं।
132 अमृत स्टेशन विकसित किए जा रहे हैं, जिन पर 5,587 करोड़ रुपये खर्च होंगे। (पाल अब मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र पालघर में रेलवे के विकास के लिए माननीय रेल मंत्री से कुछ अनुरोध करना चाहता हूं।

---
* Laid on the Table

माननीय रेल मंत्री ने पहले ही नासिक-दहानु नई ब्रॉड गेज रेल लाइन परियोजना के लिए अंतिम स्थान सर्वेक्षण को मंजूरी दे दी थी। मैं माननीय रेल मंत्री से इसे जल्दी से जल्दी पूरा करने का आग्रह करता हूं। साथ ही मेरा निवेदन है कि इस रेलवे मार्ग में दहानु, मोखाडा जैसे लच्हार, विक्रममड जनजातीय क्षेत्र को जरूरी शामिल किया जाए क्योंकि इन जनजातीय क्षेत्र में भी परिवहन की समस्या का समाधान हो सके और ये क्षेत्र भी विकसित हो सके।

मैं माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि नई लोकल ट्रेन शुरू करने के लिए दिवा-भिवंडी-अनगांव-अम्बाडी-कुदुस-वाडा-विक्रमगढ़ स्ट पर नई लोकल लाइन (ट्रैक) की शुरुआत की आवश्यकता के संबंध में जल्दी फैसला लेंगे और पालघर के लोगो को एक लोकल ट्रेन की सौगात देंगे ऐसा मेरा विश्वास है।

वित मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2025-26 के बजट में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों में विकास और सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। नीचे उन प्रमुख बिंदुओं का विवरण प्रस्तुत है:

1. कैंसर दवाएं - कस्टम ड्यूटी मुक्त 36 दवाएं: कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों के इलाज में उपयोग होने वाली 36 जीवनरक्षक दवाओं पर कस्टम ड्यूटी को पूरी तरह से हटा दिया गया है। इससे इन दवाओं की कीमतों में कमी आएगी, जिससे मरीजों को राहत मिलेगी।

2. प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना 100 जिले / 1.07 करोड़ किसान लाभान्वितः इस योजना के तहत 100 कम उत्पादकता वाले जिलों में कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए कदम उठाए जाएंगे। इससे 1.7 करोड़ किसानों को लाभ होगा।

3. तूर, मसूर, उरद 6 वर्षों का कार्यक्रमः तूर, मसूर और उरद की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए 6 वर्षों का कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। इसमें राज्य एजेंसियां किसानों से इन दालों की खरीद गारंटीड कीमतों पर करेंगी, जिससे किसानों को समर्थन मिलेगा।

4. किसान क्रेडिट कार्ड 7.7 करोड़ किसान 3 लाख से 5 लाख तकः किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपये की जाएगी, जिससे 7.7 करोड़ किसानों को अधिक वित्तीय सहायता मिलेगी।

5. डाक व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण 2.4 लाख डाक सेवकः डाक सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए 2.4 लाख डाक सेवकों की नियुक्ति की जाएगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में डाक सेवाओं की पहुंच बढ़ेगी।

6. MSME ऋण - 5 करोड़ से 10 करोड़ तकः सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) के लिए ऋण सीमा 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये की जाएगी, जिससे इन उद्यमों को वित्तीय सहायता मिलेगी।

7. स्टार्टअप 10 करोड़ से 20 करोड़ तकः स्टार्टअप्स के लिए ऋण सीमा 10 करोड़ से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपये की जाएगी, जिससे उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा।

8. ST/SC महिला ऋण 2 करोड़ की व्यवस्थाः अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए 2 करोड़ रुपये की विशेष ऋण व्यवस्था की जाएगी, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। SC/ST महिला businessmen बनायेंगी

9. सक्षम आंगनवाड़ी/पोषण 2.0 8 करोड़ बच्चे / 1 करोड़ गर्भवती महिलाएं: आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 कार्यक्रम के तहत 8 करोड़ बच्चों और 1 करोड़ गर्भवती महिलाओं को लाभ मिलेगा, जिससे पोषण स्तर में सुधार होगा। कुपोषण कम होगा

10. अटल टिंकलिंग लैब 50,000: अटल टिंकलिंग लैब्स की संख्या 50,000 तक बढ़ाई जाएगी, जिससे छात्रों में तकनीकी कौशल का विकास होगा।

11.PHC/ सरकारी स्कूल ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटीः प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (PHC) और सरकारी स्कूलों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान की जाएगी, जिससे स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा।

12. मेडिकल कॉलेज छात्रों की सीट 10,000 प्रति वर्ष वृद्धिः मेडिकल कॉलेजों में छात्रों की सीटों की संख्या प्रति वर्ष 10,000 बढ़ाई जाएगी, जिससे चिकित्सा शिक्षा में वृद्धि होगी।

13. जल जीवन मिशन 2028 तक विस्तारः जल जीवन मिशन को 2028 तक बढ़ाया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

14.50 पर्यटन स्थलों का विकासः 50 प्रमुख पर्यटन स्थलों का विकास किया जाएगा, जिससे पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा।

15. पर्यटन रोजगार - - स्व रोजगार कुपोषण निवारणः पर्यटन क्षेत्र में रोजगार और स्व-रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएंगे, जिससे कुपोषण निवारण में सहायता मिलेगी।

16. सिविल अस्पताल / ट्रॉमा सेंटर / जबाहर अस्पताल पालघर मेंः पालघर में सिविल अस्पताल, ट्रॉमा सेंटर और जवाहर अस्पताल की स्थापना की जाएगी, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ेगी।

17. आदिवासी - 7 EMRC, वरनी हाट, आदिवासी खेल अकादमी, सांस्कृतिक केंद्रः आदिवासी क्षेत्रों में 7 EMRC, वरली हाट, आदिवासी खेल अकादमी और सांस्कृतिक केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जिससे उनकी संस्कृति और खेलों को बढ़ावा मिलेगा।

18. वडवान में हवाई अड्डाः वडवान में हवाई अड्डे की स्थापना की जाएगी, जिससे परिवहन सुविधाओं में सुधार होगा। conneadily बढेगी, रोजगार उपलब्ध लेंगे

19. वडवान बंदरगाह - 10 लाख नौकरियां: वडवान बंदरगाह के निर्माण से 10 लाख नौकरियों का सृजन होगा, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

20. कौशल विकासः कौशल विकास कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे युवाओं को रोजगार के लिए तैयार किया जाएगा।

21.PMJAY - 5 लाख आवास 64,259/55,498: प्रधानमंत्री जन आवास योजना के तहत 5 लाख आवासों का निर्माण किया जाएगा, जिससे 64,259/55,498 परिवारों को लाभ मिलेगा।

धन्यवाद। जय हिंद।

(इति)

*श्रीमती स्मिता उदय वाघ (जलगांव) : मैं इस सदन में खड़े होकर वर्ष 2025-26 के बजट का पूर्ण समर्थन और सराहना करती हूं, जिसे हमारे देश की माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने प्रस्तुत किया है। यह बजट भारत को एक आत्मनिर्भर, समृद्ध और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में केंद्र सरकार ने देश के हर वर्ग के विकास को प्राथमिकता दी है, और यह बजट उसी दिशा में एक मजबूत पहल है।

बजट की विशेषताएं

महोदय, यह बजट विकास की गति को और तेज करने वाला, समावेशी विकास को सुनिश्चित करने वाला, निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने वाला, आम नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने वाला, और भारत के बढ़ते मध्यम वर्ग की आर्थिक शक्ति को मजबूत करने वाला है। कृषि क्षेत्र भारत की रीढ़ है, और इस बजट में किसानों की बेहतरी को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के तहत 100 कृषि जिलों का विकास किया जाएगा, जिससे किसानों को उन्नत तकनीक, फसल विविधता और सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही, दलहन और खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता के लिए 6 वर्षीय विशेष मिशन शुरू किया गया है, जो किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त करेगा। कपास उत्पादकता मिशन से कपास किसानों को सीधा लाभ मिलेगा और उनकी आय में वृद्धि होगी। भारत के भविष्य को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा दिया गया है। 50,000 अटल टिंकरिंग लैब्स स्थापित की जाएंगी, जिससे छात्रों में नवाचार और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा मिलेगा। 5 राष्ट्रीय कौशल उत्कृष्टता केंद्र बनाए जाएंगे, और आईआईटी में क्षमता विस्तार के लिए 6,500 नई सीटें जोड़ी जाएंगी। साथ ही, मेडिकल कॉलेजों में 10,000 अतिरिक्त सीटें जोड़ी जाएंगी, जिससे स्वास्थ्य क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले पेशेवरों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 1 करोड़ गिग कामगारों को स्वास्थ्य सुरक्षा दी जाएगी। सभी जिला अस्पतालों में डे-केयर कैंसर केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जिससे कैंसर मरीजों को त्वरित और सुलभ उपचार मिल सकेगा। चिकित्सा शिक्षा में 75,000 नई सीटें जोड़ी जाएंगी, जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा। बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए 71 वंदे भारत, अमृत भारत और नामो भारत ट्रेनों का संचालन किया गया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 25,000 गांवों को सड़क से जोड़ा जाएगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इलेक्ट्रिक वाहनों और बैटरियों के विनिर्माण को प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे भारत ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा। 3 लाख एमएसएमई को क्रेडिट सपोर्ट दिया जाएगा, जिससे छोटे और मध्यम उद्यमों को बढ़ावा मिलेगा।

मध्यम वर्ग को राहत देने के लिए नई कर व्यवस्था में 12 लाख तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। पीएम स्वनिधि योजना का विस्तार किया जाएगा, जिससे 68 लाख स्ट्रीट वेंडर्स को बैंकों से संवर्धित

---

* Laid on the Table

ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म गिग वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा योजना लागू की जाएगी, जिससे असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को आर्थिक सुरक्षा मिलेगी। माननीय मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस जी और हमारे दो उप-मुख्यमंत्रियों के नेतृत्व में महाराष्ट्र सरकार इस बजट की योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। महाराष्ट्र में बुनियादी ढांचे के विकास, उद्योगों के विस्तार, किसानों की बेहतरी और सामाजिक कल्याण के लिए बेहतरीन योजनाएं बनाई जा रही हैं। यह राज्य देश की आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है और आने वाले वर्षों में और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचेगा।

1. लोअर तापी प्रमुख सिंचाई परियोजना की शीघ्र पूर्णता

जलगांव जिले में 25 वर्षों से लंबित लोअर तापी सिंचाई परियोजना को शीघ्र पूर्ण करने की आवश्यकता है। यह परियोजना 6 तालुकों में 32,328 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा प्रदान करेगी और लाखों लोगों को पेयजल उपलब्ध कराएगी। महाराष्ट्र सरकार द्वारा अब तक ₹874.05 करोड़ खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन *2,014 करोड़ की शेष राशि के अभाव में यह अधूरी है। केंद्र सरकार द्वारा इसे प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (PMKSY-AIBP) के तहत शीघ्र शामिल कर आवश्यक वितीय सहायता दी जाए।

2. जलगांव RMS कार्यालय में स्पीड पोस्ट हब (ICH) की स्थापना

जलगांव जिला मुख्यालय होने के कारण यहां कई सरकारी और व्यावसायिक कार्यालय स्थित हैं। जलगांव RMS कार्यालय में प्रतिदिन 3,000-3,500 रजिस्टर्ड पत्रों का प्रसंस्करण होता है, और यदि इसे स्पीड पोस्ट हब (ICH) बनाया जाए तो यह संख्या 4,000-4,500 हो सकती है। भुसावल RMS से विलय किए जाने से डाक वितरण में 24 से 48 घंटे की अनावश्यक देरी हो रही है। जलगांव की सड़क, रेलवे और हवाई कनेक्टिविटी इसे एक उपयुक्त डाक हब बनाने के लिए आदर्श स्थान बनाती है। मैं केंद्र सरकार से अनुरोध करती हूँ कि जलगांव RMS को एक स्वतंत्र स्पीड पोस्ट हब के रूप में विकसित किया जाए। यह बजट एक दूरदर्शी दृष्टिकोण के साथ बनाया गया है, जो सभी नागरिकों की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह न केवल आर्थिक विकास को गति देगा, बल्कि गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण को भी सुनिश्चित करेगा। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में, हम सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयासके संकल्प के साथ विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। आइए, हम सभी मिलकर इस बजट के माध्यम से देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में योगदान दें।

जय हिंद। जय महाराष्ट्र।

(इति)

*श्री छत्रपाल सिंह गंगवार (बरेली) : महोदय, मैं सर्वप्रथम चहुँमुखी, समावेशी विकास तथा व्यापक दूर दृष्टि वाले इस आम बजट - 2025 के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को कोटि-कोटि धन्यवाद देना चाहता हूं।

यह प्रगतिशील, विकास उन्मुख बजट माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने का रोड मैप है, अर्थात् ऐसा विकास जिससे भारतवर्ष आत्मनिर्भर तथा विकसित बन सके, जिसका फायदा उद्यमी से लेकर अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी मिल सके। यह क्रांतिकारी बजट महिलाओं, युवाओं तथा मध्यम वर्ग के जीवन में एक महत्वपूर्ण सकारात्मक बदलाव लाने का सार्थक प्रयास है।

यह आम बजट जनता जनार्दन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने वाला बजट है। भारतवर्ष की आबादी का 31 प्रतिशत हिस्सा मध्यम वर्ग का है। अब यह वर्ग अपने सपनों को हकीकत में बदल सकेगा। मध्यम आय वर्ग के लोगों को सरकार ने इस बजट में 12 लाख तक की सालाना आय पर किसी भी प्रकार का आयकर नहीं लगा कर बहुत बड़ा लाभ दिया है। मध्यम वर्ग को आयकर में दी गई यह छूट भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में उत्प्रेरक का कार्य करेगी।

इस बजट से देश का किसान खुशहाल होगा तथा गांव समृद्ध होंगे। किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना जैसी योजनाओं से खेती किसानी के पारंपरिक तौर तरीकों में बदलाव आया है। फसल का उत्पादन बढ़ाने, उसका उचित मूल्य मिलने और आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित होना कृषि क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बदलाव है। विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए कृषि अब अर्थव्यवस्था का प्रथम इंजन बनता जा रहा है। किसान क्रेडिट कार्ड के जरिए ऋण की अधिकतम सीमा 3 लाख से बढ़कर 5 लाख किया जाना कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने की दिशा में एक ठोस कदम है तथा साथ ही में कपास उत्पादकता मिशन से किसानों की आय बढ़ेगी और भारत के परंपरागत वस्त्र क्षेत्र में नई जान आएगी। बिहार में मखाना बोर्ड की स्थापना से मखाने के उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और विपणन व्यवस्था में व्यापक सुधार आएगा इस कारोबार में लगे किसानो की आर्थिक दशा तेजी से सुधरेगी व असम के नामरूप में 12.7 लाख टन की वार्षिक उत्पादन क्षमता वाला उर्वरक संयंत्र, प्रधानमंत्री धन्य धान्य कृषि योजना व राष्ट्रीय उच्च पैदावार बीज मिशन, सभी कृषि विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम हैं। इस बजट में जल जीवन मिशन का 2028 तक विस्तार करने से ग्रामीण घरों में शत प्रतिशत पीने के लिए स्वच्छ जल उपलब्ध होगा। साथ ही में इस मिशन के द्वारा 2 करोड़ ग्रामीण रोजगार भी सृजित होगा।

विकसित भारत की इस यात्रा में महिलाओं की भागीदारी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इसको ध्यान में रखते हुए महिला केंद्रित विकास और आर्थिक गतिविधियों में

---

* Laid on the Table

महिलाओं की 70 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य वाला बजट पेश किया गया है। महिलाओं की सुरक्षा, गरिमा, पोषण और स्वास्थ्य के साथ ही उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त और स्वावलंबी बनाने के लिए बजट में नए महिला उद्यमी को दो करोड़ तक के सावधि ऋण का प्रस्ताव किया है। स्त्री शक्ति योजना के द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक द्वारा महिला उद्यमी को कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था है।

किसान बजट में शहरी गरीबों की मदद के लिए प्रावधान किया गया है। पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत रेहड़ी-पटरी वालों को व्यापार के लिए धन उपलब्ध करने के साथ ही निर्धन आबादी और कमजोर समूह की सहायता के लिए भी अभियान चलाया जाएगा जिससे शहरों में रहने वाले गरीबों की आय बढ़ाने, नियमित जीविका अर्जित करने का अवसर प्राप्त होने के साथ ही जीवन स्तर को बेहतर बनाने में मदद मिल सकेगी। यह योजना शहरों में गरीबों को काम का अवसर प्रदान करने के साथ ही उन्हें सरकारी कल्याणकारी कार्यक्रमों के दायरे में लाने वाली होगी।

इस बजट में कैंसर का इलाज सर्व सुलभ कराने के लिए देश के सभी जिला अस्पतालों में कैंसर के इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके लिए इन अस्पतालों में डे-केयर कैंसर केद्रों की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही 36 जीवन रक्षक दवाओ पर आयात शुल्क खत्म करने का भी इस बजट में प्रावधान किया गया है तथा सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को ब्रॉडबैंड से जोड़ा जाएगा जिससे सुदूर इलाकों में टेली मेडिसिन के मार्फत गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाओं का पहुंचना आसान हो जाएगा।

इस बजट में भारतवर्ष को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में सुधार से जुड़े कामों को गति देने का प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत स्कूलों में 50 हजार अटल टिंकरिंग लैब की स्थापना तथा सरकारी माध्यमिक स्कूलों को ब्रॉडबैंड से जोड़ना और आईआईटी की क्षमता विस्तार, स्कूली स्तर पर बच्चों को नवाचार से जोड़ना, निश्चय ही यह महत्वपूर्ण कदम शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।

इस बजट में भारतवर्ष के शहरों की आज की जरूरत को समझा है तथा इसकी पूर्ति के लिए एक लाख करोड रुपए का अर्बन चैलेंज फंड बनाने का इस बजट में महत्वपूर्ण प्रस्ताव किया गया है। इसके जरिए शहरो के पुनर्विकास के जरिए बुनियादी ढांचे को विकसित किये जाने का प्रावधान है। प्रथम चरण में 100 शहरों के पुनर्विकास की योजना लाई जाएगी। इसके तहत शहरों के मूल स्वरूप यानी केन्द्रीय इलाके को विकसित किया जाएगा।

इस आम बजट में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जुड़े एक करोड़ गिग वर्कर्स नए दौर की सेवा अर्थव्यवस्था को काफी गतिशीलता प्रदान करते हैं। इस कारण से, इन सभी गिग वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा योजना का प्रावधान किया गया है। सरकार द्वारा इन्हें पीएम जन आरोग्य

योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य बीमा तथा पहचान पत्र देने के साथ ई-श्रम पोर्टल पर भी पंजीकरण की व्यवस्था रहेगी।

इस आम बजट में आदिवासी जनजातियों को भारत की मुख्य धारा में शामिल करने के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार द्वारा जनजातीय कार्य मंत्रालय के बजट में पिछले वर्षों की तुलना में वृद्धि करते हुए आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में विकास योजनाओं को गति देने का स्पष्ट इरादा है। इस योजना का उद्देश्य आदिवासी बाहुल्य गांवो में बुनियादी ढांचे को मजबूत करते हुए शिक्षा स्वास्थ्य और आंगनबाड़ी सुविधाओं को बेहतर करना और कमजोर आदिवासी समूह की आजीविका के अवसरों को बढ़ाना है। आदिवासी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के उद्देश्य से एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का बजट बीते वर्षों से बढ़ा दिया गया है।

एमएसएमई देश के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसकी परिभाषा का बदलाव इसके विस्तार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम होगा। 500 करोड़ तक की सालाना टर्नओवर वाली कंपनियां अब मीडियम श्रेणी में आएंगी, जिससे वे एमएसएमई से जुड़ी स्कीमों का लाभ उठा सकेंगी। एमएसएमई को लोन मिलने में होने वाले दिक्कतों को इस बजट में दूर करने का प्रावधान किया गया है। माइक्रो एंटरप्राइजेज को किसानों की तरह 5 लाख तक की सीमा वाले क्रेडिट कार्ड जारी करने की व्यवस्था की गई है।

इस बजट में निवेशकों का भरोसा बढ़ाने और ईज-ऑफ-डूइंग बिजनेस की दिशा में व्यापक प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत विभिन्न कानून से जुड़े 100 से अधिक प्रावधानों को गैर आपराधिक बनाने का व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए केन्द्र सरकार जल्द ही संसद में पेश जन विश्वास विधयेक 2.0 पेश करेगी। इसके अंतर्गत ईज-ऑफ-डूइंग बिजनेस को आगे बढ़ते हुए कई कानूनी प्रावधानों के अनुपालन में छूट देने की व्यवस्था की है।

इस बजट में नवीनीकरण ऊर्जा को बढ़ावा देने के संदर्भ में परमाणु ऊर्जा को बढ़ावा देने की व्यवस्था की गई है, जिसमें 20,000 करोड़ रुपए से एक परमाणु ऊर्जा मिशन बनाने की व्यवस्था की जाएगी, जो कि देश में पांच छोटे परमाणु संयंत्र स्थापित करने में सहयोग करेगा। इससे परंपरागत ऊर्जा स्त्रोतों पर हमारी निर्भरता घटेगी।

भारत में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। उतनी ही संगठित व असंगठित क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इस बजट में विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने व आर्थिक विकास दर को रफ्तार देने को पर्यटन में भी रोजगार प्रेरित विकास का प्रावधान किया गया है तथा पर्यटन में रोजगार प्रेरक विकास को सुगम बनाने के लिए कई उसे कदम उठाए जाने की व्यवस्था है। इनमें वीजा नियमों को आसान बनाना, ई-वीजा सुविधा देना तथा धार्मिक व मेडिकल पर्यटन को प्रोत्साहन देना शामिल हैं।

इस बजट में जीडीपी में मैन्यूफैक्चरिंग की हिस्सेदारी बढ़ाने को सरकार ने नेशनल मैन्यूफैक्चरिंग मिशन की स्थापना की व्यवस्था की है। इसके अंतर्गत मैन्यूफैक्चरिंग को आसान बनाने तथा लागत कम करने, गुणवत्ता वाले उत्पाद तैयार करने, तकनीकी उपलब्ध कराने जैसी चीजों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। निर्यात को ग्रोथ इंजन का प्रमुख स्तंभ मानते हुए बजट में एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन स्थापित करने का भी प्रावधान है। इसके अंतर्गत निर्यातकों को कर्ज मुहैया करने के साथ विदेश में निर्माण करने जैसी सुविधा बहाल करने में मदद की जाएगी, जिससे वस्तुओं का निर्यात बढ़ेगा व रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

इस बजट में रेलवे को और बेहतर बनाने का प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत रेलवे को 2.52 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए जाने की व्यवस्था है, जिससे 17,500 सामान्य कोच, 200 वन्दे भारत, 100 अमृत भारत ट्रेनों के निर्माण जैसी परियोजनाओं को इस बजट में मंजूरी दी गई है। साथ ही, इसमें नई लाइनें बिछाने, दोहरीकरण, स्टेशनों का पुनर्विकास, फ्लाईओवर निर्माण, अंडरपास सहित कई अन्य परियोजनाओं की भी व्यवस्था है।

इस बजट में जल तटीय आर्थिक गतिविधियों को सम्बल देकर ब्लू इकोनॉमी को बढ़ावा देने की पूर्ण व्यवस्था है। इसके अंतर्गत समुद्री विकास कोष (मैरिटाइम डेवलपमेंट फंड) बनाने का प्रावधान है। साथ ही, इसमें जहाज निर्माण को प्रोत्साहन देने के लिए जहाज निर्माण वित्तीय सहायता नीति का नवीनीकरण किया गया है।

यह प्रगतिशील व समावेशी बजट पारंपरिक मूल्यों और आधुनिक आर्थिक आवश्यकताओं का सावधानी पूर्ण समन्वय है, जो वंचितों के उत्थान के साथ-साथ वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने का लक्ष्य भी रखता है। यह राष्ट्र की समृद्धि की दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी है। मुझे सम्पूर्ण विश्वास है कि यह बजट ग्रामीण अर्थव्यवस्था, सामाजिक गतिशीलता, और सशक्त वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण के माध्यम से महत्वपूर्ण आर्थिक परिवर्तन ला सकता है तथा यह बजट मध्यम वर्ग, युवा, अन्नदाता और नारी कल्याण के प्रति हमारी सरकार के दृढ़ संकल्प को परिलक्षित करने वाला है।

(इति)

***श्रीमती भारती पारधी (बालाघाट) :** महोदय,

"मोदी जी के हाथ में राष्ट्र का विश्वास,
उनका बजट ला रहा है समृद्धि का आकाश "

आज मुझे यह गर्व का अवसर मिला है कि मैं हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में प्रस्तुत बजट 2025-26 पर अपनी बात रख सकूं। यह बजट सिर्फ संख्याओं और आँकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि यह हमारे देश के हर नागरिक की समृद्धि, उनकी खुशहाली और विकास की दिशा में एक ठोस कदम है। इस बजट के माध्यम से हमारी सरकार ने देश की आर्थिक स्थिरता को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया है।

सबसे पहले, मैं हमारे माननीय वित्त मंत्री, श्रीमती निर्मला सीतारमण जी की सराहना करना चाहूंगी, जिन्होंने हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में मेहनत और दूरदृष्टि ने इस बजट को आकार दिया है। वित मंत्री जी ने इस बजट में जो व्यापक और संरचनात्मक सुधार पेश किए हैं, वह देश के प्रत्येक नागरिक के जीवन में एक सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सक्षम हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" के मंत्र को अपनाते हुए अपने बजट को इस तरह से तैयार किया है कि इसका लाभ हर वर्ग, हर क्षेत्र, हर नागरिक तक पहुंचे। हमारी सरकार ने हमेशा भारत को "विकसित भारत" की दिशा में अग्रसर करने का लक्ष्य रखा है, और यह बजट उस दिशा में एक मजबूत कदम है। प्रस्तुत बजट में सबसे महत्वपूर्ण कृषि क्षेत्र में सुधार है। प्रधानमंत्री जी ने हमेशा किसानों के कल्याण को अपनी प्राथमिकता दी है, और इस बजट में किसानों के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएँ की गई हैं। जैसे प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के तहत कम कृषि उत्पादकता वाले 100 जिलों को चुना गया है, जिससे 1.7 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। इससे कृषि उत्पादकता में वृद्धि होगी और हमारे किसान अधिक समृद्ध होंगे। किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) की सीमा बढ़ाकर 3 लाख से 5 लाख रुपये कर दी गई है, जिससे किसानों को और अधिक वित्तीय सहायता मिल सकेगी। इसके अलावा, दलहनों में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए सरकार ने छह वर्षीय मिशन शुरू किया है, जिससे जलवायु अनुकूल बीज और लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किए जाएंगे।

MSME क्षेत्र को भी विशेष ध्यान दिया गया है। प्रधानमंत्री जी ने हमेशा मध्यम, छोटे और सूक्ष्म उद्यमों को प्रोत्साहन देने का कार्य किया है। इस बार सरकार ने ऋण गारंटी कवर को 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये कर दिया है, जिससे इन उद्योगों के लिए ऋण तक पहुंच बढ़ सकेगी, जिससे वित्तीय समावेशन और आर्थिक भागीदारी को बढ़ावा मिलेगा। इन्फ्रास्ट्रक्चर में सरकार ने एक बड़ी पहल की है। प्रधानमंत्री मोदी जी की उड़ान योजना को संशोधित करते हुए 120 नए गंतव्यों को जोड़ा गया है, जिससे अगले 10 वर्षों में 4 करोड़ यात्रियों को सेवा मिल सकेगी। साथ ही समुद्री विकास निधि के तहत 25,000 करोड़ रुपये का कोष स्थापित किया गया है, जो जहाज़ निर्माण, बंदरगाहों और रसद बुनियादी ढांचे के लिए दीर्घकालिक वित्तपोषण प्रदान करेगा।

---

* Laid on the Table

अब अगर हम इस बजट का तुलनात्मक अध्ययन पिछले वर्ष के बजट से करें, तो हमें स्पष्ट रूप से दिखता है कि यह बजट पहले से कहीं अधिक समावेशी और व्यापक दृष्टिकोण से तैयार किया गया है। 2025-26 में कुल व्यय 50,65,345 करोड़ रुपये होने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष के संशोधित अनुमान से 7.4% अधिक है। साथ ही, कुल प्राप्तियाँ (उधारी को छोड़कर) 34,96,409 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष से 11.1% अधिक हैं। इससे यह साफ है कि सरकार की कोशिश है कि प्राप्तियाँ बढ़े और व्यय का संतुलन बना रहे, जिससे हम आर्थिक समृद्धि की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ सकें।

आधिकारिक आंकड़े बताते हैं कि 2025-26 के लिए राजस्व घाटा जीडीपी का 1.5% और राजकोषीय घाटा 4.4% रखने का लक्ष्य रखा गया है, जो पिछले साल के मुकाबले कम है। यह दर्शाता है कि हमारी सरकार ने वित्तीय अनुशासन बनाए रखने और आर्थिक विकास को संतुलित तरीके से आगे बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। राज्यों के लिए हस्तांतरण में 12.5% की वृद्धि की गई है, और कुल 25,59,764 करोड़ रुपये राज्यों को हस्तांतरित किए जाएंगे। यह कदम संघीय ढांचे को मजबूती प्रदान करता है और राज्यों को उनके विकास में सहारा देता है।

हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने निर्यात संवर्द्धन के लिए एक नई नीति शुरू की है, जिससे भारत का वैश्विक व्यापार बढ़ सकेगा। निर्यात संवर्द्धन मिशन के तहत वाणिज्य मंत्रालय, MSME मंत्रालय और वित्त मंत्रालय एक साथ मिलकर काम करेंगे। इसके अलावा, Global Capability Centers के लिए नीतिगत प्रोत्साहन दिया जाएगा, जिससे भारत को वैश्विक सेवा प्रदाता के रूप में और अधिक सशक्त किया जा सकेगा। हमारे माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी की प्रेरणा से यह बजट हमारे देश के प्रत्येक नागरिक की उन्नति की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। प्रधानमंत्री जी का विश्वास है कि भारत को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है और हमारे देश को पूरी दुनिया में एक अग्रणी शक्ति के रूप में स्थापित करना है।इस बजट में आर्थिक सुधारों, समावेशी विकास, और सामाजिक कल्याण की दिशा में उठाए गए कदम हमारे देश की उज्जवल भविष्य की नींव हैं। मैं इस सदन के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को धन्यवाद देती हूं, जिन्होंने इस बजट के जरिए देश के हर नागरिक के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता को और भी मजबूत किया है। धन्यवाद।

(इति)

*श्री सुनील कुमार (वाल्मीकि नगर) :अध्यक्ष महोदय, आम बजट वितीय वर्ष 2025-2026 के समर्थन में मैं खड़ा हुआ हूँ। इस दूरदर्शी बजट के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी एंव माननीय वित्त मंत्री जी को धन्यवाद ज्ञापन करता हूँ। आपने नये भारत के निर्माण के लिए एक बड़ा कार्य योजना को अंतिम रूप दिया है। इसमें देश के सभी वर्गों के हितों को ध्यान रखा गया है।

महोदय, मैं वाल्मीकि नगर लोकसभा संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूँ। यह क्षेत्र नेपाल के सीमा से लगा है। आप इसको भारत का द्वार भी कह सकते हैं। इस क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं की बहुत जरूरत है।

महोदय, बजट में प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना शुरू करने की योजना है। बिहार के पश्चिम चम्पारण जिला और वाल्मीकि नगर संसदीय क्षेत्र दर्जनों छोटी-बड़ी और पहाड़ी नदियों से अच्छादित है, जहाँ हर वर्ष बाढ़ व कटाव से फ़सल की क्षति होती है। यहाँ सिंचाई की सुविधा और भंडारण व्यवस्था में सुधार की जरूरत है। मेरी माँग है कि बिहार के पश्चिम चम्पारण जिले को प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना में चयनित किये जाने वाले 100 जिलों में शामिल किया जाए। साथ ही साथ कम उत्पादकता, कम फ़सल बुआई, फ़सल विविधता, जिला व प्रखंड स्तर पर भंडारण क्षमता, सिंचाई की सुविधा में सुधार के साथ दीर्घ कालीन व लघु कालीन ऋण उपलब्धता के आधार पर इनके संवर्द्धन हेतु देश के 100 जिलों को चुना जायेगा।

महोदय, मखानों का उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्द्धन और विपन्न में सुधार लाने के लिए बिहार के दरभंगा में मखाना बोर्ड की स्थापना सरकार का स्वागत योग्य कदम है। यह बोर्ड मखाना उत्पादक किसानों का पथ-प्रदर्शन और प्रशिक्षण सहायता उपलब्ध कराएगा। यह सुनिश्चित करेगा कि उन्हें सभी संगत सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। इससे बिहार को काफी लाभ पहुंचेगा। मैं इसके लिये केंद्रीय वित्त मंत्री और भारत सरकार को धन्यवाद देता हूँ। अर्थव्यवस्था के लिए उत्प्रेरक के रूप में प्रयास किया जा रहा। मेरी माँग होगी कि सभी ग्रामीण डाक सेवकों की तनख्वाह बढ़ाई जाये और उन्हें स्थायी कर्मचारी की मान्यता दी जाये।

महोदय, सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने ऋण राशि 05 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ करने का निर्णय लिया है, जो स्वागत योग्य है। उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत सूक्ष्म उद्यमों के लिए 10 लाख विशेष अनुकूल क्रेडिट कार्ड जारी करने की घोषणा भी सराहनीय है। इससे सूक्ष्म उद्योग जगत को बढ़ावा मिलेगा। मेरा आग्रह होगा कि सरकार अपने स्तर से मेरे संसदीय क्षेत्र बाल्मीकिनगर में लघु और सूक्ष्म उद्योग विकसित करने पर विचार करे। 05 लाख महिला, अनुसूचित जाति व जनजाति से आने वाले पहली बार के उद्यमियों के लिए सरकार नई योजना लाने जा रही है, जिससे स्टार्टअप शुरू करने वाले युवाओं के लिए बिहार में राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमशीलता और प्रबंधन संस्थान स्थापित करने की घोषणा से बिहार के लोगों को काफी ख़ुशी हुई है।

* Laid on the Table

महोदय, इस संस्थान से पूरे राज्य में खाद्य प्रसंस्करण कार्यकलापों को पुरजोर बढावा मिलेगा। इसके परिणाम स्वरुप किसानों के उत्पादों के मूल्य संवर्धन के माध्यम से उनकी आमदनी बढ़ेगी और युवाओं को कौशल प्रशिक्षण, उद्यमशीलता तथा रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

महोदय, बजट में बिहार को काफी कुछ दिया गया है। पटना आईआईटी के विस्तार के साथ मेडिकल और इंजिनियरिंग कॉलेजों में सीटें बढ़ने से विद्यार्थियों को काफी लाभ होगा। देश के 200 जिला अस्पतालों में 'डे-केयर कैंसर केंद्र' खोलने का फैसला इस बीमारी से निजात के लिए अच्छा फैसला है। पश्चिम चम्पारण जिला अस्पताल को भी इसमें शामिल किया जाना चाहिए, क्योंकि इधर से सैंकड़ो मरीज कैंसर के बेहतर इलाज के लिए पटना, बनारस, गोरखपुर, लखनऊ, दिल्ली जाते हैं और 12 लाख तक की आय को कर मुक्त करने की घोषणा से मध्यम वर्ग में काफी खुशी है। इस बचे हुए टैक्स की राशि को वे अपने बच्चों की पढ़ाई, माता-पिता की दवाई और निवेश आदि पर खर्च कर सकेंगे।

महोदय, बिहार में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा की सुविधा प्रदान की जाएगी ताकि राज्य की हवाई आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। इसमें बाल्मीकिनगर भी शामिल है। प्रथम चरण में ही यहाँ के हवाई अड्डा को विकसित कर उड़ान योजना के तहत हवाई यात्रा शुरू करने की मैं पुरजोर माँग रखता हूँ।

महोदय, पश्चिमी कोशी नहर ईआरएम परियोजना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान किये जाने से 50,000 हेक्टेयर से अधिक जमीन पर खेती करने वाले किसानों को लाभ होगा। हमारे संसदीय क्षेत्र में मसान नदी से सैकड़ों हेक्टेयर फसलें प्रभावित होती हैं। उस पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए।

महोदय, केंद्र सरकार ने 28 हजार करोड़ रुपये के निवेश से 12 इंडस्ट्रीयल जोन और 100 औद्योगिक पार्क बनाने की घोषणा की है, जो प्रशंसनीय है।। मेरा सरकार से आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र बाल्मीकिनगर अंतर्गत बगहा अनुमंडल के रतवल-नैनाहा क्षेत्र में 1700 एकड़ सरकारी जमीन चिन्हित है, जिसमें एक औद्योगिक पार्क की स्वीकृति दी जाये। यह जमीन पहले टेक्सटाइल पार्क के लिए अधिग्रहित की गयी थी, जिसे स्वीकृति नहीं मिली। सरकार ने 08 हजार करोड़ रूपये की राशि से देश भर में 52 हजार इलेक्ट्रिक बस चलाने का निर्णय लिया है। मेरी सरकार से माँग होगी कि भारत-नेपाल सीमा पर महर्षि बाल्मीकि की तपोभूमि बाल्मीकिनगर से, महात्मा बुद्ध की निर्वाणस्थली कुशीनगर वाया बाँसी-धनहा चौतरवा-लौरिया-बेतिया होते और राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की कर्मभूमि भीतिहरवा, गौनाहा से प्रदेश की राजधानी पटना तक के लिए इलेक्ट्रिक बस की सेवा शुरू की जाये।

महोदय, देशभर में स्थापित 470 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के जरिये सरकार आदिवासी बच्चों का शैक्षणिक स्तर बढ़ाने का उत्कृष्ट काम कर रही है। मेरा सुझाव होगा कि बाल्मीकिनगर संसदीय क्षेत्र में थारू और उरांव आदिवासी समाज के लोग काफी बड़ी संख्या में रहते हैं, इसलिए दोन क्षेत्र की तरह थरूहट की राजधानी हरनाटांड में भी एक एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की स्वीकृति प्रदान की जाये।

महोदय, छोटे उद्यमियों के लिए मुद्रा ऋण की सीमा दस लाख से बढाकर बीस लाख रुपये करना सरकार का बहुत ही कल्याणकारी कदम है। देश में 71 वन्दे भारत ट्रेन चलना खुशी की बात

है। मेरा अनुरोध होगा कि एक वन्दे भारत ट्रेन गोरखपुर से पटना तक वाया नरकटियागंज -मुजफ्फरपुर होकर चलाई जाये।

महोदय, स्वच्छ भारत अभियान के तहत 12 करोड़ शौचालय, उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ महिलाओं को निःशुल्क गैस कनेक्शन और 80 करोड़ उपभोक्ताओं को राशन स्वच्छता और सामाजिक सुरक्षा की दिशा में सरकार का बहुत बड़ा कदम है।

महोदय, सरकारी कर्मचारियों के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन और पेंशनरों के लिए यूनिफायड पेंशन स्कीम लागू कर सरकार ने जता दिया है कि यह हर वर्ग की हितैषी है। ये दोनों योजनाएं सरकार की तरफ से नौकरी पेशा मिडिल क्लास लोगों के लिए एक अनुपम उपहार है।

महोदय, जन औषधि केंद्र के खुलने से बीमार लोगों को 80 प्रतिशत रियायत पर दवाओं के मिलने से मरीजों को काफी राहत मिली है। अधिक से अधिक जन औषधि केंद्र खोलने से लोगों को काफी फ़ायदा होगा। देश में 03 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य के साथ मिलिट्री स्कूलों और नेशनल डिफेन्स एकेडमी में महिला कैडेट्स की नियुक्ति महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय कदम है। महोदय, मेडिकल व इंजिनियरिंग कॉलेजों सहित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में सीटों की संख्या में वृद्धि युवा कल्याण की दिशा में सरकार का क्रान्तिकारी कदम है। पटना आईआईटी में सीटों की संख्या बढ़ाकर दुगुनी करने और बिहार के मेडिकल कालेजों में 200 से 250 सीटों की वृद्धि बिहार के छात्रों के लिए सरकार का तोहफा एक सराहनीय कदम है। मेरा सरकार से यह अनुरोध होगा कि अनिसूचित जनजाति बहुल क्षेत्र बाल्मीकिनगर में एक केंद्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय की स्वीकृति प्रदान की जाये।

महोदय, यह बजट देश के सभी वर्गों के विकास के लिए है। मैं पुनः इस बजट का समर्थन करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूँ।

(इति)

*श्री छोटेलाल (राबर्ट्सगंज) : सरकार लाख हवा हवाई बजट पास कर ले, मगर SC/ST/OBC व्यापारी, किसान के लिए यह बजट खोखला है। सरकार यह बताये कि 12 लाख टैक्स में छूट पैसा वालों के लिए हो गया, परन्तु 12 लाख रुपए गरीब, मजदूर, व्यापारी, किसान, युवा इत्यादि लोग कहां से पाएंगे? 12 लाख कैसे कमाएंगे, यह सरकार बताये? क्या कोई ऐसा बजट 10 सालों में आया है? इस बजट में भी ऐसा कुछ नहीं आया जिसमें कि कोई गरीब 12 लाख तक साल में कमायेगा। सबका साथ, सबका विकास कहाँ है? सरकार स्पष्ट करे किस हिसाब से 12 लाख फ्री में टैक्स मुक्त है जबकि पुरानी कर प्रणाली यथावत है। देश की जनता भ्रम में है। 80 से 82 करोड़ तक लोग राशन पाते हैं और अधिकतर लोग 12 लाख से भी ज्यादा लोग देश में टैक्स भरते हैं। क्या लाल कार्ड पाने वाले राशन वालों को अब राशन नहीं मिलेगा, गैस सिलेंडर फ्री में जो मिलता है वह अब नहीं मिलेगा, सब गरीब व मजदूर अमीर हो गये हैं। यह बजट खोखला है। SC/ST/OBC बालक अथवा बालिकाओं के लिए उच्च स्तरीय शिक्षा फ्री, सब्सिडी पर शिक्षा लोन फ्री, चिकित्सा फ्री, किसानों को व्यापारियों को सब्सिडी पर लोन देकर विकास किया जाना चाहिए। अभी तक गरीब, किसान व व्यापारी इत्यादि लोग जमीन बेचकर बेटी की शादी करते हैं। ये लोग जमीन बेचकर अपनी बेटी की शादी ना करें। ऐसी सुविधा या बजट सरकार सुनिश्चित करे। दलित सांसद, विधायक, मंत्री बने हैं, मगर पॉवर किसके हाथ में है समझ जाइए। भाजपा सरकार में एक कर्मचारी, चपरासी को नहीं बदल सकते।

सोनभद्र दुद्धी में कनहर परियोजना - बँधी तैयार है मगर नहर नहीं बनी है। माननीय नेता जी के समय की परियोजना थी, लेकिन जान बूझकर कोई बजट नहीं दिया गया। वहाँ लोगों को मुआवजा नहीं मिला। ऐसे देसवली परियोजना व नगवा बांध से करही बँधी, बलियारी बँधी, देवरी बँधी, भेलाही बँधी, घोरावल के लिए इत्यादि जगहों पर पानी देने के लिए कोई बजट नहीं है। बाणसागर परियोजना सोनभद्र तक हो जाएगी तो चकिया, नौगढ़, पूरा सोनभद्र आबाद हो जाएगा, लेकिन कोई बजट नहीं है।

उपरोक्त सभी के लिए यह बजट खोखला है। इसमें सभी के लिए कुछ नहीं है, बल्कि 12 लाख लोन फ्री में देकर 5 साल तक ब्याज मुक्त रोजगार का अवसर गरीब लोगों को देना चाहिए था। उपरोक्त सभी के लिए बकरी लोन, गाय लोन, भैंस लोन, भेड़ लोन, सुअर लोन, व्यापारी लोन, किसान लोन, महिला लोन, युवा शिक्षा लोन इत्यादि लोन से पैसा देकर उपरोक्त सभी लोगों का उत्थान करना चाहिए, ताकि 12 लाख कम से कम साल में सभी लोग कमाई कर सकें, तब गरीब का फायदा होगा।

---

* Laid on the Table

" गरीबों को बजट दिलवाना पड़ेगा,
हवा हवाई बजट भगाना पड़ेगा
अगर चाहिए सच्चा न्याय तो..
गरीबों को सब्सिडी पर लोन देकर व्यापारी,
किसान, गरीब, महिलाओं व युवाओं का कर्ज माफ कराना पड़ेगा।"

अडानी जैसे बड़े-बड़े लोगों को महज 3% पर लोन मिलता है और उनका सैकड़ों करोड़ो का लोन आसानी से माफ भी हो जाता है तो किसानों, व्यापारियों, गरीबों, युवाओं व महिलाओं का कर्ज माफ क्यों नहीं? 15 लाख रुपये नहीं मिले। देश के एक-एक व्यक्ति पर लगभग डेढ़ लाख रुपये का कर्ज है। किसान सम्मान निधि 12 हज़ार महीना एमएसपी गारंटी क्यों नहीं? किसानों की दोगुनी आय नहीं हुई? मनरेगा की ऐसी योजना है कि कोई मजदूर कार्य करने को तैयार नही है।

स्कूल में खाना बनाने वाली रसोईया महिलाओं का वेतन/मानदेय बढ़ाना चाहिए। उसी प्रकार आशा, आंगनबाडी, शिक्षामित्रों, आपदा समूह सखियों का भी वेतन/ मानदेय बढ़ाना चाहिए। मगर इस बजट में इन सभी के लिए कुछ नहीं है। देश के मान्यता प्राप्त मीडिया के लोगों को यात्रा में रेलवे विभाग द्वारा 50% छूट मिलती थी। यह सुविधा 5 सालों से बंद है। इस पर सरकार ने विचार नहीं किया। दलितों को मसीहा बताने वाले, भारतीय जनता पार्टी के लोगों की कांसीराम आवास योजना पर नज़र नहीं गई। कई वर्षो से वहाँ साधन-सुविधा, पानी, चिकित्सा, शिक्षा व बने हुए सरकारी आवासों की कोई खबर लेने वाला नहीं है। केवल दलितों का वोट लेने के लिए ये मायाजाल रचते हैं। उन आवासों की रंगाई-पुताई होगी या नहीं, इसकी किसी को चिंता नहीं है।

(इति)

[*]श्री रमाशंकर राजभर (सलेमपुर) : अध्यक्ष महोदय, सबसे पहले तो बजट 2025 26 पर बोलने का अवसर देने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

यह सरकार दावे तो बड़े-बडे करती है लेकिन जब गरीबों किसानों युवाओं तथा महिलाओं के लिए तथा विकसित भारत बनाने के लिए आर्थिक संसाधन मुहैया कराने की बारी आती है तो यह सरकार पूरी तरह असफल नजर आती है। कारण यही है कि इस सरकार का ध्यान जनहित कारी नीतियां बनाने की ओर न होकर बड़े पूंजीपतियों तथा धन-धान्य वर्ग की ओर अधिक केंद्रित है। उदाहरण के लिए केंद्रीय बजट 2025 - 26 में बताया गया है कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत 100 जिलों को शामिल किया गया है जिसमें 1.7 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे, इस तरह की घोषणा कर देने मात्र से किसान लाभान्वित हो जाएगा क्या? क्योंकि पहले भी इस सरकार ने किसाने की आमदनी को दोगुना करने का लोक लुभावना नारा दे चुकी है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि आज किसान महंगे खाद तथा किसानी पर उच्च लागत आने के कारण विषम आर्थिक स्थिति से गुजर रहा है। अध्यक्ष महोदय, मैं उत्तर प्रदेश से आता हूं और उत्तर प्रदेश में आवारा पशुओं द्वारा खेती किसानी को इतना जबरदस्त नुकसान पहुंचाया जा रहा है, लेकिन वहां की सरकार हाथ पर हाथ रखी बैठी है, और किसान पूरी तरह बेसहारा और लाचार महसूस कर रहा है। इसी तरह बजट 2025-26 में यह घोषणा की गई है कि किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत ऋण की सीमा को तीन लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए तक कर दिया गया है। जिन किसानों किसानों की जमीन नदी में विलीन हो गई, वह ऋण कैसे देगा। लेकिन बुनियादी सरकार सवाल यह है कि किसानों का ऋण सरकार माफ करे, किसानों की आय लगातार घटती जा रही है, क्योंकि खाद अत्यधिक महंगी है और कृषि में लागत ज्यादा तथा आय लगातार घटती जा रही है। कृषि में लागत ज्यादा तथा आय बहुत कम हो गई है। इस बुनियादी समस्या से निपटने के लिए इस बजट में एक भी ठोस कदम की झलक नहीं मिलती है। सरकार केवल हवा हवाई बातें करके किसानों का ध्यान भटकाने में लगी है जिसके कारण आज हमारे देश में किसाने की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है और आज कोई भी किसान यह नहीं चाहता है कि उसके बच्चे खेती किसानी करें।

अध्यक्ष महोदय, आज भी हमारे देश की जनसंख्या का एक बहुत बड़ा वर्ग गांव में रहता है जिनमें अधिकतर लोग गरीब हैं और जीवन यापन के लिए विषम परिस्थितियों की सामना कर रहे हैं लेकिन उनके उत्थान के लिए तथा ग्रामीण भारत की चुनौतियों से निपटने के लिए इस बजट में कोई विजन नहीं है इस बजट में शहरों को विकास केंद्र के रूप में विकसित करने शहरों के रचनात्मक पुनर्विकास तथा जल एवं स्वच्छता को समर्थन देने के लिए 2025 26 के लिए 10,000 (दस हजार) करोड रुपए आवंटित किया गया है परंतु आज हमारे शहरों की जो हालात है तथा गांव की अपेक्षा के कारण शहरों पर जो दबाव बड़ा है। उसे देखते हुए 10,000 करोड़ रुपए की यह धनराशि ऊंट के मुंह में जीरा की तरह है।

---

[*] Laid on the Table

अध्यक्ष महोदय, हमारे देश में स्वास्थ्य तथा रोगों के महंगे इलाज पर आम आदमी जो पैसा खर्च करता है उससे उसकी आर्थिक स्थिति डांवाडोल हो जाती है। नीति आयोग ने भी अपनी एक रिपोर्ट में यह स्वीकार किया है की रोगों के इलाज पर होने वाले खर्च के चलते हमारे देश की लगभग 10 करोड़ जनता हर साल गरीबों की रेखा के नीचे चली जाती है। इसको रोकने के लिए जरूरी है स्वास्थ्य सेवाओं पर सरकारी खर्च बढ़ाया जाए ताकि जनता को अपने पाकेट से रोगों के इलाज पर खर्च न करना पड़े। जब जेटली जी वित्त मंत्री थे तब सरकार ने यह घोषणा की थी कि स्वास्थ्य सेवाओं पर सरकारी खर्च को सन् 2025 तक सकल घरेलू उत्पाद (अर्थात जीडीपी) के 2.5 प्रतिशत तक किया जाएगा। 2025 आ भी गया सरकार द्वारा नेशनल हेल्थ अकाउंट एस्टिमेट (NATIONAL HEALTH ACCOUNT ESTIMATE)2021-2022 अभी हाल ही में जारी किया गया है। इसमें दिए गए आंकड़ों के अनुसार स्वास्थ्य पर सरकारी खर्च अभी भी जीडीपी अर्थात सकल घरेलू उत्पाद) का केवल 1.8 प्रतिशत है। जाहिर है कि यह सरकार पूजीपत्तियों तथा धन्ना सेठों को करोड़ों रुपए के कर्ज माफ कर रही है लेकिन स्वास्थ्य जैसे बुनियादी सेवाओं पर पर्याप्त बजट आवंटित नहीं कर रही है।

ग्रामीण भारत गरीब, दलित, पिछड़े तथा अल्पसंख्यक इस सरकार के लिए प्राथमिकता में कहीं है ही नहीं। इस बजट में महंगाई को कम करने तथा रोजगार बढ़ाने के लिए कुछ भी नहीं है कुल मिलाकर यह बजट जन विरोधी, महंगाई बढ़ाने वाला तथा पुजी पत्तियों के हित में है तथा आम जनता के लिए इसमें कुछ भी नहीं है।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से इस सरकार से अनुरोध करता हूं कि वह लोक लुभावन नारों को छोड़कर गरीबों के हित के लिए ठोस नीतियां बनाये तथा युवाओं को रोजगार मुहैया कराये तभी हमारा देश विकसित भारत के पथ पर अग्रसर हो सकेगा।

अंत में बजट 2025 26 पर बोलने का अवसर देने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

(इति)

***श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल)** : माननीय अध्यक्ष महोदय, में मेरी पार्टी शिव सेना की ओर से माननीय वित्त मंत्री को एक सशक्त, दूरदर्शी और ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत करने के लिए बधाई देता हूँ और इस बजट का समर्थन करता हूँ। यह बजट केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि नए भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सरकार सुधार, वित्तीय अनुशासन और सामाजिक सशक्तिकरण में विश्वास रखती है। इस बजट के माध्यम से हम आत्मनिर्भर भारत, तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और जनकल्याण के अपने संकल्प को एक नई ऊंचाई पर ले जा रहे हैं। देश की अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। क्षेत्रफल की दृष्टि से हमारा देश विश्व में सातवें स्थान पर है, हमारा देश आज वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक तेज़ी से बढ़ती हुई शक्ति है और यह बजट इस विकास को और मज़बूत बनाएगा। हमारी अर्थव्यवस्था विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। यह एक मिश्रित अर्थव्यवस्था है, जिसमें कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान है। देश में लगभग 50% जनसंख्या कृषि पर निर्भर है, लेकिन इसका जीडीपी में योगदान लगभग 18% ही है। भारत ने तेजी से आर्थिक विकास किया है। वर्तमान में, सरकार की विभिन्न योजनाएँ मेक इन इंडिया स्टार्टअप इंडिया डिजिटल इंडिया PM Gati Shakti योजना हमारी अर्थव्यवस्था को लगातार आगे बाधा रही हैं।

महोदय, मोदी सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षों में किए गए ऐतिहासिक कार्यों का उल्लेख करना चाहता हूँ, जिन्होंने देश के बुनियादी ढांचे और जनकल्याण के क्षेत्र में एक नई क्रांति लाई है। रेलवे, सड़क परिवहन, चिकित्सा और ग्रामीण विकास इन चारों क्षेत्रों में सरकार की दूरदर्शी नीतियों ने न केवल तेज़ी से विकास को संभव बनाया, बल्कि देश के नागरिकों के जीवन को भी आसान किया है। महोदय, रेलवे जो देश की जीवन रेखा है, उसे आधुनिक और सुरक्षित बनाने की दिशा में कई बड़े कदम उठाए गए हैं। बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत मुंबई-अहमदाबाद के बीच भारत की पहली हाई-स्पीड ट्रेन का निर्माण कार्य जारी है, जो देश को तेज़ परिवहन के नए युग में प्रवेश कराएगी। वहीं, वंदे भारत एक्सप्रेस और तेजस एक्सप्रेस जैसी आधुनिक और सेमी हाई स्पीड ट्रेनों की शुरुआत से यात्रियों को सुविधा और गति दोनों मिली है। सुरक्षा की दृष्टि से, रेलवे ने कवच तकनीक को अपनाया है, जिससे ट्रेनों की टकराव जैसी दुर्घटनाओं में भारी कमी आई है। रेलवे विद्युतीकरण के क्षेत्र में भी सरकार ने तेजी दिखाई है, वर्ष 2014-15 के बीच हर दिन करीब 1.42 किलोमीटर विद्युतीकरण किया जाता था। इस अवधि में भारतीय रेल ने ब्रॉड गेज नेटवर्क पर लगभग 45,200 रूट किलोमीटर का विद्‌युतीकरण पूरा किया। वहीं 2023-24 के दौरान प्रतिदिन करीब 19.7 किलोमीटर विद्युतीकरण का रिकॉर्ड बना है कुल ब्रॉड गेज नेटवर्क का लगभग 97 प्रतिशत विद्युतीकरण हासिल कर लिया है। इससे ईंधन की खपत में कमी आई है और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिला है। इसके अलावा, अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है. जिससे यात्री सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार हो रहा है।

* Laid on the Table

महोदय, राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के योगदान में परिवहन का प्रमुख साधन है। माल और यात्रियों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के अलावा, सड़क परिवहन देश के सभी क्षेत्रों में समान सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह देश के सामाजिक और आर्थिक एकीकरण और विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। देश की अर्थव्यवस्था और विकास को गति देने के लिए सड़क परिवहन का सशक्त होना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से मोदी सरकार ने भारतमाला परियोजना की शुरुआत की, जिसके तहत 34,800 किलोमीटर से अधिक नई सड़कों का निर्माण किया गया। आज भारत में राजमार्ग निर्माण की गति 2014 के मुकाबले लगभग दोगुनी हो चुकी है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे जैसी बड़ी परियोजनाएँ न केवल यात्रा को सुगम बना रही हैं, बल्कि व्यापार और उद्योगों को भी बढ़ावा दे रही हैं। साल 2014 में राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण 12.1 किलोमीटर प्रतिदिन की दर से हो रहा था, जबकि साल 2023-24 के बाद देश में प्रतिदिन 36 किलोमीटर से अधिक राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया जा रहा है। बजट में राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को नजरअंदाज किए बिना कर सुधारों, नवाचार को बढ़ावा देने और कौशल विकास पर जोर देकर आर्थिक प्रगति को प्राथमिकता दी गई है। बजट में स्वास्थ्य सेवा और एमएसएमई दोनों के प्रमुख क्षेत्रों का ध्यान रखा गया है। अगले पांच वर्षों में 10,000 मेडिकल सीटें जोड़ने और 75,000 सीटें बनाने का प्रस्ताव स्वास्थ्य पेशेवरों की बढ़ती मांग को पूरा करने में मदद करेगा।

महोदय, कैंसर भारत में एक प्रमुख स्वास्थ्य चिंता का विषय है। पिछले एक दशक में, इसके मामलों में लगातार वृद्धि हुई है और आने वाले वर्षों में इसके और बढ़ने का अनुमान है। यह अनुमान लगाया गया है कि देश में हर नौवें व्यक्ति को अपने जीवन में किसी न किसी समय कैंसर होने की संभावना है। भारत में कैंसर के वार्षिक मामलों की संख्या वर्ष 1990 और 2013 के बीच दोगुनी हो गई। वर्ष 2020 में, भारत में कैंसर के अनुमानित 1.39 मिलियन मामले सामने आए, जो वर्ष 2021 और 2022 में क्रमशः 1.42 मिलियन और 1.46 मिलियन हो गए। अध्ययनों ने वर्ष 2025 तक वार्षिक कैंसर के मामलों की संख्या में 12.8% की वृद्धि का अनुमान लगाया है, जो लगभग 1.57 मिलियन होगा। तीन साल की जिला अस्पताल रोलआउट योजना के साथ 200 डेकेयर कैंसर केंद्रों की स्थापना एक स्वागतयोग्य कदम है। इसके अतिरिक्त चिकित्सा क्षेत्र में सुधार को लेकर माननीय मोदी सरकार के नेतृत्व में आयुष्मान भारत योजना जैसी क्रांतिकारी पहल हुई है और इसके तहत 50 करोड़ से अधिक गरीब और मध्यमवर्गीय नागरिकों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है। यह दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है, जिससे गरीब वर्ग को चिकित्सा सुविधाएँ सुलभ हुई हैं। इसके अलावा, स्वास्थ्य संरचना को मजबूत करने के लिए 300 से अधिक नए मेडिकल कॉलेज खोले गए और AIIMS की संख्या में भी बढ़ोतरी की गई। गांवों में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खोले गए हैं, जिससे प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं लोगों के घर-घर तक पहुँची हैं। कोरोना महामारी के समय सरकार ने तेजी से वैक्सीन निर्माण और मुफ्त टीकाकरण अभियान चलाया, जिससे भारत ने पूरी दुनिया को एक मजबूत स्वास्थ्य मॉडल प्रस्तुत किया। यह सरकार की कुशल नीति का ही

परिणाम था कि भारत ने न केवल अपने नागरिकों को सुरक्षित किया, बल्कि अन्य देशों को भी वैक्सीन की आपूर्ति कर वैश्विक नेतृत्व दिखाया।

महोदय, भारत की आत्मा गाँवों में बसती है. इसलिए मोदी सरकार ने ग्रामीण विकास को प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 3 करोड़ से अधिक गरीब परिवारों को पक्के मकान दिए गए हैं, जिससे वे सम्मानजनक जीवन जी सकें। हर घर जल योजना के अंतर्गत 14 करोड़ से अधिक ग्रामीण घरों तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। इसके साथ ही, स्वच्छ भारत अभियान के तहत 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कर भारत को खुले में शौच मुक्त (ODF) घोषित किया गया। भारत एक कृषि प्रधान देश है जहां लाखों किसान परिवार अपनी आजीविका के लिए खेती पर निर्भर हैं. किसानों की आय और उनकी आर्थिक स्थिति देश के विकास के लिए बहुत अहम है. किसानों की आय बढ़ाने के लिए PM-KISAN योजना के तहत 11 करोड़ से अधिक किसानों को हर साल 6,000 रुपये की वित्तीय सहायता दी जा रही है। इससे किसानों को आर्थिक संबल मिला है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिली है।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मोदी सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल में रेलवे, सड़क परिवहन, चिकित्सा और ग्रामीण विकास के क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियाँ हासिल हुई हैं। इन योजनाओं और विकास कार्यों का प्रभाव सीधे देश के नागरिकों के जीवन पर पड़ा है। तेज़गति से बढ़ता बुनियादी ढांचा, मजबूत स्वास्थ्य सेवाएँ ग्रामीण उत्थान और डिजिटल इंडिया के संकल्पों ने देश को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर किया है। आने वाले वर्षों में भी यह सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की नीति के साथ देश को और आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमें विश्वास है कि इस विकास यात्रा में हर नागरिक का योगदान रहेगा और भारत एक विश्वगुरु बनने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ेगा। इस बजट से विकसित भारत का निर्माण होगा और देश लगातार समृधि कीओर बढेगा। इसी के साथ मैं इस बजट का समर्थन करता हूँ। धन्यवाद ।

(इति)

*[*] **श्री नवीन जिंदल (कुरुक्षेत्र)** : महोदय, आपने मुझे बजट भाषण पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

मैं बजट के समर्थन में अपने विचार रखूंगा। मैं सर्वप्रथम मा० वित्त मंत्री जी को आठवीं बार बजट पेश कर एक नया कीर्तिमान स्थापित करने के लिए बधाई देता हूँ। यह बजट हमारे नागरिकों की समृद्धि के लिए हमारी सरकार की प्रतिबद्धता और हमारे माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के एक मजबूत, समृद्ध, विकसित और समावेशी भारत के निर्माण की गारंटी है।

महोदय, इस ऐतिहासिक बजट को संसद तो पास करेगी ही। पर भारत की जनता ने, दिल्ली के चुनावों में, मोदी जी के नेतृत्व में, हमें प्रचंड बहुमत देकर, इसे पहले ही 100 में से 100 अंक देकर पास कर दिया है। दिल्ली की जागरूक जनता का दिल से धन्यवाद।

मेरे से पहले कई माननीय सदस्य, बजट के बारे में विस्तृत रूप से, पक्ष और विपक्ष दोनों में बोल चुके हैं। इसलिए, मैं, सिर्फ कुछ प्रमुख पहलुओं पर प्रकाश डालना चाहूँगा जो हमें विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने में, मील के पत्थर साबित होंगे।

इस बार बजट में बहुत ही उद्देश्यपूर्ण ढंग से सोच समझकर कृषि, MSME, निवेश और निर्यात को विकास और वृद्धि के चार इंजन के रूप में चिन्हित किया गया है। मुझे विश्वास है कि हमारी अर्थव्यवस्था के इन चार महत्वपूर्ण पहलुओं पर, नए सिरे से जोर देने से, हम 2047 से पहले ही विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल होंगे।

इस बजट की भारत की जनता को सबसे बड़ी सौगात, माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा REGULATORY SYSTEM में सुधारो की घोषणा है। हम सब इस बात से सहमत होंगे कि INFORMATION TECHNOLOGY के आने से तंत्र में कुछ सुधार तो हुआ है, पर यदि हम, वर्तमान REGULATORY SYSTEM को अपने विकसित भारत के लक्ष्य के संदर्भ में देखें, तो अभी भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। REGULATORY SYSTEM की कमियों के बारे में, आम आदमी ही नहीं, सरकार के इस बार के ECONOMIC SURVEY मे भी कुछ इस प्रकार, दो टूक लिखा गया है। मैं सदन की जानकारी के लिए उसको पढ़ना चाहूंगा:

The Economic Survey says, "Getting out of the way" and allowing businesses to focus on their core mission is a significant contribution that governments around the country can make to foster innovation and enhance competitiveness. The most effective policies that governments, both Union and States - in the country can embrace is to give entrepreneurs and households back their time and mental bandwidth. That means rolling back regulation significantly. That means changing the operating principle of regulations from 'guilty until proven innocent' to 'innocent until proven guilty'.

---

[*] Laid on the Table

(Notwithstanding the fact that, this has been misinterpreted as a negative connotation, by some learned members of the opposition).

I, congratulate the hon'ble Finance Minister for letting the economists speak their mind so freely and critically.

इकोनामिक सर्वे के इस बहुमूल्य सुझाव पर सरकार जितनी जल्दी कार्रवाई करेगी, विकसित भारत का लक्ष्य हमारे लिए उतना ही सरल और सुलभ हो जाएगा। इस बजट मे TAXATION, बिजली, शहरी विकास, खनन, वित्तीय क्षेत्र और REGULATORY POLICIES में सुधारों को प्राथमिकता देना, स्वागत योग्य है। CONSTITUTION OF A TIMEBOUND REGULATORY REFORMS COMMITTEE सही दिशा में एक कदम है। 100 कानूनों के तहत प्रावधानों का गैर-अपराधीकरण एक और स्वागत योग्य कदम है।

महोदय, हमें 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना ही है, तो हमें उसी हिसाब से कार्रवाई करनी पड़ेगी। मेरा मानना है कि जो सरकार की अनगिनत योजनाएं चल रही हैं, उन सभी का विश्लेषण किया जाए। जो उपयोगी योजनाएं हैं उनको प्राथमिकता के आधार पर ज्यादा धन और ध्यान आबंटित किया जाए तथा जो योजनाएं अपनी उपयोगिता खो चुकी है उन योजनाओं को तुरंत समाप्त कर दिया जाए। इस संदर्भ में मैं रहीम के एक प्रसिद्ध दोहे की एक पंक्ति दोहराना चाहूंगा।

"एकहि साधे सब सधे, सब साधे सब जाए।"

यानि हम एक एक करके ही सब काम कर सकते हैं।

इस विषय पर बोलते हुए, मेरा एक सुझाव और है कि हमें the one thing नाम की एक अत्यंत प्रसिद्ध पुस्तक के सिद्धांतों को अपनाना चाहिए। इस छोटी सी किताब ने मेरा जीवन बदल दिया। इसमें एक रूसी कहावत है कि, अगर आप दो खरगोशों के पीछे भागोगे, तो एक भी हाथ नहीं लगेगा। मैं आपके साथ इस किताब से कुछ विचार साझा करना चाहूँगा। जिनसे मुझे अपने जीवन मे बहुत मदद मिली ।

पहली बात हम अक्सर जीवन में जरुरत से ज्यादा करने की सोच से ग्रस्त रहते है लेकिन हम सफल होते हैं ज्यादा करने की सोच की वजह से नहीं बल्कि जरूरी चीजों को सही तरीके से सही वक्त पर करने की वजह से ।

दूसरी - हम सोचते हैं कि Everything matters equally यानि हर चीज़, जरूरी है जबकि ऐसा नहीं है हमें वो एक चीज़ खोजनी है जो सबसे जरूरी है, जिसके जरिये बेहतर तरीके से असाधारण नतीजे आ सकते है।

तीसरी - Big is Bad - हम अक्सर मानते है कि बड़ी सोच नहीं रखनी चाहिए लेकिन यह किताब कहती है। बड़ा सोचें, बड़े लक्ष्य बनाए, जैसा कि मा. प्रधानमंत्री जी ने विकसित भारत का एक बड़ा संकल्प लिया है।

लेखकों के हिसाब से, सबसे महत्वपूर्ण है कि हमें अपने आप से सही प्रश्न पूछने होंगे और वह यह है कि - हम ऐसा कौन सा काम कर सकते हैं जिससे बाकी सब काम आसान हो जाएँ या अनावश्यक हो जाएँ। मेरे विचार से हमें सरकार के हर काम में Extreme Prioritization के सिद्धांत

पर चलते हुए आगे बढ़ना चाहिये। हम सब जानते है कि सरकार व निजी क्षेत्र में बहुत सी परियोजनाएं देरी से चल रही है। उनपर अनुमान से कही अधिक खर्चा भी हो चुका है और कोई लाभ भी नहीं हो रहा है। हम नये नये projects announce करते हैं, लेकिन उनके पूरे होने पर ध्यान कम देते है। योजनाओं को समय पर पूरा करने की जवाबदेही होनी चाहिए। इसलिए सरकार मे सभी Project Officers को Project Management, Theory of Constraints a Principals of the One Thing में formally train और certified करने की आवश्यकता है।

इसी संदर्भ में, मैं, यह भी कहना चाहूंगा कि हमारी लाखो करोड़ रूपये के घाटे पर चलने वाली कई Public Sector Undertakings का Air India की तर्ज पर तुरंत निजीकरण करने की आवश्यकता है। इन सभी Undertakings पर जनता के पैसे का खर्च, इस पैसे का सदुपयोग नहीं है। इसलिए सरकार ने इस वर्ष monetize करने का जो 10 लाख करोड़ रुपए का टारगेट रखा है वह स्वागत योग्य है।

बजट में, हमारे 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य हेतु दो बहुत ही महत्वपूर्ण बिंदुओं को चिन्हित किया गया है। जो की बहुत स्वागत योग्य है । ये है, 100% गुणवत्ता युक्त स्कूली शिक्षा एवं सार्थक रोजगार युक्त 100% कुशल श्रमिका। ये दोनों बिंदु, पूर्ण रूप से आपस में जुड़े हुए हैं और बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। अच्छी शिक्षा और कौशल विकास के बिना हमारी भावी पीढ़ियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा में बने रहना बड़ा कठिन हो जाएगा। इसमें राज्य सरकारों की भूमिका ज्यादा अहम होती है।

कृषि क्षेत्र के लिए बजट में पिछले बजट के 1 लाख 52K करोड़ रुपये के आबंटन के मुकाबले इस साल 1 लाख 70K करोड़ रुपये से अधिक आबन्टित किया गया है, जो एक उल्लेखनीय वृद्धि है। माननीय प्रधानमंत्री जी ने प्राकृतिक खेती के लाभों को ध्यान में रखते हुए, इसका पुरजोर समर्थन किया है। परंतु मैं देखता हूं कि, जमीनी स्तर पर इसको आवश्यकता अनुसार प्रोत्साहन नहीं मिल रहा है। जैसे कि मेरे संसदीय क्षेत्र, धर्म क्षेत्र-कुरुक्षेत्र में कृषि विज्ञान केंद्र अपनी 40 एकड़ भूमि पर मात्र एक एकड़ में ही प्राकृतिक खेती कर रहा है। बाकी भूमि पर पारंपरिक रासायनिक खेती हो रही है। जब तक हम किसानों को उदाहरण देकर, प्राकृतिक खेती के लाभों से अवगत नहीं कराएंगे, तब तक स्वाभाविक है कि उन्हें पारंपरिक रासायनिक खेती छोड़कर, प्राकृतिक खेती अपनाने में शंकाएं रहेंगी। इसके लिए हमारे देश भर में फैले हुए कृषि विज्ञान केन्द्रो व कृषि विश्वविद्यालयों को बढ़-चढ़कर पहल करनी पड़ेगी। इसलिए मेरा आपके माध्यम से सरकार से आग्रह है कि, देश के सभी कृषि विज्ञान केंद्रों को अपनी समस्त भूमि पर केवल प्राकृतिक खेती करने के आदेश जारी किए जाएं। ताकि उनके यहां प्राकृतिक खेती के लाभों को देखकर, हमारे किसान भाई भी प्राकृतिक खेती की पद्धति को बढ़-चढ़कर अपनाएं।

इसी संदर्भ में, मैं आपके माध्यम से, सरकार से एक आग्रह और करना चाहूंगा कि, कृषि क्षेत्र में कृषि श्रमिकों के अभाव को देखते हुए, कुछ कृषि कार्यों को, मनरेगा के अंतर्गत अनुमोदित कार्यों की सूची में तुरंत शामिल किया जाना चाहिए। इन कार्यों के लिए श्रमिकों को, किसानों द्वारा 50% अतिरिक्त मानदेय भी दिया जा सकता है। इससे लाभार्थियों को वर्तमान दिहाड़ी के मुकाबले डेढ़ गुना अधिक आमदनी प्राप्त होगी और किसानों का उत्पादन भी बढ़ेगा व आय भी बढ़ेगी ।

हमारी वर्तमान WORKFORCE में कौशल का अभाव देखते हुए, मेरा यह भी मानना है कि, हमें मनरेगा और कौशल विकास के कार्यक्रमों को जोड़ने की आवश्यकता है। गाँवों का तेजी से विकास करने के लिए 1.5 लाख ग्रामीण डाकघरों के विशाल नेटवर्क को ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जोड़ना, साथ ही भारतीय डाक को एक बड़े सार्वजनिक लॉजिस्टिक संगठन के रूप में बदलना न केवल ग्रामीण क्षेत्रों की समृद्धि में योगदान देगा, बल्कि लाखों विश्वकर्मा, छोटे उद्यमियों, महिलाओं, SELF HELP GROUPS, MSME की किस्मत बदलने में भी मदद करेगा।

कृषि क्षेत्र के हित में, इस बजट में जो व्यापक प्रावधान किए गए हैं, उनसे मेरे राज्य हरियाणा, जो कि एक कृषि प्रधान प्रदेश है, के किसान बहुत लाभान्वित होंगे। बजट में हरियाणा में रेलवे परियोजनाओं के लिए 3416 करोड़ रूपये आवंटित किये है। हरियाणा के 34 रेलवे स्टेशनो को 1149 करोड़ रुपए की लागत से अमृत स्टेशन बनाने की घोषणा की गई है। मेवात को रेल मार्ग से दिल्ली व अलवर से सीधा जोड़ने के लिए रेल परियोजना को मंजूरी भी दी गई है।

महोदय, माननीय प्रधान मंत्री जी का हरियाणा से विशेष लगाव है, इन सभी सौगातों के लिए मैं हरयाणवियो की ओर से मा० प्रधान मंत्री जी का धन्यवाद् करता हूँ और आग्रह भी करता हूँ की हरियाणा के युवाओं के लिए धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में एक IIT स्थापित करने की भी कृपा करें।

स्वास्थ्य मंत्रालय के लिए बजट में करीब एक लाख करोड़ रुपये का प्रावधान स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सभी जिला अस्पतालों में डे केयर कैंसर सेंटर की घोषणा और 10,000 चिकित्सा शिक्षा सीटों को और जोड़ने से हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में सुधार होगा।

स्वास्थ्य के मामले में "स्वास्थ्य ही धन है" अंग्रेजी में Health is wealth and Prevention is better than cure की कहावत के बारे में मेरी व्यक्तिगत धारणा के आधार पर, मैं माननीय वित्त मंत्री से उचित हस्तक्षेप के लिए एक जोरदार अपील करना चाहूंगा। REFINED EDIBLE SEED OILS और ULTRA PROCESSED FOOD PRODUCTS हमारे नागरिकों के स्वास्थ्य पर कुप्रभाव डाल रहे हैं।

मैं इस संदर्भ में नवीनतम Economic Survey में से एक महत्वपूर्ण उल्लेख करना चाहूंगा, "इसी तरह, यदि भारत को अपनी युवा आबादी की विशाल क्षमता का एहसास करना है, तो उनके मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक स्वास्थ्य को पोषित करने की आवश्यकता है। वैज्ञानिक प्रमाणों से पता चलता है कि ULTRA PROCESSED FOOD PRODUCTS (अधिक FAT, नमक और चीनी युक्त) का सेवन शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को कमजोर करने का एक बड़ा कारक है। बहुत ही कड़े फ्रंट-ऑफ-द-पैक लेबलिंग नियमों की आवश्यकता है और उन्हें लागू किया जाना चाहिए। यह सुझाव देना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि देश की भविष्य की विकास क्षमता, इस उपाय पर बहुत अधिक निर्भर करती है।" इसलिए सरकार को इस सन्दर्भ में तुरंत प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है।

विशेषज्ञों का मानना है कि हमारे अनाज व सब्जियों में अंधाधुंध कीटनाशकों, रासायनिक उर्वरको, WEEDICIDES के उपयोग से भी कैंसर बहुत बढ़ रहा है। वक्त की मांग है की हर जिले में

एक आधुनिक टेस्टिंग लैब स्थापित होनी चाहिए। जहां पर अनाज, दूध, घी, खाने पीने के सामान तथा दवा आदि का, जनता स्वयं जाकर जांच करवा सके और उनके द्वारा होने वाले लाभ या हानि पर अपना निर्णय ले सकें।

स्वच्छ भारत मिशन की तरह स्वच्छ वायु मिशन शुरू करने की आवश्यकता है। वायु प्रदूषण का असर, खास कर, हमारे बच्चों पर बहुत गंभीर है। इससे इनके स्वास्थ्य के साथ साथ, आयु पर भी प्रभाव पर रहा है। इसलिए हमे वायु प्रदुषण के खिलाफ तुरंत, युद्ध स्तर पर कारवाई करने की जरुरत है। प्रदुषण कम करने के लिए कुछ आसान उपाय जैसे घरो में एल.पी.जी. का उपयोग बहुत आवश्यक है। प्रधानमंत्री जी ने उज्ज्वला योजना के द्वारा लाखो परिवारों को यह फायदा पहुंचाया। मेरा सरकार से आग्रह है कि सस्ते गैस सिलेंडर गरीब परिवारों को देने की जरूरत है ताकि वो बायोमास के बजाय नियमित रूप से गैस का ही इस्तेमाल करें।

इस बजट ने Middle Class के सपनो को साकार किया है। भारत का मध्यम वर्ग हमारी economy का नींव का पत्थर है। उसके हित में किया गया कोई भी काम पूरी economy को फायदा पहुंचाता है। देश की economy में डिमांड बढ़ेगी, बाजार में पैसा आएगा, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। जिससे पूरे देश को फायदा होगा। सरकार के इस कदम का सभी नागरिकों ने पुरजोर स्वागत भी किया है।

देश में शीर्ष 50 पर्यटन स्थलों को विकसित करने की योजना, भारत को एक पसंदीदा पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करने और दुनिया भर से पर्यटकों की संख्या में कई गुना वृद्धि करने में एक गेम चेंजर होगी।

मैं भगवान बुद्ध के जीवन और समय से संबंधित स्थलों पर विशेष ध्यान देने वाली योजना का भी हार्दिक स्वागत करता हूं। यहां पर मैं माननीय वित्तमंत्री जी, से पिछले बजट पर अपने भाषण में किए गए अनुरोध को भी दोहराना चाहूंगा, कि इसी प्रकार वे गीता स्थली धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र के विकास के लिए भी एक विशेष योजना प्रारम्भ करने की कृपा करें।

परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को खोलना और एक सुविधाजनक रेगूलेटरी वातावरण का आश्वासन, बिजली के इस स्वच्छ स्रोत में निजी क्षेत्र की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेगा। यह एक क्रन्तिकारी और दूरगामी कदम है जो हमारे बिजली उत्पादन के लिए वरदान सिद्ध होगा।

अंत में, मैं बजट का भरपूर समर्थन करता हूं, जो हमारी सरकार के संकल्प स्वस्थ भारत, समृद्ध भारत, समग्र भारत और विकसित भारत को पूरी तरह से दर्शाता है। मुझे आशा ही नहीं पूरा विश्वास है कि बजट के प्रावधानों का हमारी अर्थव्यवस्था, नियामक ढांचे, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और सामाजिक कल्याण प्रणालियों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और हमारे नागरिकों, विशेष रूप से वंचितों, महिलाओं, युवाओं और ग्रामीण समुदायों का सशक्तिकरण होगा। वस्तुतः यह भारत गणराज्य की सरकार का, भारतीय गणराज्य को समर्पित बजट है, जिससे, हर भारतीय लाभान्वित होगा। धन्यवाद, जय हिन्द।

(इति)

***श्री गणेश सिंह (सतना) :** माननीय अध्यक्ष महोदय, देश की अर्थव्यवस्था तेज गति से बढ़ती जा रही है, दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था की ओर देश तेज गति से आगे बढ़ रहा है। वर्ष 2025-26 का बजट 50.65 लाख करोड़ का रखा गया है, जिसमें 16.29 लाख करोड़ केंद्रीय योजनाओं के लिए रखा गया है। 25.01 लाख करोड़ रुपए राज्यों के लिए निर्धारित किए हैं। 11.21 लाख करोड़ पूंजीगत व्यय के लिए हैं। सरकार द्वारा इसे विकसित भारत के लिए पीएम गति शक्ति योजना में खर्च किए जाएंगे।

बजट में 12 घोषणाएं हैं - कैंसर में राहत, दवाई सस्ती, हर जिले में खुलेंगे डे केयर सेंटर। 5 साल में 3 करोड़ से अधिक रोजगार। सीनियर सिटीजन एक लाख के बैंक ब्याज पर कटौती नहीं। गिग वर्कर (कॉन्ट्रैक्ट लेबर) को पहचान पत्र, ई-पोर्टल पर दर्ज, 5 लाख के आयुष्मान कार्ड की सुविधा। एससी/एसटी महिलाओं को दो करोड़ तक लोन दिया जाएगा। बीमा सेक्टर में 100 प्रतिशत विदेशी निवेश को मंजूरी। मकान किराए 6 लाख सालाना आय पर टीडीएस नहीं लगेगा। मेडिकल, इंजीनियरिंग में 82 हजार से अधिक सीटें बढ़ाई जाएंगी। स्टार्टअप 10 हजार करोड़ के फंड की छूट 5 साल बढ़ाई गई। बैटरी निर्माण सामग्री पर कस्टम ड्यूटी खत्म की गई। किसान सब्सिडी वाले कार्ड पर 5 लाख तक कर्ज ले सकेंगे। ज्यादा कमाई पर बचत, एक करोड़ वालों के 1.5 लाख बचेंगे, 5 करोड़ वालों के 1.43 लाख का फायदा होगा।

बजट में पहली बार मध्यम वर्ग के लिए 12 लाख की आमदनी में कोई आयकर नहीं लगेगा, लगभग 6.3 करोड़ लोगों को इसका लाभ मिलेगा। साथ ही एक लाख करोड़ का टैक्स देने वालों को राहत मिलेगी। बुनियादी ढांचे के विकास के लिए राज्यों को 50 वर्ष के लिए 1.5 लाख करोड़ का ब्याज मुक्त कर्ज दिया जाएगा। एमएसएमई को टर्नओवर का 2 गुना कर्ज की सुविधा मिलेगी, जिससे नए रोजगार और बढ़ेंगे। 200 वंदे भारत ट्रेनों के निर्माण के लिए 2.52 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। कैंसर की 36 दवाईयां तथा अन्य मेडिकल उपकरण सस्ते होंगे। एलईडी, भारत में बने कपड़े, मोबाइल बैटरी सस्ती होंगी। 82 सामानों से सेस हटाया गया, लेदर जूते, पर्स, बेल्ट, इलेक्ट्रिक वाहन, हैंडलूम कपड़े सस्ते हुए। यह बजट विकास में तेजी लाने, समावेशी विकास सुनिश्चित करने, निजी क्षेत्र के निवेशों को बढ़ाने, परिवारों के मनोभाव में उल्लास भरने, मध्यम वर्ग के खर्च की शक्ति को बढ़ाने के लिए कारगर प्रावधान किए गए हैं।

विकास की इस यात्रा के लिए चार शक्तिशाली इंजन हैं – कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात और यही लक्ष्य है, विकसित भारत का - किसानों के लिए प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की शुरुआत 100 जिलों से की जाएगी। दलहन में आत्मनिर्भरता। सब्जियों और फलों के लिए व्यापक कार्यक्रम। वर्तमान में एमएसएमई 7.5 करोड़ लोगों को रोजगार देने वाले 45 प्रतिशत निर्यात को योगदान कर रहे हैं। 2.5 गुना दायरा इनका बढ़ाया जाएगा, ताकि निर्यात में बढ़े और रोजगार भी बढ़े। बजट मैं राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इस बजट की सर्वत्र प्रशंसा हो रही है, केंद्र सरकार के सभी विभागों के बजट में बढ़ोतरी की गई है। रोड ट्रांसपोर्ट में हमारे मध्य

* Laid on the Table

प्रदेश की झांसी, बमीठा सड़क के निर्माण को सतना, सिंगरौली तक तथा सतना शहर में एलिवेटेड रोड के प्रोजेक्ट की स्वीकृति देना अति आवश्यक है।

रामपथगमन में अयोध्या से चित्रकूट की निर्माणाधीन सड़क को सतना तक बढ़ाने की जरूरत है। अंतर प्रांतीय कनेक्टिविटी के तहत सतना, सेमरिया, जवा, शंकरगढ़, प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) तक सड़क भारत-माला प्रोजेक्ट में विचाराधीन है, स्वीकृत दी जाए। मध्य प्रदेश में सिर्फ एक आईआईटी है, जो इंदौर में है। प्रदेश का क्षेत्रफल बहुत बड़ा है, पूर्वी विंध्य क्षेत्र के सतना में एक नए आईआईटी की स्थापना की जाए। सतना मेडिकल कॉलेज कैंपस में 700 बिस्तरों वाले सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल की स्थापना की जाए। सतना एयरपोर्ट की लंबाई बढ़ाई जाए एवं नाइट लैंडिंग की भी सुविधा का विस्तार किया जाए तथा हवाई परिचालन शुरू किया जाए। नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत गंगा में मिलने वाली मेरे लोकसभा क्षेत्र सतना की टमस एवं सतना नदियों का संरक्षण तथा संवर्धन अत्यंत जरूरी है। बजट में सिंचाई परियोजनाओं के संवर्धन के लिए प्रावधान किए गए हैं।

उसी के तहत बरगी बांध की दांई तट नहर, जिसका पानी सतना एवं रीवा जिले के किसानों के खेतों तक आना है, परियोजना अधूरी है, बरगी डैम के ऊपर डिंडोरी जिले में तीन सहायक बांध बनाने का प्रस्ताव अधूरा है। सलीमनाबाद में सुरंग का कार्य भी अधूरा है, इस परियोजना को राष्ट्रीय योजना में शामिल किया जाए। मध्य प्रदेश में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। वैसे मेरा सतना क्षेत्र दर्शन योजना, बौद्ध परिपथ, रामायण सर्किट तथा प्रसाद योजना में आंशिक रूप से जोड़ा गया है। लेकिन जरूरत है, चित्रकूट 84 कोसीय परिक्रमा के तीर्थ स्थल सतना, रामवन, पोंड़ी, खजुरी, मैहर, गिद्धा पर्वत, मारकण्डेय घाट, सरसी रिसार्ट, बाणसागर में ब्रिज निर्माण, बांधवगढ़, अमरकंटक, कान्हा को एक नया सर्किट बनाने की घोषणा की जाए। गुजरात के एकता नगर में जो अंर्तराष्ट्रीय स्तर का जिओ पार्क बनाया गया है, उसी तरह का पार्क मैहर जिले में स्थित मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी तथा जिओ पार्क को बनाया जाए। सतना के नरोहिल के जंगल को जैव विविधता पार्क घोषित किया गया है, वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाए। मेरे लोकसभा क्षेत्र के मैहर लिलजी बांध, धर्म सागर बांध नादन, कोलगढ़ी बांध, गोड़ा बांध, उसरार बांध, अमकुई बांध, अबेर बड़ा तालाब, बेरहना बांध, भैसवार डैम को झील प्रोजेक्ट में लिया जाए तथा इनका संवर्धन किया जाए। नए जिले मैहर में कृषि विज्ञान केंद्र, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय तथा सैनिक स्कूल की स्थापना की जाए।

मैं बजट का पुरजोर स्वागत करता हूं। मैं माननीय प्रधानमंत्री जी श्री नरेन्द्र मोदी जी तथा वित्त मंत्री जी के प्रति हार्दिक आभार प्रकट करता हूं।

(इति)

***डॉ. मन्ना लाल रावत (उदयपुर) :** अध्यक्ष महोदय, केंद्रीय बजट 2025-26 हमारे प्रधानमंत्री श्रीमान नरेंद्र भाई मोदी जी के VIKSIT BHARAT विकसित भारत@ 2047 की नींव रखने को समर्पित एक विजनरी बजट है, जिसे संक्षिप्त मे क्रमशः यूं समझ सकते हैं-

वी - अर्थात विकास, जो सर्वस्पर्शी एवं सर्वव्यापी होगा। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास हम सब का प्रयास की राह पर चलते हुए संपूर्ण भारत की समस्याओं का समाधान करने वाले विकास की राह बजट मे प्रस्तुत की गई है। कांग्रेस द्वारा अपेक्षित किए गए क्षेत्र के पुराने अनुभव व विगत 10 वर्षों में किए गए उत्कृष्ट कार्यो की प्रेरणाओं को साथ लेकर वित्त मंत्री जी ने तेजी से बदलते विश्व में हमारी मौलिक रणनीति बजट में प्रस्तुत की है, जो भारत की अपनी सुविचारित रणनीति होगी।

आई - इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट। इसमें एमएसएमई व विनिर्माण के क्षेत्र को साथ लेकर भारत की धाक विश्व में जमाने की रणनीति आकर्षित करती है। भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम को 5 वर्ष तक अवधि का विस्तार कर स्टार्टअप लाभ प्रदान किए जाने की रणनीति युवाओं को ताकत देती हुई दिखती है। इसके साथ ही व्यवसाय करने की सुगमता को लेकर कई वैधानिक प्रावधान किए हैं और कई कानूनी प्रावधानों को गैर अपराध की सूची में डाला है। एमएसएमई के निवेश एवं कारोबार की सीमा बढ़कर दुगने से अधिक करना व सूक्ष्म उद्योगों के लिए क्रेडिट कार्ड मे 10 लाख तक कस्टमाइज क्रेडिट कार्ड जारी करने जैसे कई कदम महत्वपूर्ण है।

के - अर्थात किसान, कृषि और संबद्ध क्षेत्र। बजट में हमारे अन्नदाताओं के महत्व को समझा है। यह संपूर्ण अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण है, चाहे रोजगार हो, खाद्य सुरक्षा हो या कृषि भूमि के स्वास्थ्य की रक्षा हो। ये आयाम संबंद्ध विषय हैं। इसको लेकर ऑर्गेनिक खेती, दलहन में आत्मनिर्भरता, प्रधानमंत्री। धन-धान्य कृषि योजना, सब्जियों व फलों के लिए व्यापक कार्यक्रम्, राष्ट्रीय उच्च पैदावार बीज मिशन, किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से तीन की जगह पांच लाख तक ऋण प्राप्त करना जैसे विषयों को बजट में महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है।

एस - अर्थात् सोशल सिक्योरिटी। सोशल सर्विस के साथ ही केंद्रीय बजट में गरीब उपेक्षित युवा मजदूर सभी को सर्वोच्च स्थान देकर गौरव बढ़ाया है। बजट में आदिवासियों के लिए धरती आबा जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान योजना अपने आप में महत्वपूर्ण है। इससे जनजाति क्षेत्र की 63 हजार से अधिक ग्राम ग्रामों की समस्याओं का समाधान होगा। बजट

* Laid on the Table

में जनजाति कार्य मंत्रालय को के लिए आवंटित बजट लगभग 15 हजार करोड़ से ग्राम समृद्ध एवं विकसित होंगे। उक्त अतिरिक्त इस योजना के लिए अन्य 16 मंत्रालयों को भी बजट में बड़ी राशि आवंटित की है। सभी जिला अस्पतालों में डे केयर कैंसर सेंटर की स्थापना एवं अगले 5 वर्षों में 75 हजार मेडिकल शिक्षा में पूजी की सीटें बढ़ाना अपने आप में बडा कदम है। इस बजट में गांव, शहर, गरीब, महिला एवं युवाओं को समुचित स्थान दिया गया है।

आई - अर्थात इनकम टैक्स में राहत व इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़ा निवेश। नौकरी वालो को 12 लाख की आय तक कोई टैक्स नहीं लगेगा एवं इस समूह के लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन 75 हजार तक बढ़ा दिया गया है। सीनियर सिटीजन के लिए यह सीमा एक लाख होगी। किराया से आय वालों के लिए 6 लाख तक की कर राहत है। इस प्रकार मोदी सरकार ने मध्यम वर्ग को बड़ी ताकत दी है। इस वर्ग की ताकत को भारतीय इकोनॉमी में महत्वपूर्ण स्थान एवं शक्ति प्रदान की है। इस बचत से अच्छी उपभोक्ता ताकत मिलेगी एवं मध्यम वर्ग के शिक्षा स्वास्थ्य एवं अन्य पारिवारिक बचत व खर्च व्यवस्थाएं सुधरेंगी। केंद्रीय बजट में इंफ्रास्ट्रक्बर के लिए राज्यों को 50 वर्ष के ब्याज मुक्त ऋण के लिए डेढ़ लाख करोड़ के आवंटन सहित सरकारी निजी भागीदारी की कई योजनाएं स्वीकृत की है इसमें जल जीवन मिशन और शहरी चुनौती कोष भी महत्वपूर्ण दिखाई देता है।

टी - अर्थात् तकनीकी अनुसंधान, शोध एवं युवाओं को ताकत देता है। आईटी और अन्य तकनीकों को लेकर भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। एआई के माध्यम से हम विश्व शक्ति बनने जा रहे हैं। विकसित भारत के लिए परमाणु ऊर्जा मिशन से 2033 तक पांच स्वदेशी विकसित एसएमआर संचालित करने का प्रस्ताव ऊर्जा क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए बजट में संपूर्ण ताकत दी गई है।

भारत - अर्थात वैश्विक जिओ पॉलिटिक्स में विपरीत परिस्थितियों होते हुए भी अपनी शक्ति, समृद्धि, अवसर एवं भारत की डेमोग्राफिक ताकत के आधार पर अपनी राह स्वयं बनाने की ताकत श्रीमान प्रधानमंत्री जी के सशक्त नेतृत्व व वैश्विक अनुकूलता के निर्माण मे निहित है। यह बजट विकसित भारत के लिए है जिससे भारत अपने खोए हुए परम वैभव को प्राप्त करेगा एवं हम सब मन में विश्वास रखें कि स्वतंत्रता के सौवें वर्ष में सन् 1947 में राष्ट्र विकसित भारत की पदवी प्राप्त करेगा। इस हेतु केंद्र सरकार द्वारा संपूर्ण प्रयास किया जा रहे हैं, जिसमें 10 व्यापक क्षेत्र एवं चार ग्रोथ इंजन के माध्यम से संपूर्ण रणनीति बजट में दिखती है। यह तो अभी ट्रेलर है। आगामी समय में रिफॉर्म, परफॉर्म एवं ट्रांसफार्मर की विस्तृत रणनीतियों की संभावनाओं से हम इनकार नहीं कर सकते।

माननीय अध्यक्ष जी, आपके माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी को प्रणाम, जिन्होंने एक आदिवासी बेटी को इस अमृत कालखंड में राष्ट्रपति बनाया और जनजाति समाज एवं राष्ट्र का गौरव बढ़ाया। साथ ही जनजातियों के सांस्कृतिक आइकॉन एवं राष्ट्र के प्रसिद्ध क्रांतिकारी भगवान बिरसा मुंडा जी के जन्म दिवस 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस कोशिश किया। कांग्रेस द्वारा अपेक्षित आदिवासियों के, अब विकास के लिए अब तक की बहुत बड़ी योजनाएं 24 हजार करोड़ की पीएम जनमन योजना एवं 80 हजार करोड़ की धरती आबा जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान देकर आदिवासियों के विकास की मजबूत नींव रखी है। इसके लिए सरकार का बहुत-बहुत आभार।

माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय अटल बिहारी वाजपेई जी जब पीएम थे, तब भारत सरकार में जनजातीय कार्य मंत्रालय व संवैधानिक हक की रक्षा के लिए राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का गठन कर आदिवासीओ को ताकत दी, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी ऐतराज़ रूप से आगे बढा रहे है। पीएम साहब जनजातियों व जनजातीय क्षेत्र के समेकित विकास के लिए कई कदम उठा रहे है, परन्तु राजस्थान के अनुसूचित क्षेत्र जैसे कई क्षेत्रों में आदिवासी संस्कृति को खत्म कर धर्मांतरण करने, विकास गतिविधियों को रोकने, क्षेत्र में कानून व्यवस्था खराब करने, स्कूलों में अलगाव का विचार फैलाने व युवाओं को पत्थरबाज बनाने के लिए कट्टरपंथी तत्वों के साथ मिलकर हानिकारक इकोसिस्टम सक्रिय है, जिसे जड़ मूल से समाप्त करना भी आवश्यक है।

अध्यक्ष जी, यह तंत्र अपने राजनीतिक खेती के लिए आदिवासी क्षेत्र को अभाव, गरीब व अराष्ट्रीय विचारो का अविकसित टापू रखना चाहते है जो स्पष्टत: असामाजिक, अमानवीय, अनैतिक, असंवैधानिक और अवैधानिक है। यह तंत्र औपनिवेशिक दृष्टिकोण की मार्केटिंग कर रहा है, इसे हतोत्साहित करना सरकार सहित हम सभी का काम है। सारत: केंद्रीय बजट जो कि विकसित भारत 2047 की राह में जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान एवं जय अनुसंधान को क्रमश: जोड़ा है। ताकत दी है। इस बजट के समर्थन में इस महान सदन में विचार व्यक्त करने का अवसर देने के लिए माननीय अध्यक्ष जी आपका धन्यवाद।

जय हिंद जय भारत।

(इति)

*डॉ. राजकुमार सांगवान (बागपत) : माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन द्वारा पेश आम बजट 2025-26 के संबंध में राष्ट्रीय लोक दल की ओर से धन्यवाद ज्ञापन :

(1) आम बजट 2025-26 में कृषि क्षेत्र को विकास का पहला इंजन का दर्जा देकर किसान कल्याण के प्रति सरकार ने प्रतिबद्धता जाहिर की है वह स्वागत योग्य है।

(2) ग्रामीण भारत की आर्थिक तस्वीर बेहतर बनाने में गरीब, युवा, अन्नदाता व नारी शक्ति को आम बजट से सभी को लाभ मिलेगा।

(3) विकसित भारत का रास्ता चूंकि गाँवों से होकर निकलेगा, इसलिये बजट में ग्रामीण भारत के समृद्ध और रोजगारपरक बनाने का विशेष ख्याल रखा गया है।

(4) इस क्रम में "प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना" के तहत कम पैदावार वाले 100 जिलों में उत्पादन बढ़ाने, फसलों में विविधता लाने के प्रयासों से लेकर किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाने, तिलहन / दलहन की पैदावार बढ़ाने, उडान योजना के विस्तार से ग्रामीण उत्पादों को नया बाजार देने, ए.आई. (कृत्रिम बौद्धिकता) को खेतीबाड़ी से जोड़ने, जैव विविधता को नेशनल जीन बैंक की स्थापना से नया आयाम देने जैसे प्रावधान काफी अहम है।

(5) कौशल विकास को तेज गति देने के लिये आम बजट में शिक्षा, कौशल, अनुसंधान और नवाचार में बड़े निवेश की परंपरा जारी रखना कौशल विकास व उद्यमिता को मजबूती प्रदान करेगी। ओ.बी.सी. और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गो के लिये बजट आवंटन श्रेयस योजना के वास्ते एक सराहनीय कदम है।

(6) इसी क्रम में मध्यम वर्ग को राहत पहुंचाने के लिये आयकर छूट सीमा 12 लाख तक बढ़ाया जाना, ग्रामीण सड़क योजना / आवास योजना व पीएम स्वनिधि योजना इस बजट ✓ के माध्यम से एक नई ऊँचाई हासिल करेगी। जो हमारे देश की जी.डी.पी. विकास दर बढ़ाने का परिणाम देगी।

(7) राष्ट्रीय लोक दल ने एक ऐसी पार्टी के तौर पर सदैव अपनी पहचान बनाई है जो श्रद्धेय चौ. चरण सिंह व चौ. अजीत सिंह के दिखाये मार्ग व सिद्धांतो पर चलते हुए किसान, कमेरा व समाज के सभी वंचित वर्गों के आत्म-सम्मान व विकाम की लड़ाई में सघर्षशील है। और आम बजट इन्हीं मूल्यों व लक्ष्यों को प्राप्त करने में कारगर सिद्ध होगा। जिसका हमारी पार्टी स्वागत व सराहना करती है।

(इति)

* Laid on the Table

***श्री जिया उर रहमान (सम्भल) :** महोदय, कहा जाता है कि देश का बजट देश की नई दिशा और दशा तय करता है, मगर जब देश की सियासत में नागरिक को नागरिक की हैसियत नहीं, बल्कि एक खास साम्प्रदायिक चश्मे से देखा जाने लगे तो सब कुछ धुंधला हो जाता है।

शिक्षा किसी भी देश का भविष्य तय करती है। मगर जब कोई सरकार शिक्षा के बजट पर खर्च में ही कटौती करने लगे तो समझ लेना चाहिए कि वह सीधे तौर पर देश के भविष्य को गर्क में ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। जहाँ पूरे देश का एक-एक बच्चा देश के लिए बेहद कीमती है, मगर इस भाजपाई सरकार में, खास तौर पर माइनॉरिटी समुदाय के बच्चों के साथ भेदभाव अपनी चरम सीमा पर पहुँच चुका है।

मुसलमानों की बदहाली और विभिन्न रिपोर्ट

रंगनाथ मिश्रा आयोग और सच्चर कमेटी की रिपोर्ट ने देश में मुसलमानों की बदहाली का एक खाका पेश किया था। सबसे ज्यादा पिछड़ा होने के बावजूद देश की मौजूदा सत्ताधारी भाजपा सरकार मुसलमानों के उत्थान के लिए प्रयास करने की बजाय उस तरक्की के रास्ते में लगातार रुकावट बन रही है।

मदरसों के बजट में लगातार कटौती, मुस्लिम बच्चों की स्कॉलरशिप को कम करना अथवा मुकम्मल तरीके से बंद कर देना, इस सरकार की माइनॉरिटी खास तौर पर मुस्लिम विरोधी नियति में शामिल हो चुका है, जिसका व्यापक असर हमें आए दिन सरकारी सतह पर देखने को भी मिलता है।

मुस्लिम समुदाय की शैक्षणिक बदहाली

आखिर क्या वजह है कि जो मुस्लिम समुदाय शैक्षिणक और आर्थिक तौर पर बदहाली की पराकाष्ठा पर मौजूद है, उसके उत्थान के लिए इस बजट में कोई भी कदम दिखाई नहीं पड़ता है। रंगनाथ मिश्रा आयोग ने मुसलमानों के शैक्षणिक उत्थान के लिए 10 प्रतिशत और रोजगार के लिए 5 प्रतिशत आरक्षण का सुझाव दिया था। जिस पर कोई भी अमलीजामा पहनाना तो दूर की बात है, आज की राजनीति में कोई भी उस पर बात करने को भी तैयार नहीं है।

स्कूल ड्रॉप आउट के मामले में मुसलमानों की हालत सबको मालूम है, मगर मजाल है कि सरकार इस मुद्दे पर रती भर भी फिक्रमंद दिखाई दे। अगर आंकड़ों के हिसाब से भी बात करें तो UDISE की रिपोर्ट के मुताबिक 21 लाख से अधिक मुस्लिम बच्चे 2020 से 2022 के दौरान प्राइमरी सतह पर ड्रॉप आउट का शिकार हुए हैं।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि इसमें से 4 लाख से अधिक बच्चे तो केवल मेरे गृह राज्य यूपी से है। मेरा दिल तब और रामगीन हो गया, जब मैंने इन आंकड़ों में 52 प्रतिशत मुस्लिम बच्चियों को शामिल देखा है। मेरे शहर संभल में साक्षरता दर सरकारी आंकड़ों के मुताबिक केवल 49 प्रतिशत है, मगर सत्ताधारी सरकार उस पर ध्यान देने के बजाय हिन्दू मुसलमान और मंदिर-मस्जिद की राजनीति में व्यस्त होकर मुस्लिम युवाओं को जेल भेजने में व्यस्त है। जब युवाओं की पढ़ाई को

---

* Laid on the Table

आपकी प्राथमिकता हासिल ही नहीं होगी तो देश का भविष्य तो बेरोजगार ही रहेगा। कहीं ऐसा तो नहीं कि मुसलमान बच्चों के एक हाथ में कुरान और एक हाथ में कप्यूटर देखने का दावा करने वाली सरकार मुस्लिम बच्चों को केवल जेलों में देखना पसंद करती है।

मदरसे और भाजपा सरकार का षड्यंत्र

एक तरफ तो सरकार के मुखिया प्रधानमंत्री मोदी जी मुस्लिम युवाओं के लिए काफी लच्छेदार भाषण देते हैं, मगर हकीकत ये है कि यही भाजपा सरकार मदरसों की बंद करने तरफ अग्रसर है। अगर एक समय के लिए आपके प्रोपोगेंडा को मान भी लिया जाए तो क्या मोदी सरकार ये बताने का कष्ट करेगी कि मदरसों में तो मुसलमानों के केवल 3 प्रतिशत बच्चे पढ़ते है, मगर जो 97 प्रतिशत मुस्लिम बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ते हैं, उनके उत्थान के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं? क्या उन 97 प्रतिशत बच्चों को यह सरकार देश का भविष्य नहीं समझती है? आंकड़ें बताते हैं कि शैक्षणिक वर्ष 2022-23 में लगभग 20 लाख बच्चों ने ही मदरसों में दाखिला लिया है, मगर 6.67 करोड़ मुस्लिम बच्चे तो उन्हीं सरकारी अदारों में शिक्षा हासिल कर रहे हैं, जिसका भाजपा सरकार ने बंटाधार कर रखा है। अगर भाजपा के दिल को तसल्ली नहीं हो रही हो, तो पूर्व प्रोफेसर अरुण सी. मेहता जी की रिपोर्ट 'भारत में मुस्लिम शिक्षा की स्थिति' को पढ़ सकते हैं।

मेरा शहर संभल और उसका भविष्य

आज कल मेरा शहर और जिला संभल भाजपाई सरकार की आँखों में खूब खटक रहा है। इस सरकार ने मेरे शहर को प्रोपोगैंडा की नई नर्सरी बना दिया है। यहां स्पष्ट कर दूँ कि हिंदू-मुसलमान के चश्मे के बाहर मेरे संभल में अधिकतर आबादी जनरल श्रेणी में शामिल है। सामान्य श्रेणी के बच्चों के लिए EWS आरक्षण का प्रावधान तो हो चुका है, मगर उसमें उम्र की सीमा और इनकम की पाबंदी अक्सर इन बच्चों के भविष्य को दांव पर लगा देती है।

EWS सर्टिफिकेट

सरकारी फाइलों में कहने के लिए तो EWS इनकम सर्टिफिकेट आसानी से बन जाता है, मगर हकीकत इससे कोसों दूर है। सामान्य वर्ग के बच्चे तो तहसील ऑफिस में केवल अपने सर्टिफिकेट बनवाने में ही अपनी उम्र का एक बड़ा मरहला गुजार लेते है। जब तक उनके हाथों में सर्टिफिकेट बनता है, उनकी उम्र सीमा समाप्त हो चुकी होती है।

स्कॉलरशिप में लगातार कटौती

अगर सरकार सच में दलित, पिछडे और माइनॉरिटी की हितैषी है तो आखिर क्यों वह 90 प्रतिशत पीडीए के बच्चों की स्कॉलरशिप में लगातार कटौती कर रही है? अगर आप ढोंग नहीं कर रहे है तो मेरी आपकी सरकार से मांग है कि इन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए स्कॉलरशिप में कटौती की बजाय प्रति वर्ष 5000 रुपए तक बढ़ाने चाहिए।

संभल के हैंडीक्राफ्ट

जो संभल कल तक अपने हैंडीक्राफ्ट के लिए पुरे देश और दुनिया में प्रसिद्ध था, आज उसको हिंदू-मुसलमान की बहस में उलझा दिया गया है। ये इस सरकार की कुनीतियों का ही असर है कि हैंडीक्राफ्ट का उद्योग मेरे शहर में अपनी आखिरी सांसे गिन रहा है। ये कैसी मोदी सरकार की स्वदेशी

को प्रोमोट करने की नीति है, जिसमें संभल के हैंडीक्राफ्ट और कानपुर के चमड़ा उद्योग को बर्बादी की कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है।

रेलवे लाइन

सोचिए देश की आज़ादी को बरसों बीत चुके हैं, मगर मेरे शहर संभल को आज भी अपनी रेलवे लाइन का शिद्दत से इंतजार है। एक तरफ आप दावा करते है कि संभल पुराणिक मान्यताओं वाला शहर है, मगर ट्रांसपोर्ट और रेलवे मार्ग को तरसता मेरा शहर आपसे चीख-चीखकर सवाल पूछ रहा है कि आखिर कब कल्याण होगा? दिल्ली से पश्चिम बंगाल और असम के मुख्य रूट से अलग अगर संभल से होते हुए एक-एक रेलवे लाइन का प्रावधान किया जाए तो उस व्यस्त मार्ग पर भी थोड़ा लोड कम होगा और मेरे शहर संभल का भी उद्धार हो जाएगा।

भारी इम्पोर्ट ड्यूटी

आप जितना भी मेड इन इंडिया का दावा कर लीजिए, मगर तल्ख सच्चाई यह है कि भारी इम्पोर्ट ड्यूटी होने कि वजह से आज भी विभिन्न शहरों के परंपरागत कारोबार तबाह और बर्बाद होने के कगार पर है। संभल में मौजूदा समय में मेंथा कारोबार बंद होने के मुहाने पर ही खड़ा है। क्या सरकारी बजट इनकी तरफ भी अपना ध्यान केंद्रित करने का कष्ट करेगा?

संभल साक्षरता

जो संभल साक्षरता के मामले में पूरे देश में सबसे पिछड़े पायदानों पर आता है, वहां पर अच्छे स्कूल और कॉलेज खोलने के लिए सरकार और कितने सालों का इन्तजार करवाएगी? क्या हिन्दू मुसलमान की बहस में संभल में एक विश्वस्तरीय यूनिवर्सिटी का ख्वाब केवल ख्वाब ही रह जाएगा?

संभल में कोई केंद्रीय विद्यालय नहीं होना सरकार की इस इलाके के प्रति प्राथमिकता को उजागर करने के लिए काफी है। आखिर कब संभल की केवल 49 प्रतिशत साक्षरता उचित सरकारी नीतियों के अमल दखल से कम से कम राष्ट्रीय औसत के बराबर तो पहुंचेगी?

माइनॉरिटी स्टेटस

कल तक माइनॉरिटी स्टेटस की वजह से विभिन्न समुदाय कहस तौर पर मुसलमान खुद से कुछ शैक्षणिक सस्थानों को खोलने और अच्छे से चलाने की कोशिश करते थे, मगर इस भाजपा सरकार ने उसको भी अपनी साम्प्रदायिक राजनीति के भेंट चढ़ाने का फैसला कर लिया है। एक तरफ आप मुसलमानों और पिछड़ों के शैक्षणिक उत्थान के लिए खुद कुछ नहीं कर रहे है, मगर जब वह समुदाय खुद तरक्की के नए आयाम छूना चाहता है तो भी आप उसमें रुकावट बन रहे है।

निष्कर्ष

हर बर्बादी और पिछड़ेपन से निकलने के रास्ते मौजूद होते हैं, बस जरूरत ये है कि उसके लिए ईमानदारी से कोशिश की जाए। जब सरकारी रिपोर्ट इस बात को उजागर कर चुकी है कि देश का मुसलमान तो दलित से भी बदतर हालत में है तो इस सरकार को अपने "सबका साथ सबका विकास" के कथन को अमलीजामा पहनाकर ईमानदारी से कोशिश करने की जरूरत है।

इसी देश ने देखा है कि आज से 30-40 साल पहले केरल का जो मालाबार का इलाका पिछड़ेपन में एक मिसाल होता तो उचित सरकारी नीतियों और समुदाय की अपनी कोशिशों की

वजह से वह अब तरक्की की नयी राहों पर अग्रसर है। याद रखें ये इंकलाब अचानक से नहीं आया है, सबका अपना एक अलग योगदान रहा है।

अभी के समय में केरल में मुसलमानों के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए सरकारी जॉब में 12 प्रतिशत आरक्षण और प्रोफेशनल उच्च शिक्षा में 8 प्रतिशत आरक्षण ने वहां के हालात को तब्दील करने में अहम भूमिका निभाई है। क्या हम उम्मीद कर सकते है कि जो काम उधर हुआ है कुछ वैसा ही मेरे गृह राज्य उत्तर प्रदेश में भी होगा।

मुझे बहुत दु:ख के साथ कहना पड़ रहा है कि मुस्लिम बच्चों की दुश्मनी में पराकाष्ठा पर पहुँच चुकी भाजपा सरकार तेलंगाना के मॉडल से भी सीख ले सकती है। जहां पिछड़ेपन को दूर करने के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण मुसलमानों को शिक्षा और रोजगार के लिए दिया गया है। ज्ञात रहे ये आरक्षण कहीं भी धर्म की बुनियाद पर नहीं दिया गया है, बल्कि पिछड़ेपन के आधार पर पीडीए की कल्पना के तहत दिया गया है।

आखिर क्या वजह है कि जो पिछडे, दलित और माइनोरिटी देश की आबादी का 90 प्रतिशत है, वे शिक्षा, रोजगार और कारोबार के मामले में कभी 30 प्रतिशत भी नहीं पहुंच पाते हैं। देश के संसाधनों का ऐसा तुष्टिकरण केवल भाजपाई राज में ही इस चरम सीमा पर पहुंचा है।

मैं उम्मीद करता हूँ कि मोदी सरकार अपने हिंदू मुसलमान के साम्प्रदायिक चश्मे को उतार कर सभी समाजों को एक साथ लेकर उनके उत्थान को यकीनी बनाने का काम करेगी।

(इति)

*__श्री अवधेश प्रसाद (फ़ैज़ाबाद) :__ माननीय अध्यक्ष जी, मैं बहुत ही आभारी हूं कि आज माननीय वित्त मंत्री भारत सरकार द्वारा लाये गये बजट पर मुझे अपनी विचारधारा व्यक्त करने का मौका मिला है।

मान्यवर, मैंने बहुत ही गंभीरतापूवक बजट का अध्ययन किया। बजट बहुत ही निराशाजनक है। इस बजट में देश के गरीबों के लिये, वंचितों के लिये, दलितों के लिए, पिछड़ों के लिए और अल्पसंख्यकों के लिये कोई भी विकास की योजना नहीं है। हमारे देश की बहुमूल्य दौलत हमारे देश के करोड़ों करोड़ युवा हैं, बेरोजगार हैं, उनको नौकरी देने का कोई प्रावधान नहीं है। आज देश के नौजवानों के लिये जो बड़ी-बड़ी डिग्रियां लिये हैं उनके पास कोई रोजगार नहीं है। किसान जो कि अन्नदाता है, उनकी आमदनी दुगुनी करना तो दूर रहा, किसानों की फसलों को अवारा जानवर और सांड हमारे प्रदेश, उत्तर प्रदेश में चर रहे हैं, खा रहे हैं। सांड खेत को चरता है और किसान की जान भी लेता है। उत्तर प्रदेश में 5 हजार से ज्यादा किसानों की जान सांडों ने ले ली। हमारे विधान सभा क्षेत्र और अब संसदीय क्षेत्र में आता है, मिल्कीपुर, वहां 60 किसानों को सांडों ने मार कर जान ले ली। यहां का किसान अपनी खेती की रखवाली करने के लिये रात में खेतों में रहता है। आधी से ज्यादा खेत बोये नहीं गये हैं। किसानों को खेती बचाने के लिए इस बजट में कोई व्यवस्था नहीं है।

मान्यवर, मैं जनपद अयोध्या जो मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की धरती है। मैं 54 फैजाबाद लोक सभा से चुनकर आता हूँ। योगी सरकार ने वहां के किसानों की जमीन कौड़ियों में ले ली है और बाहरी लोगों के हाथों करोड़ों में बेचा है। किसानों को मुआवजा नहीं मिला है। 84 कुशी परिक्रमा के नाम पर किसानों के घरों को उजाड़ा जा रहा है। पहले भी किसानों के घरों को उजाडा गया है, ढाया गया है यहां तक कि गुप्तार घाट में बसे हुए निषादों को उजाड़ा गया है, उन्हें बसाया नहीं गया। मैं सरकार से मांग करता हूं कि अयोध्या में जिन किसानों की भूमि ली गयी है उनको उचित मुआवजा दें, जिन्हें उजाड़ा गया है, रहने की लिए मकान की व्यवस्था करे।

मान्यवर, हमारे संसदीय क्षेत्र में आचार्य नरेंद उद्योग कृषि विश्वविद्यालय है। सरकार से मांग करता हूं कि केंद्रीय विश्वविद्यालय का उसे दर्जा दिया जाये। डॉ० राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय है, जिसे केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाये। मान्यवर, हमारे यहां जनपद अयोध्या में हवाई अड्डे का निर्माण हुआ है। यहां से हवाई जहाज की सेवा, हमारे देश में जितने धार्मिक स्थल हैं उन सभी धार्मिक स्थलों में आने-जाने के लिए जहाज

---

* Laid on the Table

की सेवा उपलब्ध कराई जाए। ढेमवा नदी पर पुल का निर्माण फिर से किया जाये जिससे जनपद गोंडा जाने के लिये सुविधा उपलब्ध हो। कोरोना काल में तमाम रेलें बंद कर दी गई थी, उन सब रेलों को लखनऊ, फैजाबाद से होते हुए चलाया जाए। सुहावल रेलवे स्टेशन का उच्चीकरण किया जाये। रुदौली रेलवे स्टेशन का उच्चीकरण किया जाये। वहां से आने वाली फैजाबाद, लखनऊ जाने वाली ट्रेनों की सुविधा दी जाए। जनपद अयोध्या में स्थित मेडिकल कॉलेज, श्रीराम अस्पताल अयोध्या की हालत बहुत खराब है। मरने वालों की संख्या बहुत ज्यादा है। अच्छे डाक्टरों की प्राप्ति और सभी सुविधाएं भारत सरकार द्वारा कराई जायें।

मान्यवर, आपके माध्यम से मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि अयोध्या का ऐसा विकास किया जाये जो दुनियां के नक्शे पर चमकता हुआ दिखाई पड़े। अयोध्या में प्रभु श्रीराम की मर्यादा को कायम रखते हुए सही मायनों में विकास किया जाए एवं जो मिल्कीपुर विधान सभा में मतों को लूटा गया उसे रोका जाए।

मान्यवर, मैं आपका बहुत ही आभरी हूं कि इस महत्वपूर्ण बजट पर मुझे अपने विचार देने के लिये मौका दिया है। मैं आपके प्रति आभार प्रकट करते हुए इस निराशाजनक बजट जो किसान विरोधी है, युवा विरोधी है और बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर का विरोधी है। मैं इस बजट का विरोध करता हूं।

(इति)

*श्रीमती रुचि वीरा (मुरादाबाद) : आदरणीय अध्यक्ष जी, आपने बजट 2025-26 जैसे महत्वपूर्ण विषय पर मुझे बात रखने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद।

मान्यवर, नई दिल्ली स्थित एम्स का बजट 677 करोड रूपये बढ़ाकर कुल 5200 करोड कर दिया गया, परंतु नई दिल्ली एम्स पर बहुत ज्यादा लोड होने के कारण जनप्रतिनिधियों के रिकमेन्डेशन के बाद भी लोगों को एडमिशन नहीं मिल पाता है और ऑपरेशन आदि की तारीख कई-कई महीने के बाद मिलती है। इस कारण इलाज के अभाव से लोग दम तोड़ देते हैं।

मेरा निवेदन है सरकार की सस्ती, सुलभ, स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को देखते हुए मुरादाबाद जनपद, जो कि पश्चिम उत्तर प्रदेश के कई मण्डल एवं उत्तराखण्ड के कुमाऊ क्षेत्र का केन्द्र है एवं रेल व सड़क मार्ग से वैल कनैक्टेड है। यहाँ पर एक एम्स की स्थापना कराई जाये जिससे कि इस क्षेत्र के लोगों को सस्ता सुलभ इलाज मिल सके।

सड़क, परिवहन और राजमार्ग विभाग को वर्ष 2024-25 में 2.78 लाख करोड रूपये आबंटित किए गए थे। वर्ष 2025-26 में इसे बढ़ा कर 2.89 लाख करोड रूपये कर दिया गया परन्तु राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 734 में मुरादाबाद से उत्तराखण्ड वाया ठाकुरद्वारा पर जमीन अधिग्रहण हेतु नोटिफिकेशन दिनांक 12.01.2022 में कर दिया गया था परन्तु किसानों को जमीन का मुआवजा वर्ष 2019 के सर्किल रेट के दर से दिया जा रहा है। किसानों के जमीन अधिग्रहण पर मुआवजे के मामले में अधिकारियों के द्वारा घोर लापरवारही की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जनप्रतिनिधियों के कहने के बावजूद एस.एल.ओ. किसानों को चक्कर कटाते हैं और आरबिट्रेशन में जाने पर मजबूर करते हैं जिससे किसानों की जमीन का उचित मुआवजा नहीं मिल पा रहा है। मैं सरकार से माँग करती हूँ कि जमीन अधिग्रहण का मुआवजा 12 जनवरी, 2022 के अनुसार दिया जाए।

मान्यवर, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 119 पर मौजा उजयाली खुर्द, तहसील जानसठ, जनपद मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश में गंगा नदी पर पुल का निर्माण कराया जा रहा है परन्तु किसानों को जमीन का मुआवजा नहीं दिया गया। तहसील जानसठ द्वारा रोड एलांमेंट में कुछ भू-माफियाओं से हमसाज होकर बिना आधार बताए गलत रिपोर्ट पेश की गयी है। किसानों की जमीनों को 1359 फसली के आधार पर नदी, नालों की बताया जा रहा है, ये इनकी दादालाही जमीन है। इस मौजे में चकबन्दी हुई थी और चकबन्दी के दौरान इनके चक यहाँ लगाये गये थे। मैं सरकार से माँग करती हूँ कि तहसील से दोबारा सर्वे कराकर किसानों की जमीनों के मुआवजे के वितरण के उपरांत ही कार्य शुरु करें।

बजट 2025-26 में सरकार ने लस्तशिल्पियों को बढ़ावा देने और निर्यात को बढ़ावा देने पर जोर दिया है। मेरा संसदीय क्षेत्र मुरादाबाद पीतल नगरी के नाम से मशहूर है। यहाँ पर

* Laid on the Table

लाखों की तादात में पीतल के काम में हस्तशिल्पी जुडे हैं 2014 से पूर्व में राजीव गाँधी शिल्पी स्वास्थ्य बीमा योजना चलाई जा रही थी जिससे हस्तशिल्पियों को ईलाज में सुविधा मिलती थी। उस योजना को बंद कर दिया गया है जिससे हस्तशिल्पी भुखमरी के कगार पर पहुँच चुके हैं। हस्तशिल्पी अपना काम छोडकर रिक्शा चलाने व ठेला लगाने पर मजबूर हैं। मैं माननीय मंत्री जी से माँग करती हूँ कि इस तरह की स्वास्थ्य बीमा योजना पुनः चालू की जाए एवं हस्तशिल्पियों को जीएसटी में 40 लाख रुपये तक की वार्षिक छूट को बढ़ाकर एक करोड़ रुपये कर दिया जाए जिससे कि हस्तशिल्पी अपने काम पर लौटें और बढ़-चढ़कर हिस्सा ले सकें। इससे निर्यात में बढ़ोत्तरी होगी और देश को फॉरेन एक्सचेंज प्राप्त होगा।

बजट 2025-26 में नागरिक उड्डयन विभाग की क्षेत्रीय उडान योजना के अंतर्गत कनैक्टविटी स्कीम की बात माननीय वित्त मंत्री जी ने कही है। मेरे लोकसभा क्षेत्र मुरादाबाद में एक हवाई अड्डा है जिसमें एक फ्लाइट लखनऊ के लिए चलती थी। दिनांक 5 दिसम्बर, 2024 से कोई उडान नहीं भरी गई है। मान्यवर, क्षेत्रीय कनैक्टविटी स्कीम में मुरादाबाद को शमिल कर कम से कम व्यवसायिक पीतल नगरी मुरादाबाद को मैट्रोपोलिटिन सिटीज से जोड़ा जाए।

अध्यक्ष जी, उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा प्रदेश होने बाद भी जिस तरीके से इसकी उपेक्षा हुई है, यह निराशाजनक है। सरकार ने राज्यों को बजट का एलोकेशन करने में पोलिटिकल हित साधे हैं। इस बजट में देश का नौजवान, किसान, महिला और निम्र, मध्यम वर्ग अपने को ठगा से महसूस कर रहा है।

(इति)

*श्री विजय कुमार दूबे (कुशीनगर) : इस वर्ष का बजट यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में वित्त मंत्री माननीया निर्मला सीतारमण जी ने जो पेश किया है, विकसित भारत के संकल्प को मजबूत कर रहा है। वास्तव में यह बजट देश के मध्यम वर्ग, निर्बल वर्ग के साथ युवा, छोटे किसान, छोटे व्यापारी व देश की महिलाओं के लिए ऐतिहासिक विकास की सौगात और उनके सपनों को साकार रूप देने वाला तो है ही, साथ में जहां गरीबी से मुक्ति, अच्छे स्तर के स्कूली शिक्षा, सस्ती व सर्व सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच, कुशल कामगार के साथ सार्थक रोजगार, आर्थिक गतिविधियों में 70% महिलाओं की भागीदारी, कृषि के विकास और उत्पादकता को गति प्रदान करना, समावेशी पथ पर संबंधों को साथ लेकर चलना, मेक इन इंडिया को और आगे ले जाना, MSME को सहायता देना, रोजगार द्वारा विकास को समर्थ बनाना, निर्यात को बढ़ावा देना आदि देश को समर्थ और विकसित भारत के लक्ष्य को मजबूती देने वाला यह बजट है।

अध्यक्ष महोदय, इस बजट का उद्देश्य ही दिखाई पड़ रहा है, देश के गरीब मध्यम वर्ग, युवा, महिलाओं, किसानों को सर्वोच्च प्राथमिकता मिली है। तीसरे कार्यकाल में सभी के लिए आवास के उद्देश्य को भी पूर्ति के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। प्रधान मंत्री आवास योजना का विस्तार करते हुए 3 करोड़ अतिरिक्त परिवारों को नए घर देने का निर्णय बजट में लिया गया है, इसके लिए पाँच लाख छत्तीस हजार करोड रुपए खर्च किए जाने की योजना है।

प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में पच्चीस हजार बस्तियों को जोड़ने के लिए सत्तर हजार करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

जब देश के विकास का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े परिवारों को मिलता है, तभी विकास का सार्थक परिणाम भी मिलता है।

(1) 12 लाख तक की आय को कर मुक्त करने से सीधे-सीधे मध्यवर्ग के लोगों के जीवन में खुशहाली, संपन्नता के सपनों को उड़ान देने वाला है।

(2) किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख कर देने से गरीब वर्ग को आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

(3) अगले वर्ष मेडिकल कॉलेज में 10000 सीटें व अगले 5 वर्ष में 75000 सीटें बढ़ेंगी तो निश्चय ही युवाओं के सपने को उड़ान देगा।

(4) 7.5 करोड़ किसानों, मछुआरों और डेयरी उद्योग से जुड़े किसानों की अल्पकालिक ऋण इनके आत्मनिर्भरता को मजबूत करेगा।

इस ऐतेहासिक ठाजर में

(5) 50 पर्यटन केंद्रो का विकास किया जाएगा, खासकर बुद्ध से जुड़े स्थलों को इससे तो सीधे-सीधे हमारे कुशीनगर के पर्यटन विकास को लाभ मिलते दिख रहा है, क्योंकि कुशीनगर भगवान बुद्ध का परिनिर्वाण स्थल और बौद्ध सर्किट एरिया है।

* Laid on the Table

विकसित भारत के संकल्प को मजबूती देने वाले इस बजट के अंशदान में हमारे कुशीनगर के लिए भी कुछ प्रमुख योजनाएं हैं, जिनको कि सदन में रख रहा हूं, जैसा कि कुशीनगर के बौद्ध सर्किट एरिया के पर्यटन विकास को अंतर्राष्ट्रीय मानचित्र पर पहचान दिलाने के लिए ही यशस्वी प्रधान मंत्री माननीय मोदी जी ने कुशीनगर में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा का निर्माण पूरा कराये, वो भी कोविड की विषम परिस्थितियों में।

स्पाइसजेट से उड़ान भी दिल्ली के लिए प्रारंभ हुआ, चार माह नियमित व चार माह अनियमित उड़ान के बाद आज सालों से उड़ान पूर्णतः बंद है, करोड़ों रुपया उक्त एयरपोर्ट पर अधिकारियों के तनख्वाह, राजस्व को भारी क्षति हो रही है। इंडिगो से उड़ान शुरू करने का आश्वासन माननीय उड्डयन मंत्री जी ने दिया है, कुशीनगर जिला ही नहीं बल्कि पश्चिमी चंपारण बिहार के भी कई जिलों के निवासी व कुशीनगर से लगे दर्जनों जिलों के निवासी उड़ान शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं।

इसी तरह हमारे कुशीनगर के बिहार और उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती लोगों की सुविधाओं को देखते हुए बंद पड़े छितौनी तमकुही रेल परियोजना को माननीय रेल मंत्री जी ने पिछले सत्र में 10 करोड़ देकर डी फ्रिज किए थे, भूमि अधिग्रहण के भी कार्य शुरू हो चुके हैं, परंतु इस महत्वपूर्ण परियोजना के निर्माण के लिए लगभग 1500 करोड़ से ज्यादा की आवश्यकता को देखते हुए मैं माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि रेल को मिले भारी बजट में इस परियोजना को भी धन की स्वीकृति देने की कृपा करेंगे।

माननीय अध्यक्ष महोदय, कुशीनगर क्षेत्र की जनता की पुरानी मांग है कि ट्रेन संख्या 15079 पाटलीपुत्र से गोरखपुर व 15080 गोरखपुर से पाटलिपुत्र का ठहराव कठकुइया रेलवे स्टेशन पर किया जाए, और ट्रेन संख्या 18181 टाटानगर से थावे व 18182 थावे से टाटानगर का मार्ग विस्तार कुशीनगर लोकसभा क्षेत्र के कप्तानगंज रेलवे स्टेशन तक करने की मांग क्षेत्र की जनता लगातार कर रही है।

कुशीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा देश का अकेला ऐसा हवाई अड्डा होगा जो रेल सुविधा से वंचित है, गोरखपुर-कुशीनगर-पडरौना परियोजना सन् 2017 से डीपीआर बनाकर बंद है, मैं माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि कुशीनगर के बौद्ध सर्किट एरिया व अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा को रेल सुविधा से जोड़ने के लिए उक्त गोरखपुर-कुशीनगर रेल परियोजना का शुरू करने की कृपा करें।

राजमार्ग मंत्रालय ने विगत पिछले सत्र में कुशीनगर के विकास में अपना अहम योगदान किया है, अनेक फ्लाईओवरों मे, हाटा के दोनों फ्लाइ ओवरों पर बजट देकर दुर्घटना बहुल इस स्थल पर निर्माण पूर्ण कराना जनहित में अति आवश्यक है, ऐतिहासिक मिले बजट का कुल सारांश यही है कि जब कुशल नेतृत्व मिलता है तो देश भी विकास करता है, और समाज का हर वर्ग भी तरक्की करता है। उदाहरण के रूप में मात्र 10 वर्ष पहले तक जो देश बीमार अपाहिज की हालत में दुनिया के मजबूत देश के पिछली कतार में खड़ा था, और देश आजादी के बाद से समाज निर्बल-दुर्बल वर्ग, देश के छोटे किसान, छोटे व्यापारी, देश की महिलाएं अपने बुनियादी आवश्यकताओं की आवाज तो लगाते रहे लेकिन देश के 60 साल के नेतृत्वकर्ताओं ने सुना नहीं, आज महज 10 सालों में, यह माननीय मोदी जी के कुशल नेतृत्व का ही परिणाम है कि आज वही बीमार देश दुनिया के विकासशील देशों के अग्रणी कतार में खड़ा है, इतना ही नहीं आज देश के समाज का वही वर्ग आत्मनिर्भर बनने की दिशा में मजबूती से खड़ा होकर राष्ट्र के विकास की धारा से जोड़ने का काम कर रहा है। इसीलिए तो समूचा देश कहता है– "मोदी है तो मुमकिन है।"

(इति)

***एडवोकेट प्रिया सरोज (मछलीशहर) :** माननीय अध्यक्ष महोदय, आपका धन्यवाद कि आपने मुझे इस वर्तमान सत्र में वित्त और BUDGET पर बोलने का मौका दिया।

सबसे पहले, मैं माननीय वित्त मंत्री जी को लगातार आठवीं बार BUDGET पेश करने के लिए बधाई देती हूँ। एक महिला के रूप में, उनकी जिम्मेदारी और योगदान को मैं आदर करती हूँ। बड़ा हुआ तो क्या हुआ जैसे पेड़ खजूर, पंथी को भी छाया नहीं फल लागे अति दूर।

सरकार के लम्बे चौड़े लेकिन असली मुद्दों पर बेअसर BUDGET पर यही सबसे सटीक टिपण्णी होगी।

मेरा सवाल यह है कि आखिर हम कब BUDGET के माध्यम से देश के किसानों, मजदूरों, नौजवानों, गरीबों, दलितों और पिछड़ों को भी बधाई देंगे? यह BUDGET किसके लिए है? क्या यह देश के करोड़ों आम लोगों के सपनों को पूरा करने के लिए है या सिर्फ कुछ खास लोगों के फायदे के लिए?

सरकार GROWTH और PROSPERITY कि बात करती है, लेकिन सर, यह GROWTH GROUND पर दिखाई क्यों नहीं देती?

आपने सबका साथ, सबका विकास का नारा तो दिया, लेकिन आपने सिर्फ कुछ खास UDYOGPATI का साथ दिया। उन UDYOGPATIYON का विकास किया, और देश की आम जनता के साथ पूरा विश्वासघात किया।

सिर्फ 10 साल में, DOLLAR की exchange rate 62 से गिरकर 87 रुपये प्रति डॉलर हो गई है। रुपया ICU में है, और सरकार निद्रावस्था में। तो बताइए, इसे सरकार ऐतिहासिक सफलता" कहेगी या" RECORD तोड़ नाकामी" जिसका बोझ पूरा देश उठा रहा है?

अध्यक्ष महोदय, सबसे ज़्यादा हल्ला बस इस बात का रहा है कि middle class के तो दिन फिर गए। सरकार ने ऐसे सपने बेचे जैसे हर मिडिल क्लास व्यक्ति बड़ा सेठ बन गया। 12 लाख तक INCOME TAX FREE बताया, मगर बेरोज़गारी के इस दौर में कितने लोग हैं जो 12 लाख रुपये सालाना कमा पा रहे हैं?

अध्यक्ष जी, सिर्फ TAX छूट से क्या होगा जब रोजगार ही नहीं हैं? कौशल विकास के बिना ये REFORMS अधूरे हैं। INCOME TAX में राहत TEMPORARY है, क्योंकि महंगाई, GST और INDIRECT TAX के बोझ से जनता की SAVINGS भी खतरे मैं आ ही जाएगी।

जब आप नए OPPORTUNITY, नए JOBS और INCOME में बढ़ोतरी नहीं करेंगे, तो हमारी ECONOMY में DEMAND कैसे आएगी?

अध्यक्ष महोदय, एक बात कोई सरकार से पूछे नाक को सीधे पकड़ो या घुमाके पकड़ो, दोनों बातों में क्या फर्क है भाई? एक तरफ आप कहेंगे की income tax कम कर दिया, पर सच्चाई ये है की गाडी खरीदों तो लम्बा चौड़ा tax, उसी गाडी को चलने के लिए पेट्रोल भरो तो उसकी कीमते आसमान पर, फिर थोड़ी दूर पर आ जाता है आपका toll, और देना होता है अच्छा खासा toll tax.

---

* Laid on the Table

बात सिर्फ income tax की नहीं है, सोशल मीडिया पर लोग पूछते हैं की क्या आपकी सांस लेने पर भी tax लेने की तयारी है? खैर जो देश की हवा है, उसको सांस लेने लायक छोड़ा नहीं है आपने। एक तरफ pollution तो दूसरी तरफ धार्मिक मन मुटाव का ज़हर, हवा वाकई आपने जानलेवा कर दी है। (हंसते हुए) अब सपनों पर भी TAX मत लगा देना।

अध्यक्ष महोदय, मैं खुद एक युवा हूँ, इसलिए अब युवाओं की दुखती रग पर हाथ रखती हूँ।

कहने को बड़ा हसीन है हमारा देश,
फूलों की एक पंखुड़ी है हमारा देश,
पर बेरोजगारी और आपसी मन-मुटाव के इस दौर में,
राख के ढेर पर खड़ा है हमारा देश।

अब बात नौकरी की करते हैं। आपकी सरकार ने हर साल 2 CRORE नौकरियाँ देने का वादा किया था। 10 साल में 20 CRORE JOBS मिल जानी चाहिए थीं। पर न नौकरी आई, ना INCOME बढ़ी। सिर्फ बेरोजगारी अपने चरम पर पहुंच गई। लोन की बात करें तो नए BUDGET में लोन के कुछ SCHEMES का OPTIONS तो है, लेकिन असली सवाल यह है कि सरकार DIRECT JOBS क्यों नहीं CREATE कर रही है? क्या हर कोई BUSINESSMAN बन सकता है? रोज़गार देना सरकार की जिम्मेदारी है। महिलाओं की बात करें तो महिलाओं के लिए BUDGET में कोई खास ज़िक्र नहीं है। न WORKING CONDITION सुधारी गई, न ही GENDER-RESPONSIVE POLICIES लाई गईं सिर्फ लोन स्कीम देकर महिलाओं को अपनी रोजगार खुद करने के लिए छोड़ दिया गया।

Talking about education. In 2025-26, the total budget estimate amount for the education sector is 1 LAKH 28 THOUSAND 6 HUNDRED AND 50 CRORE) This increase in nominal terms by 6.22% as compared to the Budget Estimates of 1 LAKH 20 THOUSAND 6 HUNDRED AND 28 CRORE for the year 2024-25. If we consider the average inflation rate to be 5.2%, then the real increase is merely around 2% for the education sector.

Sir, The Education has also been neglected. There is no strong policy visible for primary, secondary, secondary and education. higher The persistent issue of high dropout rates at the secondary level, currently at 14.1%, underscores the need for substantial investment in this segment.

अगर घर की बात करें, तो आपकी योजना के अनुसार, 2022 तक हर नागरिक को पक्का मकान मिल जाना चाहिए था।, लेकिन 2025 आ गया और लोग अब भी इंतज़ार में बैठे हैं। घर मिलने के बजाय, अब तो टूटने लगे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने घर तोड़ने में रिकॉर्ड बनाया, और ज़्यादातर नुकसान पिछड़े व अल्पसंख्यक समुदायों को हुआ है।

अब मैं अल्पसंख्यकों और पिछड़ों की बात करती हूँ। MINORITIES और BACKWARDS वर्गों के लिए इस सरकार ने क्या किया? माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं एक

अनुसूचित जाति से आती हूँ, और मेरे मछलीशहर क्षेत्र के आम नागरिक, अल्पसंख्यकों और पिछड़े वर्गों के लिए इस BUDGET में मुझे कोई उम्मीद नज़र नहीं आती। जब सरकार ने जाति जनगणना करवाई ही नहीं है, इनके पास DATA ही नहीं है कि किसकी कितनी भागीदारी है, तो आप उनके लिए FINANCIAL STRATEGY कैसे बना सकते हैं?

आप अंधेरे में तीर चला रहे हैं, बिना यह समझे कि असली ज़रूरत किसकी है। जहाँ तक किसानों की बात है, तो हमारे अन्नदाता हमारे किसानों के साथ खुला धोखा किया गया है। नई योजनाएँ पुरानी नीतियों का ही री-ब्रांडिंग हैं। MSP पर भी कोई गारंटी नहीं दी गई है, और किसानों के शांतिपूर्ण आंदोलन को नजरअंदाज कर दिया गया है।

महोदय, मेरी कुछ DEMANDS हैं। मैं उत्तर प्रदेश से आती हूँ। उत्तर प्रदेश एक- सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य हैं। प्रधानमंत्री जी भी यूपी के बनारस से चुनकर आते हैं, लेकिन इस BUDGET में यूपी के किसानों, युवाओं, गरीबों, श्रमिकों के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। या फिर यह सिर्फ़ आंकड़ों की बाजीगरी है? मैं पूर्वांचल से हूं और प्रधानमंत्री जी भी वहीं से चुनकर आते हैं लेकिन बनारस के अलावा उसके आस पास के जिलों में कहीं अच्छी स्वस्थ सुविधाएं नहीं हैं। ना ही सरकार ने इस AREA मे कोई AIIMS का इस BUDGET मे एलान किया है। अच्छी सड़क का वादा आप लोगों की ओर से चुनाव में किया गया था लेकिन उसका क्या हुआ, उसके लिए BUDGET में क्या नया प्रावधान है? मैं APPEAL करते हुए, यह कहना चाहती हूँ कि सरकार को विपक्ष से राय लेने में आख़िर दिक्कत क्या है? क्या लोकतंत्र का मतलब सिर्फ़ एकतरफा फ़ैसला लेना है?

CONCLUSION

Sir, this budget represents a significant lost opportunity foster to inclusive and equitable growth. Once again, the government has overlooked the needs of common citizens. What is the value of grand promises when the poor, farmers, workers, communities, students, marginalized and women experience no tangible benefits?

PARTY LEADER

आख़िर में, महाकुंभ में हुई दुखद घटना के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए, मैं श्रद्धांजलि अर्पित करना चाहूंगी, और कहना चाहती हूँ कि यह उत्तर प्रदेश सरकार की बड़ी असफलता रही। लेकिन सरकार के पास कोई स्पष्ट डेटा न होना, यह आज के दौर में एक बड़ा झूठ है।

माननीय अध्यक्ष महोदय, हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष AKHILESH YADAV JI जी ने अपने भाषण के दौरान जो मांगें रखी थीं, उन पर ध्यान देने की जरूरत है।

सरकार को ज़िम्मेदारी लेनी होगी और आम जनता के साथ न्याय करना होगा।

अंत में, मैं चार लाइनें बोलना चाहूंगी।

कभी घमंड मत करना,
तक़दीर बदलती रहती है,
शीशा वहीं रहता है,
बस तस्वीर बदलती रहती है।

जय हिंद। जय भीम, जय समाजवाद। धन्यवाद । (इति)

***श्रीमती कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल (बांदा) :** अध्यक्ष महोदय,

मेरा विषय बजट को लेकर है, जिसके संदर्भ में आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान देश के गरीब एवं मध्यम आय वाले परिवारों को कोई विशेष व्यवस्था न दिये जाने के सबंध में है।

महोदय, गरीब परिवारों को नि:शुल्क आवास दिये जाने के सबंध में दी जाने वाली राशि, जो कि एक लाख बीस हजार है, उसका प्रावधान है।

आज की महंगाई के स्तर को देखते हुए इतनी कम धनराशि में रहने योग्य मकान का निर्माण संभव नही है। सरकार द्वारा यह धनराशि और बढ़ाई जाये ताकि गरीबों के चेहरे में मुस्कान देखी जा सके।

देश की अर्थव्यवस्था में अपना अमूल्य योगदान देने वाले किसानों की अगर बात करें तो महोदय, आप अवलोकन करें, कि किसानो की आय दोगुनी तो नही हुई है, परन्तु किसानों का कर्जा और अधिक बढ़ गया है।

इसी वजह से मेरा क्षेत्र, जो की बुन्देलखंड में आता है, उसकी स्थिति अत्यधिक चिंताजनक है तथा इनके आत्महत्या के मामले भी बढ़ते जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में मैं चाहती हूं कि किसानों को कर्जमुक्त किया जाए।

धन्यवाद।

(इति)

---

* Laid on the Table

***श्री ज्ञानेश्वर पाटील (खण्डवा) :** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपका धन्यवाद करता हूँ कि आपने मुझे माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत 2025-2026 के बजट पर बोलने का अवसर दिया।

अध्यक्ष जी, हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार को सत्ता पर काबिज हुए 10 साल हो गए हैं। इन 10 सालों में भारत ने हर क्षेत्र में बहुत तरक्की की है। आज भारत स्वावलंबी है, अन्य देश भारत सरकार की ओर देख रहे हैं हमारे पगचिन्हों पर चलने की बात करते हैं। जैसा माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने अपने भाषण में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत विकास यात्रा की और अग्रसर हो रहा है हर तरफ विकास की गंगा बह रही है अध्यक्ष जी हमारी सरकार ने विभिन्न स्तर पर अभूतपूर्व उपलब्धियों हासिल की है।

अध्यक्ष महोदय हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत में तीन गुना तेज गति से काम हो रहा है। महोदय देश के गरीब, मध्यम वर्ग, युवा, महिलाओं, किसानों को सर्वोच्च प्राथमिकता मिल रही है। हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री मोदीजी ने दिया हुआ मंत्र "सबका साथ, सबका विकास", "सबका विश्वास और सबका" प्रयास जैसे मंत्र भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाने की प्रेरणा देते हैं जिससे हम विश्वगुरु बनने की दिशा में अग्रसर हैं।

अध्यक्ष जी, हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी की नेतृत्व में एनडीए सरकार कई ऐसी जन कल्याणकारी योजनाएं लेकर आई, चाहे मध्य प्रदेश राज्य में शुरू की गई विभिन्न योजनाएँ जिनसे आम लोगों को बेहद लाभ पहुंचा। जन धन योजना, आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्पाण अन्न योजना और उज्ज्वला योजना से करोड़ों लोगों के जीवन में परिवर्तन देखने को मिला।

अध्यक्ष जी आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी की सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जो की हमारे सबके श्रद्धेय पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने शुरू की थी जिसके चौथे चरण में पच्चीस हज़ार बस्तियों को जोड़ने के लिए सत्तर हज़ार करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। आज जब हमारा देश अटल जी की जन्म शताब्दी का वर्ष मना रहा है, तब प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना उनके विजन का पर्याय बनी हुई है। देश मैं अब इकहत्तर वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत ट्रेन चल रही हैं। इतना हीं नहीं अध्यक्ष जी "वन नेशन-वन इलेक्शन" और "वक़्फ़ अधिनियम संशोधन" जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर हमारी सरकार ने तेज गति से कदम आगे बढ़ाए हैं।

अध्यक्ष जी आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी की सरकार ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत बने 12 करोड़ शौचालय, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत निशुल्क दिए गए 10 करोड़ से ज्यादा गैस कनेक्शन, 90 करोड़ जरूरतमंदों को राशन, सौभाग्य योजना, जल जीवन मिशन जैसी अनेक योजनाओं ने गरीब, मध्यम वर्गीय, को ये भरोसा दिया है कि वो सम्मान के साथ जी सकते हैं। ऐसे ही प्रयासों की वजह से देश के 40 करोड़ लोग गरीबी को परास्त करके आज अपने जीवन में आगे बढ़ रहे हैं।

* Laid on the Table

अध्यक्ष जी, आयुष्मान भारत योजना गरीबों के लिए जीवनदान साबित हो रही है। इसके तहत 10 करोड़ गरीब परिवारों को 5 लाख रुपये प्रतिवर्ष फ्री बीमा की सुविधा दी जा रही है। इसे सरकारी हेल्थ इंश्योरेंस स्कीम माना जा सकता है। इस योजना को 2018 में लॉन्च किया गया था। इस योजना के कारण करोड़ों लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं।

अध्यक्ष जी, माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी का लक्ष्य सभी को घर उपलब्ध कराना है। इसी के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना को लॉन्च किया गया। आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने अपने तीसरे कार्यकाल में सभी के लिए आवास के उद्देश्य की पूर्ति के लिए ठोस कदम उठाए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना का विस्तार करते हुए तीन करोड़ अतिरिक्त परिवारों को नए घर देने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए पांच लाख छत्तीस हज़ार करोड़ रुप खर्च किए जाने की योजना है।

अध्यक्ष जी हमारी प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व वाली सरकार गांव में गरीबों को उनकी आवासीय भूमि का हक़ देने और वित्तीय समावेशन के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में स्वामित्व योजना के अंतर्गत अब तक दो करोड़ पच्चीस लाख सम्पत्ति कार्ड जारी किए हैं। इनमें से करीब 70 लाख से ज्यादा स्वामित्व कार्ड पिछले साल जारी हुए हैं। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत करोड़ों किसानों को पिछले महीनों में इक्तालीस हज़ार करोड़ रुपए की राशि का भुगतान हुआ है। इस योजना के तहत होम लोन लेने वाले को लगभग 2 लाख 60 हजार रुपये का लाभ मिलता है। इस स्कीम से लोगों को अपना घर खरीदने में तो मदद मिल ही रही है, वहीं देश की अर्थव्यवस्था को भी गति मिल रही है। नदी से नदी जोड़ योजना एक महत्वपूर्ण पहल हमारी सरकार ने शुरू किया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना हका जिसका उद्देश्य देश की प्रमुख नदियों को आपस में जोड़कर एक जल नेटवर्क तैयार करना है। इस योजना के माध्यम से, जल अधिशेष वाले क्षेत्रों से जल की कमी वाले क्षेत्रों में पानी स्थानांतरित किया जाएगा, जिससे बाढ़ और सूखे के प्रभाव को कम करने में मदद मिलेगी। इस योजना के तहत मध्य प्रदेश में केन-बेतवा लिंक परियोजना पर काम चल रहा है। यह परियोजना देश की पहली नदी जोड़ परियोजना है, जिसके तहत केन और बेतवा नदियों को जोड़ा जाएगा। इस परियोजना से बुंदेलखंड क्षेत्र को लाभ होगा।

अध्यक्ष जी, भारत में आधुनिक और आत्मनिर्भर कृषि व्यवस्था हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी का लक्ष्य रहा है। हमारी सरकार ने खरीफ़ और रबी फ़सलों के एमएसपी में निरंतर बढ़ोतरी की है। पिछले एक दशक में धान, गेहूं, दलहन, तिलहन और मोटे अनाज की खरीद पर 3 गुना ज्यादा राशि खर्च की गई है। अध्यक्ष जो देश में कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने के लिए कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड योजना के दायरे का विस्तार किया है। इससे ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार को और बढ़ावा मिलेगा।

आदरणीय प्रधानमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' का लाभलाखों किसानों को मिल रहा है। अध्यक्ष जी आज़ादी के दशकों बाद भी हमारे जिस जनजातीय एवं आदिवासी समाज की उपेक्षा होती रही है, लेकिन आज मुझे इस सदन में बताते हुए गर्व हो रहा है की हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने उनके कल्याण को पहली प्राथमिकता दी है। हमारे प्रधानमंत्री जी ने देश के अत्यन्त पिछड़े इलाकों में आकांक्षी जिला कार्यक्रम प्रारम्भ कर सुशासन का एक अनूठा

प्रयोग किया है। इस कार्यक्रम से इन जिलों में स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, सामाजिक विकास और शिक्षा जैसे विभिन्न मापदंडों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

अध्यक्ष जी, हमारे प्रधानमंत्री जी का लक्ष रहा है की देश में कोई भी शिक्षा से वंचित ना रहे, शिक्षा की गुणवत्ता और उसकी पहुंच बढ़ाने के लिए कई पूनीक उपाये किए गए। अध्यक्ष जी हमारे प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व मे सरकार ने देश में विश्व स्तरीय स्पोर्ट्स वातावरण बनाने की दिशा में खेलो इंडिया स्कीम, राष्ट्रीय स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी स्थापित करने जैसे कई कदम उठाए हैं। अध्यक्ष जी मध्य प्रदेश राज्य में दिव्यांगों के लिए ग्वालियर में विशेष खेल केंद्र खोला गया है। सरकार ने खिलाड़ियों को वर्ल्ड लेवल की सुविधाएं प्रदान करके उनका मनोबल ऊंचा किया।

अध्यक्ष जी, हमारे प्रधानमंत्री जी की ये प्राथमिकता रहीं है की समाज के हर वर्ग तक सस्ती, सुलभऔर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचें, और ऑ पहुंच भी रही है अध्यक्ष जी अस्पताल, इलाज और दवा की व्यवस्था के कारण एक सामान्य परिवार में स्वास्थ्य पर होने वाला खर्च निरंतर कम हो रहा है। वित्त मंत्री ने आम आदमी का ध्यान रखते हुए बड़ी छूट दी है कि उनको 12 लाख रुपये पर कोई टैक्स भरने की जरुरत नहीं है। अध्यक्ष जी हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री जी का एक ही संकल्प है, एक ही लक्ष्य है विकसित भारत! उनके नेतृत्व में आने वाले वर्षों में देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हम सभी दृढ़ संकल्पित हैं।

अध्यक्ष महोदय, इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपना भाषण समाप्त करता हूं। धन्यवाद

(इति)

***श्री उत्कर्ष वर्मा मधुर (खीरी) :** माननीय अध्यक्ष जी आपने बजट पर अपनी बात रखने का मौका दिया इसके लिए आपको एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव जी को बहुत बहुत धन्यवाद देता हूँ। मान्यवर, बजट 2025-26 सिर्फ लोक लुभावन एवं खोखले वादों का ही बजट है। इसमें जन कल्याण के लिए जमीनी स्तर पर कुछ भी नहीं किया गया है। रोजगार, निवेश और आय के स्तर को बढ़ाने के लिए ठोस नीतियों का अभाव है। सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं एवं रोजगार की गारंटी पर कोई बात नहीं की गई है। देश में मंहगाई एवं बेरोजगारी का स्तर लगातार बढ़ रहा है, तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की आर्थिक साख कमजोर हो रही है, डालर के मुकाबले रुपए की वैल्यू लगातार घट रही है। जिसका प्रतिकूल प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। रोजगार के नाम पर सरकार सिर्फ संविदा एवं आउटसोर्सिंग के जरिए विभिन्न विभागों में भर्तियां कर रही है। नागरिकों के गरिमापूर्ण जीवन स्तर को उठाने के लिए सरकार कुछ नहीं कर रही है। सरकार बार-बार घोषणा कर रही है कि 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाएगी मुझे भी भारत के विकसित राष्ट्र बनने पर खुशी होगी, परन्तु इस दिशा में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आय तथा रिसर्च एवं डेवलपमेंट पर अत्यंत बल देने की जरूरत है। विकास के इंडिकेडर पर हम आज भी बहुत पीछे है, मानव विकास सूचकांक 2024 में 193 देशों में भारत 132 वें पायदान पर है जो कि अत्यंत चिंताजनक है। विकसित • देश जहां रिसर्च एवं डेवलपमेंट पर जी०डी०पी० का एक बड़ा भाग खर्च कर रहे है वहीं भारत में जी०डी०पी० का एक प्रतिशत से भी कम रिसर्च एवं डेवलपमेंट पर खर्च हो रहा है। बजट 2025-26 में रिसर्च एवं डेवलपमेंट पर आबंटन नगण्य है। राजकोषीय घाटा लगातार - बढ़ रहा है। FRBM Act 2023 के नॉर्म्स को सरकार पूरा नहीं कर पा रही है जो अत्यंत चिंताजनक है। एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने की बात सरकार लगातार कर रही है परन्तु इस बजट में इस दिशा में कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया है। इन्नोवेशन में भी बजटीय आबंटन को बढ़ाने की जरूरत है। युवाओं के इसके लिए सहज ढंग से लोन की उपलब्धता सुनिश्चित होनी चाहिए। बजट आबंटन के साथ ही मॉनेटरिंग और एक्जीक्यूशन पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। भारत गांव में बसता है।

महोदय, गांव एवं कृषि विकास के बिना हम विकसित भारत की परिकल्पना भी नहीं कर सकते। कृषि एवं किसानों की प्रगति के लिए बजट में कोई विशेष प्रावधान नहीं किया गया है। सरकार को न्यूनतम समर्थन मूल्य के मामले में स्वामीनाथन समिति की सिफारिशों को तुरंत लागू करना चाहिए। सरकारी क्रय प्रणाली को पारदर्शी बनाना चहिए जिससे विचौलियों को खत्म किया जा सके एवं किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिल सके, इसके साथ ही कृषि क्षेत्र में रिसर्च एवं डेवलपमेंट के लिए बजट आवंटन बढ़ाने की जरूरत है। सरकार सिर्फ कुछ प्रतिशत लोगों को ध्यान में रखकर ही नीतियां बना रही है, आम जनता का कल्याण बजट से कोसों दूर है। उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा SH-21 मार्ग पर जनपद लखीमपुर-खीरी में शारदा नदी पचपेड़ी घाट पर अभी तक पुल का निर्माण नही हुआ है जिससे लोगो को आने जाने में लम्बी दूरी तय करनी पड़ती है। उत्तर प्रदेश के लखनऊ की तरफ से चलकर मैलानी जक्शन होते हुए दिल्ली तक, लखनऊ जक्शन की तरफ

---

* Laid on the Table

से चलकर मैलानी जक्शन होते हुए हरिद्वार-पंजाब की ओर तक, लखनऊ जक्शन की तरफ से मैलानी जक्शन होते हुए आगरा की ओर तक तथा मैलानी जक्शन की तरफ से पूर्वोत्तर की तरफ की ट्रेने चलाने की कृपा करें। जिससे छात्रो, व्यापारियों एवं आम जनता को आने जाने के लिए सुविधा मिल सकें। मैलानी जक्शन से पलिया कला, तिकुनिया, बहराइच होते हुए गोण्डा तक मीटरगेज को ब्राण्डगेज में परिवर्तित कर रेल का संचालन कराने का कृपा करें। लखीमपुर रेलवे स्टेशन और गोला रेलवे स्टेशन के मध्य रजागंज स्टेशन के पास बने रेलवे फाटक को बन्द कर दिया गया है। जिससे 60-70 गाँवो को अधिक दूरी तय कर आना जाना पड़ता है तथा फाटक के पार हिन्दुओ का शमशान, मुस्लिमों का कब्रस्तिान व मस्जिद है जिससे लोगों को उक्त स्थान पर शव ले जाने में 3 किमी० की दूरी तय करनी पड़ती है। कृपया रजागंज के पास रेलवे फाटक खुलवाने की कृपा करें। गोला रेलवे स्टेशन के पास ग्राम भवानीगंज ग्रा०पं० पुनर्भूग्रन्ट में मरघट रोड को रेलवे द्वारा बन्द कर दी गई है। जिससे लगभग 20 हजार की आबादी प्रभावित हो रही है गाँव के बच्चो को स्कूल आने जाने में, बजाज चीनी मिल में कार्यरत कर्मचारियों एवं मजदूरों को आने जाने में, अस्पताल एवं मुक्ति धाम आने जाने में दिक्कत होती है। कृपया भवानीगंज मरघट रोड के पास पुल/ओवर ब्रिज बनवाने की कृपा करें। जनपद लखीमपुर के खीरी टाउन में अरनीखाना रेलवे स्टेशन था जिसे बदलकर हाल्ट कर दिया गया है जबकि खीरी टाउन की आबादी लगभग 60-70 हजार की है। कृपया पुनः अरनीखाना रेलवे स्टेशन बनाने की कृपा करें। उत्तर प्रदेश के जनपद लखीमपुर-खीरी में प्रति वर्ष विकास खण्ड पलिया, बिजुआ, निघासन, रमियाबेहड़, फूलबेहड़ एवं नकहा में शारदा नदी की बाढ़ से हजारो गाँव प्रभावित हो जाते है और प्रति वर्ष सरकार का करोड़ो रूपया खर्च होता है। फिर भी सैकड़ो मकान और सैकड़ो एकड़ जमीन कटकर नदी मे समा जाती है। प्रति वर्ष जन और धन की हानि होती है। प्रति वर्ष करोड़ो रूपया खर्च करने के बजाय इसका स्थाई समाधान बनबसा डेम से शारदा बैराज तक शारदा नदी के उत्तरी एवं दक्षिणी तटबन्ध बनाने की कृपा करें। जिससे लोगों की जन एवं धनहानि न होने पायें तथा शारदा बैराज से NH-730 पर शारदा पुल तक उत्तरी तटबन्ध बना हुआ है। कृपया शारदा बैराज से NH-730 पर शारदा पुल तक का भी दक्षिणी तटबन्ध बनवाने की कृपा करें। जनपद लखीमपुर खीरी में नेपाल से आने वाली महोना, सुहेली नदी भी बाढ़ से मकान एवं जमीनें काटकर नदी में समा लेती है इन नादियों पर जहाँ-जहाँ कटान हो रहा है। वहाँ-वहाँ स्पर बनवाकर नादियों को मूलधारा में भेजने की कृपा करें। जिससे किसानों की बाढ़ से सुरक्षा हो सकें। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर के जनपद में हमारी 28-खीरी लोकसभा क्षेत्र में कोई नवोदय विद्यालय नही है। हमारा लोकसभा क्षेत्र नेपाल सीमा से लगा हुआ जिसमें शिक्षा का अत्यधिक आभाव है आपसे निवेदन है कि जनहित में विकास खण्ड फूलबेहड़ में एक नवोदय विद्यालय बनवाने की कृपा करें।

उत्तर प्रदेश के लखीमपुर जनपद के दुधवा टाईगर प्रोजेक्ट क्षेत्र से वन्य पशु वन्य क्षेत्र से बाहर आ जाते है। जिससे वन्य पशु दर्जनो मानवो का शिकार कर वध कर देते है। दुधवा टाईगर प्रोजेक्ट क्षेत्र को चारों तरफ तार से घेरने की कृपा करें। जिससे मानव वध को रोका जा सकें। मानव वध पर मुआवजा कम से कम 10 लाख रूपया किया जाये। उत्तर प्रदेश का जनपद लखीमपुर-खीरी क्षेत्रफल में सबसे बड़ा जनपद है और नेपाल सीमा से लगा हुआ है। कई वर्षों से हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर न

होने के कारण काफी लोगों की जाने चली जाती है। कृपया हृदय रोग डॉक्टर की नियुक्ति कराने की कृपा करें। सरकार हर बार सबका साथ सबका विकास की बात करती है, परन्तु बजट में समावेशी विकास की अवधारणा नदारद है। पिछड़े, दलित एवं अल्पसंख्यकों के उत्थान के लिए कोई ठोस प्रयास बजट में नजर नहीं आता है। सरकार की नीतियों के कारण अमीर और गरीब के बीच आय विषमता लगातार बढ़ रही है। गरीब लगातार और गरीब होता जा रहा है, जो कि गरीबों के प्रति सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाती है। देश को विकसित बनाने के लिए कृषि, ग्रामीण विकास, शिक्षा, निवेश, अनुसंधान, एवं रोजगार पर अत्यधिक ध्यान देने की जरूरत है। बजट 2025-26 में इन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया है। सरकार को नारेबाजी एवं जुमलेबाजी से हटकर देश के विकास के लिए ठोस कदम उठाना चाहिए। जिससे लोगों की आय बढ़ सके तथा उनके जीवन में खुशहाली लाई जा सके।

अदम गोंडवी जी की चंद लाइनों के साथ की मै अपनी वाणी को विराम देना चाहूंगा-

" तुम्हारी फाइलों में गांव का मौसम गुलाबी है,
मगर ये आंकड़े झूठे हैं, ये दावा किताबी हैं।"

धन्यवाद।

(इति)

*श्री राम शिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती) : माननीय अध्यक्ष जी, बजट भाषण पर आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। साथ ही, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय अखिलेश यादव जी का आभार प्रकट करता हूं कि उनके आशीर्वाद से और मेरे लोक सभा क्षेत्र श्रावस्ती और बलरामपुर की सम्मानित जनता का धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने मुझे अपना आशीर्वाद देकर लोकतंत्र के सर्वोच्च मंदिर संसद में भेजा ताकि मैं पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक (पीडीए समाज), शोषित, पीड़ित, वंचित, गरीब, किसान, युवा, महिला और बेरोजगार की आवाज को इस सदन में गंभीरता से उठा सकूँ।

महोदय, सबसे पहले मैं, मौजूदा सरकार के बदइंतजामी और नाकामी के कारण महाकुंभ में हुई दुखद घटना में अपनी जान गवाने वाले श्रद्धालुओं के परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।

अध्यक्ष महोदय, हमारे देश में आदरणीय बाबा साहब अंबेडकर के योगदान तथा प्रयासों के कारण हमें यह प्रजातांत्रिक संविधान मिला है। लेकिन मौजूदा सरकार ने सभी लोकतांत्रिक संस्थाओं का जिस तरह से सर्वनाश किया है, वह अत्यंत ही दुखद है।

इस बात के वैसे तो अनेकों उदाहरण मौजूद हैं, लेकिन सबसे ताजा उदाहरण प्रयागराज में चल रहे पावन महाकुंभ में स्नान करने आए श्रद्धालुओं की हुई मौतों पर सरकार द्वारा पर्दा डालने की कोशिश करना है। समाज के कई गरीब और असहाय लोगों की जान चली गई। उस पर सरकार की चुप्पी अत्यंत ही दुखद है।

अध्यक्ष महोदय, बहुत ही खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि बजट भाषण में किसानों का कर्ज माफ करने, एमएसपी (MSP) लागू करने, बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी को दूर करने, युवाओं और महिलाओं के लिए नए रोजगार उपलब्ध करने, फ्री शिक्षा व्यवस्था लागू करने, किसानों को सिचाई के लिए फ्री बिजली देने, मनरेगा मजदूरों की मजदूरी बढ़ाने, आशा वर्कर्स, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, शिक्षा मित्र और अनुदेशकों की मानदेय बढ़ाने के बारे में, संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों के लिए, पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक, तथा शोषित, पीड़ित और वंचित लोगों के उत्थान के लिए और उनको समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए बजट में कोई विशेष प्रावधान नही किया गया है।

देश का अन्नदाता किसान आज बहुत परेशान है। कितने किसान आत्महत्या करने को मजबूर हैं। सरकार का लक्ष्य 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का था। आज 2025 चल रहा है। सच्चाई यह कि धरातल पर देखा जाए तो किसानों की आय दोगुनी तो हुई नहीं, उल्टे महंगाई कई गुनी जरूर बढ़ गई है।

किसानों को कृषि कार्य के लिए उपयोग में लायी जाने वाली कृषि उपकरणों पर लगने वाले टैक्स में 100 प्रतिशत छूट देने की व्यवस्था की जानी चाहिए थी। खाद, यूरिया, नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटैशियम, जिंक, डी.ए.पी. आदि के दाम आसमान छू रहे हैं। यूरिया बैग, जो पहले 50

---

* Laid on the Table

किलो का आता था, सरकार ने उसे घटाकर 40 किलो कर दिया, लेकिन उसके दाम में कोई कटौती नही की गई है, जिससे किसानों की लागत बढ़ गई है।

महोदय, देश में बच्चों को फ्री शिक्षा दिए जाने के सम्बंध में शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए बजट में कोई विशेष प्रावधान नहीं किया गया है। बढ़ती कमरतोड़ महंगाई के दौर में बच्चों की शिक्षा आज बहुत ही महंगी हो गयी है। एक आम गरीब व्यक्ति अपने बच्चे को अच्छी शिक्षा नहीं दिला सकता। सरकार को पूरे देश में फ्री शिक्षा व्यवस्था लागू करना चाहिए। हमारा संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती और जनपद बलरामपुर, जो आकांक्षी जिलों के अंतर्गत आता है, वह शिक्षा के मामले में बहुत ही पिछड़ा क्षेत्र है। आज भी यहाँ के बच्चे उच्च और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित हैं।

श्रावस्ती जनपद में आज तक कोई मेडिकल कॉलेज नहीं है। इस ओर सरकार को विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

महोदय, बजट भाषण में मनरेगा मजदूरों के विकास के सम्बंध में मैं कहना चाहता हूं कि वर्तमान बजट में मनरेगा के लिए बजट आवंटन बढ़ने की उम्मीद पूरा देश लगाए बैठा था, लेकिन गरीब मजदूरों के प्रति उदासीन रवैया अपनाते हुए इस सरकार ने मनरेगा का बजट पिछली बार की तरह ही इस बार भी 86,000 करोड़ पर ही स्थिर रखा है।

महोदय, जिस तरीके से मनरेगा मजदूरों की मजदूरी 237 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से दी जाती है। वह आज के कमरतोड़ महँगाई के दौर में 'ऊंट के मुह में जीरा' के समान है।

बजट में मनरेगा मजदूरों की 100 दिन की रोजगार गारंटी को बढ़ाकर 365 दिन किया जाना चाहिए था और उन्हें मिलने वाली दैनिक मजदूरी को 237 रुपए से बढ़ाकर कम से कम 400 रुपए प्रतिदिन की जानी चाहिए थी, जिसका इस बजट भाषण में कहीं भी जिक्र नहीं किया गया है।

प्रधानों को मनरेगा का पैसा समय पर नहीं मिलता है, जिस कारण ग्राम सभा स्तर पर विकास कार्य बाधित होते है। उनको समय पर पैसा देना सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

महोदय, देश में जातिगत जनगणना कराये जाने के सम्बंध में मैं कहना चाहता हूं कि बजट भाषण मे सामाजिक-आर्थिक और जातिगत जनगणना को लेकर कही कोई जिक्र नही किया गया है। वर्तमान समय में समाज के सबसे निचले तबके और वंचित वर्ग के लोगों को, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए और देश से बेरोजगारी को दूर करने के लिए सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना कराना आवश्यक है. ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में वास्तव में जो पात्र लाभार्थी हैं, उनकी पहचान करके, उनके अनुरूप संसाधनो की व्यवस्था, रोजगार और नीति का निर्धारण किया जा सके, जिसका बजट भाषण मे कोई जिक्र नहीं है।

महोदय, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए विशेष राहत पैकेज के देने के संबंध में मैं कहना चाहता हूं कि इस बजट भाषण में देश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए कोई विशेष पैकेज की व्यवस्था नहीं की गई है। उत्तर प्रदेश के कई बाढ़ प्रभावित जिलों, जिनमें मेरे संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती के दोनों आकांक्षी जिलों श्रावस्ती और बलरामपुर में लगभग हर साल राप्ती नदी में बाढ़ आती है, जिससे हजारों एकड़ जमीन पानी से जलमग्न हो जाता है, किसानों की फसलें बर्बाद हो जाती हैं, आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है, लोगों के भारी जान-माल का नुकसान होता है। बजट भाषण में बाढ़ प्रभावित जिलों

के लिए विशेष पैकज की व्यवस्था की जानी चाहिए थी, जिसका बजट भाषण में कहीं कोई जिक्र नहीं है।

अध्यक्ष महोदय, सांसद स्थानीय विकास निधि को बढाने के संबंध में मैं कहना चाहता हूं कि इस बजट भाषण मे सांसद निधि बढ़ाने का कोई प्रावधान नही किया गया है। हम सब यह जानते हैं कि लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र का दायरा विधान सभा से कई गुना ज्यादा होता है। अमूमन एक लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत करीब 5 से 7 विधान सभा क्षेत्र आते हैं। प्रत्येक सांसद को क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिवर्ष 5 करोड़ रुपए सांसद निधि (सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत) मिलती है, जो बहुत ही कम है जबकि उत्तर प्रदेश के विधायक को एक विधान सभा क्षेत्र के विकास के लिए सांसद के बराबर ही 5 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष मिलते हैं। उक्त निधि से सांसद एक विधान सभा में केवल एक किलो मीटर तक ही सड़क बनवा सकता है। इस तरह वह साल भर में केवल 5 किमी ही सड़क बनवा सकता है। ऐसे में इतने बड़े संसदीय क्षेत्र का विकास कैसे हो पायेगा? इसलिए सरकार को सांसद निधि बढ़ा कर 25 करोड़ रुपये करने पर विचार करना चाहिए। साथ ही, इसे जीएसटी मुक्त करना चाहिए।

अध्यक्ष महोदय, पुरानी पेंशन को बहाल करने के संबंध में मैं कहना चाहता हूं कि बजट भाषण में सरकारी कर्मचारियों को मिलने वाली पुरानी पेंशन व्यवस्था को बहाल करने के लिए कहीं कोई जिक्र नहीं किया गया है। करीब 20 वर्षों से पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग सरकारी कर्मचारी कर रहे हैं। केन्द्र और राज्य सरकारों के करीब 6 करोड़ कर्मचारी और उनके आश्रित इससे सीधे तौर पर प्रभावित हो रहे हैं। सरकार से मेरी मांग है कि कर्मचारियों की सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा हेतु पुरानी पेंशन व्यवस्था को जल्द से जल्द बहाल किया जाना चाहिए।

अध्यक्ष महोदय, वैसे तो यह सरकार अपनी उपलब्धियां का डंका जोर-जोर से पीट रही है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत है। आज देश का हर तबका महंगाई की मार झेल रहा है तथा विकास की धीमी गति से आम आदमी की प्रगति पर बेड़ियां पड़ गयी हैं।

सरकार के आर्थिक सर्वे में स्वयं स्वीकार किया गया है कि अर्थव्यवस्था के विकास की गति 6.3 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत के बीच रहने वाली है जबकि करीब 145 करोड़ की जनसंख्या जैसे विशाल देश को विकसित देश बनाने के लिए कम से कम 8 प्रतिशत की आर्थिक विकास की गति जरूरी है। इस बात को सरकार भी स्वीकार करती है, लेकिन यह सरकार पूंजीपतियों को बढ़ावा देने वाली है, जिसके कारण उसके निर्णय के केन्द्र में आम जनता न होकर सिर्फ पूंजीपति ही होते हैं। इस सरकार की नीतियों के कारण गरीब और गरीब होता जा रहा है, जबकि अमीर और अमीर हो रहा है। आज भी हमारी आबादी का एक बड़ा भाग गांव में रहता है, लेकिन गांवों के विकास पर इस सरकार का बिल्कुल भी फोकस नहीं है। यह सरकार विज्ञापन के माध्यम से अपनी छवि बनाने में जुटी है, लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि आम जनता को अपना जीवन यापन करने में अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आज भी हमारे अन्नदाता किसान अपने अधिकारों की रक्षा के लिए आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन इस सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है।

अध्यक्ष महोदय, इस बजट ने समाज के सभी वर्गों को निराश किया है। यह बजट असल में चुनावी बजट है। मैं और हमारी पार्टी इस बजट का विरोध करते हैं।

धन्यवाद। (इति)

***श्री सुधाकर सिंह (बक्सर) :** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं राष्ट्रीय जनता दल के तरफ से सामान्य बजट के विरूद्ध में खड़ा हूँ। सबसे पहले, मैं इस सदन के माध्यम से हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री, डॉ. मनमोहन सिंह जी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। उनका निधन देश के लिए अपूरणीय क्षति है। वे एक प्रखर अर्थशास्त्री और संवेदनशील राजनेता थे, जिन्होंने देश को आर्थिक स्थिरता देने के साथ-साथ बिहार के विकास को भी प्राथमिकता दी।

इसके साथ ही, मैं महाकुंभ के दौरान हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं में अपने प्राण गंवाने वाले श्रद्धालुओं को भी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। यह बेहद दुखद है कि एक ऐसा आयोजन, जो आस्था और विश्वास का प्रतीक होता है, वहां सरकार की लापरवाही के कारण इतनी बड़ी संख्या में लोग अपनी जान गंवा बैठे। जो सरकार अपनी जनता की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकती, वह भला विकास के बड़े-बड़े वादे कैसे निभाएगी? सरकार को इस घटना की पूरी जिम्मेदारी लेनी चाहिए और पीड़ित परिवारों को न्याय मिलना चाहिए।

आजकल मोदी सरकार का अमृत काल चल रहा है। इसमें हम भारत के लोग में हम कहाँ है। अमृत के बंटवारे में किसानों, कामगारों, कारीगरों, नौजवानों और छात्रों को अमृत के रूप में क्या मिला, यह देशवासियों को गौर करने का विषय है।

मैं आज यहाँ सिर्फ अपनी चिंताओं को व्यक्त करने के लिए नहीं बल्कि बिहार के बारे में केन्द्र सरकार के द्वारा बनाए गए सावधानीपूर्वक निर्मित भ्रम को तोड़ने के लिए खड़ा हुआ हूँ। मेरे राज्य के लोग सच्चाई के हकदार हैं न कि बयानबाजी से लिपटे खोखले वादों को सुनने के लिए।

यह बजट देश के उस 80% आबादी के लिए एक भारी असफलता है, जो मेहनत से देश की अर्थव्यवस्था को चलाते हैं लेकिन खुद दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। भले ही भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा हो, लेकिन हमारी प्रति व्यक्ति आय नीचे से 141 वें स्थान पर है। यह बजट सिर्फ अमीर और गरीब के बीच की खाई को और चौड़ा करता है, जिससे गरीब और ज्यादा गरीब होता जा रहा है। बिहार, झारखंड जैसे गरीब राज्यों के लिए यह बजट एक बड़ी निराशा है, जिसमें न तो कोई विशेष सहायता दी गई और न ही बुनियादी ढांचे के सुधार की कोई ठोस योजना बनाई गई। इससे भी बड़ा दुर्भाग्य यह है कि इस बजट के जरिए बिहार को एक खराब छवि में दिखाया गया है, मानो राज्य को बहुत कुछ मिल गया हो। मैं जानता हूँ कि संसद में मेरे कई साथी यह दावा कर रहे हैं कि बिहार को इस बजट में भरपूर लाभ मिला है, लेकिन मैं साफ तौर पर कहना चाहता हूँ कि यह एक सफेद झूठ है। बिहार को जो मिला, वह दिखावे के अलावा कुछ नहीं है। देश की आबादी में बिहार का अनुपात करीब 10 प्रतिशत है लेकिन केन्द्रीय योजनाओं में 2 प्रतिशत भी आबंटन नहीं मिला है। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा क्यों चाहिए और यह बजट हमारी समस्याओं का 1% भी हल क्यों नहीं करता?

बिहार की हालत पर केवल छह बार नाम लेने से हमारी समस्याएँ हल नहीं हो जातीं। असलियत यह है कि बिहार के बुनियादी ढांचे की स्थिति दयनीय है और इसके बिना औद्योगिक

---

* Laid on the Table

विकास संभव ही नहीं है। राष्ट्रीय औसत प्रति लाख जनसंख्या पर 11 किमी हाईवे है, लेकिन बिहार में यह मात्र 5.4 किमी है। यह अंतर हमारी गरीबी के मुख्य कारणों में से एक है। लेकिन वित्त मंत्री के बजट भाषण में एक भी नया हाईवे या एक्सप्रेसवे घोषित नहीं किया गया, जबकि पिछले बजट में किए गए वादों पर भी अभी तक कोई काम शुरू नहीं हुआ है। जैसे कि बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेसवे कागजों से नीचे उतरकर ज़मीन पर कहीं भी दिखाई नहीं दे रहा है।

शिक्षा की स्थिति और भी चिंताजनक है। पूरे भारत में औसतन 15% लोग ग्रेजुएट हैं, लेकिन सामाजिक और आर्थिक जनगणना के अनुसार बिहार में यह संख्या सिर्फ 7% है। बिहार की बौद्धिक प्रगति के लिए किसी भी नए केंद्रीय विश्वविद्यालय या उच्च शिक्षा संस्थान की घोषणा इस बजट में नहीं की गई। जब तक उच्च शिक्षा को मजबूत नहीं किया जाएगा, बिहार के युवाओं को विकास का लाभ नहीं मिलेगा।

इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की हालत और बदतर है। पटना को छोड़कर शायद बिहार के किसी शहर में क्रिटिकल मरीजों को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध हो। जहां तक पटना के भीतर दो अस्पतालों को छोड़ दिया जाए तो PMCH और NMCH की हालत इंसानों को छोड़ दिया जाए तो जानवरों तक का इलाज प्रभावी तरीके से नहीं हो सकता है। 13 करोड़ आबादी के लिए मात्र 1500 बेड का एम्स दिया गया है। वही दिल्ली जैसे छोटे राज्यों के लिए एम्स, सफदरजंग और राम मनोहर लोहिया जैसे दर्जनों सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल मौजूद हैं। जिसका दुष्परिणाम है कि बिहार के लाखों में मरीज इलाज हेतु दिल्ली आते हैं। अगर आप दिल्ली AIIMS के बाहर फुटपाथ पर सोए हुए मरीजों से पूछेंगे कि वे कहाँ से आए हैं, तो उनमें से अधिकतर कहेंगे-बिहार से! इससे बड़ा सबूत और क्या चाहिए कि केंद्र सरकार देश के सबसे गरीब राज्य में विश्वस्तरीय अस्पताल बनाने में कोई रुचि नहीं रखती? कहीं इससे ज्यादा लोग आर्थिक आभाव में अपना जीवन त्याग देते हैं। भारत सरकार ने आयुष्मान भारत जैसी महत्वाकांक्षी योजना शुरू की, जिससे लाखों गरीब भारतीयों को स्वास्थ्य लाभ मिल सके। लेकिन बिहार की स्थिति इतनी दयनीय है कि कई जिलों में एक भी ऐसा अस्पताल नहीं है जो आयुष्मान कार्ड की शर्तों को पूरा कर सके। जबकि बिहार जैसी बड़ी आबादी वाले राज्य में हर जिले में कम से कम 2-3 अस्पताल होने चाहिए या कम से कम हर उप-मंडल स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। आयुष्मान भारत का फायदा तब ही मिल सकता है जब अस्पताल और बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं मौजूद हों, लेकिन बिहार को इन बुनियादी सुविधाओं से ही वंचित रखा गया है। इसका निदान यही है कि बिहार में काम से कम 5 एम्स और पांच केंद्रीय विश्वविद्यालय की और स्थापना की जाए। जिससे आने वाले एक दशक में स्वास्थ्य और शिक्षा सेवा राष्ट्रीय औसत के करीब पहुंच सके। यही कारण है कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिलना जरूरी है। जब तक हमें औद्योगिक, शैक्षणिक और स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए विशेष सहायता नहीं मिलेगी, तब तक बिहार और पूरे देश के बीच विकास की खाई और चौड़ी होती जाएगी। इस बजट ने बिहार को सिर्फ नाम लेकर छलने का काम किया है, असल में बिहार के लिए कुछ नहीं किया गया।

देश के किसानों के खराब माली हालात एवं घटती आमदनी के मद्देनजर अब कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है। जिस तरह से आर्थिक उदारीकरण के नाम पर देश के किसानो को, खासतौर से बिहार के किसानों को, बाज़ार के हवाले छोड़ देने से घटती आमदनी के दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं, उसी तरह देश के कई हिस्सों में किसानों की आत्महत्या की खबरें लगातार विचलित कर रही हैं। वहीं केंद्र सरकार द्वारा लगातार हठधर्मिता का परिचय देते हुए, बीते समय से किसानों की मांग के अनुरूप न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) की गारंटी का कानून नहीं बनाना, देश के किसान और किसानी दोनों को गहरे संकट की ओर ढकेल रहा है!

यह भी ध्यान देने योग्य है कि सरकार ने किसान आंदोलन को समाप्त कराने के लिए वादा किया था कि वह स्वामीनाथन आयोग के फार्मूले के अनुसार MSP लागू करेगी, लेकिन आज तक इस वादे को पूरा नहीं किया गया है! कृषि संकट अकेले बाज़ार और मूल्य निर्धारण का नहीं है, बल्कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा बांझ बीज, कीटनाशक एवं उर्वरकों के क्षेत्र में अवैध घुसपैठ ने संकट को और गहरा कर दिया है।

मैं इस सदन को बताना चाहता हूँ कि जहाँ केंद्र की बीजेपी सरकार ने 2020 में तीन काले कृषि कानून लाने की कोशिश की, वहीं बिहार में नीतीश कुमार की जेडीयू और बीजेपी की डबल इंजन सरकार ने 2006 में उससे भी अधिक दमनकारी और किसान विरोधी कानून लागू किए। नीतीश कुमार सरकार की सतही सोच और गलत नीतियों के कारण आज बिहार का किसान देश का सबसे गरीब किसान बन गया है, और हालात ऐसे हैं कि कई किसान खेती छोड़कर अन्य परदेशों में मजदूरी व निर्माण कार्य करने को मजबूर हैं।

जैसा कि मैं चर्चा किया इसपर कि जब तक विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिलता तबतक विशेष पैकेज कि व्यवस्था के जरिये सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण के प्रभावी तंत्र को विकसित करने के लिए विशेष प्रबंध कि आवश्यकता है ! जिसमें प्रमुख रूप से कोसी नदी पर नेपाल के अंतर्राष्ट्रीय सीमा में हाई डैम का निर्माण जिससे केवल सिंचाई कि व्यवस्था सुनिश्चित होगी बल्कि बाढ़ नियंत्रण और हरित ऊर्जा का बड़ा स्रोत भी पैदा होगा, इसके अलावा दक्षिण बिहार के सूखाग्रस्त क्षेत्र के लिए सोन नदी पर कदवन जलाशय योजना और कोयल नदी पर झारखंड सीमा रेखा पर मंडल डैम को तत्काल चालू करने से बिहार के सम्पूर्ण GDP मे 25 से 30 प्रतिशत तक बढ़ोतरी होना और उन प्रभावित इलाकों में पलायन रोकने में भी कामयाब होगा.

अगर भारत को सुपर पावर बनाना है तो उसके लिए पूर्वी भारत खासतौर से बिहार राज्य को शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय औसत तक ले जाने के लिए विशेष बजट का उपबंध करना होगा जो कि वित्त मन्त्री के अभिभाषण मे दूर दूर तक नहीं दिखाई पड़ रहा है !

सबसे बड़ा सवाल यह है कि पूर्वी भारत और पश्चिमी भारत के बीच की गहरी असमानता को कब तक नजरअंदाज किया जाएगा? अगर हम शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि उत्पादकता, और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं की बात करें, तो यह साफ़ दिखाई देता है कि पूर्वी भारत लगातार पीछे छूट रहा है। बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर के राज्यों के साथ सरकार का सौतेला व्यवहार किसी से छुपा नहीं है। केंद्र सरकार की सभी प्रमुख योजनाएँ और बड़े-बड़े राष्ट्रीय प्रोजेक्ट

सिर्फ पश्चिमी और दक्षिणी राज्यों तक सीमित रह गए हैं। केंद्र सरकार के विकास कार्यों की प्राथमिकताएँ स्पष्ट रूप से दिखाती हैं कि बिहार और पूर्वी भारत को योजनाबद्ध तरीके से उपेक्षित किया जा रहा है। जब आंध्र प्रदेश को 2 लाख करोड़ रुपये का हाइड्रोजन एनर्जी प्रोजेक्ट दिया जाता है, गुजरात को 80,000 करोड़ रुपये की सेमीकंडक्टर फैक्टरियाँ 1.5 लाख करोड़ रुपये का बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट महाराष्ट्र और गुजरात दोनों को मिला और महाराष्ट्र के पालघर में 76,000 करोड़ रुपये का डीप वाटर पोर्ट मिलता है, तब यह सवाल उठता है कि बिहार को क्या मिला? बिहार को बजट में झुनझुना पकड़ाया गया, जिसमें एक ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट की घोषणा की गई, लेकिन अब तक जमीन पर इसका कोई नाम-ओ-निशान नहीं है। बक्सर से भागलपुर एक्सप्रेसवे सिर्फ कागजों में बना हुआ है, जबकि सरकार इसका ढोल पीट रही है। ज़मीनी हकीकत यह है कि एक भी ईंट तक नहीं रखी गई। इसी तरह, 2016 में घोषित दरभंगा एम्स आज भी अधर में लटका हुआ है, जबकि बिहार में स्वास्थ्य सुविधाओं की हालत बदतर होती जा रही है। क्या यही है केंद्र सरकार का बिहार के प्रति प्रेम? बिहार को हर बार वादों और घोषणाओं से बहलाया जाता है, लेकिन जब निवेश और बड़े प्रोजेक्ट्स देने की बात आती है, तो बिहार को हाशिए पर डाल दिया जाता है। यह सरकार साफ संदेश दे रही है कि बिहार उनके लिए महज़ एक चुनावी गणित है, विकास की प्राथमिकता नहीं। प्रधानमंत्री जी 'सबका साथ, सबका विकास' का नारा तो लगाते हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि सबका साथ छूट गया और विकास सिर्फ कुछ राज्यों तक सीमित रह गया।

बिहार और अन्य गरीब राज्यों को केंद्र सरकार की योजनाओं में जानबूझकर अनदेखा किया जाता है। रेलवे की बात करें तो इस भेदभाव का एक और उदाहरण साफ दिखता है। बिहार में रेलवे स्टेशनों की हालत दयनीय है, ट्रेनों का ठहराव कम कर दिया गया है, नए प्रोजेक्ट की स्वीकृति नहीं मिल रही, और जहाँ ट्रेनें चलती भी हैं, वहाँ यात्रियों को अत्यधिक भीड़ और असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। क्या सरकार यह मान चुकी है कि बिहार के लोग रेलवे में निवेश के लायक नहीं हैं? यह रेलवे, जो देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, उसे लगातार कमजोर किया जा रहा है, और निजीकरण की ओर धकेला जा रहा है। लंबे समय से घोषित रेलवे परियोजना बिहार में कछुए की गति को भी मात दे रही है। जैसे कि आरा मुंडेश्वरी रेल लाइन अभी फाईलों से बाहर तक नहीं आई। भारत सरकार के श्रम पोर्टल पर बिहार के करीब तीन करोड़ लोग प्रवासी मजदूर के रूप में दर्ज हैं। जो रोजगार के अवसर की तलाश में अभी देश में लगातार यात्राएं करते हैं। लेकिन दूसरी तरफ सबसे कम ट्रेनें बिहार में चलती है। इससे ज्यादा क्या दुखद हो सकता है की प्रतिदिन समाचार चैनलों के द्वारा दिखाया जाता है कि, ट्रेन बोगीयों में यात्री जानवरों जैसे लटकर आते जाते हैं। इसके लिए केंद्र सरकार का कोई ठोस पहल नहीं दिखता है!

देश के भीतर आर्थिक असमानता और भेदभाव केवल परियोजनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि टैक्स और शुल्कों में भी दिखाई देता है। "वन नेशन, वन इलेक्शन" की बात कर लोकतंत्र की मूल भावना पर हमला किया जा रहा है, लेकिन इस सरकार को "वन नेशन, वन टैरिफ" की जरूरत क्यों महसूस नहीं होती? देश के अलग-अलग हिस्सों में पेट्रोल-डीजल और अन्य वस्तुओं की कीमतें

अलग- अलग हैं। अगर इस सरकार को सच में राष्ट्रीय एकता की चिंता होती, तो पूरे देश मैं एक समान कर प्रणाली लागू होती, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग को राहत मिलती।

शिक्षा की बात करें, तो सरकार "वन नेशन, वन एजुकेशन" की नीति लागू करने में असफल रही है। "शिक्षा का अधिकार" कानून पूरे देश में लागू होना चाहिए था, लेकिन यह केवल 8वीं कक्षा तक सीमित कर दिया गया, जबकि भारत के करोड़ों गरीब और पिछड़े बच्चों को 12वीं तक की मुफ्त और समान शिक्षा की सख्त जरूरत है। सरकारी स्कूलों की हालत बदहाल है, लेकिन सरकार केवल दिखावे के नए-नए कानून बनाकर अपनी पीठ थपथपा रही है। शिक्षा में यह असमानता सरकार की नीतिगत विफलता का एक और प्रमाण है।

बेरोज़गारी की मार झेल रहे युवाओं के लिए यह सरकार पूरी तरह से विफल साबित हुई है। जब सत्ता में आने से पहले 2 करोड़ नौकरियों का वादा किया गया था, तब युवाओं को लगा था कि उनका भविष्य सुरक्षित होगा। लेकिन सच्चाई यह है कि पूरे देश में सिर्फ 10 लाख सरकारी नौकरियाँ दी गई, जबकि अकेले बिहार में महागठबंधन सरकार बनने के बाद माननीय तेजस्वी यादव जी के नेतृत्व में मात्र एक साल में 5 लाख सरकारी नौकरियाँ दी गईं। यह स्पष्ट करता है कि अगर नीयत साफ हो, तो रोजगार सृजन असंभव नहीं है। लेकिन केंद्र सरकार का ध्यान सिर्फ जुमलों पर है, न कि देश के युवाओं के भविष्य पर।

खेलों में भारत का प्रदर्शन निराशाजनक होता जा रहा है। वैश्विक स्तर पर देश पिछड़ रहा है, लेकिन सरकार की प्राथमिकताओं में खिलाड़ियों के लिए कोई ठोस नीति नहीं है। भारत के युवा खिलाड़ी संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं, और सरकार को सिर्फ इवेंट आयोजित करके फोटो खिंचवाने में रुचि है। इसी तरह, व्यापार में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। निर्यात घट रहा है, आयात बढ़ रहा है, जिससे व्यापार घाटा बढ़ता जा रहा है। रुपया लगातार गिर रहा है, डॉलर के मुकाबले इसकी कीमत घट रही है, लेकिन सरकार को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।

प्रधानमंत्री आवास योजना का असफल लक्ष्य भी सरकार की विफलता को उजागर करता है। 2022 तक सभी को मकान देने का वादा किया गया था, लेकिन अब तक आधे मकान भी पूरे नहीं हुए हैं। और अब सरकार योजना का विस्तार कर रही है और इसमें अतिरिक्त 3 करोड़ मकानों की घोषणा कर रही है। सवाल यह है कि अगर सरकार का दावा सही है कि उसने 20 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है, तो फिर ये नए गरीब लोग अचानक कहाँ से आ गए? या तो सरकार का दावा झूठा है, या फिर यह योजना सिर्फ कागजों पर चल रही है।

आदिवासी समाज के हितों की अनदेखी लगातार की जा रही है। वन उपज अधिनियम, 2007 (Vanya Upaj Adhiniyam, 2007) को आज तक पूरी तरह से आदिवासी क्षेत्रों में लागू नहीं किया गया, जिससे वहाँ गरीबी और असमानता लगातार बढ़ती जा रही है। यह अधिनियम आदिवासियों को उनके जंगलों पर अधिकार देने और उनके परंपरागत आजीविका साधनों को सुरक्षित करने के लिए लाया गया था, लेकिन सरकारों की उदासीनता के कारण इसका लाभ आदिवासी समुदायों तक नहीं पहुँच पाया। परिणामस्वरूप, उनके जंगल, ज़मीन और संसाधन धीरे-धीरे बड़ी कंपनियों और खनन माफियाओं को सौंपे जा रहे हैं। आदिवासी समुदायों को उनकी ही भूमि से बेदखल किया जा

रहा है, और उन्हें आज भी अपने प्राकृतिक संसाधनों पर अधिकार नहीं दिया जा रहा। बड़ी खनन कंपनियाँ और कॉरपोरेट लॉबियाँ जंगलों को उजाड़कर खनिज संपदा का दोहन कर रही हैं, जबकि वहाँ रहने वाले आदिवासी लोग विस्थापन और बेरोजगारी के शिकार हो रहे हैं।

इससे न सिर्फ आदिवासी समाज में गहरा असंतोष बढ़ रहा है, बल्कि उनका सामाजिक और आर्थिक शोषण भी जारी है। अगर सरकारें इस अधिनियम को सख्ती से लागू करतीं, तो आदिवासी समुदाय को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता था, लेकिन आज भी उनकी जमीनें छीनी जा रही हैं और उन्हें गरीबी में धकेला जा रहा है। यह सरकार की दोहरी नीति को दर्शाता है, जहाँ एक ओर आदिवासियों के विकास की बातें होती हैं, वहीं दूसरी ओर उनके जल, जंगल और ज़मीन को कॉरपोरेट के हवाले किया जा रहा। जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। निष्पक्ष चुनाव कराने की बजाय राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश की जा रही है। "ग्रीन एनर्जी" का ढोंग किया जा रहा है, लेकिन बिहार जैसे गरीब राज्यों में पुराने थर्मल पावर प्लांट लगाए जा रहे हैं क्या यही पर्यावरण नीति है?

सरकार सहकारी संस्थानों पर हमला कर रही है, जो भारत की आर्थिक संरचना का एक मजबूत स्तंभ हैं। देश में सहकारिता आंदोलन को कमजोर करने की लगातार कोशिशें हो रही हैं, ताकि इसे निजी हाथों में सौंपा जा सके। अगर हम बिहार और झारखंड में बिस्कोमान (BISCOMAUN) का उदाहरण लें, तो यह साफ दिखता है कि कैसे सरकार योजनाबद्ध तरीके से लोकतांत्रिक संस्थाओं को नष्ट कर रही है। बिस्कोमान के निदेशक मंडल के चुनावों को 6 बार स्थगित किया गया, जिससे 15 महीने से अधिक की देरी हो चुकी है। इतना ही नहीं, राज्य सरकार की मिलीभगत से निर्वाचित निदेशक को जबरन हटा दिया गया और उनकी जगह राज्य सरकार द्वारा नियुक्त 3 निदेशकों को बैठा दिया गया। यह सीधे-सीधे लोकतंत्र की हत्या है। सहकारी संस्थाएँ किसानों, छोटे व्यापारियों और आम जनता के हितों के लिए बनाई गई थीं, लेकिन सरकार इन्हें कमजोर करके पूंजीपतियों के हित साधने में लगी है। अगर लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सहकारी संस्थाओं को इस तरह खत्म किया जाएगा, तो आम लोगों का लोकतंत्र पर विश्वास कैसे बच पाएगा? यह सरकार लोकतंत्र को खोखला करने की एक-एक ईंट उखाड़ रही है, और सहकारी संस्थाओं को खत्म करने की इस साजिश को देश देख रहा है।

धन्यवाद।

(इति)

*श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशन (गोरखपुर) : अध्यक्ष महोदय, सबसे पहले तो इस बात के लिए आपका हृदय से धन्यवाद कि आपने मुझे बजट 2025-26 पर बोलने का अवसर दिया। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने जब से प्रधानमंत्री का पद संभाला है, तब से उन्होंने अनेक ऐसे कदम उठाए हैं तथा नीतियां लागू की हैं, जिससे गरीबों के जीवन में बड़ा सकारात्मक बदलाव आया है। कल्याणकारी योजनाएं घर-घर तक पहुंची हैं और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से लोगों के खातों में सीधे तौर पर पैसे ट्रांसफर हुए हैं। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय मोदी जी की जननायक की भूमिका के कारण ही हमारे देश की महान जनता ने उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का गौरव प्रदान किया है।

महोदय, सबकी निगाहें टिकी थी और बजट पेश होते ही यह साफ हो गया कि इस बजट में सुधारों पर जोर दिया गया है। यह बजट न केवल किसान और युवाओं का बजट है, बल्कि इसमें स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस बजट में जो विजन प्रस्तुत किया गया है, उससे यह स्पष्ट है कि यह बजट नागरिकों के विकास को बढ़ावा देने के साथ-साथ उन्हें विकास में भागीदारी की भी बात करता है।

अध्यक्ष महोदय, वैसे तो यह बजट समाज तथा देश के समग्र विकास की परिकल्पना पर आधारित है, लेकिन मैं आज उस इंजन की बात करना चाहूंगा, जिसे इस बजट में रेखांकित किया गया है। यह चार इंजन हैं - एक कृषि, दूसरा सुक्ष्म लघु और मध्यम उद्योग अर्थात एमएसएमई, निवेश तथा निर्यात विकास के साथ चारों इंजन भारत को विकसित देश बनाने के मार्ग को प्रशस्त करेंगे तथा सभी क्षेत्रों में विकास को प्रोत्साहित करेंगे।

अध्यक्ष महोदय, हमारे देश में आज भी कृषि की प्रधानता है तथा हमारे अन्नदाता किसान ने अपना पसीना बहा कर इस देश को खाद्यान्न के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया है। हमारे अन्नदाता किसान के कल्याण को केंद्र बिंदु में रखते हुए बजट 2025-26 में प्रधानमंत्री जन धन कृषि योजना का शुभारंभ करने की योजना की गई है, जिसके अंतर्गत कम कृषि उत्पादकता वाले 100 जिलों को शामिल किया जाएगा और जिससे 1.7 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। हमारे देश में कृषि में रोजगार की उपलब्धता बढ़ाने के लिए ग्रामीण समृद्धि और लचीला निर्माण, व्यापक क्षेत्रीय कार्यक्रम आरंभ करने की भी परिकल्पना इस बजट में है, ताकि कृषि के क्षेत्र में कौशल निवेश और प्रौद्योगिकी को बढ़ाया जा सके और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई जान आ सके। मैं समझता हूं कि कृषि के क्षेत्र में इन कदमों से हमारी अर्थव्यवस्था के विकास की गति और तीव्र होगी तथा भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने के माननीय प्रधानमंत्री जी के विजन को साकार किया जा सकेगा।

अध्यक्ष महोदय, किसानों का योगदान हमारे देश की अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसलिए उसे हर प्रकार की सहूलियत मिलनी चाहिए। माननीय मोदी जी की सरकार ने किसानों के हित के लिए इस बजट में अनेक कदम उठाए हैं। इसी क्रम में मैं किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत किसानों के लिए ऋण की सीमा को तीन लाख रुपए से बढ़कर ₹500000 कर दिया गया है।

---

* Laid on the Table

अध्यक्ष महोदय, किसान क्रेडिट कार्ड भारत सरकार की ऐसी योजना है जिसका उद्देश्य किसानों को उच्च करदाताओं द्वारा वसूली जाने वाली उच्च ब्याज से बचाना है, जो कि किसानों को क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत केवल दो प्रतिशत की ब्याज दर है तथा फसल बीमा योजना का भी लाभ मिलता है। इसलिए, किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा में बढ़ोतरी अत्यंत स्वागत योग्य कदम है।

अध्यक्ष महोदय, सूक्ष्म लघु तथा मध्यम उद्यम अर्थात एमएसएमई सहायक इकाइयों के रूप में बड़े उद्योगों के अनुपूरक है। यह क्षेत्र के समग्र उद्योग के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। यह कहना गलत नहीं होगा कि एमएसएमई भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। एमएसएमई के महत्व को देखते हुए ही इस बजट में एमएसएमई के वर्गीकरण के लिए निवेश और कारोबार की सीमा को बढ़ाकर क्रमशः 2.5 तथा 2 गुना कर दिया गया है। इतना ही नहीं 'मेक इन इंडिया' का जो विजन हमारे प्रधानमंत्री जी ने दिया है, उससे आगे बढ़ाने के लिए लघु और मध्यम और बड़े उद्योगों का शामिल करते हुए राष्ट्रीय विनिमयन मिशन स्थापित करने का प्रावधान भी इस बजट में किया गया है।

अध्यक्ष महोदय, यह सर्वविदित है कि प्रत्येक अर्थव्यवस्था में आर्थिक विकास और पूर्ण रोजगार के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निवेश बहुत अधिक महत्वपूर्ण है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है जिसको पूरा होने में निवेश की बड़ी भूमिका होगी। इसी उद्देश्य से बजट 2025-26 में निवेश को विकास के तीसरे इंजन के रूप में प्रस्तुत किया गया है और इसके लिए सरकारी माध्यमिक स्कूलों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए ब्रांड बैंड कनेक्टिविटी, राष्ट्रीय कौशल उत्कृष्ट केंद्र, आईआईटी में क्षमता का विस्तार, शिक्षा हेतु उत्कृष्ट केंद्र, चिकित्सा शिक्षाओं का विस्तार, सभी जिला अस्पतालों में डे केयर कैंसर केंद्र इत्यादि बेहतरीन योजनाओं के लिए प्रावधान किया गया है। इतना ही नहीं अवसंरचना अर्थात इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश की कई बेहतरीन योजनाएं जैसे अवसंरचना में सरकारी निजी भागीदारी अर्थात पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप को विकसित भारत के परमाणु मिशन, समुद्री विकास, मिथिलांचल में पश्चिमी कोसी नहर परियोजना इत्यादि का ब्लूप्रिंट भी इस बजट की खास विशेषताएं हैं। विकास के चौथे इंजन के रूप में निर्यात को बढ़ावा देने के लिए भी इस बजट में महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरुआत की गई है। उदाहरण के लिए बजट में किए गए प्रावधानों के अनुसार एक निर्यात संवर्धन मिशन के शुभारंभ की योजना है, जिसे वाणिज्य चलाया जाएगा। इसके अलावा टियर टू शहरों में ग्लोबल कैपेसिटी सेंटर को बढ़ावा देने के लिए एक राष्ट्रीय ढांचे की भी परिकल्पना की गई है जिससे भारत एक प्रमुख वैश्विक सेवा प्रदाता ग्लोबल सर्विस प्रोवाइडर के रूप में उभर सकेगा।

अध्यक्ष महोदय, हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री समावेशी विकास गरीबी उन्मूलन, गुणवत्ता शिक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण का अपना जो विजन देश के सामने प्रस्तुत किया है, उसे मूर्तिमान बनाने के लिए बजट 2025-26 में मजबूत आधारशिला रखी गई है। इस बजट में गरीबों, महिलाओं, किसानों, मध्यम वर्ग सब के हितों का ध्यान रखते हुए सामाजिक समानता सुनिश्चित करने का विजन भी है और उसके क्रियान्वयन का ब्लूप्रिंट भी है। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में बजट में किए गए प्रावधान के कारण भारत वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धा तथा आर्थिक रूप से सशक्त राष्ट्र बनने की दिशा में और भी तीव्र गति से आगे बढ़ेगा।

अध्यक्ष महोदय, मुझे बजट 2025-26 पर अपना विचार रखने का अवसर देने के लिए आपका पुनः बहुत-बहुत धन्यवाद।

(इति)

*श्री दिलेश्वर कामैत (सुपौल) : महोदय, आपने मुझे वर्ष 2025-26 के बजट पर चर्चा में भाग लेने का अवसर दिया, इसके लिए आपका आभार प्रकट करता हूँ।

महोदय, समावेशी विकास का यह बजट राष्ट्रहित और जनहित के लिए अमृत एवं संजीवनी के रूप में कार्य करेगा। भारत के यशस्वी प्रधान मंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी की दूरदर्शी एवं प्रगतिशील आर्थिक नीतियों एवं योजनाएं, जो समाज के अंतिम व्यक्ति के साथ सभी वर्गों को समानांतर एवं सार्थक लाभान्वित करती हैं, इसके लिये मैं आदरणीय प्रधान मंत्री जी का एवं माननीया वित्त मंत्री जी का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ।

महोदय, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने योजनबद्ध तरीके से परिवर्तन की शुरूवात करके आर्थिक हित करते हुए लोक हित में रोजगार और उद्यमिता के अधिक से अधिक अवसर प्रदान कर भारतीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने का कार्य किया है।

महोदय, यह बजट भारत के किसानों, युवाओं, छात्रों एवं महिलाओं तथा सभी वर्गों के उत्थान और विकास के लिए है। यह बजट विकास में तेजी लाने, समावेशी विकास सुनिश्चित करने, निजी क्षेत्र के निवेशों में नई जान डालने, परिवारों के मनोभावों में उल्लास भरने, और भारत के बढ़ते मध्यम वर्ग की खर्च करने की शक्ति को बढ़ाने के लिए हमारी सरकार के प्रयासों को जारी रखेगा।

महोदय, हम सभी लोग मिलकर भारत को विश्व में मान-सम्मान बढ़ाने तथा सर्वोच्च स्थान बनाकर राष्ट्र की अनंत क्षमता को गति प्रदान करने के लिए अपनी यात्रा कर रहे हैं।

महोदय, भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास यात्रा को विकसित भारत के लक्ष्य प्राप्त करने के लिए समावेशिता के मादर्शक प्रेरणा से ईंधन के रूप में हमारे सुधार का उपयोग कर कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात जैसे चार शक्तिशाली इंजन गति प्रदान कर रहे हैं। हमारी अर्थव्यवस्था सबके विकास को साकार करते हुए गरीबी से मुक्ति, शत-प्रतिशत अच्छे स्तर की स्कूली शिक्षा, बेहतरीन, सस्ती और सर्वसुलभ स्वास्थ्य सेवायें, शत-प्रतिशत कुशल कामगार को सार्थक रोजगार, आर्थिक गतिविधियों में सत्तर प्रतिशत महिलाएं और हमारे देश को फूड बास्केट ऑफ द वर्ल्ड बनाने वाले किसान तथा सभी प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के बीच तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है।

महोदय, हमारी सरकार का उद्देश्य कराधान, विद्युत क्षेत्र, शहरी विकास, खनन, वित्तीय क्षेत्र और विनियामक सुधार जैसे क्षेत्रों में परिवर्तनकारी सुधार करना है, जिनसे आगामी पाँच वर्षों में विकास क्षमता के साथ विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा क्षमता बढ़ेगी।

महोदय, इस बजट में कृषि एवं अन्नदाताओं के हित में प्रधान मंत्री धन-धान्य कृषि योजना, विकासशील कृषि जिला कार्यक्रम के तहत पहले चरण में 100 विकासशील कृषि जिलों को शामिल किया जायेगा तथा इस योजना से 1 करोड़ 70 लाख से अधिक किसान लाभान्वित होंगे। ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों, ग्रामीण महिलाओं, भूमिहीन परिवारों एवं बेरोजगार युवाओं के प्रवास को रोकने के लिए 'ग्रामीण सम्पन्नता और अनुकूलन निर्माण' कार्यक्रम को राज्यों की भागीदारी से प्रारंभ किया जायेगा, जिससे, कौशल, निवेश, प्रौद्योगिकी के माध्यम से कृषि क्षेत्र में रोजगार की कमी का समाधान

* Laid on the Table

होगा तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार होगा एवं बड़े स्तर पर रोजगार का अवसर प्राप्त होंगे। महोदय, इस बजट में भारत को दलहन तथा खाद्य तेलों में आत्मनिर्भर बनने के लिए राष्ट्रीय खाद्य तिलहन मिशन को कार्यान्वित किया जा रहा है। साथ ही पोषण संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति एवं आय के स्तरों के बढ़ाने हेतु सब्जियों, फलों और श्रीअन्न का उपयोग के लिए व्यापक कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

महोदय, मैं आदरणीय प्रधानमंत्री जी एवं माननीया वित मंत्री जी को समस्त बिहार की जनता की तरफ से आभार प्रकट करता हूँ कि आपने इस बजट में बिहार के विकास के लिए बिहार को विशेष रूप से ध्यान में रखा है जिसमें मखाना बोर्ड की स्थापना, पटना एयरपोर्ट का विस्तार, वेस्टर्न कोसी कनाल प्रोजेक्ट को वित्तीय मदद, कोसी कनाल से 50 हजार हेक्टेयर में सिंचाई, मिथिलांचल के लिए सिंचाई योजना को बिहार में राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी स्थापित किया जाएगा, उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान तथा आईआईटी पटना को वित्त पोषित किया जाएगा, जैसी योजनाओं को शामिल किया है। भारतीय किसानों के लिए राष्ट्रीय उच्च पैदावार बीज मिशन, मत्स्य उद्योग, कपास उत्पादकता मिशन, किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से अधिक ऋण, ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए उत्प्रेरक के रूप में भारतीय डाक तथा सहकारी क्षेत्रों के लिए एनसीडीसी के ऋण कार्यों के लिए सहायता प्रदान करने जैसी चहुमुखी योजनाओं को शामिल किया गया है।

महोदय, सूक्ष्म और लघु उद्यमियों के जीर्णोद्धार के लिए इस बजट में 5.7 करोड़ एम.एस.एम.ई. पर ध्यान के साथ विनिर्माण और सेवाएं शामिल हैं। एम.एस.एम.ई. के लिए वर्गीकरण मानदंड में संशोधन, गारंटी कवर के साथ ऋण उपलब्धता में पर्याप्त वृद्धि, सूक्ष्म उद्यमों के लिए क्रेडिट कार्ड, स्टार्ट-अप के लिए निधियों का कोष, पहली बार के उद्यमियों के लिए नई योजना, श्रम-सघन क्षेत्रों के लिए उपाय, फुटवियर और लेदर क्षेत्रों के लिए फोकस प्रोडक्ट स्कीम, खिलौना क्षेत्र के लिए उपाय, खाद्य प्रसंस्करण के लिए सहायता, विनिर्माण मिशन मेक इन इंडिया को आगे बढ़ाना तथा स्वच्छ प्रौद्योगिकी विनिर्माण जैसी लाभकारी योजनाओं को शामिल किया गया है।

महोदय, माननीय प्रधानमंत्री जी एवं माननीया वित मंत्री जी के द्वारा इस बजट में राष्ट्रहित, लोकहित एवं आर्थिक हित में सभी वर्गों के विकास हेतु हर क्षेत्र में सकरात्मक पहल की गई है। महोदय, आपके माध्यम से मैं अपने संसदीय क्षेत्र सुपौल के रेलवे से संबंधित मुख्य अति आवश्यक समस्यायों का समाधान के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी एवं मा० रेल मंत्री जी से आग्रह करता हूँ किः-

(1) ललितग्राम से वाया सरायगढ़-सुपौल-सहरसा-दानापुर होते हुए दिल्ली के लिए अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन किया जाय अथवा ललितग्राम से वाया सरायगढ़-सुपौल-सहरसा होते हुए नई दिल्ली तक एक मेल/एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन किया जाय।

(2) कटिहार से फारबिसगंज-दरभंगा होते हुए नई दिल्ली तथा दरभंगा से फारबिसगंज-कटिहार होते हुए गुवाहाटी के लिए एक नई ट्रेन का परिचालन किया जाय ।इसी के साथ मैं वर्ष 2025-26 के आम बजट का समर्थन करते हुए बिहार की समस्त जनता एवं जनतादल (यू) की तरफ से धन्यवाद एवं आभार प्रकट करता हूँ।

(इति)

*श्री भजन लाल जाटव (करौली-धौलपुर) : माननीय अध्यक्ष महोदय, केन्द्र सरकार के इस बजट को केवल बिहार का बजट कहें तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। बजट में जो विशेष प्रावधान बिहार के लिए किए गए है वो बिहार की जनता के लिए बल्कि बिहार के मुख्यमंत्री को खुश करने के लिए किए गए है। यह केवल सरकार बचाओं बजट प्रतीत होता है।

- आज दलितों और आदिवासियों के साथ जो हो रहा है, वह न केवल शर्मनाक है, बल्कि यह सरकार की संवेदनहीनता और असफल कानून व्यवस्था को भी उजागर करता है। हिन्दू रक्षक SC-ST अत्याचार हिन्दू नहीं है। SC-ST समुदायों पर सबसे अधिक अत्याचार दर्ज किए जाते हैं। बजट में सरकार ने SC-ST और दलित वर्ग के लिए कोई विशेष योजना पेश नहीं की।
- किसानों को चाहिए था कि उन्हें अधिक समर्थन मूल्य मिले, लेकिन सरकार ने उन्हें निराश किया। सरकार ने किसानों की समस्याओं को नज़रअंदाज किया है और उनके लिए कोई महत्वपूर्ण कदम नहीं उठाए।
- सरकार ने वादा किया था कि 2024 तक किसान की आय दोगुनी कर देंगें लेकिन इस सरकार के कार्यकाल में वास्तविक मजदूरी में या तो नकारात्मक वृद्धि हुई है या फिर लगभग कोई वृद्धि नहीं हुई है। कृषि मजदूरों की वास्तविक मजदूरी में केवल 0.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।
- कोविड समय में भी हमारी अर्थव्यवस्था रही उसका यही कारण है कि भारत कृद्धि प्रधान है।
- सरकार ने कृषि को ''पहला विकास इंजन'' बताया है, लेकिन यह दावा वास्तविकता से बहुत दूर है। किसान इस बजट से निराश हैं और उनके पास निराश होने की पूरी वजह है कृषि को कुल बजट का केवल 3.38प्रतिशत देना इस क्षेत्र की अनदेखी को दर्शाता है। 700 से ज्यादा किसान शहीद हो गए।
- भारत के कृषि परिवारों का आधा कर्ज में डूबा हुआ है। जिसमें औसत कर्ज 91231 रुपये है। इस सरकार ने तो खेती करने के लिए उपयोग में आने वाले यंत्रों पर भी 12 प्रतिशत जी.एस.टी. लगा दिया है।
- राष्ट्रीयकृत बैंकों का कर्जा माफ होना चाहिए।
- किसान की आय में कमी वहीं दूसरी तरफ देखा जाए तो इस सरकार के कार्यकाल में भारत के अरबपतियों की संपत्ति बहुत तेजी से बढ़ी है। 2024 में भारत में अरबपतियों की संख्या बढ़कर 200 हो गई है, जो 2023 के मुकाबले 41 प्रतिशत की बढोतरी दर्शाता है।
- सरकारी स्कूलों की हालत दयनीय है, जहां शिक्षकों और संसाधनों की भारी कमी है। महोदय मेंरे स्वयं के गांव के उच्चत माध्यमिक विद्यालय झालाटाल में एक भी वरिष्ठ अध्यापक नहीं

---

* Laid on the Table

है। 2023 की संसदीय स्थायी समिति की रिपोर्ट के अनुसार राज्य स्तर पर स्वीकृत 62.71 लाख शिक्षक पदों में से 9.9 लाख पद रिक्त है।

- सरकार ने 10000 नए मेडिकल सीटे जोडने की घोषणा की है, लेकिन बुनियादी ढांचे और डॉक्टरों की कमी को कैसे दूर किया जाएगा, इसके बारे में कुछ नहीं बताया। आयुष्मान योजना के राजस्थान में निशुल्क इलाज बंद है। आज देश कैंसर की बीमारी के रोगियों की संख्या 25 लाख तक मुफ्त इलाज बंद है SMS अस्पताल के IPD टॉवर के काम को धीमा कर दिया है।
- अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में न तो पर्याप्त डॉक्टर हैं, न ही दवाएं। केंद्रीय बजट 2025 में एक बार फिर स्वास्थ्य क्षेत्र की जरूरतों को अनदेखा कर दिया गया है। स्वास्थ्य बजट रु. 99,858.56 करोड़ आवंटित किया गया है, लेकिन यह किसी भी तरह से पर्याप्त नहीं है। इसका कुल बजट में हिस्सा घटकर मात्र 1.94 प्रतिशत रह गया है।
- जल जीवन मिशन- राजस्थान का एक बड़ा हिस्सा अभी भी जल जीवन मिशन के तहत पानी की सुविधा से वंचित है। राज्य के कई गांवों और शहरों में पानी की आपूर्ति के लिए आवश्यक आधारभूत ढांचे की कमी रही है। पाइपलाइनों, ट्रीटमेंट प्लांट्स और स्टोरेज टैंक की स्थिति बहुत खराब है। जिससे पानी की आपूर्ति में रूकावट आती है।
- मनरेगा- इस बजट में सरकार से अपेक्षाएं थी कि मनरेगा को ध्यान में रखते हुए सरकार इसके बजट में वृद्धि करेगी लेकिन यहां भी सरकार ने हम सबको मायूस ही किय है। 2025-26 में इसके बजट में कोई वृद्धि नहीं की गई है। महोदय राजस्थान में मनरेगा के तहत प्रतिव्यक्ति मजदूरी केवल 266 रूपये है। महंगाई बढ़ती के साथ-साथ प्रतिव्यक्ति मजदूरी में भी वृद्धि की जानी चाहिए और दूसरा इस योजना के अंतर्गत खून-पसीने लगाकर मेहनत करने बावजूद भी श्रमिको को उनकी मजदूरी समय पर नहीं दी जाती।
- बेरोजगारी एवं आत्महत्यांए- युवा बेरोजगारी दर 45.4 फीसदी हो गई। देश में हर दूसरा नौजवान बेरोजगार है। सरकार ने युवाओं और बेरोजगारों के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं किया। आज भारत का युवा सड़क पर दर-दर की ठोकर खाने के लिए मजबूर हो रहा है।
- सरकारी नौकरियों का बुरा हाल केन्द्र सरकार को अपने भीतर ही खाली पडे पदों को भरने में नाकामियाब रही है। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के अनुसार 2014 से अब तक केन्द्रीय सरकार की नौकरियों के लिए 2.22 करोड़ व्यक्तियों ने आवेदन किया लेकिन केवल 7.22 लाख को ही सफलतापूर्वक नियुक्ति किया गया। जो कि बहुत कम है।
- वर्तमान में आधे से अधिक पुरूष एवं दो तिहाई से अधिक कामकाजी महिलाएं केवल स्व-नियोजित श्रेणी रोजगार में आती है। जिससे साफ है उनको) & अपने रोजगार का इंतजाम खुद को करना पड रहा है।

- महंगाई- सरकार नें महँगाई पर 'काबू पांने के लिए जितनी भी योजनाएँ बनाई हैं, वे अब तक पूरी तरह से विफल रही हैं। यदि हम पिछले कुछ वर्षों का अवलोकन करें, तो यह स्पष्ट होता है कि सरकार ने कभी भी महँगाई को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए। ईंधन की बढ़ती कीमतें, रसोई गैस सिलेंडर की दरों में उछाल और अति आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में निरंतर वृद्धि ञे आम जनता की हालत बेहद खराब कर दी है। वर्तमान सरकार ने कभी भी महँगाई को रोकने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए, बल्कि इसके बजाय-पेट्रोल-डीजल पर भारी टैक्स लगाकर आम आदमी की परेशानियों को और बढ़ा दिया। इस सरकार औपने, राजनीतिक फायदे के लिए फैसले ले रही है. जिससे महँगाई लगातार बढ़ती जा रही है।
- खाद्य राजस्थान में खाद्य सुरक्षा योजना से बहुत सारे गरीब परिवारों को वंचित किया जा रहा है। केन्द्र सरकार ने खाद्य सुरक्षा फेर में नाम भी सीमित कर रखी है। राष्टीय खाद्य सुरक्षा योजना आवेदन स्वीकार किए जावे।
- राजस्थान में ग्राम पंचायत चुनावों को टालने की सरकार की मंशा-यह फैसला ग्रामीण क्षेत्र के विकास में एक रूकावट है। राजस्थान में जब ग्राम पंचायत चुनाव नहीं होंगे, तो सरपंचो को न केवल अधिकार नहीं मिलेंगे, बल्कि विकास के लिए निर्धारित फंड भी नहीं मिलेगा। ग्राम पंचायतों को जो फंड मिलते हैं, उनसे गांवों में सड़कें, स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, जल आपूर्ति, और अन्य आवश्यक सुविधाएँ बनाई जाती हैं। अगर चुनाव नहीं होते, तो इन विकास कार्यों को कौन चलाएगा? कौन सुनिश्चित करेगा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर सुधरे? इस पर विचार करने की आवश्यकता है।
- पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए विशेष कोर्ट की जरूरत है, लेकिन सरकार इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही। ना ही सरकार फास्ट ट्रैक कोर्ट की संख्या में बढोतरी की तरफ काम कर रही है
- राजस्थान में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्रओ की छात्रवृत्ति पिछले दो वर्ष से बजट के अभाव के कारण लंबित है। लोग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कार्यालय में चक्कर काटते- काटते परेशान हो चुके है लेकिन अभी तक उनकी छात्रवृत्ति उनको प्राप्त नही हुई है।
- डांग क्षेत्र का विकास-सरकार की अनदेखी - अब मैं राजस्थान के डांग क्षेत्र की स्थिति की ओर सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। महोदय मेरा संसदीय क्षेत्र करौली-धौलपुर डांग क्षेत्र की श्रेणी में आता है यह क्षेत्र जो मुख्यतः आदिवासी एवं वंचित समुदायों का है, आज भी बुनियादी "से वंचित है।
- डांग क्षेत्र कई गांव आज भी पक्की सड़कों से नहीं जुड़े हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं और शिक्षा तक पहुंच बाधित होती है। बिजली आपूर्ति बेहद है, जिससे खेती, शिक्षा और

व्यवसाय प्रभावित होते हैं। पीने के पानी की भारी किल्लत बनी हुई है, जिससे आम जनजीवन संकट में है।

- राष्ट्रीय बाघ अभ्यारण्य--करौली-धौलपुर में बाघ अभयारण्य की घोषणा के बाद विस्थापित होने वाले परिवारों के लिए पुनर्वास प्रक्रिया में गहरी खामियाँ हैं। पुनर्वास नीति के अनुसार, राज्य सरकार ने प्रति व्यक्ति 15 लाख रुपये का मुआवजा देने का वादा किया है। हालाँकि, यह राशि घर बनाने के लिए मुश्किल से पर्याप्त है, आजीविका चलाना तो दूर की बात है। वन्यजीव संरक्षण मानव पीड़ा की कीमत पर नहीं होना चाहिए।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र में करौली एक ऐतिहासिक और धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण जिला है, जिले में रेल लाईन नहीं होने के कारण यहां का पर्यटन एवं व्यापार को काफी नुकसान हो रहा है। जिले की रेलवे परियोजना का कार्य कछुए से भी धीमी गति से चल रहा है।

महोदय, अंत में मैं ये कही कहना चाहता हूं कि,

1. डांग क्षेत्र को विशेष विकास पैकेज दिया जाए और उसे 'आकांक्षी जिला' की तर्ज पर विकसित किया जाए।
2. SC-ST अत्याचार निवारण कानून को प्रभावी रूप से लागू किया जाए और दोषियों को कड़ी सजा दी जाए।
3. करौली जिले की रेल परियोजना का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए।
4. सड़कों, बिजली और पानी की आपूर्ति को प्राथमिकता के आधार पर सुधारा जाए।
5. विद्यालय एवं अस्पतालों में रिक्त चल रहे शिक्षकों एवं डॉक्टरों के पदों पर जल्द भर जाए।
6. करौली-धौलपुर क्षेत्र में खनन योग्य भूमि वन विभाग के अधीन होने के कारण वहां खनन नहीं किया जा सकता। इस भूमि को वन विभाग से खनिज विभाग भूमि में परिवर्तन किया जाना चाहिए।

धन्यवाद।

जय भीम-जय भारत – जय संविधान।

(इति)

*__श्री भाऊसाहेब राजाराम वाकचौरे (शिर्डी) :__ माननीय अध्यक्ष जी, सर्वप्रथम, मैं आपका आभार प्रकट करता हूं कि आपने मुझे लोक सभा में प्रस्तुत 2025-26 के वित्त बजट पर बोलने का अवसर प्रदान किया है। माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट का मैं अपनी और अपनी शिव सेना पार्टी की ओर से विरोध प्रकट करता हूं। यह बजट न केवल हमारे देश के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में विफल है, बल्कि यह मध्यम वर्ग और गरीब तबके के लिए भी कोई राहत नहीं देता है।

सरकार ने इस बजट में कई ऐसी घोषणाएं की हैं जो केवल कागज पर ही अच्छी लगती हैं, लेकिन वास्तविकता में इनका कोई फायदा नहीं होगा। उदाहरण के लिए, सरकार ने टैक्स स्लैब में बदलाव किया है, लेकिन यह बदलाव केवल उन लोगों के लिए फायदेमंद होगा जिनकी आय 5 लाख रुपये से अधिक है। मध्यम वर्ग के लोगों को इससे कोई फायदा नहीं होगा। सरकार ने टैक्स पेयर्स को 1.5 लाख रुपये तक के होम लोन पर ब्याज पर छूट दी है, लेकिन यह छूट केवल उन लोगों के लिए फायदेमंद होगी जो पहले से ही होम लोन ले रहे हैं।

किसानों के लिए भी यह बजट कोई राहत नहीं देता है। सरकार ने किसानों के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं, लेकिन इन योजनाओं का कोई फायदा नहीं होगा अगर किसानों को उनकी फसलों का सही दाम नहीं मिलता है। सरकार ने किसानों के लिए फसल बीमा योजना का विस्तार किया है, लेकिन यह योजना केवल उन किसानों के लिए फायदेमंद होगी जो पहले से ही इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। सरकार ने किसानों के लिए 16 लाख करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है, लेकिन यह राशि केवल कागज पर ही अच्छी लगती है, क्योंकि इसका कोई फायदा नहीं होगा अगर किसानों को उनकी फसलों का सही दाम नहीं मिलता है।

स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में भी यह बजट कोई राहत नहीं देता है। सरकार ने स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में कई घोषणाएं की हैं, लेकिन इन घोषणाओं का कोई फायदा नहीं होगा अगर हमारे देश में स्वास्थ्य और शिक्षा की व्यवस्था में सुधार नहीं होता है। सरकार ने आयुष्मान भारत योजना का विस्तार किया है, लेकिन यह योजना केवल उन लोगों के लिए फायदेमंद होगी जो पहले से ही इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। सरकार ने स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में 1.5 लाख करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है, लेकिन यह राशि केवल कागज पर ही अच्छी लगती है, क्योंकि इसका कोई फायदा नहीं होगा अगर हमारे देश में स्वास्थ्य और शिक्षा की व्यवस्था में सुधार नहीं होता है।

सरकार ने किसानों के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं, लेकिन इन योजनाओं का कोई फायदा नहीं होगा अगर किसानों को उनकी फसलों का सही दाम नहीं मिलता है। इस मंत्रालय के लिए केवल 1,24,000 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है, जो बहुत ही कम है।

यह बजट न केवल हमारे देश के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में विफल है, बल्कि यह मध्यम वर्ग और गरीब तबके के लिए भी कोई राहत नहीं देता है। सरकार ने इस बजट में गरीबी और बेरोजगारी की समस्या का समाधान करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। देश में एक बड़ी

---

* Laid on the Table

संख्या में लोग गरीबी रेखा से नीचे जीवन व्यतीत कर रहे हैं, लेकिन सरकार ने उनके लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं किया है। दुःख की बात है कि इस बजट में मिडिल क्लास के होम लोन और व्हीकल लोन में छूट नहीं दी गई है और किसानों के कर्ज माफ करने का भी कोई जिक नहीं किया गया है। मनरेगा के लिए भी फंड नहीं बढ़ाया गया है। ग्रामीण क्षेत्रासें में बढ़ते सयंकट के बावजूद सरकार ने मनरेगा का बजट 86 हजार करोड़ रूप्ये पर ही स्थिर रखा है। इससे सूखा प्रभावित और गरीब ग्रामीण श्रमिक अधर में ही रह गए हैं।

इस बजट में ऐसा कुछ नपहीं है कि जिसे लेकर लोग खुशी मनाएं। लेकिन बीजेपी समर्थक उछल-कूद कर रहे हैं। यह बजट केवल मध्यम वर्ग को ही खुश करने के लिए बनाया गया है, जिसने हाल के चुनावों में बीजेपी को वोट नहीं दिया। बिहार में चुनाव होने हैं, इसलिए उस पर अधिक ध्यान दिया गया है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी सरकार ने पर्याप्त आवंटन नहीं किया है। शिक्षा मंत्रालय को 1,12,000 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है, जो कि पिछले साल के मुकाबले 5 प्रतिशत कम है। स्वास्थ्य मंत्रालय को 86,000 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है, जो कि पिछले साल के मुकाबले 3 प्रतिशत कम है।

कृषि क्षेत्र में भी सरकार ने किसानों के लिए पर्याप्त समर्थन नहीं दिया है। कृषि मंत्रालय को केवल 1,24,000 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। देश में 60 प्रतिशत लोग कृषि पर निर्भर हैं।

पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी सरकार ने पर्याप्त कदम नहीं उठाए हैं। पर्यावरण मंत्रालय को भी केवल 3,100 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। देश में पर्यावरण की स्थिति खराब हो रही है। महिलाओं और विकलांगों के अधिकारों की रक्षा करने के लिए भी सरकार को और अधिक कदम उठाने होंगे। बजट में महिलाओं और विकलांगों के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं किया गया है।

इस बजट में शहरी गरीबों के लिए भी कोई विशेष प्रावधान नहीं किया गया है। देश में शहरी गरीबी एक बड़ा मुद्दा है। इस बजट में ग्रामीण विकास के लिए भी पर्याप्त आवंटन नहीं किया गया है। ग्रामीण विकास मंत्रालय को 1,12,000 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। देश में 70 प्रतिशत लोग ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं। रोजगार सृजन के लिए भी यह बजट कोई राहत नहीं देता है। सरकार ने रोजगार सृजन के लिए कई घोषणाएं की हैं, लेकिन इन घोषणाओं का कोई फायदा नहीं होगा।

ऐसे लोक जिनकी सैलरी है उन्हें तो छूट मिलेगी लेकिन बेरोजगारों का क्या होगा ? जिनकी सैलरी ही नहीं वे क्या करेंगे? रोजगार के मोर्चे पर कोई ऐलान नहीं किया गया। जब तक रोजगार के लिए निवेश नहीं किया जाता तब तक अर्थव्यवस्था को फायदा नहीं होने वाला है। यह भी दुःखद है कि राजकोषीय घाटे की भरपाई के लिए सरकार अगले वित्त वर्ष में बाजार से 11.54 लाख करोड़ रुपये का कर्ज लेगी।

ऐसा लगता है कि बिहार को तोहफा मिला है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट में बिहार पर काफी ध्यान दिया गया है और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्य के लिए कई घोषणाएं कीं, जिनमें मखाना बोर्ड की स्थापना, पश्चिमी कोसी नहर के लिए वित्तीय सहायता और आईआईटी

पटना की क्षमता बढ़ाने के लिए समर्थन शामिल है। केंद्र बिहार में राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान स्थापित करेगा तथा राज्य की भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए वहां ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों की सुविधा भी देगा। बिहार को घोषणाओं का खजाना मिल गया है। महाराष्ट्र सहित अन्य दूसरे राज्यों की इस बजट में अनदेखी की गयी है ।

यह दुख की बात है कि इस बजट में किसानों के लिए कुछ नहीं है। इसमें केवल बिहार बिहार हो रहा था। जहां भी चुनाव होते हैं वहां का नाम लिया जाता है। यह भारत सरकार का बजट है या फिर बिहार सरकार का बजट है। जब देश के बजट की बात करते हैं तो उसमें सभी राज्यों की बात होनी चाहिए। जिन बैसाखियों पर सरकार चल रही है उनको बचाने के लिए पूरे मुल्क को दांव पर लगा दिया गया।

महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र की निम्नांकित विषयों की ओर भी सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा, जिनके बारे में बजट में धन आवंटन के बारे में कोई भी उल्लेख नहीं किया गया है :-

भगवान श्री राम की यात्रा के महत्वपूर्ण स्थलों को रामायण सर्किट स्कीम में शामिल करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है।

इस संदर्भ में, मैं अनुरोध करना चाहता हूं कि शिरडी संसदीय क्षेत्र के महत्वपूर्ण स्थलों को रामायण सर्किट स्कीम में शामिल किया जाए।

जैसा कि पुराणों में उल्लेख है, भगवान श्री राम ने अपनी यात्रा के दौरान अकोला में अगस्त्य आश्रम में आए थे और वहां से पंचवटी की ओर गए थे।

इसके अलावा, भगवान श्री राम ने कोपरगांव के पास गोदावरी नदी में पूज्य पिताश्री दशरथ का श्राद्ध किया था और सीता हरण के बाद नाशिक में आए थे। जटायु ने उन्हें बताया था कि रावण ने सीता का हरण किया है। इसके बाद, भगवान श्री राम ने अकोला में अगस्त्य ऋषि का आशीर्वाद लेने आये और उन्हें ऋषि महाराज ने उन्हें बान दिया, जिससे उन्होंने रावण का वध किया।

भगवान श्री राम अयोध्या जाने के दौरान तीसरी बार भी अकोला में अगस्त्य ऋषि के दर्शन और उनका आशीर्वाद लेने हेतु आये थे। इन सभी स्थलों का महत्व रामायण से जुड़े ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों के रूप में है।

प्रभू श्रीराम स्व स्थापित श्री रामेश्वर देवस्थान धांदरफळ तहसील संगमनेर जिला अहिल्यानगर प्रभू श्रीराम अगस्ती ऋषी मिलने के बाद दंडकारण प्रभू श्रीराम सीता माता खोज मे महान तपस्वी धौम्य ऋषी के आश्रम धौम्य नगरी आये थे उसी दिन महान तपस्वी धौम्य ऋषी ने या तपस्या पूजन करके प्रभू श्रीराम को सीतामाता खोज के लिए सहयोग किया उसी समय अमृतवाहिनी प्रवरा नदी के कण से प्रभू श्रीराम ने शिव आराधना केले शिव की पिंडी बनाई पिंडी से शिव का आशीर्वाद प्रकट किया उसी दिन से प्रभू श्रीराम स्थापित शिवलिंग प्रभू श्रीराम श्री क्षेत्र रामेश्वर निर्माण महान तपस्वी धौम्य ऋषी के आश्रम मे धौम्य ऋषी की नगरी धांदर फल प्राचीन तीर्थक्षेत्र के द्वारा महाराष्ट्र के अंदर शिवदर्शन के लिए जाना जाता है ।

इसलिए, मैं अनुरोध करना चाहता हूं कि शिरडी संसदीय क्षेत्र के महत्वपूर्ण स्थलों को रामायण सर्किट स्कीम में शामिल करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं और साथ ही इस संदर्भ में एक

समिति का गठन किया जाए जो इस क्षेत्र के महत्वपूर्ण स्थलों का सर्वेक्षण करे और उन्हें रामायण सर्किट स्कीम में शामिल करने के लिए आवश्यक सिफारिशें करे।

महाराष्ट्र के नासिक शहर में त्रयंबकेश्वर ज्योर्तिलिंग मंदिर के पास गोदावरी नदी के तट पर महाकुंभ मेला आयोजित होना है। इस बार नासिक कुंभ मेला 2027 में आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रयागराज महाकुंभ मेले की भांति करोड़ों श्रद्धालु शामिल होंगे।

नासिक कुंभ मेले में आने वाले श्रद्धालु कॉपरगांव, जहां शुकाचार्य मंदिर और विश्व स्तरीय आश्रम और पुरातन काल के अति प्राचीन मंदिर हैं तथा भगवान श्रीराम ने भी अपने वनवास के दौरान पिताश्री दशरथ का वहां स्थित गोदावरी नदी में पिंडदान किया तथा कुछ ही दूरी पर भगवान श्रीराम का मंदिर भी स्थापित है, वहां तथा शिरडी, जो देश का ही नहीं बल्कि विश्व का एक प्रमुख धार्मिक स्थल है, आयेंगे तथा ये श्रद्धालु शनि शिंगणापुर और शिरडी संसदीय क्षेत्र के अन्य प्रमुख ऐतिहासिक अति प्राचीन धार्मिक स्थलों में भी दर्शनार्थ जाएंगे।

लेकिन, नासिक कुंभ मेल के दौरान शिरडी संसदीय क्षेत्र के उपरोक्त धार्मिक स्थलों में आने वाले श्रद्धालुओं को मूलभूत सुविधाएं प्रदत्त किए जाने हेतु अब तक कोई भी तैयारी नहीं की गई है तथा न ही कॉपरगांव स्थित गोदावरी नदी के तट पर घाटों का निर्माण करवाया गया है।

अतः मेरा अनुरोध है कि जिस प्रकार से नासिक कुंभ मेला के लिए श्रद्धालुओं की सुविधार्थ राशि का आवंटन किया गया है, उसी प्रकार से शिरडी संसदीय क्षेत्र में भी कुंभ मेला के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाए जाने हेतु धन का आवंटन अविलम्ब किया जाए, ताकि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी भी तरह की कठिनाई न हो।

अकोले महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले की अकोले तहसील में एक जनगणना शहर और तालुका है। अकोले का स्थान अकोले भारत में पश्चिमी घाट पर्वत श्रृंखला के सह्याद्री पहाड़ों से घिरा हुआ है। अकोले का इतिहास अकोले कई ऐतिहासिक स्थलों का निवास स्थान है जो महाराष्ट्र के मध्यकालीन इतिहास और संस्कृति में इसके योगदान को दर्शाता है। अकोले का भूगोल अकोले प्रवर नदी जैसी नदी की उपस्थिति के लिए लोकप्रिय है, जो ऐतिहासिक और पौराणिक संदर्भों के साथ गोदावरी नदी की प्रमुख सहायक नदियों में से एक है।

विल्सन बांध, जिसे भंडारदरा बांध के रूप में भी जाना जाता है, 1910 में समुद्र तल से लगभग 150 मीटर (490 फीट) ऊपर बनाया गया था। यह छाता झरने की तरह बनता है, जो एक छतरी के आकार का झरना है। अकोले में पर्यटन बहते पानी को पनबिजली में परिवर्तित किया जाता है। यह भंडारदरा का प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है, इस झरने का दृश्य हिंदी फिल्मों जैसे मैंने प्यार किया और राजू चाचा की शूटिंग के लिए पृष्ठभूमि का काम कर चुका है।

निलवंडे बांध निलवंडे बांध पनबिजली उत्पादन के लिए प्रवर नदी पर बनाया गया एक और बांध है। कलसुबाई कलसुबाई महाराष्ट्र की सबसे ऊँची चोटी है 1,646 मीटर (5,400 फीट)। घाटघर घाटघर एक प्रसिद्ध दृश्य बिंदु है जो भंडारदरा से 22 किलोमीटर (14 मील) की दूरी पर स्थित है और सह्याद्री रेंज के उत्कृष्ट दृश्य प्रस्तुत करता है और 250 मेगावाट क्षमता की उडचन जलविद्युत परियोजना की पहली परियोजना का घर है।

कोकन कड़ा कोकन कड़ा हरिश्चंद्रगढ़ के पास स्थित है। यह पहाड़ों की सपाट, तीखी और गहरी धार ऐसा माना जाता है कि भगवान राम, लक्ष्मण और सीता ने यहां ऋषि अगस्त्य से मुलाकात की थी। ऋषि ने तब भगवान राम को एक चमत्कारी बाण भेंट किया था जिसका उपयोग उन्होंने रावण को मारने के लिए किया था। अमृतेश्वर मंदिर अमृतेश्वर मंदिर रतनवाड़ी गांव की शुरुआत में स्थित है। इसे 1,200 साल से भी ज्यादा पुराना माना जाता है जो मुख्य देवता के रूप में भगवान शिव को समर्पित है। इस मंदिर का निर्माण हेमदपंथी स्थापत्य शैली में किया गया है, जिसमें मुख्य मंदिर पर खूबसूरत पत्थर की नक्काशी की गई है।

मेरा अनुरोध है कि अकोले तालुका के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व को देखते हुए इस क्षेत्र को पर्यटन के रूप में विकसित किए जाने हेतु सकारात्मक कार्यवाही की जाए।

मेरे संसदीय क्षेत्र शिरडी के अकोले तालुका में प्रवरा नदी के तट पर एक हजार वर्ष पुराना सिद्धेश्वर मंदिर है। यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। ऐसी मान्यता है कि भगवान श्रीराम पंचवटी से होते हुए अकोले को अपने श्रीचरणों से पावन किए थे। इसलिए, इस मंदिर की क्षेत्र में काफी मान्यता है। यहां पर एक बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शनार्थ आते हैं और भण्डारा, पालकी का आयोजन गांव के लोग मिलकर करते हैं। लेकिन, यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आवागमन और जरूरी मूलभूत सुविधाओं का भारी अभाव है।

महाराष्ट्र राज्य के शिरडी संसदीय क्षेत्र में अकोले तालुका के ग्राम म्हालादेवी में स्थित श्री क्षेत्र खण्डेश्वर देवस्थान, जो भगवान शिव के अवतार हैं और पाण्डव कालीन मंदिर है तथा प्रत्येक वर्ष अप्रैल/मई माह के दौरान आयोजित होने वाले समारोह में 8-10 लाख पर्यटक / श्रद्धालु आते हैं, को प्रसाद योजना में शामिल कर वहां पर जरूरी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाए जाने की आवश्यकता है।

अतः मेरा अनुरोध है कि शिरडी संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत स्थित उक्त ऐतिहासिक मंदिरों को प्रसाद योजना के अन्तर्गत शामिल करते हुए इनके सौन्दर्गीकरण और यहां आने वाले तीर्थ यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए जल, विद्युत, सड़क, तीर्थ यात्री निवास इत्यादि हेतु धन का आवंटन किया जाए।

मेरे संसदीय क्षेत्र शिरडी के अकोला तालुका में प्रवरा नदी के तट पर स्थित अगस्त्य ऋषि आश्रम रामायण से जुड़ा हुआ है। ऐसा माना जाता है कि भगवान श्री राम, लक्ष्मण और सीता ऋषि अगस्त्य से मिलने गए तथा ऋषि अगस्त्य ने भगवान श्रीराम को रावण को मारने के लिए एक चमत्कारी तीर भी प्रदान किया था।

यह भी मान्यता है कि भगवान श्री राम अयोध्या जाने के दौरान तीसरी बार भी अकोला में अगस्त्य ऋषि के दर्शन और उनका आशीर्वाद लेने हेतु आये थे। इन सभी स्थलों का महत्व रामायण से जुड़े ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों के रूप में है। महाशिवरात्रि के दिन यहां पर लगभग 4 लाख श्रद्धालुओं का आवागमन होता है। लेकिन, उनके लिए जरूरी मूलभूत सुविधाओं का भारी अभाव है
।

अतः मेरा अनुरोध है कि अकोले तालुका में स्थित अगस्त्य ऋषि मंदिर, जहां भगवान का वास्तव्य रहा है तथा महाशिवरात्रि के दिन लाखों की संख्या में पर्यटकों / श्रद्धालुओं का आवागमन होता है, को रामायण सर्किट में शामिल कर वहां पर जरूरी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाए जाने की नितांत आवश्यकता है।

मेरे संसदीय क्षेत्र शिरडी के अकोले तालुका में ताहाकारी गाँव के पास "अधाला नदी" बहती है । हजारों वर्ष पुराना श्री जगदम्बा मंदिर इस नदी के तट पर स्थित है। इस मंदिर का निर्माण हेमाडपंथी नामक विशेष प्रणाली का उपयोग करके बनाया गया है इसमें बहत्तर खंभे और पाँच शिखर हैं और मंदिर के बाहरी और भीतरी भाग पर विशेष प्रकार की मूर्तिकला नक्काशी की गई है। इसके आसपास के क्षेत्र को "दंडकारण्य परिसर" कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि यह एक ऐसा स्थान है, जिसे भगवान " श्री राम" ने पवित्र बनाया है ।

जगदंबा मंदिर एक हेमाडपंथी मंदिर है, जो देवी अप्सराओं की लकड़ी की मूर्ति के लिए जाना जाता है । आधला नदी के तट पर स्थित, यह महाराष्ट्र राज्य के उल्लेखनीय मंदिरों में से एक है। इस मंदिर में साल में दो बार जगदंबा माता उत्सव मनाया जाता है। इस मंदिर में एक बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शनार्थ आते हैं तथा प्रत्येक वर्ष अप्रैल माह में हनुमान जयंती के दौरान कई लाख लोग आते हैं । वर्तमान में यह मंदिर जर्जर होता जा रहा है तथा लीकेज भी हो रहा है तथा यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पानी, विद्युत, सड़क, भक्त निवास इत्यादि का भारी अभाव है ।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह ताहाकारी गांव में स्थित जगदम्बा मंदिर के जीर्णोद्धार और यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए जरूरी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाए जाने हेतु धन का आवंटन करने का कष्ट करें। मैं यह भी ध्यान में लाना त्र चाहूंगा कि ट्राइबल क्षेत्रों में इको सेंसेटिव जोन की स्थापना की गई है, जिसमें मेरे संसदीय क्षेत्र शिरडी के अन्तर्गत अकोले तालुका भी शामिल है । अकोले तालुका एक दुर्गम पर्वतीय क्षेत्र में आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है । इस तालुका में इको सिन्सेटिव जोन की वजह से विकास कार्य पूरी तरह से अवरूद्ध है ।

यह सही है कि इसका उद्देश्य पर्यावरण की रक्षा करना और स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को संरक्षित करना है। लेकिन, वास्तविकता यह है कि इको सेंसेटिव जोन की स्थापना से ट्राइबल क्षेत्रों में विकास कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है तथा स्थानीय आदिवासी समुदाय को अपनी जीविका चलाने और विकास कार्यों में भाग लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

इसलिए, अकोले तालुका को इको सेंसेटिव जोन से विमुक्त किया जाए। इससे ट्राइबल क्षेत्रों में विकास कार्यों को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय समुदाय को अपनी जीविका चलाने में आसानी होगी। दूसरे, प्राचीन स्मारक और पुरातात्विक स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 के तहत संरक्षित स्थल के 100 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार के निर्माण की अनुमति न होने की वजह से नवीनीकरण, निर्माण और शहरीकरण से संबंधित गतिविधियां अवरूद्ध हो रही है और सरंक्षित स्थल एवं इनके निकट बने मकान आदि पूरी तरह से ध्वस्त होते जा रहे हैं एवं इस रोक के कारण स्थानीय लोगों को अपने घरों और व्यवसायों के विकास में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही, यह रोक स्थानीय अर्थव्यवस्था के विकास में भी बाधा उत्पन्न कर रही है।

इसलिए, मेरा अनुरोध है कि संरक्षित स्थल के 100 मीटर दायरे के अंदर निर्माण संबंधी रोक को तुरन्त हटाया जाए और संरक्षित स्मारकों के पुनर्निर्माण की स्थानीय लोगो को अनुमति प्रदान की जाए।

महाराष्ट्र राज्य के शिरडी संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत अकोले तालुका के ग्राम बारी में स्थित कलसुबाई बीक महाराष्ट्र राज्य का सबसे ऊंचा शिखर है। इस शिखर को पर्यटनीय दृष्टि से विकसित करने के लिए दो जिलों की आपस में कनक्विटी हेतु पर्यटनीय दृष्टिसे रोपवे बनाए जाने की आवश्यकता है।

अकोले तालुका के घाटघर में स्थित घाटन देवी प्वाईंट और घाटघर डेम को तथा ग्राम रतनवाड़ी में स्थित अमृतेश्वर मंदिर को पर्यटनीय दृष्टि से विकसित किए जाने की जरूरत है।

शिरडी संसदीय क्षेत्र में संगमनेर तालुका के गांव प्रेमगिरी में स्थित हनुमान मंदिर और खांडगांव में स्थित भगवान शिव के खंडेश्वर मंदिर, जो ब्रह्मा, विष्णु, महेश का पुरातन मदिर है तथा जहां वर्षभर एक बड़ी संख्या में पर्यटक / श्रद्धालुओं का आवागमन होता है।

संगमनेर तालुका के ही गांव कोकण में स्थित श्री क्षेत्र निझणेश्वर मंदिर, जिसमें शिवलिंग की स्थापना पाण्डवों ने की थी और ग्राम नीमगांव जाली में जहां एक अति प्राचीन दूधेश्वर मंदिर है और एक बड़ी संख्या में पर्यटक / श्रद्धालुओं का आवागमन होता है। इन सभी धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं / पर्यटकों के लिए जरूरी मूलभूत सुविधाओं का भारी अभावी है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह शिरडी संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले उपर्युक्त सभी धार्मिक स्थलों को प्रसाद योजना में शामिल करके पर्यटनीय दृष्टि से विकसित किए जाने हेतु सकारात्मक कार्यवाही करें।

महाराष्ट्र राज्य के शिरडी संसदीय क्षेत्र में कोपरगांव तालुका में स्थित जंगली बाबा आश्रम, जनार्दन स्वामी समाधि मंदिर, गुरु शुकाचार्य मंदिर और कोकमठाण गांव में गोदावरी नदी के तट पर स्थित लक्ष्मी माता मंदिर, कचेश्वर मंदिर, हेमान्द्रिपंत भगवान शिव का पुरातन मंदिर, जहां प्रतिदिन एक बड़ी संख्या में पर्यटक / श्रद्धालुओं का आवागमन होता है, को प्रसाद योजना में शामिल करके पर्यटनीय दृष्टि से विकसित किए जाने की आवश्यकता है।

महाराष्ट्र राज्य के शिरडी संसदीय क्षेत्र की संगमनेर तालुका के गांव धांदरफळ में स्थित विट्ठल मंदिर और पीर बाबा दरगाह हिन्दू-मुस्लिम एकता का प्रतीक है और शाहगढ़ किला ग्राम में स्थित प्रेमगिरी परिसर अति प्राचीन ऐतिहासिक स्थल है। इनको प्रसाद योजना में शामिल करके पर्यटनीय दृष्टि से विकसित किए की आवश्यकता है।

मेरा अनुरोध है कि शिरडी संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले उपर्युक्त स्थलों के ऐतिहासिक महत्व को ध्यान में रखते हुए इन्हें पर्यटनीय दृष्टि से विकसित किए जाने हेतु सकारात्मक कार्यवाही की जाए।

मेरा संसदीय क्षेत्र शिरडी, जिला अहमदनगर (महाराष्ट्र) एक अनुसूचित बाहुल्य काफी पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। इस क्षेत्र में अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों की बाहुल्यता है और उनकी गुजर-बशर का कोई सहारा नहीं है। इस क्षेत्र में बकरी, कुक्कुट व मछली पालन की अपार संभावनाएं

हैं। मुझे खुशी है कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सितम्बर, 2020 में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएसवाई) की शुरूआत की है।

मेरा अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र शिरडी के अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों की जीविकापार्जन एवं उत्थान हेतु इस समुदाय के लिए क्षेत्र में बकरी व कुक्कुट पालन के साथ-साथ केन्द्र की पीएमएसवाई योजना के अन्तर्गत ब्लॉक स्तर पर अकोला, संगमनेर, कॉपरगांव, राहाता, श्रीरामपुर, नेवासा, राहुरी, करजत व जामखेड़ में मछली पालन हेतु स्वीकृति प्रदान की जाए।

मेरे निर्वाचन क्षेत्र शिरडी में जागड़े फाटा वडगांव पान फाटा मार्ग (राज्य मार्ग 65) पर श्री साईं बाबा और अन्य निकटवर्ती पवित्र स्थानों के दर्शन के लिए शिरडी आने वाले भक्तों के यातायात वाहनों के कारण भारी भार रहता है। उक्त राज्य मार्ग 65 मेरे निर्वाचन क्षेत्र में संचार की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है।

यह मार्ग संगमनेर-पुणे और संगमनेर-भंडारदरा मार्गों से जुड़ा हुआ है और पर्यटन की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण मार्ग है। इसलिए, साईं भक्तों के शिरडी और निकटवर्ती क्षेत्रों में अन्य पवित्र स्थानों की यात्रा के लिए इ स मार्ग को उन्नत और चौड़ा करने की तत्काल आवश्यकता है। यदि यह मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को हस्तांतरित हो जाता है तो यह उन्नयन करके चार लेन का मार्ग बन जाएगा जो साई भक्तों के लिए शिरडी और अन्य निकटवर्ती क्षेत्रों की यात्रा के लिए लाभदायक होगा।

अतः मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इस सड़क को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को हस्तांतरित कर सड़क का पुनरोद्धार का कार्य यथाशीघ्र पूरा किया जाए।

मैं सदन का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र शिरडी के अन्तर्गत संगमनेर तालुका में पुणे-नासिक (एनएच 50) रोड पर गभानवाड़ी सर्किल के पास फ्लाईओवर के निर्माण की तत्काल आवश्यकता के साथ-साथ जावले वस्ती से गभानवाड़ी, चंदनपुरी घाट तक सर्विस रोड के तुरन्त निर्माण करवाए जाने की ओर आकर्षित करना चाहूंगा।

वर्तमान में, चंदनपुरी गभानवाड़ी क्षेत्र में एक छोटा सा सर्कल बनाया गया है, जो पुणे-नासिक (एनएच 50) रोड पर पैदल यात्रियों और वाहनों के लिए क्रॉसिंग पॉइंट के रूप में कार्य करता है। यह स्थान, चंदनपुरी घाट की शुरुआत में स्थित है, घाट की खड़ी ढलान के कारण उच्च गति वाले यातायात के लिए कठिन है। दुर्भाग्य से, इसके परिणामस्वरूप समय के साथ कई घातक दुर्घटनाएँ हुई हैं, जिससे यात्रियों और स्थानीय निवासियों की सुरक्षा को गंभीर खतरा पैदा हो गया है।

अतः मेरा अनुरोध है कि आगे की त्रासदियों को रोकने और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, गभानवाड़ी सर्किल के पास एक फ्लाईओवर का निर्माण अविलम्ब करवाया जाए तथा ग्रामीणों, छात्रों और किसानों के दैनिक आवागमन को सुविधाजनक बनाने के लिए, सर्किल से जावले वस्ती तक लगभग 2 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली एक सर्विस रोड को भी जनहित में निर्मित किया जाए।

मैं सदन का ध्यान राज्य राजमार्ग संख्या 7 के चौड़ीकरण से संबंधित मौजूदा मुद्दे की ओर आकर्षित करना चाहूंगां, जो मेरे निर्वाचन क्षेत्र में सावली विहिर से भरवास तक फैला हुआ है। इस सड़क का निर्माण 2014 में शुरू हुआ था, फिर भी यह काम आज भी अधूरा है। जबकि सिन्नर,

शिरडी और देरदे कोरहाले तक का हिस्सा पूरा हो गया है, देरदे फाटा से लासलगांव तक का महत्वपूर्ण हिस्सा चौड़ा नहीं किया गया है।

यहां की एक प्रमुख समस्या कोलपेवाड़ी सहकारी शक्कर कारखाने के आसपास का क्षेत्र है, जहाँ एक प्रमुख कॉलेज है। इस स्थान पर बड़ी संख्या में छात्र, विशेष रूप से बच्चे और छोटी लड़कियाँ, स्कूल जाते हैं। इस क्षेत्र में उचित सड़क चौड़ीकरण न होने के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है। वास्तव में, कोलपेवाड़ी सहकारी चीनी कारखाने के पास पहले ही कई दुर्घटनाएँ हो चुकी हैं। तथा मानसून के मौसम में बैलगाड़ियों और ट्रकों के कारण सड़क पर अत्यधिक भीड़ हो जाती है, जिससे स्थिति और भी जटिल हो जाती है।

अतः सुरक्षा संबंधी चिंताओं और स्थानीय समुदाय के लिए इस मार्ग के महत्व को देखते हुए, मेरा अनुरोध है कि डेर्डे फाटा से कोलपेवाड़ी तक सड़क को चौड़ा करने और इसे चीनी कारखाने तक विस्तारित किए जाने हेतु सकारात्मक कार्यवाही की जाए।

मैं सदन का ध्यान अपने निर्वाचन क्षेत्र शिरडी में रेलवे लाइन के दोहरीकरण के कारण एक महत्वपूर्ण सड़क के बंद होने से संबंधित गंभीर मुद्दे की ओर आकर्षित करना चाहूंगा। यह सड़क जो पहले पढेगांव, लाडगांव, मालुंजा, कन्हेगांव, भेरदापुर के ग्रामीणों, स्कूली छात्रों और किसानों के लिए एक प्रमुख मार्ग के रूप में कार्य करती थी, लाडगांव चौकी में पुराने रेलवे फाटक संख्या 44 (ओएचई एम 70-404/12-14) के पास स्थित थी।

यह सड़क दैनिक यात्रा के लिए महत्वपूर्ण थी, लेकिन रेलवे लाइन के विस्तार के बाद इसे बंद कर दिया गया है, जिसके परिणामस्वरूप, स्थानीय निवासियों और उपरोक्त गांवों सहित आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को अब बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

